अमृतमहोत्सवग्रन्थमाला-19

॥ धर्मचक्रप्रवर्तनम् ॥

(बुद्धस्य जीवनमधिकृत्य रचितं संस्कृत-नाटकम्)

प्रधानसम्पादकः

प्रो. श्रीनिवासः वरखेडी

कुलपतिः

नाट्य-रचयिता

वसन्तकुमार म. भट्ट

पूर्व-निदेशक, भाषा-साहित्य भवन,

गुजरात युनिवर्सिटी, अहमदाबाद (भारत)

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः

संसदः अधिनियमेन स्थापितः

नवदेहली-110058

पुस्तक के विषय में

"धर्मचक्र-प्रवर्तनम्"। पांच अंक की अभिनव संस्कृत नाट्यकृति है। इसमें भगवान् बुद्ध के महत्त्वपूर्ण जीवनप्रसंगों का नाट्यात्मक निरूपण किया है। सिद्धार्थ का जन्म, संवेग की उत्पत्ति, महाभिनिष्क्रमण, कठोर तपश्चर्या, मार-विजय, मध्यम मार्ग पर आगे बढते हुए बुद्धत्व की प्राप्ति, चार आर्य-सत्य और तृष्णाक्षय से निर्वाण की प्राप्ति पर्यन्त के दर्शन की उपलब्धि एवं ऋषिपत्तन (सारनाथ) में प्रथम धर्मोपदेश यानी धर्मचक्र-प्रवर्तन की केन्द्रवर्ती घटना का आलेखन किया गया है। तत्पश्चात् उसी धर्मचक्र-प्रवर्तन की प्रवृत्ति में अवरोधक तत्त्वों का निरूपण एवं उपेक्षा, मुदिता, मैत्री तथा करुणा के सद्धर्म का उपदेश, अन्त में पुत्र राहुल की प्रव्रज्या होने के बाद, धर्मशीला यशोधरा एवं माता महाप्रजापति के प्रयासों से भिक्षुणियों का संघ में प्रवेश तक की घटनाओं को निरूपित की गई हैं। बुद्ध पलायनवादी कहे जाय या नहीं? इस विषय में बौद्ध-आकर ग्रन्थ क्या कह रहे हैं? धर्मचक्र-प्रवर्तन में प्रतिनायक देवदत्त की अवरोधक प्रवृत्तियाँ के सामने बुद्ध की ओर से कैसे प्रतिकार किया गया? तथा उसी धर्मचक्र-प्रवर्तन में धर्मशीला राहुलमाता यशोधरा का कितना अवदान था? इन सभी बिन्दुओं का नाट्यात्मक निरूपण करने में त्रिपिटक तथा जातक-कथाओं का सीधा उपयोग किया गया है। इसमें आकर ग्रन्थों के पालि-वचनों का पदे पदे संनिवेश किया गया है। यहाँ ख्यातेतिवृत्त का नवीन दृष्टि से निरूपण करने के साथ, एक शान्त-रस प्रधान नाट्यकृति को साकार की गई है। भगवान् बुद्ध के जीवनचरित पर काव्य-रचना करने की प्राय: तिरोहित हुई साहित्य-प्रवृत्ति को इस नाट्यकृति के निमित्त से पुनरुज्जीवित करने का प्रयास किया गया है। बुद्ध के उदात्त चरित को प्रस्तुत करने वाली शायद यह प्रथम नाट्य रचना होगी।

अमृतमहोत्सवग्रन्थमाला-19

स्वतन्त्रतायाः अमृतमहोत्सवः

॥ धर्मचक्र-प्रवर्तनम् ॥

(बुद्धस्य जीवनमधिकृत्य रचितं संस्कृत-नाटकम्)

प्रधानसम्पादकः
श्रीनिवासः वरखेडी
कुलपतिः

नाट्य-रचयिता
वसन्तकुमार म. भट्ट
पूर्व-निदेशक, भाषा-साहित्य भवन,
गुजरात युनिवर्सिटी, अहमदाबाद (भारत)

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
संसदः अधिनियमेन स्थापितः
नवदेहली

प्रकाशक:
कुलसचिव:
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालय:
(संसद: अधिनियमेन स्थापित:)
56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नवदेहली-110058
ईपीएबीएक्स : 28524993, 28521994, 28524995
ई मेल : res-pub@csu.co.in
वेबसाईट : www.sanskrit.nic.in

© केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालय:

संस्करणम् : 2023

ISBN : 978-93-85791-70-3

मूल्यम् : रु. 350.00

मुद्रक:
डी.वी. प्रिन्टर्स्
97-यू.बी., जवाहर नगर, दिल्ली-110007

चार आर्य सत्य गिनाते हुए भगवान् बुद्ध

समर्पण-पत्रिका

प्रॉफेसर डॉ. श्रीधर्मानन्द कोसम्बीजी के करकमलों में.......

पिटकानां त्रयाणां तु प्रत्यक्षीकरणाय ये।
शाक्यमुनिमुरीकृत्य देशदेशान्तरं गताः॥१॥

अनुभूतं महत्कष्टं सत्यस्यान्वेषणाय च।
पुण्यश्लोकाः सदा वन्द्या बोधिज्ञानाभिलाषिणः॥२॥

श्रीधर्मानन्दकोसम्बी-प्रबुद्धांस्तान् प्रणम्य च।
समर्प्यत इदं तेभ्यो "धर्मचक्र-प्रवर्तनम्"॥३॥

प्रकाशकीयनिवेदनम्

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयेन बहुकालात्पूर्वमेव "लोकप्रिय-संस्कृत-ग्रन्थमाले"ति नाम प्रकाशन-योजनायां नैके ग्रन्थाः प्रकाशिता वर्तन्ते। अनया योजनया प्रौढानां नवोदितानाञ्च संस्कृतकवीनां समवायेन यानि यानि काव्यानि नाटकानि च विरच्यन्ते, तेषां परीक्षणानन्तरं प्रकाशनं सोत्साहं क्रियते। येन संस्कृत-भाषासाहित्यं सदैव समृद्धतां प्राप्नोति। इतः पूर्वं श्रीधर्मानन्दकोसम्बीप्रणीतस्य 'बोधिसत्त्वे'ति मराठीनाटकस्य (डॉ. प्रफुल्ल गडपालकृतस्य) संस्कृतानुवादः राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानत (2014) एव प्रकाशितो वर्तते। पञ्चसप्ततितमाद् वर्षात् प्राक् भारतवर्षेण यद् बहुमूल्यं स्वातन्त्र्यं समधिगतं तत् संमानयितुं वर्षेऽस्मिन् योऽमृतमहोत्सवो वरीवर्तते। तमधिकृत्य केन्द्रीय-संस्कृत-विश्वविद्यालयेन नवीनैका "अमृतमहोत्सवग्रन्थमाला" समारब्धा। तस्यामेव ग्रन्थमालायामिदं "धर्मचक्र-प्रवर्तन" मिति संस्कृत-नाटकम् एकोनविंशतितमपुष्परूपेण संग्रथनाय प्रकाश्यते।

यद्यपि रामायण-महाभारतादीनामाख्यानोपाख्यानेभ्यः कथानकं गृहीत्वा नैकानि काव्यादीनि युगे युगे प्रणीयन्ते। भारते वर्षे ब्राह्मण-संस्कृत्या सहैव प्रादुर्भूता या श्रमण-संस्कृतिरस्ति, तस्याः धर्म-संस्थापकानां बुद्ध-महावीरादीनां जीवनचरितान्यपि प्रेरणाप्रदायिनो वर्तन्ते। एतादृशेषु ख्याततेतिवृत्तेषु यदा नवीनानां व्यङ्ग्यार्थानां व्यञ्जकानां च संनिवेशः क्रियते, तदा ते ख्यातेतिवृत्ता अपि, यथा मधुमासे प्राचीना द्रुमा अपि नवा इवाभान्तीति, तद्वद् बुद्धस्यापि जीवनचरितं पुराणप्रथितमपि सदैव नावीन्यं भजत इति निश्चप्रचम्। यद्यपि भगवतो बुद्धस्य धर्मोपदेशोऽत्र संस्कृतभाषा-निबद्धेन नाटकरूपेण प्रस्तूयते, तथापि तत्सर्वं पालित्रिपिटकादेव संगृहीतः। (बहु स्वल्पमेव कल्पनाजनितं वस्त्वत्र संनिविष्टं दृश्यते।) एवञ्च जिज्ञासूनां कृते मूलस्रोतरूपेण पालिवचसामपि नाटकेऽस्मिन् अत्र तत्र सर्वत्र साक्षात्कारो भविष्यत्येव।।

प्रबुद्धेन बुद्धेन मुदिता-मैत्री-करुणादीनां यो धर्मोपदेशः क्रियते स्म, तत्तु सार्वदेशिकः सार्वकालिकश्च वर्तते। मूलतो भारतीयोऽयं बुद्धधर्मो यदा निखिलेऽपि विश्वस्मिन् बहुभिरन्यैर्देशैरङ्गीकृतस्तदा नाट्यकलाया व्याजेन तस्य पुनरपि जयघोषः भारतादेव जायेतेति वयं कामयामहे। भारतात् तिरोहितप्रायोऽप्ययं धर्म भारतीयानां

मनस्सु विलसतितमामिति सिध्यत्यस्य नाटकस्य प्रणयनेनापि। आतंकवादानां विश्वयुद्धादीनां च या विभीषिका वर्तमाने जगति मनोवेदनां जनयति, तादृशे कराले काले प्रॉफेसर डॉ. वसन्तकमार म. भट्टेन विरचितस्यास्य नाटकस्य प्रकाशनमुपकाराय भवेदिति आशास्यते। केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः प्रो. वसन्तकुमारेभ्यो नैकान्यभि-नन्दनानि वितनोति।

(प्रो. श्रीनिवासवरखेड़ी)
कुलपतिः

प्ररोचना

एकचित्ततितिरद्वयवादिन्नत्रयीपरिचितोऽथ बुधस्त्वम्।
पाहि मां विधुतकोटिचतुष्कः पञ्चबाणविजयी षडभिज्ञः॥

(–नैषधचरिते 21-87 नलकृता बुद्धस्तुतिः)

भगवान् बुद्ध का चरित भारतीय महानायकों में अनन्यसाधारण है। नास्तिक दर्शन के प्रणेता बुद्ध महाविष्णु के अवतार के रूप में पूजित हैं। यह भी उन के नानाविरुद्धधर्माश्रय ईश्वरत्व की एक विच्छित्ति है। राम, कृष्ण, परशुराम आदि अवतार धर्म की स्थापना के लिए आयुध धारण कर दुष्टदलन करते हैं तो बुद्ध अहिंसा और करुणा के मार्ग पर धर्मचक्र का प्रवर्तन कर, मारादि दुष्ट प्रवृत्तियों पर विजयपूर्वक, त्रिविध दुःखों के प्रशमन का उपदेश प्रदान करते हैं।

"रामादिवत् वर्तितव्यं, न रावणादिवत्" का कान्तासम्मित उपदेशक काव्य अपने श्रव्य एवं दृश्य दोनों रूपों में भारतीय नायकों की चरित-गाथा का आश्रय ले कर, आदिकाव्य के प्रणयन से ले कर आज तक निरन्तर प्रवर्तित हो रहा है। संस्कृत वाङ्मय में नानारससमन्विता रामकथा पर आधृत काव्य एवं नाट्यकृतियों की तुलना में अन्य अवतारपुरुषों के चरित पर आधारित रचनाओं की संख्या तुलनात्मक रूप से न्यून रही है और भगवान् बुद्ध के शान्तरसाश्रित चरित पर तो अङ्गुलिगण्य दृश्य-श्रव्य काव्य ही रचे गये हैं।

व्याकरणशास्त्र के अधीती विद्वान् आचार्य वसन्तकुमार भट्ट ने महात्मा बुद्ध के जीवन की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण घटना को अपनी नाट्यकृति का आधार बना कर बुद्धचरित को प्रकाशित किया है। गर्भितार्थ-प्रकाशकता- न्याय से प्रकृत नाटक का अभिधान- "धर्मचक्र-प्रवर्तनम्" सर्वथा सुसंगत है। नाटक की कथावस्तु प्रख्यात है और इसकी प्रामाणिकता को समृद्ध बनाने के लिए उपलब्ध सभी प्रकार की सामग्री का सूक्ष्म विश्लेषण नाट्यकार ने किया है। डॉ. भट्ट पाण्डुलिपि-विज्ञान के अप्रतिम अध्येता हैं, अतः उनके लेखन में भगवान् बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों पर उपलब्ध ग्रन्थों के साथ ही ऐतिहासिक शिलालेख आदि के पाठानुसन्धान का तटस्थ वैज्ञानिक धरातल सहजतया स्वीकृत हुआ है। तिपिटक, जातक कथाओं तथा अन्य स्त्रोतों से बुद्धचरित और बुद्धवचन के सन्दर्भ नाटक की कथावस्तु में मात्र प्रतिबिम्बित ही नहीं होते हैं, अपितु, अनेकत्र संवादयोजना में उनका यथावत् समावेश डॉ. भट्ट के विन्यास-कौशल को

रेखाङ्कित करता है। कहने में अत्युक्ति नहीं होगी कि नाट्यकार ने बौद्ध वाङ्मय के विशाल साहित्य-सुधाम्बुधि में गम्भीर अवगाहन कर महात्मा बुद्ध का जीवनवृत्त, उनका महापुरुष-व्यक्तित्व और धर्मचक्र-प्रवर्तक के रूप में बुद्ध के लोककल्याण-कारी उपदेश- त्रिरत्न अपनी नाट्यकृति में खचित कर दिये हैं।

शान्तरस के मूर्तिमान् विग्रह भगवान् बुद्ध की कथा पर आश्रित नाट्यकृति "धर्मचक्र-प्रवर्तनम्" का अङ्गी रस स्वाभाविकतया शान्त रस है। शान्त की रस रूपता पर संस्कृत आलंकारिकों ने गम्भीर विवेचन किया है। सामान्यतः व्यभिचारिभावों में प्रथम स्थान पर निर्दिष्ट निर्वेद जब स्थायिभाव में परिणत हो जाता है, तो शान्तरस के रूप में अभिव्यक्ति प्राप्त करता है। प्रस्तुत नाटक के भरतवाक्य में प्रयुक्त "विहातुं तां तृष्णाम्" और इसके पूर्व-"तृष्णातुरो न कोऽपि स्याद्, बुद्धस्य शरणं गते।। (5-13) "में जिस तृष्णाक्षय की शुभाशंसा है, उसके सन्दर्भ में आचार्य आनन्दवर्द्धन का मत उद्धरणीय बन जाता है:-

"शान्तश्च तृष्णाक्षयसुखस्य यः परिपोषस्तल्लक्षणो रसः प्रतीयत एव। तथा चोक्तम्-

यच्च कामसुखं लोके यच्च दिव्यं महत्सुखम्।
तृष्णाक्षयसुखस्यैते नार्हतः षोडशीं कलाम्।।

यदि नाम सर्वजनानुभवगोचरता तस्य नास्ति, नैतावतासावलोकसामान्यमहानुभाव-चित्तवृत्तिविशेषः प्रतिक्षेप्तुं शक्यः।। (ध्वन्यालोकः, तृतीय उद्योत)

नाट्यकार ने अपनी कृति में शान्तरस के अङ्गी स्वरूप की प्रतिष्ठा के साथ ही अङ्ग रूप में अन्य रसों का यथास्थान विनिवेश किया है। विशेषतः हास्य, करुण और अद्भुत रस के प्रसङ्ग उल्लेखनीय हैं, जहाँ कवि का नाट्यकौशल नाटक की रसनीयता में वृद्धि करता है।

मेरा दृढ विश्वास है कि आचार्य वसन्तकुमार भट्ट की यह नाट्यकृति न केवल बुद्धचरित के जिज्ञासु जनों, अपि तु सामयिक विश्वशान्ति की सार्वजनीन मङ्गलकामना के स्वरों को मनस्तोष प्रदान करेगी।।

अक्षय तृतीया, | विद्वानों का वशंवद
विक्रमाब्द- 2080 | **बालकृष्ण शर्मा**

सेवानिवृत्त संस्कृत आचार्य,
पूर्व कुलपतिश्री, विक्रम विश्वविद्यालय,
उज्जयिनी

अस्मदीयं निवेदनम्

नालागिरिं गजवरं अतिमत्तभूतं
दावाग्गि चक्कमसनीव सुदारुणन्तं।
मेत्तम्बुसेक विधिना जितवा मुनिन्दो
तं तेजसा भवतु ते जयमंगलानि।। (जयमंगलानि-गाथा, ३)

आजादी के अमृत-वर्ष महोत्सव, 2022 वर्ष के उपलक्ष्य में इस धर्मचक्र-प्रवर्तन नाटक का प्रणयन होना सविशेष आनन्ददायी है। भगवान् बुद्ध ने धर्मचक्र का प्रवर्तन आज से ढाई हजार वर्ष पहले किया था उनकी पावनकारी संस्मृति में हम भारतवासियों ने राष्ट्रध्वज में उनके धर्मचक्र का चिह्न अंकित किया है। उसी धर्मचक्र-प्रवर्तन की घटना को नाटक का प्रधान विषय बना कर, संस्कृत भाषा-निबद्ध यह नाटक लिखा गया है! जैसा कि इस नाट्यकृति के शीर्षक से सूचित होता है- इसमें बुद्ध के सद्धर्म का परिचय तो होगा ही होगा, लेकिन तदुपरान्त, भगवान् बुद्ध ने ऋषिपत्तन से शुरू किया धर्मचक्र-प्रवर्तन क्या केवल मार-विजय करने मात्र से ही सर्वथा साकार हुआ था? या फिर, इस धर्मचक्र का प्रवर्तन होने के बाद, अन्यान्य संकटों का भी अतिक्रमण करने के पश्चात् ही हांसिल किया गया था? और, इसी युग-प्रवर्तक घटना में राहुलमाता यशोधरा की भी कोई भूमिका रही होगी या नहीं? जैसे कौतुकों से प्रेरित सहृदय साहित्यरसिकों को मैं इस नाट्यकृति का रसास्वाद करने का अनुरोध करता हूँ।।

नाटक के प्रेक्षक एवं पाठक के मन में बौद्ध दर्शन एवं साहित्य से जुडे कतिपय बिन्दुओं पर विशेष जिज्ञासा जागृत होगी ही, जैसे कि- जातक-कथाएं, दश पारमिताएं, त्रिपिटक-साहित्य, हीनयान एवं महायान, निर्वाण का स्वरूप, मार का सूक्ष्म परिचय इत्यादि। उसके लिए परिशिष्ट-1 में ऐसे विषयों की आवश्यक प्राथमिक जानकारियाँ दी गई है। परिशिष्ट-2 में पालिभाषा-निबद्ध जातक-अट्ठकथाओं के आवश्यक कुछ अंश दिये हैं। तथा, भगवान् बुद्ध से जुडे ऐतिहासिक शिल्पांकन, जैसे कि-बोधिवृक्ष का शिल्प, स्तूप, धर्मचक्र का शिल्प, स्तम्भलेख, बुद्ध की बहुविध मूर्तियाँ, दो दो अंगुलियाँ उठा कर सिद्धार्थ के भावि-जीवन का फलादेश करने वाले ज्योतिर्विदों का शिल्प इत्यादि को भी परिशिष्ट-3 में दिये हैं, जो बौद्ध-संस्कृति के ऐतिहासिक स्मारक चिह्न हैं। नाटक के मूल पाठ के कुछ महत्त्वपूर्ण अंशों के मूल पालि पाठ यानी त्रिपिटकों के वचन, धम्मपद,

ललितविस्तर तथा बुद्धचरित महाकाव्य के शब्दों को ससन्दर्भ पादटिप्पणियों में अनेक स्थान पर उद्धृत किये हैं। तदुपरान्त, नाटक के साथसाथ बुद्ध के जीवनचरित से सम्बद्ध त्रिपिटकों के मूल वाक्यों का (पालि-पाठ) के साथ साक्षात् परिचय भी प्रेक्षक एवं पाठकवर्ग को मिलता रहेगा। इस नाटक के व्याज से भगवान् बुद्ध के जीवन की प्रमुख घटनाएं एवं उनके द्वारा प्रवेदित "सद्धर्म" (मुदिता-मैत्री-करुणा-उपेक्षा) की महत्ता भी अवगत होगी। एवमेव, बुद्ध के धर्मचक्र-प्रवर्तनम् में यशोधरा का कैसे, क्या सूक्ष्म अवदान रहा है- उसकी ओर भी ध्यान आकृष्ट होगा।

इस अवसर पर मैं सब से पहले बौद्ध धर्म के मर्मज्ञ एवं विद्यानुरागी पुण्यश्लोक श्री धर्मानन्द कोसाम्बी जी को श्रद्धा-पूर्वक प्रणाम करता हूँ। मुझे उनके ग्रन्थों से बहुत उपयोगी सामग्री प्राप्त हुई है, तथा मेरी अनेक जिज्ञासाओं का शमन भी उन्हीं के ग्रन्थों से हुआ है। मैं यह नाटक-कृति उनके करकमलों में सादर समर्पित करता हूँ। तथा बौद्धधर्म के अनेक ग्रन्थों के अद्वितीय पाठोद्धारक एवं अनुवादक त्रिपिटकाचार्य श्री राहुल सांकृत्यायन जी को भी सादर नमस्कार करता हूँ।। गुरुकल्प प्रॉफेसर श्री राधावल्लभ त्रिपाठी जी ने बौद्ध संस्कृति में विकसित हुए संस्कृत नाटक एवं नृत्यादि की नयनोन्मीलन करनेवाली चर्चाएँ अनेक बार की हैं, वे भी मेरे लिए प्रेरणादायिनी सिद्ध हुई हैं। मैं उनके प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

मैं आभारी हूँ- पूर्व-कुलपति श्री प्रो. श्रीबालकृष्ण शर्मा जी (विक्रम युनिवर्सिटी, उज्जयिनी) का, जो कालिदास-साहित्य एवं अलङ्कारशास्त्र के मर्मज्ञविद्वान् हैं। कहीं दशकों से वे मेरे स्पृहणीय शास्त्रसखा बने हुए हैं। उन्होंने इस नाटक को अधिक सुन्दर बनाने के लिए अनेक बार सूचन किये हैं तथा आत्मीयता पूर्वक इस नाटक की "प्ररोचना" लिख कर मेरी पहली मौलिक रचना का गौरव बढ़ाया है। तथा नाटक को समझने का समुचित परिप्रेक्ष्य उद्घाटित किया है। मैं उनके सुहृद्-कर्म का विनम्रतापूर्वक ऋण-स्वीकार करता हूँ। प्रो. सूर्यप्रकाश व्यास, उज्जयिनी का भी मैं आभारी हूँ। वे बौद्धधर्म के सूक्ष्म अध्येता एवं बौद्धानुरागी विद्वान् है। उन्होंने इस नाटक का सर्व प्रथम हिन्दी प्रारूप पढ़ कर, मुझे खूब प्रोत्साहित किया था एवं आवश्यक जानकारियाँ समय-समय पर देतें रहे हैं। उसी तरह से प्रॉफेसर श्री रमेश प्रसाद, जनरल सेक्रेटरी, पालि टेक्स्ट ओफ इन्डिया, सम्पूर्णानन्द संस्कृत वि.वि., काशी ने भी त्रिपिटकों के विविध वाक्यों के सन्दर्भों की जानकारियाँ देकर लाभान्वित किया है। उनके प्रति मैं धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। विविध सहयोग दे कर जिन्होंने मुझे उपकृत किया है

उनमें, मेरे धर्मपत्नी श्रीमती वृन्दा का भी अभिवादन करना आवश्यक है, मैं हृदय से उनका आभारी हूँ। उनके अजस्र सहयोग से ही मेरा विद्या-व्यासंग सदैव अक्षुण्ण बना रहता है। मेरी पुत्री कृष्णा एवं पुत्र विश्वेश भी मेरे विद्याकार्यों में सोत्साह रुचि दिखाते हैं। मैं उन तीनों का भूरिशः साधुवाद करता हूँ।

श्रीधर्मानन्द कोसम्बी जी के मराठी "बोधिसत्त्व" नाटक का संस्कृतानुवाद करने वाले बुद्धानुरागी डॉ. श्री प्रफुल्ल गडपाल, श्रुतज्ञान के संवर्धक श्रीउमंगभाई शाह तथा विद्यानुरागी शेठश्री धीरेन भाई (सी.ए. गालियाकोटवाला प्रा.लि. कम्पनी,) मुंबई ने अनेक पुस्तक उपलब्ध करवा कर मित्रकर्म किया है। मैं उन सब को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। संगीत-नाट्यकला की उपासिका श्रीमती भूमिका त्रिवेदी, छन्दःशास्त्रवेत्ता डॉ. मनःसुख मोलिया, डॉ. कमलेशभाई चोक्सी, डॉ. साधुश्री रसिकविहारी स्वामी, ध्यानी डॉ. हसमुख ठाकर, डॉ. नरेन्द्र पण्ड्या, डॉ. अमृतलाल भोगायता, डॉ. उत्तमसिंह, डॉ. धर्मेन्द्र भट्ट, डॉ. कालिन्दी पाठक, डॉ. अंजना महेता इत्यादि अनेकों ने इस नाट्यलेखन की प्रक्रिया में निरन्तर उत्साहवर्धन किया है। मुखपृष्ठ का चित्र बनाने वाले ओट्टापलम्, पलक्कड, केराला के नवोदित चित्रकार टी.एस. सानु (देव क्रियेशन) भी धन्यवाद के पात्र है। इस आधुनिक नाट्यकृति के प्रकाशन कार्य में केन्द्रीय संस्कृत युनिवर्सिटी, दिल्ली के परम संमान्य विद्वज्जनानुरागी यशस्वी कुलपतिवर्य प्रॉफेसर डॉ. श्रीनिवास वरखेडी जी को भी सादर धन्यवादपूर्वक नमस्कार ज्ञापित करता हूँ। उन्होंने इस नाटक के प्रकाशन का मार्ग प्रशस्त करके उपकार किया है। आज, इस नाटक के प्रकाशन के अवसर पर एक अभ्यर्थना व्यक्त करता हूँ- संस्कृत साहित्य में बुद्धविषयक काव्य-साहित्य रचना करने की प्रवृत्ति, जो महाकवि अश्वघोष के बाद, प्रायः तिरोहित सी हुई दिखती है, वह पुनरुज्जीवित हो। इसी अभ्यर्थना के साथ इस "धर्मचक्र-प्रवर्तनम्" नाटक को मैं सहृदय दर्शकवृन्द के सामने विनम्रतापूर्वक प्रस्तुत करता हूँ।।

05, मई, 2023 — वसन्तकुमार म. भट्ट
2567 वीं त्रिरत्न-प्रदायिनी बौद्ध पूर्णिमा — v.k.bhatt53@gmail.com
A-2, सुरभि एपार्ट; सभाष सोसाइटी,
नवरंगपुरा, अहमदाबाद-380009

अनुक्रमणिका

समर्पण *iii*

(क) प्रकाशकीय निवेदन *v*

(ख) प्ररोचना -प्रो. बालकृष्ण शर्मा जी, उज्जयिनी *vii*

(ग) अस्मदीयं निवेदनम् -वसन्तकुमार म. भट्ट *ix*

1. प्रस्तावना। पृ. 1-63

भूमिका, (1) गौतम बुद्ध के जीवन की कुछ आवश्यक जानकारियाँ, पृ. 3, (2) प्रस्तुत नाटक के कथानक का परिचय, पृ. 7, (3) प्रस्तुत नाट्यकृति की रचना के प्रेरक-बिन्दु, पृ.38, (4), धर्मचक्र-प्रवर्तन का नाटक के रूप में परिचय, पृ. 38, (5) बुद्ध विषयक नाट्य कृतियों का सिंहावलोकन, पृ. 47, (6) नाट्यशास्त्र, अभिनवगुप्त एवं प्रस्तुत नाट्यकृति का शान्तरस, पृ. 56, (7) बुद्ध के जीवन को नाट्य में रूपान्तरित करने के लिए किन बिन्दु पर ध्यान रखना था? -57-63.

2. नाट्यकृतिः। पृ. 64-133

नान्दी पद्यम्-प्रस्तावना, विष्कम्भकः पृ. 64-68

प्रथमोऽङ्कः-भाविकथनं नाम प्रथमोऽङ्कः पृ. 68-76

द्वितीयोऽङ्कः-महाभिनिष्क्रमणं नाम द्वितीयोऽङ्कः पृ. 77-90

तृतीयोऽङ्कः-धर्मचक्र-प्रवर्तनं नाम तृतीयोऽङ्कः पृ. 91-108

चतुर्थोऽङ्कः-सद्-धर्मोपदेशः नाम चतुर्थोऽङ्कः पृ. 109-119

पञ्चमोऽङ्कः-भिक्षुणीनां संघे प्रवेशो नाम पञ्चमोऽङ्कः पृ. 120-133

3. परिशिष्ट-

(1) त्रिपिटकादि में बुद्ध का जीवन एवं दर्शन पृ. 134-201

(1) सिद्धार्थ से बुद्ध बनाने वाली विचारधारा एवं उग्र तपश्चर्या, पृ. 134, (2) मार-विजय का स्वरूप पृ. 142, (3) पिटकों में वर्णित धर्मचक्र-प्रवर्तन का प्रसंग, पृ. 146, (4) प्रतिनायक के रूप में देवदत्त की प्रवृत्तियाँ, पृ. 151, (5) बुद्ध के कतिपय निर्णयों से संलग्न विवाद, पृ. 156, (6)

बोधि एवं निर्वाण का स्वरूप, पृ. 164, (7) मैत्री, करुणा, मुदिता एवं उपेक्षा-नाम के चार ब्रह्म-विहार का स्वरूप, पृ.167, (8) पञ्चशील के सिद्धान्तों का पाठ, पृ. 172, (9) बौद्धदर्शन के त्रिपिटक, पृ. 173, (10) बौद्ध जातक-कथाएँ, पृ. 174, (11) महायान एवं हीनयान, पृ. 177, (12) दश पारमिताएँ, पृ. 182, (13) त्रिपिटकों की पाठ-सुरक्षा के लिए चार संगीतियाँ, पृ.185, (14) सिद्धार्थ नाम की ऐतिहासिकता एवं बुद्ध के लिए नामान्तर, पृ. 191, (15) बुद्ध के प्रधान शिष्यओं का परिचय, पृ. 193-201.

परिशिष्ट-(2) जातकट्ठकथा के कुछ अंश। पृ.-202-211

परिशिष्ट-(3) चित्रशाला:- पृ.-212-223

(1) लुम्बिनीकाशिलालेख, (2) बोधिसत्त्व को जन्म दे रही महामाया का शिल्प एवं चित्र, (3) ज्योतिषियों के द्वारा दो दो अंगुलियाँ उठाना, शिल्प, (4) धर्मचक्र का शिल्प, (5) बोधिवृक्ष का शिल्प, (6) स्तूपों के चित्र, शिल्प, सारनाथ एवं सांची, (7) त्रिरत्न का शिल्पांकन, (8) अमिताभ बुद्ध, (9) 24 पूर्व बुद्धों की शृङ्खला, (10) अवलोकितेश्वर बुद्ध, (11) चार आर्य सत्य की हस्तमुद्रा में बुद्ध (12) पद्मपाणि (अजन्ता की गुफा), (12) सारिपुत्त का चित्र, (13) गिरनार पर्वतस्थित अशोक का शिलालेख।

परिशिष्ट-(4) बौद्ध साहित्य एवं प्राचीन भारत के राजवंश पृ. 224-233

5. सन्दर्भ-ग्रन्थों की सूचि पृ. 234-237

॥ पात्रसृष्टि:॥

1. सूत्रधार:-नाटकस्य स्थापक:। (बोधिसत्त्व: शशपण्डित:)
2. पारिपार्श्वक:-सूत्रधारस्य सहायक: (उदबिडाल:)
3. विदूषक:-नाम्ना "विवेचक:", (कपिमुख:)।
4. इन्द्र:-देवराज:। (शशपण्डितस्य परीक्षक:, ब्राह्मणवेशधारी)
5. सिद्धार्थो गौतम:-नायक:, राज्ञ: शुद्धोदनस्य पुत्र:। (गौतम बुद्ध:, शास्ता, तथागत:)
6. यशोधरा-सिद्धार्थस्य धर्मपत्नी, पुत्रस्य राहुलस्य च जननी।
7. राहुल:-सिद्धार्थ-यशोधरयो: पुत्र:।
8. शुद्धोदन:-कपिलवस्तु-नगरस्य गणनायको राजा।

9. महामाया-राज्ञः शुद्धोदनस्य प्रथमा पत्नी, यस्यां च सिद्धार्थो जातः।

10. महाप्रजापतिः-शुद्धोदनस्य द्वितीया पत्नी, (महामायाया कनिष्ठा भगिनी), नन्दस्य जननी। सिद्धार्थस्य च धात्री माता।

11. देवदत्तः-सिद्धार्थस्य द्वेषी प्रतिनायकः।

12. असितः-ऋषिः, आर्षद्रष्टा (नालकस्य मातुलः)

13. उदायी-राज्ञः शुद्धोदनस्यामात्यः।

14. छन्नकः-सिद्धार्थस्य रथस्य सारथिः।, कंथकः-सिद्धार्थस्य अश्वः।

15. ज्योतिर्विदः-अष्टौ संख्यकाः।

16. कौण्डिन्यः-ज्योतिर्विदामन्यतमः। येन भणितम्-सिद्धार्थः परिव्राजक एव भविष्यति।

17. माण्डव्यः-ज्योतिर्विदामन्यतमः। येन भणितम्-सिद्धार्थश्चक्रवर्ती सम्राडेव भविष्यतीति।

18. विश्वामित्रः-लिपिशालाया अध्यापकः, (अपर नाम-सर्वमित्रः)

19. विनीता, सुनीता च-राजप्रासादस्य चेटीद्वयम्।

20. पंचवर्गीयाः भिक्षवः-गौतम-बुद्धस्य प्रथमे धर्मोपदेशग्रहीतारः।1. कौण्डिन्यः, 2. महानामः, 3. अश्वजितः, 4. भद्रिकः, 5. बाष्पश्च।

21. शारिपुत्रश्च, मौद्गल्यायन आनन्दश्च-गौतमबुद्धस्य त्रयः शिष्याः।

22. सुजाता-कापि सुकन्या, यया सिद्धार्थाय पायसं प्रदत्तम्।

23. पूर्णा-तस्याः सुजातायाः दासी

24. बिम्बिसारः-मित्रत्वेन समागतो राजगृहस्य राजा।

25. द्वौ च नगरपरीक्षकौ। (बिम्बिसारस्य राजगृहे)

26. विश्वजित्-गौतमबुद्धाद् उपदेशं ग्रहीतुं समागतो राजा।

27. मातलिः, इन्द्रस्य सारथिः

28. दानवगणः। (इन्द्रेण सह योधनाय समागतः)

29. मारः (मारकः)-सिद्धार्थगौतमस्य तपश्चर्यायां विघ्नकर्ता (अ-लौकिकः प्रतिनायकः)

30. भूतगणः, नर्तक्यः, मारसेना।

31. ब्रह्मदेवः-मैत्री-मुदिता-करुणा-उपेक्षानां देवीकृतं स्वरूपम्।

32. पूर्णः-गौतमबुद्धस्य शिष्यः, मैत्रीप्रसारयितुं संनद्धो भवति।

33. चन्द्र-किन्नरयुगलम्।

34. राजा (कश्चिद् अज्ञात नाम, रूपान्तरेण देवदत्तः)-चन्द्र-किन्नरस्य हन्ता।

----000----

॥ "धर्मचक्र-प्रवर्तन" नाटक की प्रस्तावना॥

भूमिकाः- भगवान् बुद्ध अद्वितीय भारतरत्न है। उनका प्रादुर्भाव दुनिया के इतिहास में विरलतम घटना होने के साथ साथ, मनुष्य-प्रजा को हमेशा के लिए मिला एक अमोघ आशीर्वाद है। ईसा पूर्व 563 में, कपिलवस्तु नगर में, शाक्यवंश के क्षत्रिय राजा शुद्धोदन के घर राजकुमार सिद्धार्थ का प्रादुर्भाव हुआ। उन्होंने समग्र संसार को जरा, रोग एवं मरण के अ-निवार्य दुःख में फंसा हुआ पाया। अतः उन्होंने गृहत्याग किया। दुःख का कारण खोजने के लिए एवं उससे सदा काल के लिए मुक्ति पाने का उपाय खोजने के लिए उन्होंने घोर तपश्चर्या की। जीव को (=विज्ञान की धारा को, पंचस्कन्ध रूप जीव को) शरीर के बन्धन में डालने वाला तत्त्व क्या है?-इसका गहराई के साथ चिन्तन किया और "तृष्णा" को पहचान लिया। यह तृष्णा ही मूल में "गृहकारक" है, अर्थात् जीव मात्र को शरीर रूप पिंजर में बंधक बनाती है। इस तृष्णा का हमेशा के लिए विच्छेद करना ही दुःखमुक्ति का उपाय है ऐसा बोधिज्ञान प्रकट हुआ और वे सिद्धार्थ से "सम्यक् संबुद्ध" बने। उन्होंने मनुष्य-प्रजा को इसका उपदेश गाँव गाँव में निरंतर घूम कर किया। प्रत्येक मनुष्य अपनी अपनी अनन्त तृष्णा से प्रेरित होकर, एक-दूसरे का द्वेष करता है, और दुष्कृत्य करने से भी बाज नहीं आता है। परिणामतः ईर्ष्या, वैर, क्रोध से प्रेरित होकर, प्रजा हिंसाचार में भी पड़ती है। इन सब का उन्मूलन करवाने के लिए उन्होंने मैत्री, मुदिता, करुणा (=तज्जन्य अहिंसा), उपेक्षा आदि षट् भावनाओं को विकसित करने को कहा। बहुजनसुखाय, बहुजनहिताय ऐसे सद्धर्म का प्राकट्य कदाचित्, कथंचित्, कर्हिचित्, कुत्रचित् ही होता है। भारत में पैदा हुआ यह"सद्धर्म" विश्व-समस्त के मनुष्यों के लिए सदैव स्मरणीय है, संकीर्तनीय है।

भगवान् बुद्ध ने लम्बे समय तक अपने जीवन में जो सब से महत्त्वपूर्ण प्रवृत्ति की है वह है-"धर्मचक्र-प्रवर्तन" की, उसीको लक्षित करके प्रस्तुत नाटक की रचना की गई है। इसमें उनके जन्म से लेकर, देवदत्त के द्वारा शरविद्ध हुए पक्षी का संरक्षण, कदाचित् नगरचर्या पर निकलने पर जरा, व्याधि और मरण से सीधा साक्षात्कार होना, परिणामतः संवेग की उत्पत्ति और गृहत्याग अर्थात् महाभिनिष्क्रमण करना, ततः बोधि-प्राप्ति के लिए तपश्चर्या, मारविजय, बुद्धत्व की प्राप्ति, तदनन्तर ऋषिपत्तन (सारनाथ) में प्रथम धर्मोपदेश, जिसको

"धर्मचक्र-प्रवर्तन" कहा गया है। इस धर्मचक्र-प्रवर्तन की घटना की पूर्व भूमिका में संवेग, गृहत्याग, तपश्चर्यादि रहें हैं। किन्तु धर्मचक्र-प्रवर्तन का जो कार्य उन्होंने 45 वर्षों तक किया, वह सर्वथा निरवरोध भी नहीं था। देवदत्त जैसा प्रतिनायक बहुत लम्बे समय तक, बहुविध प्रयासों से उस जनकल्याण के महनीय कार्य में निरंतर बाधा पहुँचाता रहा था। इन सब प्रसंगों को ध्यान में लेते हुए इस नाटक का केन्द्रीभूत विषय धर्मचक्र-प्रवर्तन निर्धारित किया गया है। बुद्धत्व की प्राप्ति के बाद, उसी समय प्रथम पंच वर्गीय भिक्षुओं के संघ की रचना, तत्पश्चात् अनेक स्थानों पर विचरण करते हुए मैत्री, करुणा, मुदितादि का उपदेश, तदन्तर्गत कपिलवस्तु में आ कर पुत्र राहुल की प्रव्रज्या एवं माता गौतमी प्रजापति तथा पत्नी यशोधरा को प्रव्रजित होने की अनुमति देना। इससे बौद्ध संघ में भिक्षुणियों का प्रवेश शुरू हुआ और उसीसे बुद्ध के धर्मचक्र-प्रवर्तन का चरमोत्कर्ष सिद्ध हुआ।

भगवान् बुद्ध ने समग्र संसार को दुःखों में डूबा हुआ देखा और उन्होंने गृहत्याग, घोर तपश्चर्या, मार के साथ मनोयातनापूर्ण सूक्ष्म युद्ध करके बुद्धत्व प्राप्त किया। यह सिद्धि अनितरसाधारण थी एवं उनके द्वारा किये गये "धर्मचक्र-प्रवर्तन" का कार्य बहुजन सुखाय, बहुजन हिताय सिद्ध हुआ। व्यक्तिगत रूप से मोक्ष या निर्वाण प्राप्त कर लेना एक वैयक्तिक सिद्धि तक सीमित रहेगी। किन्तु बुद्धत्व की प्राप्ति होने के बाद, सद्धर्म का प्रवर्तन करना ही बहुजन हिताय परमोपकारक हो सकता था। बुद्ध के धर्मचक्र-प्रवर्तन की अपूर्व एवं अद्वितीय ऐतिहासिक घटना में चार बाधक तत्त्व प्राधान्येन दृष्टिसमक्ष आ रहे हैं:-(क) पारलौकिक दृष्टि से मार के साथ हुआ युद्ध, (ख) बुद्ध की हत्या करने और करवाने के देवदत्त के हिंसक प्रयास, (ग) उसकी कूटनीति से बौद्ध-संघ में फुट पडा कर, शिष्यों को ले जाना और (घ) बुद्ध के समकाल में स्त्रियों की सुरक्षा के विषय में प्रवर्तमान सामाजिक स्थिति को देखते हुए, संघ में नारियों को प्रवेश की अनुमति देने से पहले उनके मन में रही हिचकिचाट। कालक्रम से इन अवरोधों का क्रमशः विगलन होता चला, जिससे धर्मचक्र-प्रवर्तन का महान् कार्य अन्ततो गत्वा सम्पन्न होता है। बस, इन्हींको प्रस्तुत नाटक का मुख्य विषय बनाया गया है।।

प्रस्तुत नाटक का इतिवृत्त "ख्यात" है। कथानायक के चरित में कालचक्र के घूमने के साथ तत्सम्बद्ध इतिहास के अलावा अनेक चमत्कारिक एवं मिथकीय घटनाएँ भी जुडती चली हैं। इतिहास-पुरुष का जीवन दिव्यताओं से भर देने का उपक्रम भी अनेक शताब्दिओं के विस्तृत फलक पर फैला हुआ है। इससे बुद्ध का जो जीवन प्रसिद्धि में आया है उससे हमारे सामने एक "इतिहास-प्रसिद्ध

करुणाशील बुद्ध", दूसरे (बोधिसत्त्व के रूप में रहे) "मिथकीय बुद्ध", तीसरे "तर्क-प्रिय, चिन्तनशील बुद्ध", चौथे "चमत्कारिक बुद्ध" और पाँचवें "उपदेशक-बुद्ध" (जिसको "शास्ता" नाम दिया गया है), ये पांच स्वरूप प्रस्तुत होते हैं। अतः नाटक के कथापट में कहाँ पर इतिहास है, कहाँ मिथकीय अंश है, कहाँ पर उनकी तर्कप्रियता प्रतिबिम्बित होती है, कहाँ शास्ता का स्वरूप तथा कहाँ चमत्कारिक स्वरूप प्रकट होता है? यह समझने के लिए, प्रारम्भ में उनके जीवनचरित का आवश्यक परिचय प्राप्त कर लेना उपकारक होगा। विद्यमान बौद्ध साहित्य में त्रिपिटकों से प्राप्त होने वाली जानकारियाँ को प्राधान्य देते हुए, और गौण रूप से पुराणशैली वाला ललितविस्तर, जातक-अट्ठकथाएँ तथा महाकवि अश्वघोष द्वारा प्रणीत बुद्धचरित महाकाव्य को इस नाटक की आधार-सामग्री बनाई गई हैं। इस परम्परागत बौद्ध साहित्य का अध्ययन करने वाले प्रत्येक साहित्य-रसिक के सामने भगवान् बुद्ध का स्वरूप यथामति-यथासंस्कार प्रकट होता है। एवमेव, सभी कालखण्डों में प्रत्येक भावक के मन में कुछ नये विचार, नयी अपेक्षाएं (जिसको "कवि-न्याय" का नाम दिया गया है, वह) भी आकारित होती रहती हैं। जो कदाचित् नवीन काव्य एवं नाट्यकृति रचने की प्रेरणा देती है। इति दिक्।।

[1]

गौतम बुद्ध के जीवन से जुडी कुछ परम्परागत जानकारियाँ:-

(563 ईसा पूर्व से 483 ईसा पूर्व = 80 वर्ष की आयु)

संस्कृत एवं पालि साहित्य में, अश्वघोष का बुद्धचरित एवं सौन्दरनन्द दो महाकाव्य, तथा लुप्त-प्रायः खण्डित शारिपुत्र-प्रकरणम्[1] नाटक उपलब्ध हैं तथा ललितविस्तर नामका संस्कृत[2] ग्रन्थ एवं पालि जातक-कथाएँ हैं, जो बुद्ध के जीवन पर आधारित हैं। इनमें बुद्ध के व्यक्तित्व का निरूपण दिव्यता से भरा पडा

---

1. इस नाटक के अलावा, समग्र संस्कृत नाट्य-साहित्य में देखा जाय तो बुद्ध के जीवन का निरूपण करने वाला एक भी नाटक कदाचित् नहीं है। राजा बिम्बिसार ने बुद्ध के जीवन पर आधारित नाटक का अभिनय करवाया था, जिसमें कुवलया नामकी नटी के अभिनय से अनेक भिक्षुओं मुग्ध हो गये थे-ऐसा श्रीराधावल्लभ त्रिपाठी जी ने भारतीय नाट्य स्वरूप और परंपरा (पृ.85) में कहा है। लेकिन ऐसी तत्कालीन नाट्यकृतियाँ कालग्रस्त हो चुकी हैं। श्रीहर्ष का नागानन्द नाटक जातक कथा पर आधारित है, किन्तु उसमें सीधे सीधे बुद्ध के जीवन की कोई बात वर्णित नहीं है।
2. ललितविस्तर की संस्कृत-भाषा पालि-मिश्रित है, जिसको एडजर्टन ने "हाईब्रीड-संस्कृत" कहा है।

है। यूँ कहें कि इनमें ऐतिहासिक बुद्ध कम है, चमत्कारिक बुद्ध ज्यादा है। प्रॉफे. सेनार नामके फ्रेंच विद्वान् ने यह भी कह दिया था कि भगवान् बुद्ध की पूजा सूर्योपासना से विकसित हुई है, यानी बुद्ध ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं है! कालक्रम से जब पुरातत्त्वविदों ने नेपाल की तराई में लुम्बिनी नामके स्थल के पास खुदाई की तो, वहाँ से, सम्राट् अशोक द्वारा उत्कीर्ण करवाया एक स्तम्भलेख प्राप्त हुआ। जिसमें, पालि भाषा में निम्नोक्त वाक्य लिखे गये हैं:-देवान पियेन पियदसिन वीसति वसाभिसितेन अंतन आगाच महीयिते हिध बुद्धे जाते सक्यमुनीति सिला बिगडाभिचा कालापितसिलाथंबे च उसपापिते हिध भगवं जातेति लुंमिनि-गामे उबालिके कते अथ-(अर्थ)भागिये च। [द्रष्टव्य है:-परिशिष्ट-3, चित्रशाला (1) में दिया फोटोग्राफ।]

अर्थात्- "देवों के प्रिय प्रियदर्शी (सम्राट् अशोक) राजा ने अपने अभिषेक के बीस वर्ष हो जाने पर, इस स्थान पर शाक्यमुनि बुद्ध ने जन्म लिया था, इस लिये उन्होंने स्वयं यहाँ आ कर पूजा-अर्चना करके, चारों ओर शिलास्तम्भों की दीवार बनवा कर यह शिला-स्तम्भ गाड़ा है। इस स्थान पर भगवान् ने जन्म लिया था इस लिए लुम्बिनी गाम को शुल्क-मुक्त कर दिया है और (इस जगह पूजन-दीपादि के आवर्तित खर्च को निभाने के लिए) कुछ द्रव्य भी भेजने का प्रबन्ध किया है।" इस शिलालेख की प्राप्ति हो जाने पर, भगवान् बुद्ध ऐतिहासिक व्यक्ति हुए थे या नहीं हुए थे-ऐसा संदेह अब निरस्त हो गया है।।

हिमालय की उपत्यकाओं में, नेपाल-स्थित कपिलवस्तु नामक नगर के गणराज्य में राजा शुद्धोदन अधिनायक थे। वे गौतम गोत्रीय शाक्यकुल के क्षत्रिय थे। राजा शुद्धोदन की दो रानियाँ थीं, पहली का नाम महामाया और दूसरी का नाम महाप्रजापति था। (वे दोनों छोटी-बडी बहनें ही थी)। उनके वहाँ ईसा पूर्व 563 में प्रथम पत्नी महामाया से एक पुत्र ने जन्म लिया। महामाया जब अपने संतान की प्रसूति के लिए नैहर देवदह जा रही थी, तब मार्ग में ही, लुम्बिनी नामके उपवन में उसने खड़े खड़े ही (परिशिष्ट-3, चित्र-2), सालवृक्ष की शाखा को पकड़ कर पुत्र को जन्म दिया था। बाद, पाँचवें दिन पर उसका नामकरण किया गया और उसका नाम "सिद्धार्थ" रखा गया। (द्रष्टव्य-परिशिष्ट-2, जातकट्ठकथा के गद्यखण्ड-3 एवं 5) लेकिन उस पुत्र के जन्म के सात दिनों के पश्चात् ही माता महामाया की मृत्यु हो गई। और उस पुत्र को मौसी महा-प्रजापति गौतमी, जो शुद्धोदन की दूसरी पत्नी थी उसने उसको लालन-पालन के साथ बड़ा किया। (उस दूसरी रानी को भी एक पुत्र हुआ था, जिसका नाम सुन्दरनन्द या नन्द रखा गया था।) शुद्धोदन की बहन के घर भी एक पुत्र हुआ था, जिसका नाम देवदत्त था।

कहा जाता है कि पिता शुद्धोदन द्वारा नवजात पुत्र के नामकरण एवं फलादेश के लिए बुलाये ज्योतिषिओं ने पुत्रका नाम सिद्धार्थ रखा एवं उसका भाविकथन करते हुए कहा कि यह पुत्र चक्रवर्ती सम्राट् बनेगा अथवा परिव्राजक बनेगा। अतः पिता शुद्धोदन ने उसकी शैशवावस्था में अनेक पाबन्दियाँ लगाई थी, और भारी सावधानी के साथ बड़ा किया था। जिसके कारण उसने बचपन में कभी किसी पीडाकारी घटना या दृश्य को देखा ही नहीं। क्योंकि उसको राजमहल से बाहर तक नहीं जाने दिया। तथा पूरी सुख-सुविधाओं के साथ प्रासाद में ही संवर्धित किया। वह पुत्र भोग-विलास में ही निमग्न रहे उसके लिए सारी योजनाएँ सोची गईं और सोलह वर्ष कि आयु में उसका विवाह भी करवा दिया गया। सिद्धार्थ की पत्नी का नाम गोपा, भद्रकात्यायना अथवा यशोधरा था। (तीसरा नाम ज्यादा प्रचलित रहा है।) यशोधरा के पिता का नाम दण्डपाणि था। सिद्धार्थ ने तेरह वर्षों का दाम्पत्य-जीवन व्यतीत किया और वे एक पुत्र के पिता भी बने। अब, पिता शुद्धोदन ने सोचा कि मेरा राजकुमार विवाहित हो कर, एक पुत्र का पिता भी बन गया है तो, उसके परिव्राजक बनने की सम्भावना कम हो गई है। अतः उसको नगरचर्या की अनुमति देने में कोई भय नहीं है। इस समय उसकी वय उनतीस वर्ष की थी। (विनय-पिटक के महावग्ग में सिद्धार्थ के विवाह की बात का निर्देश नहीं है। लेकिन जब गृहत्याग किया तब उनको राहुल नामका पुत्र था-यह बात विनयपिटक से मालूम होती है।) सर्वसाधारण जानकारी के अनुसार, नगरचर्या के दौरान सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजर रहे चार दृश्य देखें। जिनमें एक वृद्ध व्यक्ति, एक रोगी व्यक्ति[1], एक मृतक की शव-यात्रा शामिल थी। तदुपरान्त, चौथा व्यक्ति एक संन्यासी था। सिद्धार्थ ने जिन्दगी में पहली बार वार्धक्य क्या होता है, रोग क्या होता है, मरण-मृतशरीर-क्या होता है? यह देखा, जाना। अचानक से उसने जाना कि जगत् अनेक दुःखों से भरा है। जीवन "सर्वम् दुःखम्, सर्वं क्षणिकम्, सर्वं शून्यम्-है ऐसा साक्षात्कार किया। (अद्रिं भित्त्वा पतनबहुलं रोधनं नैकरूपम्। लीयन्ते ता मधुरसलिलाः क्षारभूते समुद्रे।।-का साक्षात्कार हुआ।) परिणामतः उसके मन में असाधारण संवेग उत्पन्न होता है। उसकी जिज्ञासा तीव्रतम बन गई कि दुःख का क्या कारण है, दुःखमुक्ति का क्या उपाय हो सकता है? इस लिए सिद्धार्थ वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन गृहत्याग करता है। महाभिनिष्क्रमण के समय उसकी आयुः 29 वर्षों की थी। तत्पश्चात् छह वर्ष और

1. ललितविस्तर में इसका वर्णन करनेवाले श्लोक 545 से 559 में दिये हैं। जिनमें से एक को देखते हैं-एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूतः, क्षीणेन्द्रियः सुदुःखितो बलवीर्यहीनः। बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूतः, कार्यासमर्थ अपविद्धु वनेव दारुः।। 546।। (ललितविस्तर की भाषा पालि-मिश्रित संस्कृत है।)

दो महीनों की अतिकठिन तपश्चर्या करने के बाद, 35 वर्ष की आयु में वे बोधि ज्ञान को प्राप्त करते हैं और सिद्धार्थ से "गौतम बुद्ध" बनते हैं। उन्होंने इस बोधिज्ञान का पहला उपदेश वाराणसी के पास आये ऋषिपत्तन के मृगदव में पाँच भिक्षुओं को, जो पहले उनके साथ तपश्चर्या कर रहे थे, उनको दिया। इसी को धर्मचक्र-प्रवर्तन कहते हैं। बुद्ध के प्रथम धर्मोपदेश का यह स्थल आज वाराणसी के पास "सारनाथ" नाम से जाना जाता है। तथा उन पाँच भिक्षुओं के समूह से ही प्रथम "बौद्ध-संघ"आकारित होता है।

बुद्ध धर्मोपदेश करने के लिए जेतवन, वेणुवन, कोशम्बी, श्रावस्ती, राजगृह, वैशाली, उरुवेला, बोधगया आदि अनेक स्थानों में परिभ्रमण करते रहें। उन्होंने 45 वर्षों तक यानी 80 साल की उम्र तक मुख्य रूप से (क) चार आर्य-सत्य, (ख) मुदिता, उपेक्षा, मैत्री, करुणादि षट् भावनाएं तथा (ग) पंचशील का उपदेश दिया, जिसको "सद्धर्म" कहते हैं। इसके दौरान उन्होंने अपने अगणित शिष्यसमूह को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से लाभान्वित किया। साथ साथ में तत्कालीन अन्यान्य राजाओं, धनाढ्य व्यापारियों से लेकर चोर, डाकू एवं वेश्यादि अनेक पतित जीवों को भी वे उपदेश देते रहें। अनाथपिंडक नाम के श्रेष्ठी ने बुद्ध को अपने भिक्खुओं के साथ रहने के लिए एक पूरा जेतवन विहार भेंट किया था। धर्मोपदेश के प्रसंगों पर उनके साथ रहने वाले तीन मुख्य शिष्य बहुत प्रसिद्ध हुए हैं। शारिपुत्र (धर्मसेनापति), मौद्गल्यायन एवं आनन्द। उनमें से केवल आनन्द नामका शिष्य ही, वे जब महापरिनिर्वाण प्राप्त करते हैं, तब जीवित रहा था। "अर्हत्" पद को प्राप्त करने वाले अन्य दो शिष्य बुद्ध के निर्वाण से पहले ही, शरीर से मुक्त हो गये थे। तत्पश्चात् गौतम बुद्ध ने अस्सी वर्ष की आयु में, गोरखपुर के पास आये कुशीनारा नगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त किया।।

आश्चर्यजनक बात है कि गौतम बुद्ध के जन्म का दिन, उनके गृहत्याग (महाभिनिष्क्रमण) का दिन तथा बोधिज्ञान प्राप्त करने का दिन एक ही था और वह था वैशाख मास की पूर्णिमा का दिन! इसको काकतालीय-न्याय से बना एक संयोग ही माना जाय, या फिर शश-पण्डित जातक कथा में वर्णित मिथक के सर्जन की प्रेरणा देने वाला संयोग कहा जाय?-यह कहना मुश्किल है! तथापि इसी शश-पण्डित जातक-कथा में जो बात प्रस्तुत हुई है उससे ही एक तर्क ऐसा दिया जा सकता है कि-गौतम बुद्ध ने अपने पूर्वावतारों में "बोधिसत्त्व" के नाम से क्रमशः दश पारमिताओं को बारी बारी पर हासिल की थी। शुक्लपक्ष के चन्द्रमा में जैसे क्रमशः एक एक कला विकसित होती चली जाती हैं और अन्त में पूर्णिमा के दिन वह एक अखण्ड एवं परिपूर्ण स्वरूप में आकारित होता है, वैसे ही ऐतिहासिक गौतम बुद्ध ने अपने पूर्वावतारों में पहले दान, शील, करुणादि

की पराकाष्ठाओं को प्राप्त की थी, तब वे अन्त में बुद्धत्व को प्राप्त करते हैं। अत एव कहा जाता है कि बुद्ध का जन्म, गृहत्याग का दिन और उनको मिले बोधिज्ञान का दिवस एक ही था, वह था वैशाखी पूर्णिमा का शुभदिन! एवञ्च, क्यूं वैशाख मास की पूर्णिमा को ही ऐसा गौरव दिया गया?-तो, बारह मासों की अलग अलग पूर्णिमाओं में से वैशाख मास की पूर्णिमा ही ऐसी है जो पूर्णतया निरभ्र आकाश में प्रकाशित होती है! इति दिक्।। (धर्मचक्र-प्रवर्तन अषाढी पूर्णिमा के दिवस किया गया था।)

[2]

प्रस्तुत नाटक का कथानक

धर्मचक्र-प्रवर्तनम्ः- भगवान् बुद्ध के जीवन के पूर्वार्ध में घटित हुई घटनाओं को दो चरणों में बांटा जा सकता हैः-(क) जगत् के जरा-रोग-मरण जैसे दुःखों को देख कर, सिद्धार्थ के मन में संवेग की उत्पत्ति, गृहत्याग, उग्र तपश्चर्या, मार और उसकी सेना के साथ युद्ध, एवं अन्ततो गत्वा बुद्धत्व की प्राप्ति। (ख) तदनन्तर, ऋषिपत्तन में पहली बार धर्मचक्र-प्रवर्तन करना। उन पंचवर्गीय भिक्षुओं से पहला बौद्ध-संघ बनना। उस प्रथम संघ में दिन-प्रतिदिन वृद्धि होना। किन्तु श्रेयांसि बहुविघ्नानि-न्याय से उस द्वितीय चरण की प्रवृत्ति में पैदा हुए अनेक अवरोधों को भी इस नाटक का विषय बनाया गया है। देवदत्त के द्वारा बुद्ध का वध करने का प्रयास, उसमें विफलता मिलने पर भिक्षुसंघ में फुट पडवाना इत्यादि अवरोधों से मुक्ति प्राप्त करके, संघ में भिक्षुणियों का प्रवेश मान्य किया जाता है।इस तरह से धर्मचक्र-प्रवर्तन की प्रवृत्ति को पराकाष्ठा तक पहुँचाना-यह नाटक का निरूप्यमाण विषय है।।

संस्कृत नाटकों की परिपाटी के अनुसार प्रारम्भ में नान्दी-पद्य सहित की प्रस्तावना रखी गई है। मंगलात्मक नान्दी-पद्य में बोधिज्ञान सहित के शाक्यवंशीय सिद्धार्थ को वन्दन किये हैं। बुद्ध ने दुनिया के सभी जीवों के दुःखों का कारण खोजने के लिए सर्वसुखों का त्याग करके, जो अद्वितीय तपश्चर्या की थी उसका यहाँ निरूपण होगा-यह सूचित किया गया है। वर्तमान (ऐतिहासिक) बुद्ध के साथ साथ चौबीस बुद्धों की शृङ्खला में जिनका सब से पहला स्थान है उन दीपंकर बुद्ध को भी प्रणाम निवेदित किये हैं, क्योंकि उन्होंने ही पहले सद्धर्म का रथचक्र प्रवर्तित किया था। किन्तु तपश्चर्या से सफलता हासिल करना, सम्बोधि प्राप्त करना वह पर्याप्त नहीं है। उस तपो-अर्जित ज्ञान का उपदेश देना, उसके लिए धर्मचक्र को "बहुजनहिताय" प्रवर्तित करना वही सब से महत्त्वपूर्ण घटना है। इस पद्य में, तीसरा वन्दन किया है उस वैशाखी पूर्णिमा को, जिस दिन भगवान् बुद्ध

का जन्म हुआ था, उनको बोधिज्ञान मिला था और उनका महापरिनिर्वाण हुआ था।।

सूत्रधार ने रंगमंच पर आकर, यह नाट्य-प्रयोग बुद्ध के जीवन-चरित को निरूपित करने वाला है-ऐसा प्रतिज्ञावाक्य बोला। जिसको सुनते ही नटी के मन में दहशत पैदा होती है कि तभी तो यह नाटक नटीशून्य ही होना चाहिए। सूत्रधार पूछता है कि ऐसी आशंका क्यूं जता रही है? तो नटी ने स्पष्टीकरण किया कि भगवान् बुद्ध ने तो नारियों को संघ में प्रवेश करवाने का निषेध किया है! अतः स्वाभाविक है कि इस नाटक में एक भी नटी की, स्त्रीपात्र की आवश्यकता नहीं रहेगी। जिन नाटकों में कैशिकीवृत्ति प्रदर्शित की ज़ाती है उनमें ही स्त्री-पात्र की आवश्यकता रहती है। तब सूत्रधार बताता है कि नहीं, नहीं, ऐसा सोचना ठीक नहीं है। क्योंकि किसी भी रथ को चलाने के लिए दो पहियों की अनिवार्य आवश्यकता रहती ही है, जैसे संसारचक्र को चलाने के लिए भी दम्पती (पति-पत्नी के युग्म) की आवश्यकता रहती है। इसीसे व्यंजित होता है कि यह नाटक वैराग्य-प्रधान होते हुए भी नटीशून्य नहीं है। बल्कि धर्मचक्र-प्रवर्तन में उन नारियों का होना भी अनिवार्य था-ऐसा प्रकाशित करने का लक्ष्य ले कर सूत्रधार प्रवृत्त हो रहा है। इतने संवादों के दौरान ही नेपथ्य से किसी रथचक्र के घूमने की आवाज आती है। सूत्रधार तुरंत समझ लेता है कि राजा शुद्धोदन अपनी पत्नी देवी महामाया एवं नवजात पुत्र को घर ले आने के लिए, लुम्बिनी उपवन से निकल कर कपिलवस्तु की ओर चल पड़ा है,उस रथ के पहिये घूमने की यह आवाज आ रही है। इतनी बातचीत से ही प्रेक्षकों को अवगत कराया जाता है कि शुद्धोदन के घर एक पुत्र का जन्म हुआ है, जो इस नाटक का प्रधान नायक है। यह सुनते ही, नटी भी कहती है कि पुत्रजन्म के अवसर पर वहाँ रत्नवृष्टि होती होगी। अतः वहाँ जाने के लिए वह उत्सुक हो जाती है। वस्तुतः बुद्ध के जीवन का परिचय करने वाले प्रेक्षकों को भी त्रिरत्न (=बुद्ध, उनका सद्धर्म एवं संघ) की प्राप्ति होगी-यह सूचित करते हुए दोनों रंगमंच से निवृत्त होते हैं।।

नान्दी एवं प्रस्तावना के बाद, एक विष्कम्भक रखा गया है। बुद्ध अपने पूर्वावतारों में जब बोधिसत्त्व के रूप में विभिन्न योनियों में जन्म लेते थे, तब किसी एक जन्म में वे शश-पण्डित (खरगोश) के रूप में किसी जंगल में पैदा हुए थे। उस जन्म में उन्होंने बुभुक्षित इन्द्र के लिए स्वशरीर-त्याग करने की तत्परता दिखाई थी, जिसको बौद्ध-साहित्य में (जातक-कथाओं में) "दान-पारमिता" का उदाहरण माना गया है।

परेषां तु क्षुधाशान्त्यै निर्ममो वह्निमाश्रितः।
देहत्यागाय संनद्धो बोधिसत्त्वः सुदुर्लभः।। १-५।।

ऐतिहासिक बुद्ध के जीवन को समझने के लिए उनके पूर्वावतारों से पाठक को पहले अवगत होना जरूरी है। क्योंकि बौद्धों की मान्यता है कि कोई भी व्यक्ति किसी एक जन्म के पुरुषार्थ से बुद्धत्व को प्राप्त नहीं कर सकता है। अनेक जन्मों के पुरुषार्थ के बाद ही वे गौतम सिद्धार्थ से गौतम बुद्ध बने थे-इसको विशद करने के लिए तथा नाटक के अनुगामी अंकों में प्रस्तुत होने वाले बुद्ध के करुणामय जीवन को समझने के लिए आवश्यक पूर्वभूमिका के रूप में यह विष्कम्भक है। यहाँ, शश-पण्डित जातक-कथा का ही नाट्य-रूपान्तरण किया गया है।

तत्पश्चात् शुरू होती है **"भाविकथन"** नाम वाले **प्रथमांक** की दृश्यावली। प्रथम दृश्य में, हिमालयस्थित ऋषि असित नभोमण्डल में प्रकट हो रहे शुभ शकुनों को देखते हैं और वे अपने भागिनेय नालक के साथ संवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि राजा शुद्धोदन के घर पुत्र रूप में बोधिसत्त्व का जन्म हुआ है[1], जो दिव्य पुत्र है। अतः वे उनका दर्शन करने के लिए कपिलवस्तु जाना चाहते हैं।[2] वे दोनों चल कर राजा के प्रासाद में पहुँचते हैं। शुद्धोदन ने नवजात पुत्र का दर्शन करवाया। ऋषि असित ने पुत्र के दिव्यत्व को कहने वाले (सामुद्रिक शास्त्रानुसार) चिह्न देख कर उनका वर्णन किया:-

भ्राजिष्णोरमिता च भा विकसिते भाले यदा राजते
विश्वं पश्यति रत्नभासुरमुखे नेत्रद्वयं मङ्गलम्।

वर्तेते जयघोषयुक्तचरणे शङ्खाङ्किते सुन्दरे
राहुर्लिम्पति नैव तारकमिमं, वैराग्यसंघं तदा।। १-७।।

इस तरह के दिव्य पुत्र का दर्शन करते ही ऋषि के नेत्रों से अश्रुजल निकलता है। शुद्धोदन ने रोने का कारण जानना चाहा। तब उन्हों ने बताया कि यह दिव्यपुत्र भविष्य में जगत् का उद्धारक बनने वाला है। लेकिन अभी वे स्वयं

---

1. सो बोधसत्तो रतनवरो अतुल्यो मनुस्सलोके हितसुखाय जातो। सक्यानं गामे जनपदे लुम्बिनेय्ये तेन म्हतुट्ठा अतिरिव कल्यरूपा।। सुत्तपिटकस्य महावग्गे नाळकसुत्त, गाथा-683
2. बौद्ध-साहित्य में प्राप्त हो रही यह मिथकीय घटना का उपयोग (बुद्धोत्तर काल में) ईशु ख्रिस्त के जन्म-प्रसंग वर्णन में भी किया गया है। जैसे कि-बाईबल में लिखा है:- "Now when Jesus was born in Beth-lee-hem of Judaea in the days of Herod, the king, behold; there came wise man from the east to Jerusalem. Saying, where is he that born king of the Jews? For we have seen his star in the east and are come to worship him"- St. Matthew, ch. 2.

तो अस्सी साल के बूढे हो चुके हैं, अतः वे इस बालक को बुद्धत्व प्राप्त किया हुआ नहीं देख पायेंगे और उसके मुख से निकले धर्मोपदेश को नहीं सुन पायेंगे, जो भारी दुःख का विषय है। अतः ऋषि असित रो रहे थे। इस बात को सुन कर पिता शुद्धोदन ने भी अपने पुत्र को प्रथम वन्दन किया। जब ऋषि ने कहा कि तुम्हारा यह दिव्य पुत्र जगत् समस्त के दुःखों को दूर करने के लिए समग्र जगत् में घूमेगा, तब पिता के मुख से निकलता है कि मैं भी आशा करता हूँ कि मेरा पुत्र चक्रव्रती सम्राट् बन कर सर्वत्र घूमे। राजा ने ऋषि का वस्त्रदानादि से सम्मान किया, किन्तु उन्हों ने उस दिव्य पुत्र के चरणों में ही सब कुछ उपाहृत कर दिया।।

दूसरा दृश्य शुरू होता है। जिसमें द्वारपाल एवं विनीता की बातचीत के माध्यम से प्रेक्षकों को सूचित किया जाता है कि आज राजप्रासाद में पुत्र के नामकरण-विधि का प्रसंग आयोजित किया गया। जिसमें ब्राह्मणों का समूह एवं अष्ट ज्योतिर्विदों को निमन्त्रित किये गये हैं। राजा ने इन सभी का पहले सत्कार किया, उसके बाद, अपने पुत्र का कोई सुयोग्य नाम बताने तथा उनके जीवन का भविष्यकथन करने की प्रार्थना की। तब छः ज्योतिर्विदों ने दो दो अंगुलियाँ उठा कर द्विधाजनक कथन किया-यह पुत्र संन्यासी बनेगा अथवा चक्रवर्ती सम्राट् बनेगा। (द्रष्टव्यः-परिशिष्ट-3, चित्र क्रमांक-3) इसके प्रतिपक्ष में एक ज्योतिर्विद्, जिसका नाम कौण्डिन्य था, उसने कहा कि यह पुत्र अवश्य संन्यासी ही बनेगा। तब जो आठवाँ माण्डव्य नामका ज्योतिर्विद् था उसने कहा कि यह पुत्र सम्राट् चक्रवर्ती बनने के साथ साथ विवाहित भी होगा तथा एक पुत्र का पिता भी बनेगा। इस तरह के द्विधा पैदा करने वाले भविष्यकथन से राजा शुद्धोदन की मनोयातना शुरू होती है। तब अमात्य उदायी ने ज्योतिर्विदों के भविष्य-कथन को अन्धहस्ती-दर्शन का नाम दिया और उन सभी वचनों को नजर अंदाज करने की सलाह दी। सभी निमन्त्रितों की विदाई होती है।

अब राजा और अमात्य दोनों इस पुत्र की शिक्षा पर ध्यान देने का सोचते हैं। बालक की जैसी शिक्षा होगी वैसा ही उसका जीवन बनेगा और राजनीति तो वंशानुगता होने से अपने आप बालक में प्रकट हो ही जायेगी ऐसी आशा व्यक्त की जाती है। इतने में नेपथ्य से सूचना मिलती है कि महामायादेवी ने शीघ्रातिशीघ्र महाप्रजापति (जो महामाया की भगिनी होने के साथ साथ राजा शुद्धोदन की दूसरी रानी भी है) को बुलाई है। राजा इस बात को सुन कर पुत्र की माता महामाया के पास जल्दी से पहुँचता है। नेपथ्य से (आक्षेपिकी ध्रुवा के गान से) दूसरी सूचना मिलती है कि-

दत्त्वैव प्रभृतं ज्योतिः सौदामिनी तिरोहिता।
गता मायेव माया सा जनयित्वा प्रबोधकम्।। १-९।।

माता ने अपना अन्त काल आ गया है ऐसा जानकर, महाप्रजापति को अपना पुत्र सोंप दिया तथा कहा कि अब तू ही इस बालक की माता बन, और उसे (अपने पुत्र नन्द के साथ) संवर्धित कर।

तृतीय दृश्य में, राजा और अमात्य उदायी किशोरावस्था में पहुँचे सिद्धार्थ को शिक्षान्वित करने के लिए लिपिशाला में ले चलते हैं। जहाँ प्रधानाचार्य के रूप में आचार्य विश्वामित्र थे। पिता शुद्धोदन ने आचार्य को विज्ञप्ति की कि मेरे पुत्र को शिक्षान्वित कीजिएगा। तब सिद्धार्थ ने ही आचार्य को पहले पूछ लिया कि भो गुरो! आप मुझे कौन सी लिपि सिखायेंगे? आप मुझे ब्राह्मीलिपि, खरोष्ठी लिपि, अंग लिपि, पुष्करसारी लिपि, बंगलिपि, किरातलिपि, शकारिलिपि... इत्यादि 64 लिपियों में से कौन सी लिपि सिखायेंगे? इसको सुनते ही लिपिशाला के आचार्य विश्वामित्र ने अपनी हार स्वीकार ली कि मैं तो केवल ब्राह्मीलिपि ही जानता हूँ। इस किशोर राजकुमार ने जितनी लिपियों के नामों का परिगणन किया है, उनको तो मैं ने पहले सुना भी नहीं हैं। ऐसे सर्वज्ञ कुमार को मैं क्या सिखाऊँगा?। तब राजा और अमात्य उदायी सिद्धार्थ को युद्धविद्या को सिखाने के लिए क्षान्तिदेव नामके आचार्य के पास ले जाना चाहते हैं। किन्तु उन दोनों के मन में वही दहशत थी कि जो घटना विश्वामित्र के सामने घटित हुई, उसका ही पुनरावर्तन क्षान्तिदेव के वहाँ भी हो गया तो क्या करेंगे?, सारांशतः इस बालक सिद्धार्थ का जीवन किस मोड पर जायेगा?-वह प्रेक्षकों के मन में कौतुक का विषय बनता है। इस अंक के घटनाचक्र का उपसंहार करने वाली-"*उदायी शाक्येशो विलुलितधियौ द्वौ नरवरौ। अपारे कालाब्धौ जलचरगती तावतटिनौ*"। (1-12) नैष्क्रामिकी ध्रुवा के गान से अंक समाप्त होता है।। यहाँ ऋषि असित के वचनों से एवं लिपिशाला की घटना से राजकुमार का चमत्कारिक व्यक्तित्व प्रेक्षकों के सामने प्रकट होता है।।

तत्पश्चात्, **"महाभिनिष्क्रमण"** नाम का **द्वितीय अंक** शुरू होता है। प्रारम्भ में रखे प्रवेशक के द्वारा प्रेक्षकों को वृत्त एवं वर्तिष्यमाण घटनाओं का सूचन किया जाता है। जैसे कि-यहाँ विवेचक नाम का विदूषक माण्डव्य के साथ बातचीत करता है और बताता है कि पिता शुद्धोदन ने युवराज सिद्धार्थ का परिणय हो जाय ऐसी आज्ञा दी थी। अतः सिद्धार्थ ने भी बताया था कि उसको केवल धर्मशीला कन्या की ही अपेक्षा है, अमुक कुलविशेष में उनका कोई अभिनिवेश नहीं है। तदनुसार दण्डपाणि की धर्मशीला कन्या यशोधरा के साथ उनका

विवाह-विधि सम्पन्न हो गया। (यहाँ, प्रेक्षकों को यह भी सूचित किया गया है कि-ज्योतिषीओं के द्विधाजनक भाविकथन के कारण नाराज हुए अमात्य उदायी ने राजप्रासाद की गतिविधि को बहुत सीमित लोगों को ही जान सके ऐसी व्यवस्था की थी। अतः सिद्धार्थ के विवाह-प्रसंग का वृत्तान्त सार्वजनिक रूप से नहीं मनाया गया था। तथा पिता की आज्ञा से ही पुत्र सिद्धार्थ ने विवाह किया था।) माण्डव्य सिद्धार्थ के विवाह की बात को सुनते ही हर्ष का अनुभव करता है, क्योंकि उसका भविष्यकथन सत्य हो रहा है। इस खूशी के बाद तुरंत उसके मन में कौण्डिन्य को मिलने की भारी उत्कण्ठा है, क्योंकि अब उसका भाविकथन विफल सिद्ध हो गया है। वे दोनों सामने से आ रही एक चेटिका को पूछते हैं कि-उसने कहीं कौण्डिन्य को देखा?। तो चेटिका बताती है कि-हाँ जी, वो दीनवदन उसके पीछे ही आ रहा है। माण्डव्य कौण्डिन्य की अवमानना करने को तैयार खडा है। देर से रंगमंच पर प्रविष्ट हुए कौण्डिन्य ने कहा कि-कन्या के पिता ने यह नहीं देखा कि वे जिस युवक के साथ वे अपनी कन्या का विवाह करवाया हैं, वह एक उदासी, अन्तर्मुख एवं मृदुल व्यक्ति है।

अन्तर्मुखो युवोदासी मृदुलो न चिकित्सितः।
पिता भाग्यवशाल् लुब्धो, युवराजपदेन किम्॥

कौण्डिन्य पक्का मानता है कि कन्या का पिता दण्डपाणि सिद्धार्थ के पास युवराज-पद है, उसको देख कर ही लुब्ध हुआ होगा। उसने सोचा होगा कि उसकी पुत्री यशोधरा एक दिन रानी बनेगी। इसी लालच में पिता ने ऐसे अन्तर्मुखी, उदासी, मृदुल कुमार के साथ विवाह करवाया होगा। अन्यथा उसका शास्त्रचक्षु तो अभी भी यही कह रहा है कि सिद्धार्थ परिव्राजक बन कर ही रहेगा। तत्पश्चात् मार्ग में पुष्पाच्छादन कर रही चेटिका से इन लोगों को ज्ञात होता है कि-कोई राजपुरुष आज राजोद्यान में पधारने वाला है। अतः तुरंत इन ज्योतिर्विदों के जमावडे को दूर हो जाने की आज्ञा की जाती है। तब विदूषक एवं माण्डव्य राजप्रासाद की ओर जाने का इरादा बताते हैं, यदि राजप्रासाद में प्रवेश मिल जाय तो, वे सिद्धार्थ के विवाह-निमित्त कदाचित् दूसरी बार कोई दक्षिणा प्राप्त कर सकें। यद्यपि वे कौण्डिन्य को महा अभागी बताते हैं, क्योंकि उसको अब राजगृह से कोई दक्षिणा मिलने की सम्भावना नहीं बची है। यहाँ प्रवेशक समाप्त होता है। किन्तु अनुगामी प्रथम दृश्य में राजोद्यान में कोई राजपुरुष, सम्भवतः युवराज सिद्धार्थ ही आने वाले है-ऐसा निर्दिष्ट किया जाता है। प्रवेशक समाप्त होता है।।

प्रथम दृश्य में--सिद्धार्थ प्रातः-काल में उद्यान में विहार के लिए आया है और समग्र निसर्ग में पवन, बादल, नदियाँ, सूर्य, पक्षी, भ्रमरादि सभी के मुक्त,

निर्बाध एवं स्वैरविहार को साश्चर्य देखता रहता है। बस उसी क्षण उसके सामने आकाश से शरविद्ध हुआ एक राजहंस नीचे आ गिरता है। उस पक्षीराज के शरीर से रक्तपात हो रहा है-ऐसा देखते ही उसका मुग्धभाव नष्ट होता है। उसने जाना कि-इस सृष्टि में जीवजन्तुओं की स्वाधीनता निर्बाध नहीं हैं। मनुष्यों की हिंसकवृत्ति से पक्षियाँ भी बाधित होते हैं। सिद्धार्थ तुरंत राजहंस को उठा लेता है और उसके शरीर से बाण को बाहर निकाल लेता है। शुश्रूषा करके उसको एक वस्त्र में लपेट देता है। तब उस पक्षी पर बाण चलाने वाला देवदत्त वहाँ दौड़ता हुआ आता है, वह अपने शिकार की तलाश में आया है। जब उद्यान में कहीं से शरविद्ध राजहंस नहीं मिलता है, तो वह सिद्धार्थ को पूछता है यदि उसने इसको देखा हो तो। सिद्धार्थ ने कहा हाँ, वह पक्षी मेरे पास है। मैंने उसको बाण से मुक्त करके सुरक्षित कर लिया है। देवदत्त कहता है कि वह मैंने मारा है,वह मेरा शिकार है,इस लिये तुम उसको मुझे दे दो। लेकिन सिद्धार्थ ने उसका प्रतिकार करते हुए कहा:-

हतखगपतेः स्वामित्वं नोऽधिगच्छतु मानुषः
स इह कथितः स्वामी पाता विहायस एव यः।

प्रखरकिरणैर्दग्धासूनां प्रभुः सरिता सदा
सदयहृदयः क्षात्रो धर्मः स एव विराजते।। २-२।।

सिद्धार्थ ने कहा कि जो व्यक्ति पक्षी का शिकार करता है, वह उसका स्वामी नहीं हो सकता है। किन्तु जिसने उस पक्षी का संरक्षण किया है और जब तक पूर्ण रूप से स्व-स्थ नहीं होता है तब तक (ही) वह उसका स्वामी होता है। मैं तुम्हें इस घायल राजहंस को नहीं दूँगा। यहाँ "किसको क्षत्रिय कहा जाय?" इस विषय को लेकर, दोनों में विवाद होता है। अन्त में देवदत्त सिद्धार्थ के साथ उसका स्थायी वैमनस्य रहेगा इतना कहता हुआ रंगमंच से चला जाता है। यहाँ पर सिद्धार्थ का चित्त आजन्म दयार्द्र है-यह प्रकट होता है।

प्रथम दृश्य का अनुसन्धान करने वाली प्रावेशिकी ध्रुवा से द्वितीय दृश्य का प्रारम्भ होता है। सिद्धार्थ और यशोधरा ने एक पुत्र को जन्म दिया है। अर्थात् राजा शुद्धोदन की वंशवृद्धि हो चुकी है। परन्तु सिद्धार्थ देवदत्तकृत पक्षीवेध को बहुत लम्बे समय तक भूल नहीं पा रहा है-यह देख कर, शुद्धोदन के मन में "मेरा पुत्र कहीं परिव्राजक तो नहीं हो जायेगा" यह भीति बनी रहती है। वह अमात्य को नयी नयी आज्ञाएँ दे रहा है कि कुमार को मृगयादि के लिए प्रेरित करो एवं गीत-नृत्यादि का आयोजन करते रहो। अतः द्वितीय दृश्य में, राजहितैषी अमात्य उदायी ने नृत्यांगनाओं को बुला कर नृत्य का आयोजन किया है। यह नृत्य

सिद्धार्थ और यशोधरा के सामने प्रस्तुत होता है। रति का उद्दीपन करने वाले शब्दों के साथ इसकी प्रस्तुति होती है, जिसमें नायिका यशोधरा तो भावाविष्ट होती नजर आती है, किन्तु कुमार ने जैसे ही गीत के उत्तरार्ध को सुना कि-

रविं तं काङ्क्षन्ती शतदलमुखी दण्डतनया।
अतिक्रान्तं द्रष्टुं भुवि विजयिनं त्वां हतरिपुम्॥ २-१०॥

अर्थात्-"दण्डपाणि की यह कमलवदना पुत्री (यशोधरा) सिद्धार्थ को शत्रुओं को मारने वाला, एक अतिक्रान्ता विश्वविजयी सूर्य के रूप में देखना चाहती है"-[ऐसा अमात्य उदायी नृत्यांगनाओं के मुख से कहलाता है] तो उस नृत्य से सिद्धार्थ का मन उठ जाता है। उसको किसी की हिंसा पसंद नहीं है। (जैसा ज्योतिषी कौण्डिन्य ने उसको "मृदुल" कहा था-यह स्वरूप दूसरी बार प्रकट होता है।) इस तरह, उसको "हतरिपुम्" शब्द को सुनते ही नृत्य में तनिक भी रस रहा नहीं। सिद्धार्थ के अन्तःकरण को कोई समझ नहीं पा रहा है। अमात्य अपनी कर्तव्यता का परिपालन करता हुआ सिद्धार्थ से निवेदन करता है कि यशोधरा के पिता ने आपको ये सारी नृत्यांगनाएँ भेट की हैं। आप उनके शिल्प का बार बार आनन्द लीजिएगा। बस, इसी क्षण सिद्धार्थ अपनी मनोवेदना को मुखरित करता है कि मेरे पिता ने भी मेरे सुख के लिए अलग अलग तीन ऋतुओं के अलग अलग (आगार) महल बनवाये हैं। लेकिन गिरिकन्दारओं में घूमने में रुचि रखने वाले गजराज को क्या चित्राङ्कित भित्तिओं में निवास करवाने से सुख मिल सकता है? क्या पक्षिराज गरुड को समुद्रोल्लंघन से वंचित करके, एक सुवर्णपिञ्जर में रखने से सुख का अनुभव दिया जा सकता है?। इसको सुनते ही चतुर अमात्य भी पलट वार करता हुआ बता देता है कि हाँ, गजराज हो या युवराज वे दोनों ही पर्वत से एवं शत्रुसैन्य से टकराने का अभिलाष रखते हैं। और, ऐसा सुयोग्य अवसर आ ही गया है! कपिलवस्तु के नगरजनों के लिए रोहिणी नदी का जल सर्वाधिक मात्रा में प्राप्त करना आवश्यक है। तथा इस सन्दर्भ में, कपिलवस्तु के पड़ोसी राज्य में स्थित कोलियों के साथ युद्ध होने के सम्भावना बनी हुई है। (भूत-काल में भी शाक्यों एवं कोलियों के बीच में ऐसा युद्ध कई बार होता रहा है।) तो राजा शुद्धोदन ने उस युद्ध का नेतृत्व आपको देने का संकल्प किया है। यानी आपको अपना क्षत्रियोचित शौर्य दिखाने का अवसर प्राप्त होने ही वाला है।

सिद्धार्थ को युद्ध करके रोहिणी नदी का जलप्राप्त कर लेने का विचार उचित नहीं लगता है। वह चाहता है कि परस्पर संवाद करके, समझौता किया जाना चाहिए। किसी भी बात को लेकर युद्ध अनिवार्य नहीं हो सकता है। सर्वत्र मैत्री-सम्बन्ध ही गरीयान् है। किन्तु अमात्य बताते हैं कि क्षत्रिय के लिए युद्ध ही

कल्याणकारी है। स्वराज्य की रक्षा का प्रश्न हो या अपनी प्रजा के लिए नदियों के जल-बटवारे का प्रश्न हो, उसमें युद्ध अ-निवार्य ही है। सिद्धार्थ मन में सोचता है कि मुक्त आकाश में उड़नेवाले पक्षियों का शिकार करने वाले देवदत्त और मुक्तगति से बहती नदियों का जल रोकने वाले इस अमात्य में कोई भेद नहीं हैं। दोनों में हिंसक वृत्ति समान है। सिद्धार्थ ने इस मामले को परामर्श से सुलझाने का जब सुझाव दिया तो अमात्य ऐसे युवराज से निराशा व्यक्त करता है। सिद्धार्थ को पलायनवादी समझ बैठता है। सिद्धार्थ अमात्य की आंगिक चेष्टा का मर्म समझ गया। उसने अपना आर्ष दर्शन सुनाया कि-"*न हि वैरेण वैराणि इह शाम्यन्ति*" इत्यादि। उस क्षण यशोधरा ने भी अपने पति सिद्धार्थ का पक्ष समर्थित करते हुए पुछा कि-कोलियों के रक्त से मिश्रित हुआ रोहिणी नदी का जल शाक्य-प्रजा को कब तक सुख चैन से जीने देगा? और कहा कि-"*धरातले तु प्रवहन्ति नद्यः सर्वेषां कृते*"=इस धरातल पर बह रही सारी नदियाँ तो सब के लिए बहती हैं, उन पर किसी एक व्यक्ति का अधिकार हो ही नहीं सकता है। अमात्य निरुत्तर हो गया। किन्तु इस प्रसंग से सिद्धार्थ ने यह भी जान लिया कि उनकी पत्नी यशोधरा सही रूप में धर्मशीला नारी है। उपर्युक्त विवाद के दौरान सिद्धार्थ ने अमात्य को यह भी कह दिया कि पिता जी को कहना कि मुझे कोई भी जिम्मेवारी सौंपने से पहले, मुझे नगरचर्या के लिए बाहर भेजने का प्रबन्ध भी करवाइए।

अब, तृतीय दृश्य शुरू होता है। पिता जी ने राजकुमार की नगरचर्या पर जाने की इच्छा को जान कर उसका प्रबन्ध करवा दिया। सारथि छन्नक रथ लेकर उपस्थित होता है। सिद्धार्थ रथारूढ हो कर नगरचर्या के लिए प्रस्थान करता है। अमात्य उदायी ने भी पुत्र के मार्ग में कोई दुःखदायी दृश्य सामने न आ जाय इस लिए, परिजन वर्ग को पहले से नगर में भेज दिया। उन लोगों ने गरीब, दुःखी व्यक्तियों की उत्सारणा शुरू कर दी थी। परन्तु अगोचर विश्व के देवताओं ने सिद्धार्थ के रूप में जन्मे बोधिसत्त्व को जगाने का यह काल आ गया है ऐसा माना और वे सक्रिय हो गये। उन देवताओं ने सिद्धार्थ के मार्ग में क्रमशः जराग्रस्त, रोगपीडित एवं मृतशरीर की शवयात्रा के दृश्य प्रकट किये। अन्त में एक विरक्त संन्यासी भी दिखा दिया। क्रमशः इनको देखते ही, सिद्धार्थ ने सारथि से पूछा कि यह क्या है? वह क्या है? तो मालूम हुआ कि दुनिया में पैदा हुए सभी जीवों के लिए यह अवश्यंभावी वृद्धावस्था है, वह रुग्णावस्था है और अन्त में वो मृत्यु भी है, जिनको टाला नहीं जा सकता है। सिद्धार्थ ने अपने जीवन में पहली बार इन अ-निवार्य दुःखों का साक्षात्कार किया। उनके मन में असाधारण संवेग उत्पन्न हुआ।

धिग् यौवनं तत्.... जरया समभिद्रुतं यत्,
स्वास्थ्यं च धिग्.... विविधरोग-पराहतं यत्।
धिग् जीवितं च विदुषो ... न चिरं स्थितं यत्
धिक् पण्डितस्य पुरुषस्य रतिप्रसंगान्॥ २-१४॥

अब सिद्धार्थ ने गृहत्याग का (महाभिनिष्क्रमण) का मानसिक संकल्प कर लिया। लेकिन गृहत्याग करने से पहले पिताजी की अनुमति लेना भी आवश्यक था। पिताजी जब ऐसी अनुमति नहीं दे रहे थे, तो सिद्धार्थ ने कहा कि-पिता जी, क्या मुझे कभी वार्धक्य नहीं आयेगा, रोगपीडा नहीं होगी या मुझे कभी मृत्यु नहीं आयेगी, तथा यह सारा राजवैभव कभी विनष्ट नहीं होगा-इन सब की आप जिम्मेवारी ले सकते हो? तो पिता जी को अवशतया यह स्वीकारना पडा कि वे इनमें से किसी एक की भी जिम्मेवारी नहीं ले सकते हैं। इसको सुन कर सिद्धार्थ निश्चिंत हो जाता है कि अब वह गृहत्याग कर सकता है। यहाँ पर सिद्धार्थ ने यह भी सोचा कि- बाल्यकाल में या विवाद से पहले ऐसी नगरचर्या करने का मौका न मिला वह भी ठीक ही हुआ। अन्यथा वह जीवन की अनित्यता से उतना क्षुब्ध न हुआ होता। शायद वह भी अन्य पामर जीवों की तरह, वार्धक्यादि के प्रति इतना संवेदनशील न बना होता।

चतुर्थ दृश्य में, सिद्धार्थ का महाभिनिष्क्रमण निरूपित किया गया है। वैशाखी पूर्णिमा की रात्रि में सिद्धार्थ गृहत्याग करने से पहले, पत्नी यशोधरा और सोये हुए पुत्र राहुल को अन्तिम बार देखने के लिए उनके कक्ष में जाते हैं। जीवन की यह कठिनतम क्षण थी कि वे अपनी पत्नी को और पुत्र को छोड़ रहे थे। प्रश्न ऐसा किया जाता है कि सिद्धार्थ ने (एक ओर रोहिणी नदी के जल को लेकर युद्ध करने की तत्परता नहीं दिखाई, और बाद में उन्होंने) पत्नी और पुत्र को भी छोड़ दिया-वह क्या पलायन नहीं है?, क्या पिता के रूप में वे अपनी जिम्मेवारी से भाग निकले-ऐसा नहीं कहा जायेगा?-इस सन्दर्भ में, ऐसा विचार प्रस्तुत किया गया है कि जिस धर्मशीला पत्नी यशोधरा ने "नदियों का जल सब के लिए बह रहा है" कहा था, उसकी इस महाभिनिष्क्रमण में अनुमति होगी ही,ऐसी मूकसम्मति वे मान लेते हैं। रही बात पुत्र को छोडने की। तो सिद्धार्थ ने ऐसा सोचा है कि राहुल के पास कम से कम उसकी माता तो है ही, (मेरे भाग्य में तो वह भी नहीं था) इस विचार से वे पुत्र को भी छोड पाते हैं। तत्पश्चात्, वे छन्नक के घर जा कर, कंथक नाम के अश्व को ले आने को कहते हैं। छन्नक पूछता है कि-इस मध्यरात्रि के समय में, आप मेरे घर क्यूं आये?, तो सिद्धार्थ ने बताया:--

वार्धक्यं रुग्णता वा श्वसनविधिरयं दुःखसंवेदनायै
दुस्तर्पा या क्षुधा सा परिभवति वयः किं न पश्येद् बुधोऽपि।
आकाशेऽयं पतङ्गः परिचलति सदा मस्तके कालचक्रं
बद्धः पाशेन मृत्योस्तदपि विचलितो ना भवेयं कथं वै॥ २-१२।

छन्नक अश्व कंथक को लेकर आता तो है, परन्तु उसके मन में भी भयपूर्ण आशंका रहती है कि कल अमात्य मुझे क्या करेंगे? एवमेव, देवी यशोधरा भी क्या कहेगी? तीसरी ओर देखें तो, कंथक को ले आने की आज्ञा देनेवाला युवराज है। उसका मानसिक तनाव बढ जाता है। सारथि बोलता है:-एकाधिका प्रभुता व्याहन्ति परिजनम्। अगतिकतया वह अश्व को ले आता है। वह सिद्धार्थ को लेकर चल पडता है। दूसरी ओर, सिद्धार्थ भी प्रतिज्ञा वचन उच्चारता है कि जब तक दुःख का कारण एवं मुक्ति का उपाय ढूँढ नहीं पाउँगा तब तक मैं कपिलवस्तु में वापस नहीं लौटूँगा। तत्पश्चात् नेपथ्य से नैष्क्रामिकी ध्रुवा का गान होता है:-

युक्त्या संग्रस्यते व्यालो, वाजी वल्गासु गृह्यते।
आलाने बध्यते हस्ती, संवेगो नैव रुध्यते॥ २-१३॥

अर्थात्-विषधर नाग को युक्ति से पकड़ा जा सकता है, घोड़े को लगाम से संयमित किया जा सकता है, गजराज को बड़े स्तम्भ के साथ बांधा जा सकता है, किन्तु किसी विरक्त संवेगवान् को कोई रोक नहीं सकता है। यहाँ द्वितीय अंक सम्पन्न होता है।।

"धर्मचक्र-प्रवर्तन" नामक **तीसरे अंक** का आरम्भ होता है:-आरम्भ में "प्रवेशक" आता है। रंगभूमि पर आया विदूषक उस माण्डव्य को खोज रहा है कि जिसने एक अंगुलि उठा कर कहा था कि राजकुमार चक्रवर्ती बनेगा। क्योंकि आज तो राजकुमार का *"अदर्शनं लोपः"* हो गया है! सिद्धार्थ के द्वारा किये गये गृह-त्याग से राजभवन में सन्नाटा छा गया है। अमात्य उदायी ने सभी ज्योतिर्विदों को नगर से बाहर चले जाने को आदेश दिया है। इस राजाज्ञा के अनुसन्धान में नगर को छोडते हुए कौण्डिन्य कहता है कि कपिलवस्तु में अब उसकी आजीविका समाप्त हो गई है। फिर भी उसका मन इस बात पर आश्वस्त है कि अन्त में बुद्ध ही सब के लिए अनुसरणीय बनने वाले हैं।।

प्रथम दृश्य में सिद्धार्थ और राजा बिम्बिसार का वार्तालाप प्रस्तुत होता है। सिद्धार्थ ने कपिलवस्तु का त्याग करके, राजगृह के पास आयी पाण्डव पहाडियों में कुटिर बना कर तपश्चर्या का आरम्भ किया है। इस वृत्तान्त को सुन कर, बिम्बिसार वहाँ आता है और सिद्धार्थ को घर वापस लौट जाने को समझाता है।

यौवने भोगरताः स्युः युद्धचर्या यशस्विनी।
भुक्तभोगाय वृद्धाय विश्रान्तिस्तु सुशोभते॥ ३-३॥
यौवने शोभते नित्यं बाणवर्षा निरन्तरा।
यौवने न श्रुता दृष्टा तपश्चर्या कुतश्चन॥ ३-४॥

क्षत्रियोचित जीवन होना चाहिए, यज्ञ-यागादि से पारमार्थिक कल्याण को साधना चाहिए, पिता शुद्धोदन से यदि कोई विरोध, अनबनी हो तो ऐसी स्थिति में वह अपने राज्य का आधा हिस्सा भी सिद्धार्थ को देनी की तत्परता दिखता है। सिद्धार्थ ने बिम्बिसार की साहाय्य करने की तत्परता की सराहना की। तथापि उनकी किसी भी तरह की साहाय्य लेने की बिलकुल इच्छा नहीं है-ऐसा बड़ी विनम्रता के साथ कहा। सिद्धार्थ ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि-

मुक्ताकाशे विहगहननात् प्राप्यते नैव सौख्यम्
युद्धं कृत्वा सकलजगतां रोहिणीं वा न कांक्षे।
व्यर्थो यत्नो यजनविधिना, गम्यते किं द्युलोकं
दुःखं ज्ञातुं कथमभिमुखो ना भवेयं सुतप्तः॥ ३-६॥

उनको पक्षियों के शिकार करने में, युद्ध करके रोहिणी नदी का जल छिन लेने में, या यजनादि विधियाँ करके द्युलोक में पहुँचने का कोई उत्साह मेरे मन में नहीं है। सारांशतः, सिद्धार्थ को तथाकथित सुखों में सुख दिखता ही नहीं है। क्योंकि सुख-प्राप्ति के लिए किया गया कोई भी पुरुषार्थ अन्ततो गत्वा दुःख को निमन्त्रण देता ही है। ऐसी वास्तविकता में वह *दुःखं ज्ञातुं कथमभिमुखो ना भवेयं सुतप्तः।* (3-6) दुःख का कारण एवं उसके उन्मूलन का उपाय खोजने को ही प्राथम्य देना चाहता है। यह सुन कर, बिम्बिसार निरुत्तर बनता है, वापस लौट जाता है।

इसी दृश्य के उत्तरार्ध में, सिद्धार्थ के साथ तपश्चर्या करने वाले पंच वर्गीय तपस्वियों का वार्तालाप होता है (जिससे प्रेक्षकों को मालूम होता है) कि सिद्धार्थ ने भारी अनशन का व्रत करके, अपनी काया को यहाँ तक कृश कर दी थी कि वे अपनी नाभि के भाग से मेरुदण्ड की हड्डी को स्पर्श कर सकते थे। इस वार्तालाप के दौरान प्रेक्षकों को यह जानने को मिलता है कि-माण्डव्य कपिलवस्तु से निकल कर, जहाँ सिद्धार्थ तपश्चर्या कर रहा था वहाँ पहुँचा था और उसने कौण्डिन्य को यह कहा कि अब तो रोहिणी नदी का विवाद शान्त हो गया है, युद्ध टल गया है। अतः सिद्धार्थ चाहे तो घर-वापसी कर सकता है! एक कुटिलमति ज्योतिर्विद् अपनी भविष्यवाणी सही ठहराने के लिए इस हद तक भी पहुँचा था। लेकिन सिद्धार्थ तो फिर से घोषित करते हैं कि-वे शत्रुओं की सेना के साथ नहीं, बल्कि दुःखों की सेना के साथ ही युद्ध करने के लिए कृतसंकल्प

है, दृढसंकल्प है:-

संवेगाद् बहिरायातो, युद्धान्न च पलायितः।
गृहं नैव गमिष्यामि, योत्स्येऽहं दुःखसेनया।। ३-७।।

इसको सुनते ही पंच वर्गीय भिक्षु आश्वस्त होते हैं। वे सोचते हैं कि तभी तो सिद्धार्थ के साथ रह कर हम अनशनपूर्वक तपश्चर्या को आगे बढ़ायेंगे। किन्तु दूसरी ओर, वे जब यह जानते हैं कि सिद्धार्थ ने अभी अभी अपना निर्णय बदला है। क्योंकि उन्होंने अनुभव से जाना है कि-ऐसे घोर अनशन से ध्यान सिद्ध नहीं होगा। मध्यम-मार्ग पर चलने से ही चित्त की एकाग्रता सुकर होगी। अतःउन्होंने अन्नग्रहण करना शुरू किया है तो वे हताश भी होते हैं। परिणामतः वे पाँचों सिद्धार्थ को छोड कर, वाराणसी के पास आये ऋषिपत्तन में चले जाते हैं। अब सिद्धार्थ अकेला ही अपने साधना-मार्ग पर चलने का आरम्भ करता है।

सिद्धार्थ ने भी जब से अन्न-ग्रहण करना शुरू किया है तब से उसकी स्वप्नावस्था में कुछ ऐसे संकेत मिलते हैं कि इसी मार्ग पर चलते हुए उसको सफलता मिलेगी। जब वैशाखी मास की पूर्णिमा थी और सिद्धार्थ अश्वत्थ वृक्ष के नीचे आसन लगा कर बैठ जाते हैं।

अब, दूसरा दृश्य शुरू होता है। जिसके आरम्भ में, सुजाता नाम की कन्या सुवर्णपात्र में पायस ले आती है तथा सिद्धार्थ को भिक्षान्न के रूप में समर्पित करती है। इस पायस को ग्रहण करके, सिद्धार्थ फिर से ध्यानमग्न हो जाते हैं। तत्पश्चात् बौद्ध साहित्य में सुविदित "मार-विजय" का प्रसंग निरूपित किया गया है। रंगमंच पर मार का प्रवेश अपटीक्षेपेण होता है। यहाँ पर पहले, अन्यापदेश से भरी एक आक्षेपिकी ध्रुवा का गान होता है, जिससे प्रेक्षकों को सूचित किया जाता है कि-सिद्धार्थ की तपश्चर्या में कोई भारी विघ्न आ रहा है:-

कमलनिकरे त्वाकृष्टो यः करी विगताङ्कुशः
विहगवसतौ संक्रान्तो यः करालभुजङ्गमः।
अभिमुखगतो हन्तुं वन्यं योऽयं युवशार्दुलः
सकलभुवनं भेत्तुं स्थितो, नान्योऽन्तक एव सः।। ३-११।।

श्रेयांसि बहुविघ्नानीति न्याय से,जो व्यक्ति किसी पारमार्थिक उत्कृष्ट कार्य करने को उद्यत होता है तो उसके जीवन में काम-पुरुषार्थ एवं अर्थ-पुरुषार्थ के प्रेरक बल स्वरूप रति, अरति (=ईर्ष्या), द्वेष, तृष्णा, अधर्म, लोभ, क्षुधा, भय, आलस्य आदि अनेक विघ्नकारिणी मनोवृत्तियाँ सक्रिय हो जाती हैं। इनको ही मार की सेना माना गया है। मार न केवल कामदेव का स्वरूप है, बल्कि वह तो उपर्युक्त नकारात्मक मनोवृत्तियों का स्वामी भी है, जो तपश्चर्या कर रहे सिद्धार्थ के मार्ग में भारी मानसिक संघर्ष पैदा करता है। मार एवं उसकी पूर्वोक्त

रूपकात्मक सेना के द्वारा किये गये आक्रमण का नाट्यात्मक मंचन प्रस्तुत किया गया है। मार कहता है कि-

विस्मृत्या जनयामि रागसहितां सद्धर्महानिं सदा
संस्मृत्या[1] वितनोमि सौख्यशतकं प्रासादकक्षे स्थितम्।
स्वप्ने दृष्टयशोधरं मुनिवरं संजातपीडान्वितं
गर्विष्ठोऽस्मि मदीयसैन्यसहितो मथ्नामि वैरागिणम्॥ ३-९॥

सिद्धार्थ तो मार के भयानक आक्रमण के सामने अक्षोभ्य रहता है, परन्तु स्वर्गलोक के देवता प्रार्थना करने लगते हैं कि-हे मार! तुम्हारा यह कार्य अनुचित है। जगत्कल्याण के लिए संवर्धित हो रहे इस ज्ञानद्रुम को छिन्न-भिन्न करना ठीक नहीं है, भविष्य में यह व्यक्ति जंगम कल्पवृक्ष सिद्ध होने वाला है। दुनिया का यह महाभिषक् है, जो दुनिया के लिए ज्ञानौषधि खोजने निकला है।

सर्वाश्रयं विकसितं प्रथमैकवारं
ज्ञानद्रुमं परिणतं नवधर्मयुक्तम्।
पुष्टिं प्रयातु सकलेषु धरातलेषु
हे मार, नार्हसि कदापि छलेन छेत्तुम्॥ ३-१२॥

धीर-प्रशान्त सिद्धार्थ इस आक्रमण के दौरान मार के सामने अविचल खडे रहते हैं, मार हताश हो कर निवृत्त होता है। अन्त में, सिद्धार्थ दुःखकारिका तृष्णा को पहचान लेते हैं। तथा घोषित करते हैं कि हे तृष्णे! अब मैंने तुम्हें गृहकारिका के रूप में पहचान लिया है। तू अब कदापि मेरे सामने सफल नहीं हो पायेगी यह निश्चित है। तब वे सिद्धार्थ से "सम्यक् सम्बुद्ध" बनते हैं।

बुद्धत्व की प्राप्ति हो जाने के बाद तृतीय दृश्य में, बुद्ध के सामने ब्रह्मदेव प्रकट होते हैं और उनसे प्रार्थना करते हैं कि-आप विश्व-कल्याण के लिए धर्मोपदेश करने से विमुख न हो जायँ। संसार को अज्ञान के अन्धकार से बाहर निकालो। तत्पश्चात् बुद्ध अपने पुराने साथी तपस्वियों को खोजते हुए ऋषिपत्तन पहुँचते हैं। वहाँ पहले तो, उन पंच वर्गीय भिक्षुओं ने बुद्ध का स्वागत-सत्कार नहीं करना है ऐसा निश्चय किया था। किन्तु क्रमशः वे बुद्ध के प्रभाव में खड़े हो ही जाते हैं और सत्कार भी करते हैं। वे पाँचों भिक्षुओं बुद्ध के मुख से पहले मध्यम-मार्ग का सार रूप से श्रवण करते हैं। बुद्ध ने बताया कि-

रोग इन्द्रियभोगेन, योगो नानशनेन वै।
अतिद्वयं सदा त्याज्यं, मार्गोऽयं खलु मध्यमः॥ ३-२३॥

---

1. द्रष्टव्यः-विषस्य विषयाणां च दूरमत्यन्तम् अन्तरम्।
उपभुक्तं विषं हन्ति, विषयाः स्मरणादपि॥-मणिचूडावदानम्॥

तत्पश्चात् बुद्ध चार आर्य सत्य एवं अष्टांगिक मार्ग इत्यादि का उपदेश भी सुनाते हैं:-इदं खो भिक्खवे! दुक्खं अरिय सच्चं, जाति पि दुक्खा, जरा पि दुक्खा, व्याधि पि दुक्खो, मरणमपि दुक्खं।। (विनय पिटक, महावग्ग पाळी, महाक्खन्धको, गद्यखण्ड-14)। सूत्रात्मक रूप से बौद्ध-दर्शन को यूं कहा जाता है:-"सर्वं दुःखम्। सर्वं क्षणिकम्। सर्वं शून्यम्।" अपने प्रथम धर्मोपदेश में इसका उपन्यास करते हुए बुद्ध ने कहा है कि-अप्पियेहि संप्पयोगो दुक्खो, पियेहि विप्पयोगो दुक्खो, यम्पिच्छं न लभति तमपि दुक्खं। संखितेन, पञ्चुपादान क्खन्धा दुक्खा।। (विनयपिटक, तत्रैव)। इसका संस्कृत में रूपान्तर इन शब्दों में श्लोकबद्ध किया गया है:-

दुःखकृदप्रियं भाति, प्रियस्यापि वियोजनम्।
अप्राप्तिरीप्सितस्य या, प्राप्तिर्भवेदवाञ्छिता।। ३-२४।।

आदौ सुखं प्रतीयेत, तद् दुःखेनानुगम्यते।
सर्वं दुःखान्वितं मन्ये, गतदुःखं न विद्यते।। ३-२५।।

"सर्वं दुःखम्" का उपदेश देने के बाद, बुद्ध ने वैचारिक स्वातन्त्र्य देते हुए यह भी कहा कि मेरे विचारों का केवल श्रद्धा या भक्ति से ही स्वीकार नहीं करना। मेरी बात की कठिन परीक्षा करके, यदि आपकी बुद्धि से भी वह उचित लगे तो उसका स्वीकार करना। "आत्मदीपो भव" व्यक्ति स्वयं अपना दीपक बनें यही सम्यक् दर्शन हो सकता है।। तत्पश्चात् उन्होंने वर्जनीय पंचशीलों का उपदेश दिया। जैसा कि-यो खो ब्राह्मण, पसन्नचित्तो सिक्खापदानि समादियति। पानातिपाता वेरमणिं, अदिन्नादाना वेरमणिं, कामेसु मिच्छाचारा वेरमणिं, सुरा-मेरय-मज्ज-पमादात्थाना वेरमणिं। (दीग्घनिकाये महावग्गो) इन पंचशीलों का अनुवाद इन शब्दों में किया है:-

अहिंसामुत्कृष्टां प्रथयतु मुदा स्वं त्यजतु वा
नदत्तं न ग्राह्यं, भवतु मरणं दैन्यसहितम्।
स कामोऽसंतोष्यो, विरमतु सदैव व्यभिचरात्
न पेया वाच्यं वाऽमधुरमदिरा वाऽनृतवचः।। ३-२८।।

उसके बाद वे दो सूचनाएं देते हैं:-1. उन पंचवर्गीय भिक्षुओं को भिन्न भिन्न दिशा में जा कर बुद्धोपदेश शुरू करना हैं तथा जो प्रव्रज्या लेना चाहे उसको बुद्ध के पास ले आना। बुद्ध उसको उपसम्पदा (संन्यास) देते थे। 2. जो अश्वजित नामका पंचवर्गीय भिक्षु था, उसको उन्होंने वाराणसी में जाने की सूचना दी। यहाँ एक नैष्क्रामिकी ध्रुवा रखी है, जिसमें घोषित होता है कि-*समारब्धे च बुद्धेन धर्मचक्र-प्रवर्तने। पञ्चवर्गीय-भिक्षूणां संघरत्नं प्रकाशितम्।सदा संघे भवेच्छक्तिर्ज्ञानं*

देष्टुं सुबोधिजम्। तृतीयं कान्तिमद्रत्नं शरण्यं सततं तथा।। (3-26) बौद्ध-धर्म के प्रथम संघ की रचना होने से बौद्ध धर्म में जिसकी तीसरे रत्न के रूप में गिनती होती है वह "संघ" की रचना का कार्य सम्पन्न होता है। भगवान् बुद्ध के द्वारा ऋषिपत्तन (वर्तमान सारनाथ, वाराणसी) में किये गये इस प्रथम उपदेश को "धर्मचक्र-प्रवर्तन" नाम दिया गया है। अत: इस अंक का नाम भी वही है।।

उग्रातिउग्र तपश्चर्या से बुद्धत्व की जो प्राप्ति हुई, उसके लिए मार के साथ सूक्ष्म लड़ाई लड़नी पड़ी-वह बुद्ध के जीवन की पहली अप्रतीम सिद्धि है। उस सिद्धि के बाद, उन्होंने जो बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय धर्मचक्र-प्रवर्तन किया, वहाँ से बुद्ध के जीवन का दूसरा चरण शुरू होता है। बुद्ध केवल वैयक्तिक निर्वाण से न रुके, बल्कि जिस उत्साह के साथ वे जनकल्याण के लिए सद्धर्म का उपदेश देने के लिए प्रवृत्त हुए और उस लोकसंग्रह के कार्य में भी जो बाधाएं आयी हैं वह उल्लेखनीय है। उनका निरूपण किये बिना इस नाटक का शीर्षक (धर्मचक्र-प्रवर्तन) चरितार्थ नहीं हो सकता है। बुद्ध के जीवन के इस द्वितीय चरण का आलेखन अन्तिम दो अंकों (चतुर्थ एवं पंचम)में किया गया है:-

"सद्-धर्मोपदेश" (=उपेक्षा-मुदिता, मैत्री, करुणा का उपदेश) नामक चतुर्थ अंक के आरम्भ में "प्रवेशक" है। विदूषक आश्चर्य व्यक्त करता है कि बुद्ध का यान ही एकमात्र यान माना जा रहा है! सभी लोग बौद्धधर्म की दीक्षा ले कर, प्रव्रजित हो रहे हैं। अत: विदूषक वाराणसी से वापस लौटे भिक्षु अश्वजित को इस विषय की पृच्छा करता है। वह बताता है कि वाराणसी के धनाढ्यों के कुलपुत्र यश ने पहले प्रव्रज्या ली, उसका अनुसरण करके अन्य चार मित्रों ने भी प्रव्रज्या ली। उसके पीछे पचास जानपद, तीस भद्रवर्गीय गृहस्थियों ने प्रव्रज्या ले ली। उसके बाद, शारिपुत्र और मौद्गल्यायन ने गुरु संजय को छोड कर बुद्ध से (तथा संजय के अन्य 250 शिष्यों ने भी) प्रव्रज्या ले ली। (यही शारिपुत्र और मौद्गल्यायन आगे चल कर बुद्ध के दो प्रधान शिष्य घोषित हुए।) जाते जाते भिक्षु अश्वजित बताता है कि न्यग्रोधाराम में, मध्याह्न में बुद्ध का प्रवचन होता है। यदि कोई जिज्ञासा है, तो वहाँ कभी आ जाना। अब विदूषक का मन सोचने लगता है कि-बौद्धसंघ में भिक्षुओं की दिन-प्रतिदिन अभिवृद्धि हो रही है, तो लौकिक दृष्टि से ईर्ष्याग्रस्त इस संसार में क्या क्या हो सकता है?। सिद्धार्थ का बचपन का दुश्मन देवदत्त अब क्या करेगा? दूसरी ओर, ज्योतिर्विद् माण्डव्य कुछ रहस्य की जानकारी ले कर "अपटीक्षेपेण" प्रवेश करता है। माण्डव्य के अपटीक्षेप-प्रवेश के पीछे रही व्यंजना को वाचा देने के लिए नेपथ्य से एक अन्यापदेश से भरी "आक्षेपिकी ध्रुवा" का गान होता है:-

व्याधो जाले ग्रसति हरिणं, मोचनं नो भवेद्वा
पूर्णश्चन्द्रो नभसि सुगतो ग्रासमुक्तो न जातः।
भूयः सिक्त्वा मधुरसलिलं जीवनं वाहयन्त्यो
दिव्या नद्यस्तदपि पतनं रोधनं दुःसहन्ते।। ४-२।।

जो आशंका विदूषक के मन में सहजतया स्फुटित हुई थी कि बाल्यावस्था में, जिस देवदत्त ने सिद्धार्थ के साथ आमरणान्त वैर रखने की प्रतिज्ञा की थी वह बुद्ध के शिष्य-समूह में हो रही अभिवृद्धि को सुन कर शान्त नहीं बैठा रहेगा। वही बात लेकर माण्डव्य आया है कि उसको रास्ते में देवदत्त मिल गया था, जो राजगृह की ओर जा रहा था। उसने बुद्ध के पास जा कर, कहा है-अब तुम बूढ़े हो गये हो। अतः बौद्ध भिक्षुओं का संघ मुझे दे दो। मैं आपके संघ का नेतृत्व करुँगा। मैं संघ का अधिपति बनना चाहता हूँ। किन्तु बुद्ध ने ऐसा करने से मना कर दिया। अतः वह विशेष रूप से नाराज है। देवदत्त, क्योंकि बुद्ध के संघ की महन्ताई करना चाहता था, परन्तु उसमें विफलता मिलने पर वह बौद्ध-संघ में भेद पैदा करने वाला है। लेकिन ज्योतिषी को तो उसमें भी अपने अभीष्ट परिणाम की सिद्धि दिख रही है। यदि बौद्धसंघ छिन्न-भिन्न हो जायेगा तो सिद्धार्थ फिर से घर-वापसी कर लेगा और उसका भाविकथन सही ठहरेगा। अब, विदूषक सोचता है कि एक ओर ज्योतिर्विज्ञान के अनुसार ग्रहनक्षत्रादि ही संसारचक्र को चलाने वाले हैं, तो दूसरी ओर दार्शनिक लोग कहते हैं कि-काम-क्रोधादि जो षड् रिपु हैं वही संसारचक्र को घूमाते हैं। अतः देखना यही है कि संसारचक्र को घूमानेवाले इन तत्त्वों के सामने भगवान् बुद्ध कौन से नये विचार रखते हैं?। तो काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मत्सर की भावनाओं से जो नये दुःख पैदा होते हैं, (जो जरा, रोग, मरण जैसे अनादिसिद्ध दुःखों से भिन्न हैं) उनका नियमन किन भावनाओं से किया जा सकता है?। बुद्ध ने इस विषय में, उपेक्षा, मुदिता, मैत्री और करुणादि की छह भावनाओं का परिपोषण करने का उपदेश दिया है। ग्रहनक्षत्रों से सब कुछ होता है, या फिर बुद्ध के द्वारा उपदिष्ट नये मार्ग से क्या हो सकता है?-वह जानने के लिए विदूषक कहता है कि वे दोनों मध्याह्न प्रवचन को सुनने के लिए, कभी जायेंगे। यहाँ "प्रवेशक" पूर्ण होता है। इस प्रवेशक से दो भावि प्रसंगों का ईशारा मिलता है:-1. देवदत्त ने ईर्ष्याग्रस्त हो कर क्या किया होगा? तथा 2. बुद्ध के द्वारा आचरित मैत्री-मुदितादि की भावनाओं का परिणाम क्या आ सकता है?।

बुद्ध का धर्मचक्र-प्रवर्तन इस नाटक का केन्द्रीकृत विषय है। लेकिन बुद्ध के जीवन में, द्वितीय चरण में हुई उस धर्मचक्र की घटना में भी अनेक अवरोध आये थे-उनका निरूपण किये बिना नाटक के शीर्षक का चारितार्थ्य नहीं हो

सकता था। इस लिए इन अवरोधों को चतुर्थांक का विषय बनाया गया है। जैसे कि--बाल्यावस्था के विरोधी (प्रतिनायक) देवदत्त ने 1. राजा अजातशत्रु की साहाय्य से बुद्ध की हत्या करवाने का षड्यन्त्र रचा, 2. उसमें विफल हो जाने पर, उसने स्वयं गृध्रकूट पर्वत से बडी शिला बुद्ध पर गिरा कर, उनको मारने का प्रयास किया। लेकिन बुद्ध भाग्यवशात् बच गये। 3. देवदत्त ने भिक्षुओं के संघ में फुट पडाई और कतिपय भिक्षुओं को लेकर, उसने नया संघ बना लिया। अपनी अलग महन्ताई शुरू कर दी। तो अपने नादान शिष्यों को सम्यक् ज्ञान दे कर, वापस बौद्धसंघ में ले आने का कार्य भी करना पडा[1] था।

अब चतुर्थांक के प्रथम दृश्य में-न्यग्रोधाराम में बुद्धसभा चल रही है। भगवान् बुद्ध उपेक्षा-मुदिता-मैत्री-करुणा-अशुभ और अनित्यता की ६ भावनाओं का परिपोषण करने की देशना दे रहे हैं। यह एक तरह का धर्मवाद ही है, जिसमें शिष्य शारिपुत्र ने प्रश्न उठाया और बुद्ध उसका समाधान दे रहे थे। किन्तु यह केवल वाद ही न रह कर, बुद्धोपदिष्ट भावनाओं से विपरीत असूयादि की भावनाओं से देवदत्त के द्वारा संघ को क्या नुकसान हो रहा है?-उसकी व्यावहारिक चर्चा में परिणत हो जाती है। देवदत्त ने किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा बुद्ध का वध करवाने की योजना बनाई थी, जिसमें वह निष्फल होता है। उसके बाद स्वयं भी प्रयास करता है। जिसको सुन कर, शिष्य आनन्द और मौद्गल्यायन ने बुद्ध की रक्षा करने की एक योजना बनाई। किन्तु बुद्ध ने इसकी मनाई की,तथा देवदत्त की उपेक्षा ही करने को कहा। तत्पश्चात् उन्हों ने जब शारिपुत्र के मुख से यह जाना कि देवदत्त कतिपय बौद्धभिक्षुओं को संमोहित करके, बौद्धसंघ में से उठा कर पलायन कर गया है। तब ऐसे प्रमाद को सुन कर बुद्ध व्यथित भी होते हैं। और शारिपुत्र को आज्ञा करते हैं कि किसी भी तरह का कौशल दिखा कर, उन भिक्षुओं की संघ वापसी करवाई जाय। अन्यथा, वे भोले भिक्षु, जो निर्वाण की अभिलाषा से हमारे साथ जुडे थे, वे पुनरपि भोगविलास में डूब कर विनष्ट होंगे। उन पर दया करने की तात्कालिक आवश्यकता है। शारिपुत्र भी सम्मति बताता है कि त्रिरत्न की परिरक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। एक ओर शारिपुत्र देवदत्त के निवास की ओर प्रस्थान करता है, तो दूसरी ओर भगवान् बुद्ध पिण्डाचार की वेला होने से, भिक्षा मांगने के लिए चल देते हैं।

---

1. 4. नालागिरि नामके उन्मत्त हाथी के द्वारा भी बुद्ध को मरवा डालने का प्रयास किया गया। परन्तु बुद्ध ने मैत्रीजल का अभिषेक करके, उस हाथी को वशीभूत कर लिया। 5. देवदत्त ने सिद्धार्थ के गृहत्याग के बाद, यशोधरा से पुनर्विवाह का प्रस्ताव भी भेजा था। यानी वह निरन्तर बुद्ध के जीवन को अस्त-व्यस्त करने में ही लगा रहा था। इन दो प्रसंगों का निर्देश पंचमांक में किया गया है।

द्वितीय दृश्य में, बुद्ध एवं पूर्ण नामके भिक्षु के बीच में संवाद होता है। इसमें मैत्री-भावना का एवं धर्मोपदेश के लिए आवश्यक सहिष्णुता का निदर्श प्रस्तुत किया है। (सन्दर्भः-मज्झिमनिकाय) विशेष में, बुद्ध ने उपदेश दिया कि हमें पृथिवी से उपेक्षा सीखनी चाहिए और जल से मैत्री सीखनी चाहिएः-

भ्रष्टीकर्तुं क्षिपति मलिनं मानुषो हा धरित्र्यां
मौनं धृत्वा तदपि सहते धन्यधन्या तितिक्षा।

निन्द्यः पापी पिबति सलिलं पुण्यशाली यथैव
पानाच्छोधाद् भुवनसरिता वार्यते नैव कश्चित्।। ४-६।।

तृतीय दृश्य के आरम्भ में, राजा विश्वजित बुद्ध के उपदेश वचनों को सुनने के लिए आया है। बुद्ध उनके सांनिध्य में जो भी आता था उसको पहले ब्रह्मचर्य का पालन करने का उपदेश ही देते थे। जो बात उन्होंने विश्वजित को भी इन शब्दों में कहीः-*भीमा करोति वासं न व्याघ्री संदीपिते वने। शुभकारिणी प्रज्ञापि न पुरुषेषु कामिषु।। ४-८।।* तत्पश्चात् विश्वजित यह जानना चाहता है कि-एक राजा के लिए करुणा का आश्रय कैसे सम्भव है? क्योंकि उसने तो अपने गुरुओं से यही सुना था कि-दण्डनीति ही सर्वार्थ-साधिका है। तब भगवान् बुद्ध ने करुणा का महिमा प्रदर्शित करने के लिए अपनी अलौकिक योगसिद्धि से अतीत का दर्शन करवाया। उसमें देवराज इन्द्र बने बोधिसत्त्व ने दानवों के हाथ से मृत्यु हो जाय तो वह भी स्वीकार्य है, लेकिन किसी भी हाल में वृक्षों की शाखाओं में बने पक्षियों के घोंसले में रहे पक्षी-शावकों की मौत नहीं होनी चाहिए ऐसा कहते हुए अपनी करुणा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश कियाः-

दृश्यन्ते तृणनीडपूर्णतरवो गच्छेद्रथो मे कथं
भक्ष्यान्वेषणबुद्धयः खगमना आशान्विता सन्ततौ।

सायंकालसमागमे हतशिशून् दृष्ट्वा मरिष्यन्ति ते
मृत्युः कोटरपक्षिणां न तु वरं, स्यान्मामकीनो वधः।। ४-१०।।

इस तरह से प्राणत्याग की तत्परता दिखानेवाली करुणा के प्रभाव से चमत्कार होता है। "इन्द्र को शायद कोई नयी शक्ति मिल गई है, तभी वह वापस आया होगा"-ऐसे भ्रान्तिग्रस्त हुआ दानवगण रणसंग्राम को छोड़ कर भाग जाता है और देवराज इन्द्र की जित होती है! बुद्ध का उपदेश केवल बातचीत के स्वरूप का न रह जाय, उसके कोई ठोस उदाहरण भी दिखाना चाहिए। इस लिए यहाँ शक्र-जातक कथा का विनियोग किया गया है। इस तरह से, करुणा की भावना का उपदेश ज्यादा प्रतीतिकर सिद्ध हो सकता है।

प्रतिनायक देवदत्त की ईर्ष्या(=अरति)जनित अनिष्टकारिणी प्रवृत्तिओं के साथ साथ, उसके प्रतिपक्ष में भगवान् बुद्ध ने उपेक्षा, मुदिता, मैत्री, करुणा, अशुभ एवं अनित्यता की षड्विध भावनाओं का उपदेश दिया है। किन्तु इनमें से पहली चार भावनाओं के उदाहरणों को ही चतुर्थांक का विषय बनाया है। अन्त में, इस अंक में सम्पन्न हुए कार्य का उपसंहार–*उपेक्षा मुदिता मैत्री करुणा चैव भूतले। प्रसारिता प्रबुद्धेन, तं नुमो विश्वनायकम्।।* (4-12) इस नैष्क्रामिकी ध्रुवा से किया है। यहाँ अंक की समाप्ति होती है।।

"नारी (भिक्षुणी) का संघ में प्रवेश" नामक **पञ्चम अंक** के आरम्भ में एक प्रवेशक है, जिसमें विदूषक एवं माण्डव्य के बीच संवाद होता है। इससे प्रेक्षकों को मालूम होता है कि–1. शारिपुत्र उन विपथगामी भिक्षुओं को देवदत्त की चुंगाल से छुडवा कर, बौद्धसंघ में वापस ले आया है। तथा 2. बुद्ध को मार डालने के लिए देवदत्त ने फिर से बुद्ध के सामने एक चण्ड नालागिरि हस्ती को भेजा था। लेकिन बुद्ध ने मैत्रीजल से उसको अभिषिक्त किया, उससे उन्मत्त हस्ती भी विनम्र हो कर वापस हस्तिशाला में चला गया था। इन प्रसंगों के कारण बुद्ध का जयघोष सर्वत्र सुनाई रहा है। तथापि माण्डव्य तो वही अपनी पुरानी जल्पना से रुकने का नाम नहीं लेता है। माण्डव्य का कहना है कि ग्रहों के प्रभाव से बुद्ध घरवापसी करेंगे और पुत्र राहुल के मोह में फंस जायेगे। *(ग्रसिष्यन्ति प्रबुद्धं तं राहुरिव राहुलः।)* विदूषक पूछता है कि–यदि ऐसा नहीं हुआ तो तुम क्या करोंगे?–उसका पहले निश्चय करो। तब माण्डव्य कहता है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो वह भी बौद्ध भिक्षुओं के संघ में संमीलित हो जायेगा। यहाँ प्रवेशक समाप्त होता है।

प्रथम दृश्य में, एक प्रावेशिकी ध्रुवा रखी है:-

व्याप्तं वैरं सकलभुवनाद्यो निराकर्तुकामः
आयातः सः कपिलनगरं दुःखबीजं मथित्वा।
दर्शं दर्शं सुकृतसकलं सम्मुखे भासमानं
का सा, कान्या विचलितमना त्यक्तुकामा समग्रम्।।

(इससे सूचित किया जाता है कि कौन है वो, क्या कोई दूसरी नारी है जो यशोधरा के बराबर हो?–अर्थात् इस अंक में, यशोधरा का (पुत्र रूप) सर्वस्व का त्याग एवं अपने जीवन को भी बौद्धधर्म के प्रचार में लगाने की तत्परता निरूपित होनेवाली है।) द्वारपाल ने आकर, सूचना दी कि आज कपिलवस्तु में बुद्ध भिक्षाचार के लिए प्रवेश करने वाले हैं। इसको सुनते ही रानी महाप्रजापति विलाप करना शुरू करती है कि जिन आंखों से युवराज को देखा है, क्या उन्हीं आंखों

से उसको भिक्षुक के रूप में देखना है? वह राजा को सलाह देती है कि भाग्यवशात् दूसरा मौका मिल रहा है कि हम उसको फिर से राजगृह में रहने को विवश कर दे। प्रतिपक्ष में शुद्धोदन अपनी रानी को याद दिलाने की कोशिश करते हैं कि पुत्र सिद्धार्थ ने कैसे उनको परवश करके, गृहत्याग कर लिया था। वह अब "बुद्ध" बना है-इस हकीकत को स्वीकार कर लो। लेकिन मातृ-हृदय इसको कैसे स्वीकार करें?, साथ में वह यह भी कहती है कि सिद्धार्थ की पत्नी भी चिरकाल से उसकी प्रतीक्षा कर रही है। बस, इसी क्षण काषायवस्त्रधारिणी यशोधरा (अपने पुत्र राहुल के साथ) वहाँ आती है। वह भी बताती है कि छोटे बालक ने गवाक्ष से देख लिया है कि कोई भिक्षु अपने शिष्यों के साथ घर घर में जा कर भिक्षाटन कर रहा है। और वह भिक्षु और कोई नहीं, बल्कि वह सिद्धार्थ ही है। यशोधरा मानती है कि उन्होंने लोकहित के लिए गृहत्याग किया है, तथापि वह अपनी आँखों के सामने हो रही भिक्षावृत्ति को देख नहीं सकती है। यह उससे सहा नहीं जा रहा है। वह राजा शुद्धोदन को विज्ञप्ति करती हैं कि-आप तुरंत जा कर उसको भिक्षा मांगने से रोको। शुद्धोदन जाते भी है और बुद्ध को सशिष्य राजप्रासाद में भिक्षा के लिए निमन्त्रित करके, बुला ले आते हैं।

बुद्ध जैसे ही उस कक्ष में प्रवेश करते हैं, यशोधरा उनके चरणों में गिर पडती है, बहुत देर तक निहारती रहती है। वह विलाप करती हुई बताती है कि-"देव!,.. कुत्र गतवान्?। अहमपि सहैव गन्तुं समर्थाऽऽसम्, अधुनापि .. समुत्सुका।" इसके प्रतिभाव में बुद्ध तो निश्चल, निर्लिप्त खडे रहते हैं। तब शुद्धोदन उनको बिठाने को कहते हैं। अब, शारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन के मध्य में बुद्ध आसन ग्रहण करते हैं। दो शिष्य श्लोकगान करते हुए बताते हैं कि-बुद्ध यहाँ धर्मदेशना देने के लिए आये हैं, कोई राज्यधुरा धारण करने को नहीं आये हैं। यहाँ पर महाप्रजापति ने यशोधरा की पतिपरायणता को उजागर करते हुए कहा कि सिद्धार्थ, तुम जब से गृहत्याग करके गये हो, तब से यशोधरा ने भी काषाय धारण कर लिए है और उसने भी भूमिशयन ही किया है। दूसरी ओर, पिता शुद्धोदन भी बताते हैं कि-आप जब से गृहत्याग करके निकल गये थे, तब से यशोधरा एकपतिव्रता नारी बन कर जीवन-यापन कर रही है। बुद्ध ने उसका त्याग किया, लेकिन उसने आपका मन से भी, कभी त्याग नहीं किया है। उस प्रतिनायक देवदत्त ने (सिद्धार्थ के गृहत्याग करने के बाद) यशोधरा को संदेश भेजा था कि वह यशोधरा के साथ पुनर्विवाह करने को तैयार है। फिर भी यशोधरा ने उसका तिरस्कार करते हुए उस प्रस्ताव को नकारा था। इस बात को सुनते ही बुद्ध ने (जिनको अब, बुद्धत्व प्राप्ति होने के बाद, जन्म-जन्मान्तर का ज्ञान हो चुका है) बताया कि वे दोनों पूर्वभव में चन्द्र-किन्नर युगल के रूप में जी रहे थे तब भी

ऐसी ही घटना हिमालय की उपत्यकाओं में घटित हुई थी। बुद्ध ने अपनी चमत्कारिक दिव्य दृष्टि से उस विगतजन्म का प्रसंग रंगमंच पर साकार करके प्रकट किया, जिसको "गर्भाङ्क" के रूप में रखा गया है। इससे सिद्धार्थ एवं यशोधरा का दाम्पत्य जीवन कैसा अ-द्वैतमय था वह दिखाया है। उसकी ही निरन्तरता इस जन्म में भी बनी रही है। इससे प्रेक्षकों को यह साक्षात् होता है कि "यथा" पूर्वभव में वे चन्द्र-किन्नर युगल थे वे ही, "तथैव" इस जन्म में भी पति-पत्नी बन कर आये हैं। इस तरह से बुद्ध का तथागतत्व सिद्ध किया गया है। एवमेव, यह भी व्यंजित किया है कि गृहत्याग करने से पहले सिद्धार्थ ने अपनी धर्मशीला पत्नी की जो मूक सम्मति मान ली थी उसका रहस्य यहाँ तक जुडा है। और देवदत्त का प्रतिनायकत्व भी पूर्वभव से चला आ रहा है। इससे बुद्ध पलायनवादी है या नहीं?- जैसा विवाद भी, परम्परागत बौद्ध मान्यता के अनुसार, सर्वथा अप्रस्तुत हो जाता है। इति दिक्।

उसके बाद, यशोधरा पुत्र राहुल से कहती है कि जाओ, अपने पिता से दाय भाग मांगो। पुत्र राहुल माता के कहने से बुद्ध के पास जाकर, सद्धर्म की दीक्षा मांगता है। बुद्ध राहुल के हाथ में अपना भिक्षापात्र रख देते हैं और उसको अपने साथ ले चलते हैं। राहुल भी किसी अपूर्व शीतलता का अनुभव करता है। (बुद्ध राहुल को भी साथ ले चलते हैं, तब माता यशोधरा उसको देखते देखते मूर्च्छित हो जाती है।) बुद्ध राहुल को उद्यान में ले जाकर अपने शिष्य शारिपुत्र को आदेश देते हैं कि राहुल को प्रव्रजित करो। शैशवावस्था में रहे पुत्र को प्रव्रज्या देने का तर्क देते हुए बुद्ध कहते हैं कि-

गह्वरे पतितोऽन्धोऽपि ध्वनिनान्यं निवारयेत्।
जानन्नपि च दुःखं को धीमान् अन्यं प्रवर्तयेत्॥ ५-१३॥

गड्ढे में गिरा एक अन्ध भी, आवाज दे दे कर, दूसरों को उस गड्ढे में गिरने से बचाता है, तो हम जान बुझ कर, संसार के दुःखों से अनभिज्ञ इस बालक को क्यों उसी चक्कर में डालें? इत्यादि।

अन्तिम द्वितीय दृश्य में, माता महाप्रजापति एवं पत्नी यशोधरा को भी प्रव्रज्या लेने की इच्छा हुई है ऐसा निवेदन करने के लिए अमात्य उदायी आ पहुँचा है। इस प्रस्ताव को सुन कर शिष्य शारिपुत्र और मौद्गल्यायन तुरंत बताते हैं कि बुद्ध ने नारियों का संघ में प्रवेश करवाने की अनुमति नहीं दी है, प्रत्युत उसको निषिद्ध भी किया है। इसी क्षण बुद्ध का तीसरा शिष्य आनन्द बीच में आता है। उसने सोचा कि प्रव्रज्या की मांग करने वाली ओर कोई नहीं है, यह तो बुद्ध की मौसी-महाप्रजापति है-जिसने बुद्ध को (उनकी माता मायादेवी के मर

जाने के बाद) स्तनपान करवाया था। अतः मातृगौरव का विचार करके, वह बुद्ध से इस बिन्दु का निवेदन करता है। बुद्ध भी आनन्द की विचारणा को अस्वीकार्य नहीं कर सकते हैं। प्रत्युत माता के प्रति वे कृतघ्न नहीं बन सकते हैं-ऐसा कह कर, माता की प्रव्रज्या की मान्यता देते हैं। बुद्ध ने मातृत्व का गौरव करते हुए कहा है कि-

माता मह्यां सदयहृदया जीवनालम्बनं वै
बाल्ये काले न विरमति या क्षीरदानात्कदाचित्।
मातुर्वाचा भवति सकला बोधगम्या धरित्री
विस्मर्तव्या कथमपि न सा, नो कृतघ्नो भवेयम्।। ५-११।।

किन्तु अमात्य उदायी की समस्या का आधा ही समाधान हुआ। क्योंकि देवी यशोधरा ने भी प्रव्रज्या की इच्छा व्यक्त की थी। यशोधरा ने तो भूतकाल के एक प्रसंग का स्मरण करवाते हुए कहलवाया था कि-*धरातले तु प्रवहन्ति नद्यः सर्वेषां कृते।* (नदियाँ तो सब के लिए बहती है।) तो बुद्ध की करुणा भी सब के लिए (नारियों के लिए भी) होनी चाहिए। इसको सुन कर, बुद्ध भी निखालसता से इस बात का स्वीकार करते हैं कि-हाँ, मैं ने धर्मशीला यशोधरा के इसी वचन के आधार पर, गृहत्याग के लिए उसकी सम्मति होगी ऐसा मान कर, घर छोडा था। अतः बुद्ध ने यशोधरा के निमित्त से संसार में जो अन्य धर्मानुरागिणी स्त्रियाँ हैं उनके लिए भी तथागत-प्रवेदित सद्धर्म में प्रव्रज्या की अनुमति दे दी।

यहाँ मौद्गल्यायन ने मन में सोचा कि बुद्ध ने पहले मध्यम मार्ग का जो उपदेश दिया है उसके अनुसार भी संघ में स्त्रियों को प्रविष्ट ही नहीं करनी है-वह भी एक प्रकार की अति (आत्यन्तिकता) ही है। अतः बुद्ध ने नारियों के लिए प्रव्रज्या की मंजुरी दी होगी। उसी तरह से, शारिपुत्र ने भी मन में सोचा कि-जैसे बुद्ध ने सुजाता के पायस को ग्रहण किया है और मध्यम-मार्ग को चुना है तो नारियों का संघ में प्रवेश करवाने में भी कोई दोष नहीं है। प्रत्युत ऐसा करने से ऋषिपत्तन से शुरू किया धर्मचक्र-प्रवर्तन परिपूर्णता को प्राप्त करेगा। रंगमंच पर, अब बुद्ध के सामने माता गौतमी, यशोधरा इत्यादि सहित सब पात्र उपस्थित होते हैं, और बुद्ध पुछते हैं कि हे माता! बताइए, और अधिक किस की अपेक्षा है?, तब निम्नोक्त भरत-वाक्य से नाटक सम्पन्न होता है:-

त्रयाणां दुःखानामवतरतु भूमिं प्रशमनः
विहातुं तां तृष्णाम् उपदिशतु नो मारविजयम्।

सुशास्ता शीलानां वितरतु निर्वाणपदवीम्
प्रबुद्धोऽयं नित्यं भ्रमतु च रथो धर्मवचसाम्।। ५-१६।।

---00---

इस नाटक में निरूपित उपर्युक्त कथानक के मूल स्रोतों में यानी प्राचीनतम त्रिपिटकादि में बुद्ध के वचनों का स्वरूप कैसा है?, बौद्ध दर्शन में हीनयान एवं महायान जैसे दो विचारधाराएं कैसी हैं?, तथा त्रिपिटक एवं जातक-कथाओं में प्रचलित पारिभाषिक शब्दावली इत्यादि को ठीक तरह से समझने के लिए कुछ आवश्यक जानकारियाँ देना भी जरूरी है, जो परिशिष्ट-1 के परिच्छेदों (1 से 14) में दी गई हैं, उन्हें वहाँ पर देखने का साग्रह अनुरोध है।।

[3]

प्रस्तुत नाट्यकृति की रचना के प्रेरक-बिन्दु

प्रस्तुत नाट्य-कृति की रचना के प्रेरक बिन्दु एकाधिक हैं:--(क) भगवान् बुद्ध के प्रति मेरे मन में चिरकाल से संगोपित रहा प्रेम एक आद्य प्रेरक बिन्दु है। तदुपरान्त,(ख) बुद्ध के जीवन को लेकर सामान्य प्रजा के मानस में बिना सोची समझी ऐसी मान्यता फैली हुई है कि बुद्ध पलायनवादी थे। बुद्ध ने अपनी सोती हुई पत्नी और पुत्र का त्याग किया-इतना सुनते ही ऐसा निष्कर्ष निकाला जाता है कि वे अपनी जिम्मेवारी से विमुख हो गये थे। ऐसी घटना आधुनिक युग के विचारकों को उद्विग्न करनेवाली भी बनती है।[1] तथा इसी बिन्दु को लेकर आधुनिक प्रजा बुद्ध को कदाचित् कोसती भी है। लेकिन ऐसी विचारधारा तब तक टीक सकती है, जब तक हमने बौद्धों के आकर ग्रन्थों का साक्षात् अध्ययन नहीं किया है। मुझे लगता है कि बौद्ध साहित्य के त्रिपिटक, जातक-कथाएं एवं ललितविस्तर आदि आकर ग्रन्थों का अध्ययन करने से, इस विषय का एक श्रद्धेय निरूपण किया जा सकता है। किन्तु इसके लिए कोई विवेचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करने की अपेक्षा से यदि नाट्यकला का आश्रयण

---

1. बौद्ध पालि-साहित्य का गहन अध्ययन करने वाले स्वनामधन्य प्रॉफे. धर्मानन्द कोसम्बी जी ने भी इस विषय का दो बार समाधान प्रस्तुत किया है:-1914 में उन्होंने "बुद्धलीलासारसंग्रह" (मराठी में। जिसका गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद से, गुजराती में अनुवाद "बुद्धलीला" नाम से प्रकाशित हुआ है। उसके पृ.92 में) दिया था। तत्पश्चात् 1942 में "बोधिसत्त्व" शीर्षक से मराठी नाटक लिख कर, दूसरा ही समाधान दिया।

लिया जाय तो वह ज्यादा प्रभावक सिद्ध हो सकता है-यह सर्वानुभवसिद्ध हकीकत है। अतः प्राचीन बौद्ध आकर ग्रन्थों के विभिन्न सन्दर्भों को ही लेकर, बुद्ध के जीवन का आलेखन करने वाला एक संस्कृत नाटक लिखने का संकल्प किया हूँ। तथा (ग) तीसरा बिन्दु है कि-सामान्यतः ऐसी जानकारी प्रचलन में है कि पिता शुद्धोदन ने ज्योतिर्विदों का भाविकथन सुन कर, सिद्धार्थ को केवल सुख ही सुख का अनुभव करवाया गया था। किन्तु सर्वथा ऐसा नहीं था। सिद्धार्थ की मुग्धता को तोडने वाले प्रसंग (देवदत्त के द्वारा पक्षीवेधादि) जीवन में आकारित हुए थे। तथा उसके करुणापूर्ण हृदय का परिचय राजा और अमात्य को मिलने लगा था, तथा उसके प्रतिकार के लिए वे दोनों प्रयत्नशील भी थे। इसको भी कथानक में दिखाना आवश्यक माना गया है। (घ) ऐसा नाटक केवल इतिहासालेखन का विषय न रहें, बल्कि मनुष्यों के दुःखोन्मूलन के उपाय स्वरूप बुद्ध के मौलिक दर्शन का भी नाट्यात्मक निरूपण करने वाला यह नाटक बनें-यह आवश्यक था। अतः, बुद्धचरित का निरूपण करने वाली इस नाट्यकृति में बुद्धत्व प्राप्ति के तुरंत बाद उनके मुख से निकले वचनों का परिचय एवं तत्पश्चात् धर्मचक्र-प्रवर्तन के समय दिये गये प्रथमोपदेश का साक्षात् परिचय करवाने के साथ, उपेक्षा-मैत्री-मुदिता-करुणा का यानी उनके सद्धर्म का भी नाट्यात्मक निरूपण करने का लक्ष्य रखा गया है। एवमेव,जातक-कथाओं में निहित नाटकीयता का भी विनियोग करके इस नाटक की रचना करने की इच्छा से मैं प्रेरित हूँ। अन्त में, (ङ) यह भी ध्यातव्य था कि-भगवान् बुद्ध ने जो धर्मचक्र-प्रवर्तन किया था, उसके महिमागान में उपमाता गौतमी महाप्रजापति एवं धर्मशीला पत्नी यशोधरा का जो अवदान है, वह शायद जनमानस के सामने, अभी तक उभर कर बाहर नहीं आया है। उसको इस नाटक में विशेष रूप से साकार करना।

[हाँ, पुरोगामी साहित्यकारों ने "काव्य की उपेक्षिता" के रूप में यशोधरा के त्याग का महिमामंडन करने के लिए, अथवा एक दयनीय पात्र के रूप में अथवा पुरुषों के प्रति आक्रोश व्यक्त करने वाली नारी के रूप में उनका चरित्रचित्रण किया है। उदाहरण के रूप में-हिन्दी के राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी (1933) ने "यशोधरा" काव्य में यशोधरा से कहलाया है कि--

"नाथ तुम, हमें बिना अपराध अचानक छोड कहाँ जाओगे?,
नाथ तुम, अपना कर सम्पूर्ण सृष्टि को मुझे न अपना पाओगे?,
नाथ तुम, उसमें मेरा भी कुछ होगा, जो कुछ तुम पाओगे।"

श्रीधर्मानन्द कोसम्बी जी ने "बुद्ध कैसे अपने पुत्र एवं पत्नी का त्याग कर पाये?"-इस विषय का समाधान देते हुए 1914 में "बुद्धलीलासारसंग्रह" में लिखा था। वह भी पठनीय है, जिसका अनुवाद ऐसा है:-सिद्धार्थ ने विचार किया-" मुझे

जन्म-जरादि दुःख से छुटकारा पाने का मार्ग मिल ही जायेगा, और तभी तो मेरे पुत्र का तथा मेरी पत्नी का कल्याण मेरे से हो सकेगा। किन्तु यशोधरा को अभी जगाउँगा तो उसके एवं पुत्र के मोह की जाल में फस जाउँगा और मोक्षमार्ग की खोज अवशिष्ट रह जायेगी। पुत्रमुख का दर्शन तो कुछ वर्षों के बाद भी हो सकता है। यशोधरा की सांत्वना आगे चल कर, कभी हो सकेगी। किन्तु मोक्ष मार्ग की खोज में निकल पडने की ऐसी तक फिर नहीं आयेगी। क्योंकि तपश्चर्या के तीव्र क्लेश सहन करने का सामर्थ्य आज मेरे शरीर में है। परन्तु इस यौवन के दिवस बीत जाने के बाद धर्मसाधना के लिए आवश्यक उत्साह एवं उद्यम मेरे में नहीं बचेगा। अतः यशोधरा को निद्रासुख में छोड कर ही, यहाँ से निकल जाउँ वही श्रेयस्कर होगा।" ऐसा विचार करके, मन में ही सिद्धार्थ बोला-"यशोधरा, मैं तुम्हें अनजान रख कर ही, अरण्यवास को स्वीकारता हूँ। इसी कारण से ऐसा नहीं मानना कि मेरे मन में तेरे लिए प्रेम नहीं है। लेकिन प्राणीमात्र के दुःखों से मेरा हृदय कल्पांत कर रहा है। तो फिर जिसके साहचर्य में मैं ने इतने वर्षों को व्यतीत किये हैं उसके प्रति कुछ लगाव ही न हो यह कैसे हो सकता है?।

हे मेरे आप्तजन! आप भले ही मेरे पर क्रूरता का आरोप लगाये, किन्तु मैं निश्चितता पूर्वक कह सकता हूँ कि मेरा मन पहले से कहीं अधिक मृदु हुआ है। पहले तो मेरे मन में केवल मेरे दुःखों की कल्पना से ही दुःख होता था, किन्तु अब तो सकल जगत् के दुःखों से मेरा मन दुःख का अनुभव कर रहा है। पहले ऐसा लगता था कि सभी ज्ञातिबन्धुओं मेरे सुख के लिए है, किन्तु अब तो जगत् के कल्याण के लिए ही जीवन जीना है-ऐसा मेरा संकल्प हो चुका है।

मेरे सम्बन्ध में दुनिया के लोग जो भी मन माने खयाल बना लें, किन्तु मेरा गृहत्याग करने का हेतु केवल मेरे आत्मा का मोक्ष ही नहीं हैं, मुझे तो अनेक दुःखों से पीडित हो रही समग्र मनुष्यप्रजा को सुख की प्राप्ति होगी कि नहीं?- मैं वह खोजना चाहता हूँ। परन्तु इस कार्य में मेरे आप्तजनों की ओर से जबरदस्त विघ्न आने की संभावना है, इस लिए मैं उनकी अनुज्ञा लिये बिना ही आज मैं चल पडता हूँ"।।-बुद्धलीला, गुजराती अनुवाद, प्रकाशक-गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, 1923, पंचमावृत्ति-2017, पृ. 92-93. श्रीधर्मानन्द जी ने 1914 में दिये इस पहले समाधान के बाद, फिर से 1945 में दूसरा समाधान, "बोधिसत्त्व" नाटक लिख कर प्रस्तुत किया है। जिसका परिचय यहाँ अन्यत्र दिया है।]

इस सन्दर्भ में, यदि बौद्धों के त्रिपिटकादि ग्रन्थों की ही सामग्री को लेकर, उसको प्रस्तुत की जायेगी तो स्पष्ट दिखाई देगा कि-1. बुद्ध पलायनवादी नहीं थे, 2. बुद्ध के गृहत्याग के पीछे यशोधरा की परोक्ष सम्मति भी थी! तथा 3.

धर्मचक्र-प्रवर्तन की ही अंगभूत कहने योग्य एक घटना, जैसी कि-नारियों को भिक्षुणी बनने की अनुज्ञा दिलवाने में शिष्य आनन्द के साथ साथ माता महाप्रजापति एवं धर्मशीला यशोधरा का स्पष्ट योगदान रहा ही है-इसको नाट्यकृति में प्रकट करना अतीव आवश्यक था।। इन सारे बिन्दुओं से प्रेरित हो कर यह "धर्मचक्र-प्रवर्तनम्" नाटक लिखने का उपक्रम किया गया है[1]॥

उपर्युक्तअन्तिम बिन्दु के सन्दर्भ में, बौद्ध आकर ग्रन्थों के निम्नोक्त चार आधार बिन्दुओं को अग्रे सारित किये जा रहे हैं:--

(क) ललितविस्तर ग्रन्थ में सिद्धार्थ के विवाह के लिए दण्डपाणि की कन्या यशोधरा का वरण होता है-उस स्थान पर कहा गया है कि शुद्धोदन ने अपने पुत्र सिद्धार्थ के लिए जो कन्या गुणवती हो, धर्मशीला हो, सत्यशीला हो ऐसी कन्या बताना (-ऐसा पहले घोषित किया था)। क्योंकि मेरे पुत्र का मन उच्च कुल या गोत्र से विस्मित होने वाला नहीं है।

ब्राह्मणीं क्षत्रियां कन्यां वैश्यां शूद्रीं तथैव च।
यस्या एते गुणा सन्ति तां मे कन्यां प्रवेदय।। श्लो०-351
न कुलेन न गोत्रेण कुमारो मम विस्मितः।
गुणे सत्ये च धर्मे च तत्रास्य रमते मनः।। श्लो०-352।।

बौद्ध-विचार परम्परा के अनुसार बोधिसत्त्व ने जब सिद्धार्थ के रूप में जन्म लिया है तो उसका विवाह कोई साधारण स्त्री से होने वाला नहीं था। सिद्धार्थ आजन्म सत्य एवं धर्म में ही रममाण चित्त वाले थे। अतः उनकी पत्नी के रूप में दण्डपाणि की जो कन्या यशोधरा विवाहित होती है, वह धर्मशीला हो, सत्यशीला हो-यह पूर्वापेक्षित बिन्दु है। ललितविस्तर के इस बिन्दु को ध्यान में लेते हुए प्रस्तुत नाट्यकृति में नायिका यशोधरा को धर्मशीला के रूप में ही निरूपित करना अपेक्षित बन जाता है[2]॥

---

1. इस सन्दर्भ में, बिना विलम्ब किये यह बताना परम आवश्यक है कि ई.स.1945 में आचार्य श्री धर्मानन्द कोसम्बी जी ने "बोधिसत्त्व" शीर्षक से मराठी में एक अनुसन्धानात्मक नाटक लिखा था। उसमें भी उपर्युक्त समस्याभूत बिन्दुओं पर नवीन प्रकाश डाला गया है। उस नाटक में उन्हों ने त्रिपिटकों के पालि-वचनों के आधार पर ही अनुमान-जनित कथानक रचा है, जिसका परिचय इसी "प्रस्तावना" के अनुगामी पृष्ठों में दिया गया है। मैं ने रोहिणी नदी के जलविवाद का बिन्दु श्रीधर्मानन्द जी के नाटक से ही स्वीकारा है। उसके लिए मैं उनका ऋणी हूँ। यद्यपि मैं ने उसको मेरी दृष्टि से उपयोग में लिया है।।
2. धर्मशीला यशोधरा के मुख में पुरुषों के प्रति आक्रोश व्यक्त करनेवाले नारीवादीविचार रखना अनुचित है

(ख) यशोधरा = भद्दा कच्चान (भद्रा कात्यायनी) के मुख से निकली कुछ गाथाएं श्रीधर्मानन्द कोसम्बी ने *थेरी अपदान* से उद्धृत की हैं, वह भी ध्यातव्य है:-यशोधरा अहं वीर, अगारे ते पजापति। साकियम्हि कुले जाता, इत्थि अंके पतिट्ठिता।।१।। (अनुवाद-हे वीर, शाक्यकुल में मैं ने जन्म लिया था और मैं गृहस्थाश्रम में तुम्हारी पत्नी =यशोधरा रही हूँ।), सुखप्पत्तानुमोदायि न च दुक्खेसु दुम्मना। सव्वत्थ तुसिता होमि, तुम्हत्थाय महामुनि।।२।। (अनुवाद-हे महामुनि, (अनेक जन्मों में आपके सहवास में) मैं ने सुखप्राप्त किये हैं, जिसका मैं ने अभिनन्दन किया है। परन्तु दुःख में मैं ने धैर्य का त्याग नहीं किया है। आपके लिए तो मैं सभी प्रसंगों में संतुष्ट रहनेवाली हूँ।), वुत्तं हेतं भगवता रञ्ञो अन्ते पुरे तदा। खत्तियानं पुरे वीरे, उपकारञ्च निद्दिसि।।३।। उपकारा च या नारी, या च नारी सुखे दुक्खे। अत्थक्खायी च या नारी, या नारी चानुकम्पिका।।४।। (अनुवाद-हे वीर, उस समय आपने राजभवन में सभी क्षत्रियों की उपस्थिति में मेरा उपकार माना था। मैं आपके उपकार की सम्पादिका हूँ, आपके सुखदुःख में साथ रहनेवाली हूँ, मैं आपकी हितरक्षिका हूँ एवं अनुकम्पा रखने वाली मैं ही हूँ।), अगार विजहित्वान पब्बजिं अनगारियं। अड्ढमासे असंपत्ते चतुसच्चं अपापुणिं।।५।। (अनुवाद-मैं गृह का त्याग करके, अनागारिक होने वाली हूँ अर्थात् प्रव्रज्या लेने तैयार हूँ। मैं ने एक आधे महिने में ही चार आर्य सत्य जान लिये हैं।।)

ये गाथाएं भी कह रही हैं कि यशोधरा ने सिद्धार्थ गौतम को शुरू से ही उनके जीवन के हर मोड पर सहकार दिया था।। [इन्हीं गाथाओं का निष्कर्ष लिखते हुए, श्रीधर्मानन्द जी ने अन्यत्र यह भी लिखा है कि-"उपकार करने वाली, सुखदुःख में समान रहनेवाली, सद्-अर्थ दिखानेवाली एवं अनुकम्पाशील स्त्री ही सही स्त्री होती है-ऐसा कह कर आपने जिसकी स्तुति की है, वह मैं आपकी पूर्वाश्रम की पत्नी हूँ।" (बौद्धसंघनो परिचय, गूजरात विद्यापीठ, पृ. 244)]

(ग) श्रीधर्मानन्द कोसम्बी जी ने थेरी अपदान की उपर्युक्त गाथाओं की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट किया है, वैसे हम चन्द्र-किन्नर जातक की ओर पाठकों का ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं:-बुद्धघोषाचार्य विरचित जातकट्ठकथा में एक "चन्द-किन्नरजातक" नाम की कथा (क्रमांक-285) आती है। तदनुसार बुद्ध के पूर्वावतारों में बोधिसत्त्व कदाचित् किन्नर योनि में पैदा हुए थे। तब उनका नाम चन्द्र था और उनकी पत्नी का नाम चन्द्रा था। वे दोनों

जब हिमालय की उपत्यकाओं में विहार करते थे तब एकदा एक अज्ञात नाम राजा ने शिकारी के रूप में वृक्ष के पीछे छीप कर, चन्द्र-किन्नर का वध किया था। तत्पश्चात् वह राजा चन्द्रा किन्नरी के पास प्रकट हो कर, उससे विवाह कर लेने का प्रस्ताव रखता है। जिसको किन्नरी नकार देती है। इस अतीत कथा का मेल बिठाते हुए बोधिसत्त्व ने कहा है कि-गतजन्म की जो चन्द्रा-किन्नरी है वही इस जन्म में सिद्धार्थ के साथ यशोधरा के रूप में विवाहित हुई है। तथा चन्द्र किन्नर तो बोधिसत्त्व ही थे। एवं अज्ञात नामवाला शिकारी राजा ही इस जन्म में देवदत्त के रूप में जन्म ले कर जी रहा है और बुद्ध के जीवन में हत्यारे की भूमिका में बार बार प्रकट होता है।। इस जातक-कथा का मूल-स्रोत भी सुत्तपिटक के खुद्दकनिकायान्तर्गत पकिण्णनिपात-485 की निम्नोक्त गाथा में ही पडा है:-मा त्वं चन्दे रोदि, मा सोचि वनतिमिरत्तक्खि। मम त्वं हेहिसि भरिया, राजकुले पूजिता नारीभि।। (गाथा-27-28) इससे यह सिद्ध होता है कि-जातक-कथा जैसे बौद्ध आकर ग्रन्थ के अनुसार भी भगवान् बुद्ध एवं यशोधरा का अद्वैतमय युगल पूर्वजन्म से ही साथ साथ जी रहा है।।

इन प्राचीन से प्राचीनतर, तथा प्राचीनतर से प्राचीनतम सन्दर्भों को ध्यान में लेकर यदि सोचा जाय तो, संवेगोत्पत्ति होने के कारण सिद्धार्थ ने गृहत्याग का जब निर्णय लिया तब उसके मन में धर्मशीला पत्नी की सम्मति होगी ही ऐसा मानना अस्वाभाविक नहीं था। अतः, इस जन्म में भी पति के विचारों के साथ यशोधरा का पूरा साम्मनस्यम् था वह दिखाना आवश्यक था, जिसको द्वितीयांक में (कल्पित) नृत्यदृश्य के निमित्त से उदायी के साथ हुई बातचीत के दौरान प्रकट किया गया है।[1] तथा बुद्धत्व की प्राप्ति करके वे जब एक बार भिक्षाटन करते हुए अपने पूर्वाश्रम के घर आते हैं, तब वही धर्मशीला पत्नी अपना पुत्र राहुल सद्धर्म का ही उत्तराधिकार मांगे-ऐसा चाहती निरूपित की है। एवञ्च, यशोधरा यदि पूर्वजन्म की वही चन्द्रा किन्नरी है, तो यह भी अपेक्षित माना गया है कि वह बुद्ध के धर्मचक्र-प्रवर्तन में सहयोग प्रदान करने हेतु स्वयं भी प्रव्रज्या मांगे। यदि माता महाप्रजापति ने और यशोधरा ने प्रव्रज्या मांग कर, विश्व-समस्त की नारियों के लिए तथागत-प्रवेदित सद्धर्म के मार्ग में प्रव्रजित होने का द्वार उद्घाटित नहीं किया होता तो धर्मचक्र-प्रवर्तन अधुरा ही रह जाता। -इस नवीन सोच से प्रेरित हो कर प्रस्तुत नाटक लिखा गया है।

---

1. श्री कोसम्बी जी ने शाक्यों का रोहिणीनदी के जल-विवाद को लेकर, कोलियों के साथ विरोध था-ऐसा अनुमित किया है। जिसका उपयोग करते हुए मैं ने एक नृत्यदृश्य के प्रसंग की कल्पना की है।

(घ) शिष्य आनन्द की वकालत से बौद्ध संघ में स्त्रियों को प्रव्रजित होने की मा्न्यता मिली, जिसकी कथा विनय पिटक के चुल्लवग्ग में वर्णित है-वह इस नाट्यकृति की रचना का अन्यतम प्रबल प्रेरक-बिन्दु है। यह प्रेरक-बिन्दु इस नाट्यकृति के शीर्षक के साथ जुडा हुआ है, जिससे शीर्षक को पूरा चारितार्थ्य मिलता है।

विनय-पिटक (चुल्लवग्ग के १० भिक्षुणी स्कन्धक) में भिक्षुणियों की प्रव्रज्या का प्रसंग वर्णित है। उसमें बताया है कि उपमाता महाप्रजापति ने स्वयं एक बार बुद्ध के पास आ कर, "तथागत-प्रवेदित सद्धर्म" में प्रवेश करने के लिए प्रव्रज्या मांगी। लेकिन बुद्ध ने अनुज्ञा नहीं दी। क्योंकि वे अपने संघ में नारियों का प्रवेश निषिद्ध है ऐसा घोषित करके धर्मोपदेश कर रहे थे। बुद्ध ने मनाई की तो माता महाप्रजापति पहलीबार तो वापस चली गई। लेकिन उसके मन में प्रव्रज्या लेने की इच्छा बनी रही थी। अतः वह दूसरी बार भी आयी। इस बार वह अन्य शाक्य स्त्रियों के साथ आयी थी। उन स्त्रियों में यशोधरा भी शामिल थी या नहीं?-वह पिटकों में प्रकट रूप से नहीं लिखा है। हो सकता है कि त्रिपिटकों में बुद्ध की पत्नी का नामोल्लेख वर्जित माना गया हो। अन्यथा, यहाँ विचारणीय है कि महाप्रजापति के साथ यशोधरा के अलावा अन्य "शाक्य स्त्रियाँ" कौन हो सकती थी?, तथा चन्द्र-किन्नर जातक-कथा के उपलक्ष्य में तो ऐसा अनुमान लगाया ही जा सकता है कि महाप्रजापति के साथ यशोधरा ही आयी होगी। इति दिक्। विनय पिटक के अनुसार-वे नारियाँ अपने केश कटवा कर, दुर्मना, अश्रुमुखी, रोती और धुलिका से भरें शरीरवाली, बहुत दूर से (कपिलवस्तु से चल कर) फुले पैरों से, वैशाली स्थित विहार स्थान पर पहुँची थी, जहाँ बुद्ध ठहरे थे। वे स्त्रियाँ बुद्ध के विहार के बाहर खडी रही थी। क्योंकि पहले एक बार बुद्ध ने माता महाप्रजापति को प्रव्रज्या देने से मनाई की थी, वे अब दूसरी बार उनके सामने कैसे जा सकती थी?।

शिष्य आनन्द ने बुद्ध की मौसी को द्वार पर खडी देखी, परिस्थिति को देख कर वह सब कुछ समझ लेता है। शिष्य आनन्द बुद्ध के पास जा कर, मौसी और अन्य नारियों की प्रव्रज्या सम्बन्धी इच्छा का निवेदन करता है। किन्तु बुद्ध ने स्पष्ट रूप से ना कही। जिससे दयालु आनन्द व्यथित हुआ। (बुद्ध के अन्य शिष्यों में आनन्द ही एक ऐसा शिष्य था कि जो ढीठ हो कर गौतम बुद्ध को कुछ भी कह देता था, कह सकता था।[1]-इस सन्दर्भ के अनेक उदाहरण त्रिपिटकों में

---

1. शुद्धोदन के भ्राता अमितोदन का पुत्र आनन्द था। यानी बुद्ध और आनन्द चचेरे भाई थे।

मौजुद है।) उसने नारियों को भिक्षुसंघ में स्थान मिले, (उन सब का भी तथागत-प्रवेदित सद्धर्म में प्रवेश हो सके), इस आशय से दूसरे ढंग से बोलने का विचार किया। दूसरी बार वह जब बुद्ध के सामने प्रस्तुत होता है तब "महाप्रजापति की प्रव्रज्या लेने की इच्छा है"-ऐसा व्यक्तिविशेष का नाम लिये बिना ही, पूछता है कि-भगवन्! क्या आपके सद्धर्म के मार्ग पर चल कर स्त्रियाँ भी अर्हत् पद प्राप्त कर सकती हैं? तब, इसके उत्तर में बुद्ध ने "हाँ" कही। आनन्द ने अब बिना विलम्ब किये, बुद्ध को कहना शुरू किया कि-भगवन्, आपकी शैशवावस्था में मौसी महाप्रजापति आपकी संरक्षिका है, पोषिका है, आपकी क्षीर-दायिनी है। सिद्धार्थ की जननी महामाया का देहान्त हो जाने पर, इसी मौसी महाप्रजापति ने आपको स्तनपान कराया है, और आप पर बहुत उपकार करने वाली है, तो अच्छा यही होगा कि उनकी प्रव्रज्या (उपसम्पदा) को आप अनुमति दें[1]। आनन्द की इस प्रार्थना (वकालत) से बुद्ध ने अनुमति दे दी! किन्तु बुद्ध ने भिक्षुणियों के लिए आठ गुरुधर्मों (कठोर नियम) भी घोषित किये। जिनको सुन कर, महाप्रजापति ने कहा कि-जैसे कोई स्नान की हुई अल्प-वयस्क युवती उत्पल, जुही या अतिमुक्तक पुष्पों की माला को सहर्ष धारण करती है, वैसे मैं भी इन अनुल्लंघनीय नियमों को यावज्जीवन के लिए धारण करती हूँ।

इस प्रसंग के उपर्युक्त शब्द विनय पिटक में चुल्लवग्ग के १०. भिक्षुणी स्कन्धक में उपलब्ध हैं। जिनको देख कर, किसी भी सुधी पाठक के मन में ऐसा विचार आना चाहिए कि-बुद्ध के सद्धर्म को "बहुजनहिताय" की गरिमा दिलवाने का यश इन दो, बुद्ध की मौसी महाप्रजापति एवं उनकी धर्मशीला पत्नी यशोधरा को ही देना चाहिए। तथा स्त्रियों को प्रव्रज्या दिलवाने में शिष्य आनन्द के दयालु चित्त को भी कथमपि नहीं भूलना चाहिए। इन तीनों के अदम्य प्रयासों ने ही बुद्ध के धर्मचक्र-प्रवर्तन की प्रवृत्ति को पूर्णता प्रदान की है। व्यक्तिगत रूप से मुझे यहाँ ऐसा भी लगता है कि-इन तीनों ने ही बुद्ध के सद्धर्म को "बहुजनहिताय" बना कर (भविष्य में आकारित होने वाले) "महायान" की नींव रखी थी, जो अद्यावधि शायद अदृष्ट रही है। इसी बात को नाट्यकृति के माध्यम से मुखरित करने का विचार भी मन में आया है, जिसका परिणाम आपके हाथ में है!

---

1. बहूपकारा, भन्ते, महापजापति गोतमी भगवतो मातुच्छा आपादिका, पोसिका, खीरदायिका, भगवन्तं जनेत्तिया कालंकताय थञ्ञं पायेसि। साधु भन्ते, लभेय्य मातुगामो तथागतप्पवेदिते धम्मविनये अगारस्मा अनगारियं पब्बज्जा त्ति।। विनय पिटक, चुल्लवग्ग,पृ. 233, विपश्यना रिसर्च इन्स्टी., ओल-लाईन

[स्त्रियों की प्रव्रज्या के लिए "हाँ" कहने के बाद बुद्ध के मन में, भिक्षुणियों का संघ में प्रवेश होने से ब्रह्मचर्य का पालन शायद शिथिल होगा ऐसी दहेशत भी पैदा हुई थी। क्योंकि दुर्दान्त मार के साथ बुद्ध का जो मानसिक युद्ध हो चुका था, उसको वो कभी भूले नहीं थे। अतः बुद्ध ने कहा है कि-आनन्द! यदि तथागत-प्रवेदित धर्मविनय में स्त्रियाँ प्रव्रज्या न पाती, तो यह ब्रह्मचर्य चिर स्थायी हो सकता। सद्धर्म सहस्त्र वर्ष तक ठहरता। लेकिन, चूंकि आनन्द! स्त्रियाँ प्रव्रजित हुई, अब ब्रह्मचर्य चिर स्थायी न होगा। सद्धर्म पांच सौ वर्ष ही ठहरेगा इत्यादि।[1] इस सन्दर्भ में, बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद, जब प्रथम संगीति का आयोजन किया गया (जिसमें शिष्य आनन्द ने सुत्त पिटक का और उपालि ने विनय पिटक का गान किया था), उसमें संगीति के अध्यक्ष महाकाश्यप तथा अन्य भिक्षुओं ने मिल कर, आनन्द को इस बात के लिए दोषित भी ठहराया कि तू ने महाप्रजापति के वस्त्रों के स्पर्श से भगवान् के शरीर को क्यूं दूषित होने दिया? यह आनन्द की भूल थी।

यद्यपि आनन्द ने उस समय अपने कार्य की न्यायिकता सिद्ध करने के लिए, वही बात दोहराई कि महाप्रजापति भगवान् बुद्ध की जननी के अवसान के बाद, उनकी क्षीर-दायिनी बनी थी-इत्यादि। फिर भी भिक्षुओं ने उस प्रथम संगीति में आनन्द से क्षमा-याचना करवाई थी। क्षमा-याचना के इस विवरण से भी, फिर से वही पूर्वोक्त बिन्दु सिद्ध होता है कि-तथागत बुद्ध के सद्धर्म को "बहुजनहिताय" बनाने का श्रेय महाप्रजापति और यशोधरा, एवं शिष्य आनन्द को भी देना ही चाहिए। अप्रकट या सूक्ष्म रूप से निहित हीनयानी विचारधारा वाले तत्कालिक भिक्षुओं ने ही आनन्द को (सुत्त पिटक का अक्षुण्ण पाठ प्रस्तुत करने के बावजुद भी) क्षमा-याचना के लिए बाध्य किया था[2]।]

[4]

"धर्मचक्र-प्रवर्तन" का "नाटक" के रूप में परिचय

प्रस्तुत नाटक का शीर्षक "धर्मचक्र-प्रवर्तन" है, अतः इसमें भगवान् बुद्ध के जीवन के पूर्वार्ध की घटनाओं को नाट्य का विषय बनाया गया है। जिसको दो चरणों में विभक्त किया जा सकता है:-(क) सिद्धार्थ जब पहली बार, अपने जीवन में जरा, रोग एवं मरण के दु:खों से अवगत होते हैं तो, वे **निर्वेद** को प्राप्त करते हैं और गृहत्याग करते हैं। (गृही से अगृही =घर से बेघर हो जाते हैं)।

---

1. द्रष्टव्य:-विनय पिटक का 10. भिक्षुणी स्कन्धक
2. द्रष्टव्य:-विनय पिटक का अन्तिमभाग

तत्पश्चात् उग्र तपश्चर्या, मारविजय एवं बुद्धत्व की प्राप्ति पर्यन्त की घटनाएं आकारित होती है। (ख) ततः उनके जीवन की घटनाओं का जो दूसरा चरण है उसका आरम्भ-बिन्दु धर्मचक्र-प्रवर्तन की घटना है। किन्तु बुद्धत्व की प्राप्ति होने के बाद, वे जनकल्याण के लिए, परोपकारैकमनाः बन कर धर्मचक्र-प्रवर्तन की जब प्रवृत्ति शुरू करते हैं, तब वह भी निर्विघ्न आगे नहीं चलती है। प्रतिनायक देवदत्त की ओर से उस धर्मचक्र-प्रवर्तन में अनेक प्रत्यवाय खड़े होते हैं। इस द्वितीय चरण की घटनाओं में, करुणाशील बुद्ध के हृदय में रही जनकल्याण करने की भावना एवं मैत्री, मुदितादि से भरा उनका हृदय ही उनको (45 वर्षों के सुदीर्घ कालखण्ड में) **अद्वितीय उत्साह** से कार्यरत रखते हैं। इस तरह से, बुद्ध के जीवन को स्पष्टतया दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। पूर्वोक्त दो चरणों में फैली घटनाओं को इस नाटक का विषय बनाया गया है।। साथ में, बुद्ध के विषय में सामान्यतः जो आम जानकारी है उसमें बुद्ध के अनेक तरह के व्यक्तित्व पृथक् पृथक् सन्दर्भों में उभर कर सामने आते हैं। जैसे कि, सब से पहले तो बुद्ध विश्वप्रसिद्ध करुणामूर्ति एवं ऐतिहासिक विभूति हैं। उनका दूसरा परिचय एक चिन्तन-शील, तर्क-प्रिय दार्शनिक व्यक्ति के रूप में है। तीसरा जो स्वरूप है वह संवाद के माध्यम से शिष्यों एवं अनुयायियों को उपदेश देने वाले शास्ता, गुरु का है। चौथा स्वरूप एक चमत्कारिक व्यक्ति के रूप में भी है। इस नाटक के कथानक में बुद्ध के ये सभी व्यक्तित्व दृश्यमान हैं। इसके लिए त्रिपिटकों के अंश, धम्मपद, एवं पालि जातक-कथाओं, ललितविस्तर तथा अश्वघोष का बुद्धचरित उनसे प्राप्त हो रही सामग्री का उपयोग किया है। प्रवेशकों में प्रायः काल्पनिक अंशों का विनियोग किया गया है।।

इस नाटक का बाह्य शिल्प बहुशः अन्य संस्कृत नाट्य-कृति जैसा है। पूरा नाटक संस्कृत-भाषा-निबद्ध है। किन्तु विदूषक, स्त्री-वर्ग तथा नीच पात्रों के मुख में प्राकृत भाषा का विनियोग नहीं किया है। प्रसंग-विशेष में पालि-भाषा-निबद्ध उद्धरणों का विनियोग भी किया है (तथा उनके संस्कृत च्छायानुवाद को पादटिप्पणी में दिये हैं) और संस्कृत संवादों की पृष्ठभूमि में रहे त्रिपिटकों के वचनों को पादटिप्पणी में दिये हैं।। नाटक का बहिरंग परिचय करें तो इसमें क्रमशः 1. भाविकथन, 2. महाभिनिष्क्रमण, 3. बुद्ध का धर्मचक्र-प्रवर्तन, 4. उपेक्षा-मुदिता-मैत्री-करुणादि का उपदेश और अन्त में 5. भिक्षुणियों का संघ में प्रवेश-नामक पाँच अंकों का विधान किया है। तथा इन पाँच अंकों में क्रमशः आरम्भ, यत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति और फलागम नामक पाँच अवस्थाओं को देखी जायेगी। एवमेव, इन अंकों में क्रमशः बीज-बिन्दु-पताका-प्रकरी-कार्य नामक पाँच अर्थप्रकृतियाँ भी पाई जायेगी। यहाँ नान्दी-पद्य, प्रस्तावना, पांच अंक

और अन्त में भरत-वाक्य से नाटक की समाप्ति की गई है। प्रस्तावना के बाद एक विष्कम्भक रखा है, दूसरे से पांचवे अंक के आरम्भ में (कुल चार) प्रवेशक रखे हैं। पांचवे अंक में एक गर्भांक भी रखा गया है। बुद्ध धीर-प्रशान्त कोटि के नायक हैं और नायिका धर्मशीला यशोधरा है।।

इस नाट्यकृति में विदूषक का विनियोग किया है, लेकिन भगवान् बुद्ध की गरिमा को ध्यान में रखते हुए उसको नायक के नर्मसचिव के रूप में प्रस्तुत नहीं किया है। तथा विदूषक की उपस्थिति प्रवेशकों तक ही सीमित रखी है, वह अंकों की दृश्यावली के बीच में नहीं आता है। प्रवेशकों में उसका संवाद प्रायः माण्डव्य एवं कौण्डिन्य नाम के दो ज्योतिर्विदों के साथ होता रहता है, जिससे प्रेक्षकों को वृत्त-वर्तिष्यमाण कथांशों का सूचन मिल जाता है और रसान्तर का कार्य भी सम्पन्न होता रहता है॥ इस नाट्यकृति की रचना में जो दूसरा विशिष्ट बिन्दु है वह है विविध ध्रुवाओं का विनियोग। नाट्यशास्त्र के बत्तीसवें अध्याय में मुख्य रूप से पंचविध ध्रुवाओं का विधान किया है। जैसे कि-1. प्रावेशिकी ध्रुवा, 2. आक्षेपिकी ध्रुवा, 3. प्रासादिकी ध्रुवा, 4. अन्तरा और 5. नैष्क्रामिकी ध्रुवा। उन ध्रुवाओं का नेपथ्य से गान करवाया जाता है, कोई सूत्रधार चाहे तो उनको नृत्य के साथ भी प्रस्तुत कर सकता है। इनमें से, प्रावेशिकी नाम की ध्रुवा में अन्यापदेश या अन्योक्ति का विनियोग करके, प्रस्तुत होने वाला आगामी प्रसंग, पात्र या उसकी अस्मिता का निर्देश किया गया है। किसी दृश्य में, प्रेक्षकों के चित्त को आहत करनेवाली बात को लेकर किसी पात्र का (अपटीक्षेपेण) प्रवेश करवाने से पहले, प्रेक्षकों को उसके लिए सावधान करने वाली आक्षेपिकी ध्रुवा को रखी गई है। परिस्थिति को समंजस करने के लिए प्रासादिकी ध्रुवा होती है। किसी दृश्य या अंक के अन्त भाग में, नैष्क्रामिकी ध्रुवा का गान होता है।इसमें उस अंक में सम्पन्न हुए कार्य का सार मार्मिक रूप से रखा गया है।।

नाटक के आरम्भ में एक शश-पण्डित जातक-कथा के आधार पर विष्कम्भक रखा गया है। जिसमें बुद्ध अपने पूर्वावतारों में कदाचित् खरगोश बने थे और अपने शरीर का त्याग/दान करके भी दूसरों की क्षुधा को मिटाने का साहसिक कर्म करते दिखाये हैं। इस कथानक में बोधिसत्त्व शश-पण्डित ने दान पारमिता की सिद्ध की और फल स्वरूप चन्द्रमा के बिम्ब में उसी शश (खरगोश) का चिह्न अंकित किया जाता है, यानी चन्द्रमा को "शशांक" बनाया जाता है-उस मिथक का नाट्य-रूपान्तरण है। इसमें बुद्ध का पहला, यानी बोधिसत्त्व के रूप में मार्मिक परिचय निरूपित किया है। इस विष्कम्भक को समग्र नाटक के "आमुख" के रूप में भी देखा जा सकता है। क्योंकि, इस जातक-कथा में देवराज इन्द्र ने बोधिसत्त्व की अग्निपरीक्षा ली है उसीसे देवदत्त

नामके प्रतिनायक के द्वारा बुद्ध के जीवन में (=धर्मचक्र-प्रवर्तन में) अनेक अवरोध खड़े होनेवाले हैं और बुद्ध रूपी चन्द्रमा इस राहु के सभी ग्रहणों से मुक्त भी होंगे--उनका ध्वनन हो रहा है॥

इसके बाद, भाविकथन नामक प्रथम अंक का आरम्भ होता है। इसमें कुल तीन दृश्य रखे गये हैं। (क) सिद्धार्थ का जन्म होने पर असित ऋषि का पुत्रदर्शन के निमित्त से कपिलवस्तु में आना, (ख) पुत्र का नामकरण एवं ज्योतिषियों के द्वारा द्विधाजनक भावि फल-कथन एवं (ग) शिशु सिद्धार्थ को पढ़ाने के उद्देश्य से लिपिशाला में ले जाना जैसे प्रसंगों को रखे गये हैं। यद्यपि राजा शुद्धोदन का यह पुत्र ऋषि असित के कहने के अनुसार दिव्यता से परिपूर्ण है, फिर भी उसके भावी को लेकर आशंकाजनित कौतुक बना रहता है उसका प्रथमांक में बीजवपन किया गया है तथा पुत्र की दिव्यता का प्रथमोन्मेष लिपिशाला-प्रसंग में दिखाया है। नाटक के लिए आवश्यक पाँच अवस्थाओं में से पहली "आरम्भ" नाम की अवस्था का यहाँ निरूपण किया है। तथा पाँच अर्थ-प्रकृतियों की दृष्टि से, इस अंक में "बीज" नामक अर्थ-प्रकृति रखी गई है।

दूसरे महाभिनिष्क्रमण नामक अंक के आरम्भ में प्रवेशक है, उसके पीछे चार दृश्य रखे हैं। प्रवेशक में दो ज्योतिर्विदों के साथ विदूषक का संवाद है। इससे वृत्त एवं वर्तिष्यमाण प्रसंगों की सूचना दी गई है। जैसे कि-सिद्धार्थ एवं यशोधरा की विवाहविधि सम्पन्न हो गई है। सिद्धार्थ तत्पश्चात् किसी दिन प्रातःकाल राजोद्यान में पधारने वाले हैं। अब, प्रथम दृश्य में, (क) सिद्धार्थ और देवदत्त के बीच में शरविद्ध पक्षी के निमित्त से विवाद होता है। इस नाटक में देवदत्त एक प्रतिनायक की भूमिका में कार्य करने वाला है, जिसका बीजवपन इस दृश्य के निमित्त से होता है। (ख) दूसरे दृश्य में, नायक-नायिका के सामने (अमात्य उदायी के द्वारा प्रायोजित) नृत्य का प्रदर्शन होता है। तत्पश्चात् अमात्य के साथ सिद्धार्थ की बातचीत होती है, जिसमें से रोहिणी नदी के जल को लेकर होने वाले युद्ध में[1] सिद्धार्थ को नेतृत्व देने का संकल्प जाहिर होता है। लेकिन राजकुमार उसके लिए सहमत नहीं है। धर्मशीला नायिका यशोधरा अपने पति के विचारों का समर्थन करती है। अब, सिद्धार्थ नगर-चर्या पर जाने की मांग करता है। (ग) तीसरे दृश्य में, नगरचर्या के दौरान सिद्धार्थ जीवन में पहली बार जरा, रोग और मरण का साक्षात्कार करता है। इसी मौके पर वह एक संन्यासी का भी दर्शन करता है। जिससे उसके मन में निर्वेदजनित अपरिहार्य संवेग उत्पन्न होता है। (घ)

---

1. श्रीधर्मानन्दजी ने अपने "बोधिसत्त्व" मराठी नाटक में इस बिन्दु को गृहत्याग का मुख्य कारण बताया है।

चौथे दृश्य में, सारथि छन्नक के साथ सिद्धार्थ कंथक नामके अश्व पर आरूढ होकर, गृहत्याग करता है। (गृहत्याग के समय सिद्धार्थ की आयु 29 वर्षों की है)। सिद्धार्थ के नसीब में यदि संन्यास ही लिखा है तो उस जीवन का शुभारम्भ होने के लिए गृहत्याग अनिवार्य था। इस तरह से, नाटक के लिए आवश्यक पाँच अवस्थाओं में से दूसरी "यत्न" नाम की अवस्था का यहाँ निरूपण किया गया है। तथा पाँच अर्थ-प्रकृतियाँ की दृष्टि से, इस अंक में "बिन्दु" नामक अर्थ-प्रकृति रखी गई है। जिससे "सिद्धार्थ गृहस्थी बनेगा या परिव्राजक बनेगा?" इस तरह की आशंका नाटक के अन्त तक, प्रसृत हो जाती है। जैसे जलपात्र में गिरा तैलबिन्दु सर्वत्र फैल जाता है वैसे पूर्वोक्त आशंका नाटक में साद्यन्त सुव्याप्त दिखाई देगी।

धर्मचक्र-प्रवर्तन नामक तीसरे अंक में, कुल चार दृश्य हैं। (क) पहले प्रवेशक है, जिसमें माण्डव्य और विदूषक का संवाद है। इससे मालूम होता है कि अमात्य उदायी ने कपिलवस्तु से सभी ज्योतिर्विदों को नगर से निष्कासित कर दिये हैं। क्योंकि राजकुमार ने तो महाभिनिष्क्रमण किया, जिससे उनके सम्राट् चक्रवर्ती बनने की भविष्यवाणी मिथ्या सिद्ध हो गई। इस बिन्दु को लेकर विवेचक नामका विदूषक ज्योतिर्विद्या की विवेचना भी करता है और मजाक भी उड़ा रहा है। (ख) सिद्धार्थ ने काषाय पहन कर प्रव्रज्या ले ली, तत्पश्चात् वह राजगृह की ओर चल पड़ा, और पाण्डव पहाड़ों में जा कर निवास कर लेता है। उसके तपस्वी जीवन को देख कर, वहाँ का राजा बिम्बिसार उसको मनाने आता है, प्रव्रज्या छोड़ कर फिर से क्षत्रियधर्म को अंगीकार कर लेने की सलाह देता है। लेकिन उसका प्रयास व्यर्थ सिद्ध होता है। (ग) तपश्चर्या के विभिन्न सोपान पर, अनशन छोड कर शरीरनिर्वाहार्थ थोड़े अन्न का ग्रहण करना, जिससे नाराज हो कर अन्य पांच साथी तपस्वी साधुओं ने सिद्धार्थ की संगति छोड़ दी। वे ऋषिपत्तन चले गये। मध्यम मार्ग का अनुसरण करते हुए सुजाता की खीर को ग्रहण करना, फिर मनोविकार स्वरूप (अमूर्त) प्रतिनायक मार का आक्रमण होना, अचल सिद्धार्थ को अन्ततो गत्वा (35 वर्ष की आयु में) अश्वत्थ वृक्ष के नीचे बुद्धत्व की प्राप्ति होना वर्णित है। (घ) ऋषिपत्तन में जा कर, बुद्ध ने प्रथम धर्मोपदेश-धर्मचक्र- प्रवर्तन-किया, तथा प्रथम उपदेश ग्रहण करने वाले उन पांच भिक्षुओं का प्रथम संघ बनाया।। नाटक के लिए आवश्यक पाँच अवस्थाओं में से तीसरी "प्राप्त्याशा" नामकी अवस्था को मार-विजय, सुजाता की क्षीर को ग्रहण करना और ऋषिपत्तन में धर्मचक्र-प्रवर्तन करने की घटनाओं में देखा जा सकता है। पाँच अर्थ-प्रकृति की दृष्टि से, इस अंक में, मार-विजय प्रसंग के निरूपण में "पताका" नामक अर्थ-प्रकृति रखी गई है-ऐसा कहा जा सकता है। यद्यपि इस

पारिभाषिक शब्दावली का विनियोग करने में कोई दुराग्रह नहीं है[1]।

सद्-धर्मोपदेश (मैत्री, मुदिता, उपेक्षा, करुणादि का उपदेश) नामक चतुर्थांक के आरम्भ में प्रवेशक है। जिसके पूर्वार्ध में अश्वजित नामका भिक्षु और विदूषक का संवाद है। इससे मालूम होता है कि बुद्ध के प्रभाव में दिनप्रतिदिन संघ की अभिवृद्धि हो रही है। किन्तु प्रवेशक के उत्तरार्ध में, ज्योतिषी माण्डव्य आ कर बताता है कि- बुद्ध का शैशव कालिक शत्रु देवदत्त बौद्धसंघ में भेद पडाने की कोशिश में लगा है। तथा ग्रहों की दृष्टि से देवदत्त के प्रयास सफल होंगे, तो बुद्ध को अगतिकतया घरवापसी करनी पडेगी ऐसा वह तर्क-वितर्क लगाता है। यहां पर, निम्नोक्त आक्षेपिकी ध्रुवा को रखी गई है:-

व्याधो जाले ग्रसति हरिणं, मोचनं नो भवेद्वा
पूर्णश्चन्द्रो नभसि सुगतो ग्रासमुक्तो न जातः।
भूयः सिक्त्वा मधुरसलिलं जीवनं वाहयन्त्यो
दिव्या नद्यस्तदपि पतनं रोधनं दुःसहन्ते॥ ४-२॥

इस ध्रुवा-गान से प्रेक्षकों को सूचित किया जाता है कि धर्मचक्र-प्रवर्तन हो जाने के बाद, प्रतिनायक देवदत्त की ओर से अनेक विघ्न पैदा होने वाले हैं। जैसे पूर्णिमा का चन्द्र राहुग्रहण से मुक्त नहीं है, वैसे सुगत बुद्ध भी देवदत्त जैसे प्रतिनायक से मुक्त नहीं थे। मधुर जल देनेवाली नदियाँ भी अनेक बार पतन एवं अवरोधों को सहन करती ही हैं। इस ध्रुवा से, अंक के मुख्य दृश्य में आनेवाली घटनाओं का अंदेशा प्रेक्षक लगा सकेंगे। बुद्ध की कीर्ति प्रतिदिन बढती है ऐसा जानकर, विदूषक को भी देवदत्त की ओर से कोई विरोध, कोई आपत्ति आ सकती है ऐसी आशंका मन में पैदा हुई थी। विदूषक यह देखना चाहता है कि ग्रहदशा बलवती होती है, या संसारचक्र को घूमाने वाले काम-क्रोधादि षड् रिपु बलवान् होते हैं? और इन दो विचार-धाराओं से हट कर, बुद्ध की किन भावनाओं के परिपोषण से इन षड् रिपुओं का प्रतिकार किया जा सकता है?, अर्थात् बुद्धोपदिष्ट मुदिता, मैत्री, करुणादि भावनाओं के सकारात्मक परिणाम जानने में उसको रुचि है।

उस प्रवेशक के अनुसन्धान में प्रथम दृश्य शुरू होता है। (क) प्रथम दृश्य में, बुद्धसभा का आयोजन दिखाया है, जिसमें बुद्ध ने उपेक्षा, मुदिता, मैत्री, करुणा,

---

1. यह बिन्दु विवादास्पद हो सकता है। यहाँ आनन्दवर्धन के वचन से ही समाधान दे सकते है:-
सन्धि-सन्ध्यङ्गघटनं रसाभिव्यक्त्यपेक्षया।
न तु केवलया शास्त्रस्थितिसम्पादनेच्छया।। -ध्वन्यालोकः, 3-12

अशुभ एवं अनित्यता की (षड्) भावनाओं का सेवन करने का सिखाया है। यदि व्यक्ति दूसरों का अभ्युदय नहीं देख सकता है, उसके प्रति उसके मन में अरति यानी असूया पैदा होती है, तो वह अनेक अनर्थों को पैदा करती है। उसी के अनुसन्धान में देवदत्त ने बुद्ध की हत्या करने का दो-तीन बार प्रयास किया उसका निर्देश किया गया है। शारिपुत्र ने यह भी बताया कि देवदत्त बौद्धसंघ में फुट पैदा करके, कतिपय भिक्षुओं को लेकर, पलायन भी कर गया है। तो बुद्ध ने उन भोले भिक्षुओं को देवदत्त की भोगविलास की लालच से बचाने के लिए, शारिपुत्र को आदेश किया कि जा कर, वह उन सभी बौद्ध भिक्षुओं को कुशलता से वापस बुला कर ले आयें। (ख) दूसरे दृश्य में, बुद्ध और उनके पूर्ण नामक शिष्य बीच में संवाद होता है, जिसमें मैत्री-भावना का निदर्श प्रस्तुत किया है। (ग) तीसरे दृश्य में बुद्ध ने योगज-प्रत्यक्ष का सहारा लेकर, (जिसमें, आर्यशूर की शक्र-जातक-कथा के आधार पर) विश्वजित राजा के सामने करुणा का महिमा-मंडन किया गया है।। नाटक के लिए आवश्यक पाँच अवस्थाओं में से, चौथी "नियताप्ति" नाम की अवस्था का इस अंक में निरूपण है। जिसमें प्रतिनायक देवदत्त के हिंसक प्रयास और भेदनीति के दुष्परिणामों का आलेखन है। संघाधिपति या संघ का विनाश होने की स्थिति में धर्मचक्र-प्रवर्तन का कार्य संशयग्रस्त हो जाता है। यही है संयत हुई नियताप्ति नामकी अवस्था। पाँच अर्थ-प्रकृति की दृष्टि से, करुणा का उपदेश नाटकीय ढंग से प्रस्तुत करने के लिए इन्द्र-जातक कथा को नाट्यात्मक रूप दिया है, उसमें "प्रकरी" नामक अर्थ-प्रकृति देखी जा सकती है।

संघ में भिक्षुणियों का प्रवेश नामक पांचवें अंक के आरम्भ में प्रवेशक है। जिसमें माण्डव्य और विदूषक के बीच में पुनः संवाद होता है। इससे मालूम होता है कि बुद्ध ने (देवदत्त ने उनके मार्ग में छोडे) उन्मत्त हस्ती को मैत्रीजल से शान्त कर दिया। तथा नगर में बुद्ध का जय जयकार होने लगा है। फिर भी ज्योतिर्विद माण्डव्य अभी भी बुद्ध के घर-वापसी के योग को देख रहा है। किन्तु अब की बार उसने प्रतिज्ञा ले रखी है कि यदि बुद्ध पुनरपि गृहस्थ नहीं बन जायेंगे, पुत्र राहुल के मोह में फंस नहीं जायेंगे, तो वह स्वयं प्रव्रज्या लेकर, बुद्धं शरणं गच्छामि-कर लेगा। (ख) तत्पश्चात् प्रथम दृश्य में, गौतम बुद्ध का कपिलवस्तु में भिक्षाटन निमित्त से प्रवेश निरूपित किया है। राजप्रासाद में भारी हलचल मच जाती है। माता (मौसी) महाप्रजापति एवं यशोधरा का विलाप, (ग) दूसरे दृश्य में, चन्द्र-किन्नर युगल की जातक-कथा पर आधारित गर्भांक, जिसमें बुद्ध का "तथागतत्व" सिद्ध किया जाता है। पुत्र राहुल को दायभाग (विरासत) के रूप में सद्धर्म देने के निमित्त से, उसको प्रव्रजित करने के लिए साथ में ले

जाना, (घ) तथा तीसरे दृश्य में, माता (मौसी) महाप्रजापति और राहुलमाता(यशोधरा) को बौद्ध संघ में भिक्षुणी के रूप में प्रवेश की अनुमति दे कर, संघ का विस्तार करना वर्णित है। इससे धर्मचक्र-प्रवर्तन की पराकाष्ठा सिद्ध होती है।। अन्त में, भरत-वाक्य से नाटक की समाप्ति होती है।। इस पंचम अंक में नाटक के लिए आवश्यक पाँच अवस्थाओं में से पाँचवीं "फलागम" नाम की अन्तिम अवस्था निरूपित की गई है। तथा अर्थ-प्रकृतिओं की दृष्टि से, इस अंक में "कार्य" नामक पांचवीं अर्थ-प्रकृति रखी गई है। इस तरह से पंचमांक में निर्वहण सन्धि सम्पन्न होती है।।

*** *** *** *** *** *** *** ***

इस "धर्मचक्र-प्रवर्तन" नाटक में बुद्ध के जीवन को रखा गया है। जिसके प्रथम चरण में जन्म से लेकर, गृहत्याग, मार-विजय, बुद्धत्व की प्राप्ति को प्रदर्शित की है। तथा उसके दूसरे चरण में, धर्मचक्र का प्रवर्तन, संघ की रचना, धर्मोपदेश के लिए व्यापक विचरण, देवदत्त का विरोध और अन्त में पुत्र राहुल, माता गौतमी एवं यशोधरा को प्रव्रज्या की अनुमति तक की घटनाओं को नाट्यात्मक रूप दिया गया है। इस नाटक के कथानक में मुख्य रूप से दो बिन्दु नवीन हैं, जो ख्यात इतिवृत्त में नहीं थे:--

(क) मूल जातकट्ठकथा के अनुसार शुद्धोदन ने अपने पुत्र सिद्धार्थ का भाविकथन कराने के लिए जिन आठ ज्योतिर्विदों को निमन्त्रित किये थे, उनमें से केवल कौण्डिन्य ने ही एक अंगुलि उठा कर, सिद्धार्थ संन्यासी बनेगा-ऐसा कहा था। लेकिन इस कौण्डिन्य के साथ, यहाँ माण्डव्य नामक दूसरे एक ज्योतिर्विद का नया कल्पन किया है और कहा गया है कि उसने भी एक अंगुलि उठाई थी। लेकिन माण्डव्य की उस एक अंगुलि को उठाने का फलकथन ऐसा कहा है कि यह शिशु गृहस्थाश्रम में प्रवेश करके, संतति को पैदा भी करेगा। इन ज्योतिर्विदों के द्विधा-जनक वैकल्पिक विधानों को (चार प्रवेशकों में) मजाक का विषय बनाने के बहाने, विशाल कालखण्ड में फैले कथावस्तु का संग्रथन किया गया है। इस तरह के नये ज्योतिषी का कल्पन इस लिए भी तर्कसंगत सिद्ध होता है कि-1. यद्यपि सिद्धार्थ परिव्राजक ही बन गया है-तथापि यह भी हकीकत है कि पूर्वाश्रम में उन्होंने विवाह भी किया है और वे एक पुत्र के पिता भी बनें हैं। तथा 2. बुद्ध के जीवन की घटनाओं में देवदत्त जैसे प्रतिनायक की प्रवृत्तियों के कारण (माण्डव्य जैसे) पामर व्यक्तियों के मन में ऐसी दहेशत फैली रहती होगी कि अब क्या होगा?, क्या बुद्ध कहीं वापस तो नहीं चले आयेंगे न?, अतः माण्डव्य की कल्पना एवं उनके कथनों को कार्यान्वित किये हैं। बुद्धचरित का

निरूपण करने वाली इस शान्त रसवाली नाट्यकृति में, रसान्तर के रूप में हास्य को स्थान देने के लिए भी ऐसे ज्योतिर्विदों के पात्रों की आवश्यकता थी। तथा चतुर्थांक में रखी (आर्यशूर की जातक-माला से) शक्र-जातक कथा एवं पंचमांक के गर्भांक में रखी चन्द्र-किन्नर जातक कथा से अद्भुत को भी आनुषंगिकतया अवकाश दिया है। इस तरह से गौण रसों का भी आस्वाद लिया जायेगा॥

(ख) अंगुत्तरनिकाय में दुतियपण्णासक के गौतमीवग्गो में एवं विनय-पिटक के चुल्लवग्ग में वैशाली में स्त्रियों का भिक्षुणी होने का प्रसंग वर्णित है। इसमें बुद्ध की मौसी महाप्रजापति और अन्य स्त्रियाँ (मातृग्राम) केश कटवा कर, दूर से खुले पैर चल कर, भिक्षुणी होने के लिए बुद्ध के पास आती हैं। "*शिष्य आनन्द ने महाप्रजापति की प्रव्रज्या लेने की इच्छा को जान कर बुद्ध से इसका निवेदन किया। किन्तु बुद्ध ने उसको नकारा। तब आनन्द ने स्त्रियों को प्रव्रज्या दिलवाने के लिए, कुशलतापूर्वक फिर से बुद्ध को पूछा कि-तथागत से प्रवेदित मार्ग पर चल कर, क्या स्त्रियाँ भी अर्हत्त्व को प्राप्त कर सकती है?, तो बुद्ध ने हा कही। अब, आनन्द ने बुद्ध से कहा कि-यदि स्त्रियाँ अर्हत्त्व को प्राप्त कर सकती हैं, तो भन्ते, जिस मौसी महाप्रजापति आपकी अभिभाविका है, आपकी जननी मरने के बाद वह आपकी क्षीर-दायिका (दूध पिलानेवाली माँ) थी, उनको प्रव्रज्या मिलनी चाहिए। बुद्ध ने तथास्तु कह दिया। कुछ आठ शर्ती नियमों के अधीन उन सब स्त्रियों की प्रव्रज्या हुई।* (इनमें बुद्ध की पत्नी यशोधरा भी थी या नहीं?-ऐसा वहाँ नहीं कहा है। लेकिन हम सोच सकते हैं कि यशोधरा भी प्रव्रज्या के लिए आयी होगी। क्योंकि अब उसको संसारी बने रहने का तो कोई प्रयोजन था ही नहीं। तथा अंगुत्तरनिकाय के गोतमीवग्ग में "मातुगाम" शब्द से गौतमी एवं राहुलमाता-इन दोनों का ग्रहण हो सकता है। एवमेव, "थेरी अपदान" में तो उसके = भद्दा कच्चान (भद्रा कात्यायनी के) मुख से निकले शब्द श्रीधर्मानन्द कोसम्बी ने ऐसे उद्धृत किये गये हैं:-उपकार करने वाली, सुखदुःख में समान रहनेवाली, सद्-अर्थ दिखानेवाली एवं अनुकम्पाशील स्त्री ही सही स्त्री होती है- ऐसा कह कर आपने जिसकी स्तुति की है, वह मैं आपकी पूर्वाश्रम की पत्नी हूँ।।") [द्रष्टव्यः-बौद्धसंघनो परिचय। लेखक-श्री धर्मानन्द कोसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, 1988, पृ. 244]

एवमेव, स्त्रियों (मातृग्राम) को प्रव्रजित होने की अनुमति देने के बाद, बुद्ध ने आनन्द को यह भी कहा है कि-यदि बौद्ध संघ में स्त्रियों का प्रवेश नहीं किया होता तो, मेरा यह धर्म सहस्त्र वर्ष पर्यन्त जीवित रहता। किन्तु अब, वह पांच सौ वर्ष ही ठहरेगा।" इस पिटक-प्रोक्त कथांश में परिवर्तन करके, प्रस्तुत

नाटक में यशोधरा को नयी दृष्टि से निरूपित की गई है।

प्रस्तुत नाटक में, बुद्ध के जीवन के उत्तरार्ध में घटित हुए अमुक प्रसंगों को नहीं लिये हैं। जैसे कि- श्रेष्ठी अनाथपिंडक, हजाम उपालि एवं डकैत अंगुलिमाल के प्रसंग बुद्ध के जीवन जुड़े हैं। लेकिन उनको यहाँ नहीं लिये हैं। आम्रपाली वेश्या एवं चिन्चा का प्रसंग भी नहीं लिया है। तथा अन्त में, कुशीनारा के पास हुए बुद्ध के महापरिनिर्वाण को नहीं बताया है॥

[5]

बुद्ध विषयक नाट्यकृतियों का सिंहावलोकन

भगवान् बुद्ध के जीवन की घटनाएँ नाटकीयता से भरी पडी है, फिर भी समग्र संस्कृत नाट्य-साहित्य में बुद्ध के जीवन से सम्बद्ध हो ऐसी एक भी नाट्यकृति मिलती नहीं है। (कुषाण काल ई.स. 24 से 225 के दौरान अश्वघोष ने लिखा "शारिपुत्र प्रकरणम्" रूपक भी खण्डित स्थित में ही ल्युडर्स को मिला है[1]। तथा सातवी शताब्दी में हर्षवर्धन ने जो नागानन्द नाटक लिखा है, वह बौद्ध-जातक कथा पर आधारित है। किन्तु भगवान् बुद्ध के जीवन से सीधे सम्बद्ध हो, ऐसी एक भी संस्कृत नाट्यकृति मिलती नहीं है। यदि प्राचीन काल में लिखी भी गई होगी तो वह आज उपलब्ध नहीं हैं। स्वातन्त्र्योत्तर आधुनिक संस्कृत साहित्य में प्रॉफे. श्रीरामजी उपाध्याय (सागर) ने *नन्द-गौतमीयम्* एवं *अशोकविजयनम्* नाम नाटक लिखे हैं। तथा डॉ. वीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य ने "सिद्धार्थचरितम्" (कलकत्ता, 1970), एवं "सुजाता" नाटक श्रीचन्द्रभानु त्रिपाठी (प्रयाग, 1976) ने लिखा है। श्री धर्मानन्द कोसम्बी जी ने सन् 1945 में "बोधिसत्त्व" नाम का नाटक मराठी में लिखा था। (जिसका हिन्दी अनुवाद केन्द्रीय उच्च तिब्बती संस्थान, सारनाथ से, 2001 में, एवं संस्कृतानुवाद राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली से 2014 में निकला है।)

इस रिक्तता का कारण क्या हो सकता है? -उस पर विचार करने से लगता है कि सम्राट् अशोक ने अपने अनेक शिलालेखों में ऐसी उद्घोषणा

---

1. द्रष्टव्यः-तूर्कस्तान से मिली पाण्डुलिपि में-"सिद्धम् पारिपार्श्वक.... विदू(षक).... (प)र्याकुलः आजीविकः .... (दृ)ष्ट्वा-विदू(षकः) अइ किलेसो गम्भीर-वटु(म्). ..यानकेनागच्छति...। ऐसे खण्डितांश मिलते हैं। इसमें तीन नाटकों के अंश हैं ऐसी विचारधारा का खण्डन करके, उसमें केवल शारिपुत्र-प्रकरण का ही पाठ है ऐसा डॉ. विश्वनाथ भट्टाचार्य ने सिद्ध किया है। See:As'vaghosha : A Critical Study, by Bishvanath Bhattachary, Vishva Bharati, Santiniketan, 1976, (pp. 62-90)

करवाई थी कि उनके देश में नृत्य, संगीत, नाटकादि खेलने के निमित्त से "समाज"[1] अर्थात् जनसमूह=सामाजिक=प्रेक्षकसमूह को एकत्र नहीं करना है। क्योंकि जहाँ नाटकादि खेला जाता है, वहाँ सामाजिकों के लिए भोजनादि का प्रबन्ध भी करवाया जाता है, और उस भोजन के लिए जीवहिंसा भी होती है। अतः समाज को एकत्रित करने पर उन्होंने मनाई घोषित की थी। यह हकीकत हमें अशोक के गिरनारादि स्थानों से प्राप्त हो रहे शिलालेखों से मालूम होती है। (द्रष्टव्य-परिशिष्ट-3) अतः इसके परवर्ती काल में बुद्ध के जीवन को लेकर कोई नाट्यकृति की रचना होना सम्भव ही नहीं था।

[यद्यपि बौद्ध साहित्य में ऐसे अनेक सन्दर्भ मिलते हैं कि बुद्ध के समकाल में नाट्य-मंचन की प्रवृत्ति सुविकसित हो चुकी थी। प्रॉफेसर श्रीराधावल्लभ त्रिपाठी जी ने इसकी ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हुए लिखा है कि-..... विनयपिटक में कीटगिरि की रंगशाला का उल्लेख आता है। अवदानशतक में वर्णित दूसरी कथा के अनुसार क्रकुच्छद नामक राजा की आज्ञा से शोभावती नगरी में नाटक किया गया था, जिसमें नाट्याचार्य ने सूत्रधार का कार्य किया था। संयुक्तनिकाय में विदूषक बनने वाले नट का सजीव चित्र अंकित किया गया है, जिसके अनुसार समाज के समक्ष तथा नटमण्डली के मध्य अपनी कला का प्रदर्शन करता हुआ वह लोगों को हसाता है। दीघनिकाय में शोभनगरक का उल्लेख है, जिसका अर्थ नटमण्डली है।-द्रष्टव्यः-भारतीय नाट्य का स्वरूप और परंपरा, सागर, 1988, पृ. 85

इसी तरह से, डॉ. रामजी पाण्डेय (बिहार) ने लिखा है कि- *"विनयपिटक से प्रमाणित होता है कि नाटक का प्रचार भारतव्यापी था। विनयपिटक के चुल्लवग्ग में यह कथा मिलती है कि एक बार अश्वजित और पुनर्वसु नामक दो भिक्षु कीटागिरि की रंगशाला में नाटक देखने गये। नाटक समाप्त हो जाने पर दोनों भिक्षु संघाटी फैला कर नाचनेवाली नर्तकी से मधुर वार्तालाप करते रहे। जब विहार के महास्थविर को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने उन दोनों भिक्षुओं को तुरंत विहार से निर्वासित कर दिया।"*[2] यद्यपि विनयपिटक देखने से मालूम होता है कि श्रीरामजी पाण्डेय ने दिया यह निरूपण सम्पूर्ण सही नहीं है। विनयपिटक के अनुसार ये दोनों शिष्य पापाचार से भरे थे और भिक्षुओं के लिये बनाये गये

---

1. द्रष्टव्यः-हिस्टोरिकल एन्ड लिटररि इनस्क्रिप्शन्स, सं. राजबली पाण्डेय, भाग-2, पृ. 5 की पाद-टिप्पणी।
2. "भारतीय नाट्य-सिद्धान्तः उद्भव और विकास", बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, 1982, पृ. 50-51

नियमों से विरुद्ध जीवन जी रहे थे। जैसे कि-वे मद्यपान करते थे, माला-गन्ध-विलेपनादि को धारण करते थे। रंगशाला में जा कर संघाटी फैला कर नाच रही नर्तकी को ऐसा कहते थे कि-"यहीं, यहीं भगिनि! आ कर नाच करो" इत्यादि। (द्रष्टव्यः- मज्जमपि पिविस्सन्ति, मालागन्ध-विलेपनम्पि धारेस्सन्ति, नच्चस्सन्ति पि, गायिस्सन्ति, वादेस्सन्तिपि, लासेस्सन्तिपि, रंगमज्झेपि संघाटी पत्थरित्वा नच्चकीं एवं वदिस्सन्ति-इध, भगिनि, नच्चस्सु त्ति..) अतः बुद्ध ने सारिपुत्र और मौद्गल्यायन को वहाँ भेज कर, उन दोनों का प्रव्राजनीयकर्म (= संघ से निष्कासित करने का कार्य) करवाया था। बुद्ध के ये अश्वजित और पुनर्वसु वही दो शिष्य थे, जिनको मिलने के बाद सारिपुत्र और मौद्गल्यायन अपने गुरु संजय को छोड कर, बुद्ध के शिष्य बन गये थे[1]॥] विनयपिटक के इस सन्दर्भ से इतना निश्चित सूचित होता है कि बुद्ध के जीवनकाल में रंगशालाएं होती थी। (किन्तु उसमें बुद्ध के जीवन से सम्बद्ध कोई नाटक खेले जाते थे-ऐसा नहीं कहा गया है।)

मौर्य वंशीय राजाओं के बाद, शुंगवंश के राजा पुष्यमित्र (185 से 149 ईसा पूर्व) ने बोधिवृक्ष को जला दिया एवं बौद्ध भिक्खुओं को देश से प्रायः निष्कासित किये और पुनरपि एक बार ब्राह्मण संस्कृति का पुनरुत्थान किया। इस घटना के बाद बुद्ध विषयक कोई साहित्यकृति की रचना होना प्रायः सम्भव नहीं रहा होगा। ई.स. 500 शती में, बुद्धघोषाचार्य बौद्ध-जातकट्ठकथाओं को सिंहली भाषा से पालि में पुनरेक बार अनुदित करके श्रीलंका से भारत में वापस ले आये। तत्पश्चात् गुप्तकाल के आरम्भ में, शूद्रक के मृच्छकटिक तथा पद्म-प्राभृतक (चतुर्भाणिका में संगृहीत) जैसी नाट्यकृतियों में शाक्यभिक्षु संघिलक, संघदासिका भिक्षुणी आदि के कुत्सित चरित्रों का चित्रण करने की प्रवृत्ति देखी जाती है। (यद्यपि इस तरह की विपरीत स्थिति में भी हर्षवर्धन ने (ई.स. 645) नागानन्द की रचना की है।[2]) तृतीय ध्यातव्य बिन्दु यह है कि-बुद्ध का जीवनचरित वैराग्य-प्रधान है, इस हकीकत को दृष्टिसमक्ष लेते ही कविओं के मन में से बुद्ध-विषयक कोई नाट्यकृति बनाने का उत्साह सम्भवतः विगलित हो गया होगा। जिसके कारण पूरे संस्कृत नाट्य-साहित्य में बुद्ध के जीवन से जुडी एवं शान्त

---

1. विनयपिटक, चुल्लवग्ग पालि, पेरा-23, पृ. 14, Vipassana Research Institute, www.tipitaka.org.
2. प्रोफे. श्री धर्मदत्त चतुर्वेदी, (केन्द्रिय उच्च तिब्बति शिक्षण संस्थान, सारनाथ) ने इस नाटक का अनेक बार मंचन करवाया है, जिसको युट्युब (https://youtube/YgGISghUoDw) पर देखा जा सकता है।

रसप्रधान हो ऐसी एक भी नाट्यकृति नहीं मिलती है। (द्रष्टव्य-परि. 4)

प्रासंगिक रूप से, इस विषय में, श्रीधर्मानन्द कोसम्बी जी का मत भी उल्लेखनीय है:-जब काकासाहेब कालेलकर जी ने "बोधिसत्त्व" नाम का मराठी नाटक पढ़ कर श्रीधर्मानन्द जी को प्रश्न किया कि-बोधिसत्त्व को बुद्धत्व की प्राप्ति हो जाने पर, आपने नाटक को पूर्ण कर दिया है। किन्तु, बुद्ध के पूर्वचरित के बाद घटित अन्य प्रसंगों को लेकर, अब आप (भवभूति के उत्तररामचरित जैसा) "तथागत" शीर्षक से एक दूसरा नाटक भी क्यों नहीं लिखते हैं?, तो उसके प्रत्युत्तर में श्री कोसम्बी ने कहा था कि-"बौद्ध समाज के अनुयायिओं को ऐसा नाटक पसंद नहीं आयेगा। क्योंकि बोधिसत्त्व (सिद्धार्थ) के बुद्ध हो जाने के बाद, उनको किसी नाटक का विषय बनाना[1] बौद्ध-भावना के विरुद्ध होगा"।।

[**दो विशेष बिन्दुः**--अशोक के शिलालेखों में आये "समाज" करने के प्रतिबन्ध को देखने के बाद, कालिदास ने मालविकाग्निमित्र में "देवानामिदमानन्ति मुनयः शान्तं क्रतुं चाक्षुषम् (1-4)" लिखा है, उसके पीछे छुपा हुआ इतिहास समझ में आता है। यद्यपि किसी अज्ञात व्यक्ति ने इस पंक्ति में आये "शान्तम्" शब्द के स्थान में "कान्तम्" पाठभेद दाखिल करके, कालिदास के सामने रही सांस्कृतिक पृष्ठभूमि (=सम्राट् अशोक ने समाज को एकत्रित करने की मनाई)को धूमिल कर दिया है। 2. तथा वैयाकरण चन्द्रगोमिन् (500 ई.स.) ने लिखा "लोकानन्द" एक बौद्ध नाटक था। वह तिब्बती भाषा में मिलता है, जो बेहद क्षतिपूर्ण तिब्बती में उपलब्ध है। प्रॉफे. माईकल हान ने उसका सम्पादन किया है, जो जर्मनी से प्रकाशित है। इस नाटक में "मणि-चूडावदान" का नाट्यरूपान्तरण किया गया है।[2] (जातक-कथाओं में बोधिसत्त्व ही अपने शरीर का अवयव या पूर्ण जीवन का दान करके, दूसरों के दुःख दूर करते हैं। किन्तु अवदान कथाओं में, ऐसे दानादि के कर्म कोई दूसरे व्यक्तिविशेष के द्वारा किये जाते हैं-उसका निरूपण मिलता है।)]

श्रीधर्मानन्द कोसम्बी (1942) के "बोधिसत्त्व" (मराठी) नाटक का स्वल्प परिचय इस तरह का है:-ललितविस्तर, जातक-कथाएं, बुद्धचरित महाकाव्यादि

---

1. यद्यपि प्रस्तुत नाटक में मैं ने इस दिशा में चतुर्थ एवं पञ्चम अंकों की रचना की है। किन्तु बौद्ध मतावलम्बीओं की भावना को मनोदुःख न होवे उसका ध्यान रखा है। तथापि इस साहस के लिए मैं क्षमाप्रार्थी भी हूँ।
2. Candragomins Lokananda Nach den Tibetischen Tanjur herausgegeben und ubersetzt. Ein Beitrag zur klassischen indischen Schauspieldichtung, Von Michael Hahn, Weiesbaden, 1974.

तथा लाइट ऑफ एशिया (एडविन आर्नोल्डकृत) में बुद्ध का चरित पौराणिक स्वरूप का है। किन्तु श्री धर्मानन्द कोसम्बी जी को त्रिपिटकों में प्राप्त हुए बुद्ध के जीवनचरित के सामने यह पौराणिक कथानक कृत्रिम लगता है, मिथकीय लगता है। अतः उन्होंने, "बोधिसत्त्व ने गृहत्याग क्यों किया था?" -इस बिन्दु को सयुक्तिक निरूपित करने के लिए मराठी भाषा में बोधिसत्त्व नाम का नाटक ही लिखा है। (इस नाटक का हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी में अनुवाद हो चुके हैं।) उन्होंने अपने नाटक का नाम (सिद्धार्थ या बुद्ध-ऐसा नहीं रखा है), बल्कि "बोधिसत्त्व" रखा है। क्योंकि वे कहते हैं कि-"सिद्धार्थ" नाम त्रिपिटकों में कहीं पर प्रयुक्त नहीं है। नालकसुत्त के आरम्भिक भाग में बताया है कि अतिप्राचीन काल में गौतम बुद्ध के लिए केवल "बोधिसत्त्व" नाम का ही प्रयोग हुआ है। अपने नाटक के लिए त्रिपिटकों के जिन वचनों को उन्होंने आधार-बिन्दु बनाये हैं, उनके लिए लिखा है कि-

बोधिसत्त्व के गृहत्याग के बाद, राजा बिम्बिसार उनको मिलने के लिए आता है, इसका उल्लेख पब्बज्जासुत्त में उपलब्ध है। पहले तो बोधिसत्त्व ने छह वर्षों तक अनशनपूर्वक कठिन तपश्चर्या की, किन्तु बाद में उसका त्याग कर दिया, जिसके कारण पंचवर्गीय साधुओं ने बोधिसत्त्व का त्याग कर दिया। इसका उल्लेख त्रिपिटकों में अनेक स्थान पर है। तत्पश्चात् सुजाता के पायस का प्रसंग वर्णित है। इसका उल्लेख अंगुत्तरनिकाय के प्रत्येक निपात में मिलता है। इसके बाद, मार-युद्ध का वर्णन है। श्री धर्मानन्द जी ने बोधिसत्त्व का सीधे मार के साथ हुए संवाद को समुचित नाट्यात्मक स्वरूप दिया है। (विद्वानों की दृष्टि में अनुसन्धानात्मक इस नाटक की मंचन-क्षमता कदाचित् नहीं के बराबर हो सकती है। किन्तु श्री धर्मानन्द जी ने बोधिसत्त्व और मार के बीच में जो संवाद-शृंखला बनाई है वह उनकी नाटककार के रूप में एक सिद्धि माननी होगी।) श्री कोसम्बी जी यहाँ यह भी स्पष्ट करते हैं कि-मार-युद्ध की कहानी भी काल्पनिक है, तथापि बोधप्रद होने से उसको नाटक में स्थान दिया है। (और यह कहानी अतिप्राचीन भी है, क्योंकि इसी की अनुकृति बाईबल के "सैतान" में भी मिलती है।)

संस्कृत नाटकों की परिपाटी से हट कर, इस मराठी नाटक के चारों अंकों के विविध दृश्यों को "प्रवेश(क)" ऐसा नाम दिया गया है। तथा सूत्रधार प्रत्येक प्रवेश(क) के आरम्भ में रंगमंच पर आ कर वृत्त-वर्तिष्यमाण प्रसंगों की सूचना देता है। [श्री काकासाहेब कालेलकर जी ने (इस नाटक के "आमुख" में) ऐसी योजना की समीक्षा करते हुए लिखा है कि-सच्चे (यानी संस्कृत) नाटक में सूत्रधार नाटक का प्रारम्भ करके गुप्त हो जाने पर अन्तिम भरत-वाक्य तक फिर

से प्रकट ही नहीं होता। इसीलिए नाटक के मुख्य मुख्य दृश्यों का अनुसन्धान मिलाने के लिए नाटककार विष्कम्भक की युक्ति बरतते हैं। इसमें यद्यपि कवि का चातुर्य प्रकट होता था, फिर भी इतनी मेहनत करने का कोई कारण नहीं था। एक प्रवेश(क) पूरा होते ही सूत्रधार लौट कर आगे की वस्तु की भूमिका रच जाए तो इसमें एतराज की कोई बात नहीं प्रतीत होती।।]

प्रथम अंक में, बोधिसत्त्व का जन्म, उसके उपलक्ष्य में ऋषि असित का कपिलवस्तु में आगमन होता है। वह बताते हैं कि यह पुत्र भविष्य में संबुद्ध हो कर, धर्मचक्र-प्रवर्तन करेगा। उनका धर्म सहस्र वर्ष पर्यन्त चलता रहेगा। वे रोते भी हैं कि मैं इनके ज्ञान से वंचित रहूँगा। उसके बाद, माता मायादेवी का अवसान वर्णित है। चौथे-पाँचवें प्रवेशक कल्पनाजनित हैं, जिनमें बोधिसत्त्व को स्वतन्त्र विचारक एवं मृगया-विरोधी मानस वाला पुत्र बताया गया है। षष्ठ प्रवेशक में जम्बु वृक्ष के नीचे बोधिसत्त्व का ध्यान लगाना वर्णित है।। **दूसरे अंक में**-कुल चार प्रवेशक हैं। यशोधरा, उदायी एवं बोधिसत्त्व का जन्म किसी एक दिन ही हुआ था। बोधिसत्त्व ने सोलह वर्ष से लेकर पच्चीस वर्षों तक ब्रह्मचर्य व्रत के पालन की शर्त रखी थी। जो यशोधरा के लिए मान्य थी। तत्पश्चात् उनका यशोधरा के साथ विवाह होता है-ऐसा सूचित किया है। दोनों का विवाह-जीवन सामञ्जस्य पूर्ण चलता दिखाया है। तथा बोधिसत्त्व अपने पिता के कृषिकर्मादि को सिख रहे थे, उसमें सहयोग देते थे। वे भारी कर्मयोगी थे। यहाँ ध्यानास्पद है कि-श्री कोसम्बी जी ने खुद्दकनिकाय की **थेरी-अपदान**[1] की (पेरा[3] (ग) में उद्धृत) गाथाओं के आधार पर यशोधरा का चरित्र-चित्रण किया है, जिसमें वह प्रकट शब्दों में, बोधिसत्त्व के सभी विचारों का पक्का अनुमोदन करने वाली धर्म-पत्नी के रूप में कही गई है। तथा श्रीधर्मानन्द जी ने यह भी बताया है कि गोपा = यशोधरा = भद्रा कात्यायनी (भद्दा कच्चाना) एक ही व्यक्ति है। श्री धर्मानन्द जी के मन में एक समस्या यह थी कि सोलह-सतराह वर्ष की आयु में यशोधरा एवं बोधिसत्त्व का विवाह हो गया था, और उन दोनों को पुत्र की प्राप्ति 29 वर्ष की आयु में हुई- इसको कैसे समझाये? इसीलिये उन्होंने ऐसा सोचा है कि उस श्रमणयुग में ब्रह्मचर्य के व्रतपालन की भावना का व्यापक प्रचार था। तो पच्चीस वर्ष पर्यन्त ब्रह्मचर्य के परिपालन करने के बोधिसत्त्व के विचार

---

1. सुत्तनिपात (सुत्तपिटकान्तर्गत) की अपेक्षा से अपदानों का संग्रह अर्वाचीन है। किन्तु थेरी अपदान तो ललितविस्तर की अपेक्षा से प्राचीन है ही। अतः अधिक श्रद्धेय है। (त्रिपिटकों का बहुशः भाग ईसा पूर्व का है। उनमें अपदान गाथाएं परवर्ती होगी, ईसापूर्व प्रथम शती में ललित-विस्तर आयेगा। और जातकट्ठकथाएं पांचवी शती में रची गई हैं।

के साथ यशोधरा भी सहमत हुई है। यहाँ तक दो प्रवेशक पूरे हो जाते हैं। उसके बाद जो चार प्रवेशक हैं उनमें शाक्यों के समूह में सभा की सदस्यता लेना और उसके नियमों का अंगीकार करना निरूपित है। इस प्रसंग की कल्पना विनयपिटक में आये "उपसंपदा" प्रकरण के आधार पर की गई है।।

तीसरे अंक में, बोधिसत्त्व के गृहत्याग का कारण क्या रहा होगा?-उसकी सयुक्तिक उपस्थापना की गई है। जैसे कि-शाक्यों और कोलियों के बीच कृषिकर्म में उपयोगी रोहिणी नदी के जल को लेकर बार बार युद्ध होता था। लेकिन बोधिसत्त्व ऐसा सुझाव देते हैं कि-दोनों पक्षों के दो दो प्रतिनिधि मिल कर, कुछ समाधान निकाले। जो बात शाक्यसेनापति को मंजुर नहीं है। वह तो युद्ध करने के लिए ही तुला था और उसके कहने पर अन्य शाक्य युवक भी सेनापति के पक्ष में मतदान करते हैं। बोधिसत्त्व के पक्ष का समर्थन करने वाले महानाम जैसे शाक्य अल्पसंख्यक ही थे। अब बोधिसत्त्व को बहुमत के आधार पर, युद्ध में शामिल होना ही था। फिर भी, बोधिसत्त्व तो युद्ध में भाग लेने से मनाई ही कर देते हैं। इस तरह के विरोध का एक ही दुष्परिणाम था: मृत्युदण्ड या देशत्याग। और मृत्युदण्ड की आज्ञा यदि कौशलराज की ओर से फरमाई जाय तो शाक्यसंघ को अन्य हानि भी हो सकती थी। अत: बोधसत्त्व ने स्वेच्छया प्रसन्नतापूर्वक देशत्याग करने का निर्णय ले लिया। (यशोधरा इतनी अनुकूल पत्नी है कि-वह भी बोधिसत्त्व के साथ ही देशत्याग, गृहत्याग करने को तैयार है। लेकिन पुत्र राहुल अभी बहुत छोटा है, अत: वह ऐसा नहीं कर पाती है।) इस तरह से, धर्मानन्द जी ने बोधिसत्त्व का गृहत्याग का निमित्त रोहिणी नदी के जलसम्बन्धी विवाद में दिखाया है।

[यद्यपि इस सन्दर्भ में, एक स्पष्टता करनी आवश्यक है:- विनय-पिटक में वर्णित महानाम और अनुरुद्ध की प्रव्रज्या में केवल कृषिकर्म में विविध मुश्किलियाँ बताई हैं, वहाँ रोहिणी नदी के जलविवाद का उल्लेख नहीं है। किन्तु खुद्दकनिकाय के "सुत्तनिपात-अट्ठकथा" पर जो परमत्थजोतिका नाम की टीका है, उसमें रोहिणी नदी का जलविवाद, कलह एवं युद्ध की परिस्थिति का वर्णन है। वहाँ भगवान् बुद्ध आकाश-मार्ग से आकर, शाक्यों और कोलियों के बीच समाधान करवाते हैं-ऐसी कहानी बताई है[1]। जिसमें टीकाकार ने अत्तदण्डसुत्त तथा फन्दनजातक के वचनों का मेल बिठाया है। श्रीधर्मानन्द जी ने इसका उपयोग

---

1. तत्थ विहरन्ते च भगवति साकिय-कोलियानं उदकं पटिच्च कलहो अहोसि।- सुत्तनिपात-अट्ठकथा, परमत्थ-जोतिका टीका, प्रकाशक:-विपश्यना विशोधन विन्यास, इगतपुरी, महाराष्ट्र, पृ. 81-82

करके, सिद्धार्थ के गृहत्याग का कारण अनुमित किया है।) वे बोधिसत्त्व के गृहत्याग को मिथकीय नहीं बताना चाहते थे।]

बौद्धपरम्परा के अनुसार, गौतम के गृहत्याग का कारण वृद्ध, रोगी, मृतक आदि निमित्तों के दर्शन से उत्पन्न हुए संवेग को माना गया है। किन्तु यह कोसम्बी जी को दो कारणों से मंजुर नहीं था। (क) परम्परागत कारण को त्रिपिटकों के वचन का समर्थन नहीं है। तथा (ख) गृहत्याग का कारण युक्तिसंगत होना चाहिए, मिथकीय नहीं। श्री कोसम्बी जी ने अपने विचार का बीज खुद्दकनिकाय के सुत्तनिपात के अत्तदण्ड सुत्त की गाथाओं में पडा है ऐसा बताया है[1]। वहां स्वयं बोधिसत्त्व के द्वारा कहा गया है कि-"जल के बिना छटपटा रही मछलियों की तरह मनुष्य प्रजा को कलह करते देख कर, मुझे भय पैदा हुआ"। इन वचनों में गृहत्याग का बीज स्पष्ट शब्दों में कहा गया है। (श्री कोसम्बी इन पर अंगुलि रखते हैं।)

चौथे अंक में पंचवर्गीय भिक्षुओं के साथ बोधिसत्त्व का संवाद है, जिसमें तत्कालिक निर्ग्रन्थ (जैन) श्रमणों के विचारों की चर्चा है। आत्मा के नित्य या आंशिक अनित्य होने के विषय में चर्चा है। ततः बिम्बिसार के साथ भी बोधिसत्त्व का संवाद दिया है, उसमें तत्कालिक मगध, अंग राजाओं की राजनीति आदि से जुडे विवादों की चर्चा है। उसके बाद मार के साथ, बोधिसत्त्व का दो बार संवाद होता है। चौथे अंक के अन्तिम प्रवेशक में, मार के साथ दूसरी बार का संवाद होता है। पधानसुत्त में मार की आठ सेनाओं का जो उल्लेख है, तदनुसार इन सेनाओं का क्रमशः संवाद के रूप में विवरण है। इसमें ध्यानास्पद एक बिन्दु है:-श्री धर्मानन्द जी ने मार की "काम" नाम की प्रथम सेना को भोग-विलास के रूप में वर्णित की है। तत्पश्चात् "अरति"[2] नामकी दूसरी सेना की व्याख्या करते हुए उसका भाषान्तर "असंतोष" शब्द से किया है। दूसरा बिन्दु यह है कि-धर्मानन्द जी ने मार की आठ सेनाओं में आत्मस्तुति एवं परनिन्दा जैसी अन्य सेनाओं को जोड़ दी हैं। उनके बाद, कहते हैं कि "तृष्णा" का स्थान है। इस तृष्णाच्छेद होने पर (ही) निर्वाण की प्राप्ति सम्भव है। यहाँ पर नाटक समाप्त होता है।

---

1. *फन्दमानं पजं दिस्वा मच्छे अप्पोदके यथा। अञ्ञमञ्ञेहि व्यारुद्धे दिस्वा मं भयमाविसि।।2।।*
2. श्री राहुल सांकृत्यायन ने अरति का भाषान्तर "कंटाला, काम में मन न लगना" शब्द से किया है, मैंने राहुलोवाद में प्रयुक्त इस शब्द की व्याख्या "ईर्ष्या" से की है। यहाँ, पधानसुत्त में, श्री कोसम्बी जी ने उसको "असंतोष" अर्थ में लिया है। इस शब्द की अनेक अर्थच्छटाएं हैं, उसको सन्दर्भानुसार समझना चाहिए।

मराठी में लिखे गये इस नाटक में, श्रीधर्मानन्द जी के द्वारा प्रदर्शित किये गये कुछ आकर्षक बिन्दु को जानना रसप्रद होगा। जैसे कि–प्रव्रज्या लेने के लिए किसी राष्ट्रपाल नाम के व्यक्ति को मातपिता से अनुमति नहीं मिलती थी तो उसने कैसे "सत्याग्रह" किया था–उसका उदाहरण विनयपिटक में मिलता है। श्रीधर्मानन्द जी कहते हैं कि महात्मा गांधीजी से भी बहुत पहले, (1) बुद्ध के समय में ही "सत्याग्रह" का विचार सुप्रचलित था। (2) सुत्तपिटक में ऐसा स्पष्ट लिखा है कि–बोधिसत्त्व ने जो प्रव्रज्या ली है वह उनके रोते हुए मातपिता की उपस्थिति में और दिन के समय में ली थी।[1] यानी उन्होंने रात्रि के अन्धेरे में, पत्नी और पुत्र को निद्राधीन स्थिति में छोड दिया था–ऐसे वर्णनों को त्रिपिटकों का आधार नहीं है! एवमेव, (3) वृद्ध–रोगी–मृतकादि को देख कर बोधिसत्त्व को संवेग प्राप्त हुआ था–ऐसे वर्णनों को भी त्रिपिटकों का सीधा आधार नहीं है। तब प्रश्न होगा कि––जरा–रोगी–मृतकादि को देखने से सिद्धार्थ संतप्त हुआ था–यह बात कहाँ से आयी? तो स्वयं बुद्ध ने ही पूर्वभव के हुए किसी "विपस्सी बुद्ध" ने ऐसे चार दृश्यों को देखे थे और गृहत्याग किया था ऐसी (मिथकीय) कथा कही है। (द्रष्टव्य–दीघनिकाय के महापदानसुत्त में।) उसीको आधार बना कर "ललितविस्तर" लिखने वाले ने उन दृश्यों को गौतम बुद्ध के चरित में लागु कर दिये है। जिसका अश्वघोष ने भी अनुसरण किया। (4) निर्ग्रन्थ पार्श्वनाथादि बुद्ध के पुरोगामी थे ऐसा माना जाता है। उन निर्ग्रन्थों ने चतुर्याम (सत्य–अहिंसा–अस्तेय–अपरिग्रह[2]) की शिक्षा दी थी, वह बोधिसत्त्व को ग्राह्य थी। श्री कोसम्बी ने बोधिसत्त्व के मुख में रखी एक उक्ति में कहा है कि–यदि इन चतुर्याम का विकास होगा तो दुनिया में सुख एवं शान्ति की स्थापना हो सकेगी।(5) "सनातन धर्म" शब्द से यदि (मनुस्मृति–प्रोक्त) "वर्णाश्रम धर्म" समझा जाता है, तो श्री धर्मानन्द जी उसके साथ सहमत नहीं हैं। उन्हों ने अपने इस नाटक में, बोधिसत्त्व के मुख से कहा है कि–भारत में कभी ऐसा सनातन धर्म नहीं था। क्योंकि–ब्राह्मण जाति के लोगों में द्रोण जैसे योद्धा भी थे, क्षत्रियों में राजा जनक जैसे ब्रह्मज्ञानियों का प्रमुख स्थान है। महर्षि व्यास मत्स्यगन्धा नाम की धीवरी का पुत्र थे। फिर भी वह अस्पृश्य

---

1. सो खो अहं, राजकुमार, अपरेनसमयेन दहरोव समानो सुकालकेसो भद्रेन योब्बनेन समन्नागतो पठमेन वयसा अकामकानं मातापितूनं अस्सुमुखानं रुदन्तानं केसमस्सु ओहारेत्वा कासायानि वत्थानि अच्छादेत्वा आगारस्मा अनगारियं पब्बजिं।–अरियपरियेसनसुत्त, पासरासिसुत्त, मज्झिमनिकाये।।
2. महावीर स्वामी ने कालान्तर में इस चतुर्याम में पांचवां "ब्रह्मचर्य" व्रत को जोडा था।
3. भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि–चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुण–कर्म–विभागशः। (गीता, 4–13)

नहीं थे। बल्कि वह "महर्षि" पद को प्राप्त भी कर सकते हैं। मातंग ऋषि चाण्डाल थे। इससे सिद्ध होता है कि वर्णाश्रम धर्म जैसा कोई सनातन धर्म कभी था ही नहीं![3] (6) श्री कोसम्बी ने "मध्यम मार्ग" को भी, सुजाता के साथ बातचीत करते हुए बोधिसत्त्व के मुख से स्पष्ट किया है:-यज्ञ-यागादि एवं तपश्चरण के बीच में कोई धर्ममार्ग होना ही चाहिए, जिसकी बोधिसत्त्व अन्वेषणा करना चाहते हैं।

(अलबत्ता, इन विशेष ध्यानाकर्षक बिन्दुओं का परिगणन करते हुए यह भी निर्देश्य है कि श्रीधर्मानन्द जी ने अपने नाटक में मैत्री-मुदिता-करुणा की कोई खास बात नहीं की है। तथा बुद्धत्व प्राप्ति और तदनन्तर चार आर्य सत्यादि के कथन रूप धर्मचक्र-प्रवर्तन को नाटक का विषय नहीं बनाया है। क्योंकि बौद्धानुयायियों को बुद्धत्व प्राप्ति के बाद, बुद्ध को मंचन का विषय बनाना पसंद नहीं आयेगा।।) इति दिक्।।

[6]

नाट्यशास्त्र, अभिनवगुप्त एवं प्रस्तुत नाट्यकृति का शान्त-रस

यद्यपि भरत मुनि ने मूल में तो आठ रसों का एवं आठ ही स्थायि भावों का विधान किया था। किन्तु कालान्तर में उन कारिकाओं में पाठभेद दाखिल करके नवम रस तथा नवम स्थायि भाव का प्रदर्शन भी किया गया। जैसे कि-

शृङ्गारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञाः शान्ताश्च नव नाट्यरसाः।। (6-15), एवं-

रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा।
जुगुप्साविस्मयशमाः स्थायि-भावाः प्रकीर्तिताः।। (6-17)

उसी तरह से इन नव रसों के अलग अलग अधिदेवताओं का निरूपण करनेवाली कारिकाओं में भी पाठभेद का निर्देश करके, अभिनवगुप्त ने शान्त रस के अधिदेवता के रूप में कोई दूसरे देवता नहीं, बल्कि भगवान् बुद्ध का ही उल्लेख किया है:- *शृङ्गारो विष्णुदैवत्यो हास्यः प्रमथदैवतः। रौद्रो रुद्रदैवत्यः करुणो यमदैवतः।।* (6-44), *बीभत्सस्य महाकालः कालदेवो भयानकः। वीरो महेन्द्रदेवः स्याद् बुद्धः शान्तेऽब्जजो-ऽद्भुते।।* (6-45)।। इस पाठभेद का विवरण देते हुए अभिनवगुप्त ने लिखा है कि-"बुद्धः शान्ते-ऽब्जजोऽद्भुते" इति शान्तवादिनः केचित् पठन्ति। बुद्धो जिनः परोपकारैकपरः प्रबुद्धो वा।। (नाट्यशास्त्रम्, भाग-1, सं. रामकृष्ण कवि, ओरिएन्टल इन्स्टीट्युट, वडोदरा, 1992, पृ. 293)

यहाँ, शान्त रस के स्थायि भाव के रूप में शम को निर्दिष्ट किया है।

लेकिन अभिनवभारती में दिये मतमतान्तरों के अनुसार "उत्साह", "जुगुप्सा", अथवा "तत्त्वज्ञानजन्य निर्वेद" को भी शान्त रस के स्थायि भाव बताये गयें हैं। (नाट्यशास्त्र, पृ. 262) अभिनवगुप्त ने शान्त रस के अधिदेवता के रूप में बुद्ध का नामोल्लेख किया है, किन्तु बुद्ध जिसमें नायक हो और प्रधान रस शान्त हो ऐसी कोई नाट्यकृति का उदाहरण नहीं दिया है।[1] प्रस्तुत नाटक में भगवान् बुद्ध को नायक के रूप में निरूपित किये गये हैं, जो भी दयावीर, करुणावीर होने के साथ साथ "धीरप्रशान्त" नायक कहे जा सकते हैं। नायक बुद्ध के जीवन के पूर्वार्ध को दो चरणों में विभक्त करके देखें तो-प्रथम चरण में (तत्त्वज्ञान-जनित) **निर्वेद** और दूसरे चरण में अपने सद्धर्म का बहुजन हिताय प्रचार करने का **उत्साह** इन दो स्थायि भावों को देखे जा सकते हैं। संसार में फैले जरा, रोग और मरण जैसे अपरिहार्य दुःखों के ज्ञान से पैदा हुए निर्वेद से ही वे संसार से उपरत हो गये थे और उन्होंने महाभिनिष्क्रमण किया था। तथा अतिकठोर तपश्चर्या से प्राप्त हुए बुद्धत्व के बाद, 45 वर्षों तक उन्होंने जो निरन्तर धर्मोपदेश किया, उसमें परोपकारैक पर जीवन-यापन करने का उनका "उत्साह" भी स्थायि के रूप में देखा जा सकता है। अभिनवगुप्त ने इन दोनों में से किसी एक स्थायि भाव से भी "शान्त रस" की निष्पत्ति को सम्भवित मानी है, प्रस्तुत नाटक में बुद्ध के जीवन की घटनाओं में तो दोनों ही स्थायि भाव क्रमशः प्रवृत्त हुए हैं ऐसा उभर कर सामने आ रहे हैं। इति दिक्।।

[7]

बुद्ध के जीवन के किन बिन्दुओं पर ध्यान दिया गया है?

ख्यात इतिवृत्त के रूप में बुद्ध के जीवन की घटनाओं को लेकर जब एक नाट्यकृति की रचना करने का संकल्प किया तब सब से पहले निम्नोक्त बिन्दु सामने आते हैं:--

1. बुद्ध को पलायनवादी कहा जाय या नहीं? (क) सिद्धार्थ ने सो रही यशोधरा को बिना जगायें गृहत्याग किया था। इस प्रसंग में उन्होंने पूर्व-जीवन के किस सन्दर्भ को ध्यान में रखते हुए, धर्मशीला पत्नी की मूक सम्मति मान ली होगी?, (ख) तथा सिद्धार्थ के मन में वह कौन सा विचार हो सकता है कि जिसके कारण वे बालक राहुल को भी छोड पाते हैं?-इस पर क्या सोच रखी जा सकती है?।

---

1. अभिनवगुप्त ने नागानन्द नाटक के नायक जीमूतवाहन को दयावीर प्रकार का नायक बताया है।

2. अनेक विचारकों ने माना है कि सिद्धार्थ ने युवावस्था में पहुँचने तक कोई दुःखदायी दृश्य या प्रसंग देखा ही न हो-यह सम्भव ही नहीं है। अतः राजहंस पक्षी के निमित्त से सिद्धार्थ को वास्तविक जगत् की कुरूपता का पहला परिचय हो गया था-इसको प्रदर्शित करना आवश्यक समझा गया है।

3. इसी देवदत्त के पक्षीवेध निमित्त से खडे हुए विवाद एवं विरोध में, भविष्य में देवदत्त की प्रतिनायक की भूमिका का बीजवपन करना उपकारक माना गया है।

4. बुद्ध ने अपने जीवन के उत्तर भाग में, नारियों को भिक्खुणी बनने के लिए अनुमति दी थी-इस ऐतिहासिक प्रसंग को किस दृष्टि से उपयोग में लिया जाना चाहिए?, दूसरे शब्दों में कहे तो-बौद्ध-धर्म को विश्व-धर्म की भूमिका पर पहुँचाने में धर्मशीला यशोधरा की भूमिका कैसे प्रकट की जाय?।

5. बुद्ध के पालि वचनों का संस्कृतानुवाद करके, उनके तत्त्वचिन्तन को नाटक के कथानक में बीच बीच में सहज रूप से बुन लेना भी अनिवार्य था। क्योंकि महान् विभूतियों के जीवन में घटी केवल घटनाएं ही महत्त्व नहीं रखती हैं। बल्कि उन घटनाओं के साथ साथ उच्चरित बोधिवचन ही अन्ततो गत्वा सही महत्त्व रखते हैं। अतः प्रस्तुत कृति में बुद्ध के-(1) चार आर्य सत्य, (2) पञ्चशील, (3) दो अतिओं का त्याग एवं मध्यम मार्ग का अवलम्बन, (4) आत्मदीपो भव-की सिख, (5) उपेक्षा, मुदिता, मैत्री एवं करुणा की भावनाएं, (6) सर्वं दुःखम् का विवरण, (7) वर्ण-जाति प्रथा का विरोध, (8) वैदिक यज्ञ-संस्कृति का अस्वीकार आदि को भी उजागर करना अपेक्षित है। (जिससे विशेष जिज्ञासु के मन में मूल आकर ग्रन्थों-त्रिपिटकों-का स्वाध्याय करने की रुचि पैदा हो जाय।)

एवं मे पहितत्तं पि किं जीवितमनुपुच्छसि।।6।।

अर्थात्-मुझे इस तरह का पुण्य थोड़ा भी नहीं चाहिए। जो इस तरह का पुण्य चाहिता हो उसी को मार ऐसा उपदेश दे।(5)। मुझे मुझ में विश्वास है, श्रद्धा, उत्साह एवं प्रज्ञा भी है। इस तरह से मेरी आत्मा निर्वाण-परायण है फिर भी तू मुझे क्यों मृत्यु का भय दिखाता है?(6)। पुनरपि सिद्धार्थ कहता है कि-

कामा ते पठमा सेना दुतिया अरति वुच्चति।
ततिया खुप्पिपासा ते चतुत्थी तण्हा पवुच्चति।।7।।

पंचमी थीनमद्धं ते छठ्ठा भीरुपवुच्चति।
सप्तमी विचिकिच्छा ते मक्खो थंभो ते अठ्ठमो।।8।।

लाभो सिलोको सक्कारो मिच्छा लद्धो चयो यसो।
यो चत्तानं समुक्कंसे परे च अवजानति।।9।।

एसा नमुचि ते सेना कण्हस्साभिप्पहारणी।
न तं असूरो जिनाति जेत्वा च लभते सुखं।।10।।

अर्थात्- (हे मार!) इन्द्रियों को सुख देने वाली विलास-सामग्री वह तेरी पहली सेना है। अरति (कंटाला, कार्य में अरुचि[1]) दूसरी सेना, भूख एवं प्यास तीसरी सेना है। विषयोपभोग की इच्छा वह चौथी सेना है। आलस्य पांचवी और भीति छठी सेना है। कुशंका एवं गर्व होना वे तुम्हारी सातवीं और आठवीं सेनाएं हैं।(7-8)। तदुपरान्त, लाभ, सत्कार एवं पूजा ये सब तुम्हारी नवमी सेना है। तथा गलतमार्ग से प्राप्त की गई कीर्ति वह दशमी सेना है। ऐसी कीर्ति प्राप्त होने पर व्यक्ति आत्मस्तुति एवं परनिन्दा करता है।(9)। हे काला नमुचि (मार)! साधु व्यक्ति पर आक्रमण करने वाली ये तेरी सेना है। भीरु व्यक्ति उसको जीत नहीं सकता है। किन्तु जो सही शूरवीर होता है, वही तुझे जीत सकता है और सुख प्राप्त कर सकता है।(10)। पुनरपि तपस्वी सिद्धार्थ ने कहा-

पगाळ्हा पेत्थ न दिस्सन्ति एते समणब्राह्मणा।
तं च मग्गं न जानन्ति येन गच्छन्ति सुव्वता।।11।।

यं ते तं नप्पसहति सेनं लोको सदेवको।
तं ते पञ्ञाय गच्छामि आमं पत्तं ब अम्हना।।12।।

अर्थात्-(हे मार!) ये सारे श्रमण एवं सभी ब्राह्मण तेरी सेना के सामने पराजित हो चुके हैं, वे शील आदि गुणों से शोभित नहीं हैं। तथा महर्षि जिस मार्ग से जाते हैं, उस मार्ग को वे नहीं जानते हैं।(11)। तेरी इस सेना के आगे देव हो या मनुष्य टिक नहीं सकता है। किन्तु जैसे कच्ची मिट्टी से बने घट को पाषाण तोड़ दे उसी तरह से मैं मेरी प्रज्ञा से तेरा पराभव कर दूँगा।(12)। .... मार ने अपना पराजय स्वीकारते हुए जो कहा उसका निरूपण करने वाली दो गाथाएँ द्रष्टव्य है:-

---

1. श्रीराहुल सांकृत्यायन जी ने अरति शब्द का जो अर्थ दिया है, वह पुनर्विचारणीय है। मेरे मत से "किसी के अभ्युदय को न देख पाना और उस के प्रति ईर्ष्या पैदा होना" वह अरति है। तथा यह अरति शब्द मुदिता शब्द के विरोधार्थ में प्रयुक्त है। (मार ने भी इसी अर्थ में इस अरति को अपनी एक सेना घोषित की है।)

सत्त वस्सानि भगवंतं अनुबंधि .पदापदं।
ओत्तारं नाधिगच्छिस्सं संबुद्धस्य सतिमतो।।

तस्स सोकपरेतस्स वीणा कक्खा अभस्सथ।
ततो सो दुम्मनो पक्खों तत्थेवंतरधायथा ति।।

अर्थात्-"मैं सात वर्षों तक निरंतर भगवान् के पीछे लगा रहा था। किन्तु विवेकी बुद्ध का एक भी छिद्र मुझे मिला नहीं"। इस तरह से, मार शोक से संतप्त हो गया और उसके हाथ की कक्षा से वीणा नीचे गिर गई। तब वह दुःखी हो कर, वहाँ से अन्तर्धान हो गया।।

मार एवं सिद्धार्थ के बीच मे हुए उपर्युक्त युद्ध का वर्णन रूपकात्मक है। इसका विवरण देते हुए श्री धर्मानन्द कोसम्बी ने लिखा है कि-मनुष्य-प्रजा का कल्याण करने को कोई उद्यत होगा तो उस पर प्रहार करने वाली मारसेना कामोपभोग की ही होगी। व्यक्ति उसका दमन करके एक पाँव आगे बढायेगा उसी के साथ असंतोष आक्रमण कर देगा। तदनन्तर क्षुधा-पिपासा इत्यादि एक के बाद दूसरी सेना आक्रमण शुरू कर देती है। इन सब के ऊपर विजय हासिल किये बिना कल्याणकारक मार्ग का साक्षात्कार होना सम्भव ही नहीं है। अतः बुद्ध ने मार का पराजय किया-उसका मतलब यह होता है कि उपरि निर्दिष्ट सभी मनोवृत्तियों पर उन्होंने जित हासिल की। इस मार्ग पर चलते हुए बोधिसत्त्व का क्रमिक विकास कैसे होता गया उसका स्वाभाविक अनुमान किया जा सकता है।।[1]

मार-विजय के बाद सिद्धार्थ को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई। उसके कारण उनको संबुद्ध, तथागत, सुगत, धर्मराज, महाभिषक्, मारजित्, जिन इत्यादि अनेक संज्ञाएँ मिली हैं। बोधि प्राप्ति के बाद बुद्ध सात दिनों तक विमुक्ति सुख का अनुभव करते हुए एक ही आसन पर बैठे रहे थे। सप्तम दिन की रात्रि में उन्होंने निम्नोक्त शब्दों में आनन्दोद्‌गार निकालेः-

यदा हवे पातुभवन्ति धम्मा आतापिनो झायतो ब्राह्मणस्स।
विधूपयं तिठ्ठति मारसेनं सुरियो व ओभासयमंतळिक्खं ति।।

"ध्यानी एवं उत्साही ब्राह्मण को जिस समय धर्मज्ञान का साक्षात्कार होता है, उस समय वह मार की सेना का विध्वंस कर देता है। एवं अन्तरिक्ष में सूर्य की भांति प्रकाशित होने लगता है"।। उस काल में बुद्ध नेरंजना नदी के तट पर रहते थे। तब उनके मन में निम्नोक्त विचार आने लगेः-

---

1. बुद्धचरित, लेखक-धर्मानन्द कोसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, 1998, पृ. 107

किच्छेन मे अधिगतं हलं दानि पकासितुं।
रागदोस-परेतेहि नायं धम्मो सुसंबुद्धो।।

पाटिसोतगामिं निपुणं गंभीरं दुद्दसं अणुं।
रागरत्ता न देक्खन्ति तमोखन्धेन आवुता ति।।

अर्थात्-"भारी प्रयत्नों से अर्जित मेरा ज्ञान लोगों को बताना निरर्थक लगता है। क्योंकि राग एवं द्वेष से भरे पड़े लोग इसको जल्दी से समझ नहीं पायेंगे। यद्यपि यह मार्ग ज्ञानयुक्त है, गंभीर है, दुरधिगम है एवं सूक्ष्म है, तथापि यह मार्ग लोकप्रवाह से विपरीत जा रहा है। अतः अज्ञानावरण से आच्छादित तथा कामासक्त मनुष्यों को उसका ज्ञान नहीं हो सकेगा"।।

उसी क्षण ब्रह्मदेव के मन में क्षोभ हुआ कि यदि बुद्ध इस सद्धर्म का उपदेश नहीं करेंगे तो प्रजा की महती हानि होगी। अतः तुरंत वे बुद्ध के सम्मुख प्रकट हुए।

उन्होंने कहा-

उट्ठहि वीर विजितसंगाम सत्थवाह अनण विचर लोके।
देसेतु भगवा धम्मं अञ्ञातारो भविस्सन्ति।। (महावग्ग)

अर्थात्-"हे वीर! हे लोकनायक! तुम उठ खड़े हो। तुम ने संग्राम में जित प्राप्त की है और तुम उससे ऋणमुक्त हो गये हो। हे भगवन्, सर्वत्र घूम घूम कर, तुम्हारे धर्म का प्रचार शुरू करो। तुम्हारी बात को समझने वाले भी होंगे ही"।। .... तत्पश्चात् बुद्ध ने धर्मोपदेश करने का निर्णय किया।।

[3]

पिटकों में वर्णित "धर्मचक्र-प्रवर्तन" का प्रसंग

प्रस्तुत नाटक के कथावस्तु का प्रधान विषय "धर्मचक्र-प्रवर्तन"। अतः नाटक के इस केन्द्रवर्ती विषय का वर्णन प्राचीनतम पिटकों में किन शब्दों में प्राप्त होता है?-यह जानने की इच्छा किसी को भी हो सकती है। इसका निरूपण **मज्झिम-निकाय** के (26) *पासरासि सुत्त* के (5) *धम्मचक्क-पवत्तन* (पृ. 221-222) में मिल रहा है। उसका मूल पालि पाठ निम्नोक्त है:-

अह भिक्खवे, उपक आजीवक गाथाहि अज्झभासि-...

अह हि अरहा लोके, अह सत्था अनुत्तरो।
एकोम्हि सम्मासम्बुद्धो, सीतिभूतोस्मि निब्बुत्तो।।3।।,

धम्मचक्क पवत्तेतु, गच्छामि कासिन पुर।
अन्धभूतस्मि लोकस्मि, आहञ्छ अमत्तदुन्दुभि ति।।4।।

अथ ख्वाह, भिक्खवे, अनुपुब्बेव चारिक चरमानो येन वाराणसी इसिपत्तन मिगदायो येन **पञ्चवग्गिया भिक्खू** दूरतो आगच्छन्त दिस्वान अञ्ञमञ्ञ सण्ठपेसु- "अय खो, **आवुसो समणो गोतमो** आगच्छति बाहुलिको पधानविब्भन्तो आवत्तो बाहुल्लाय। सो नेव अभिवादेतव्वो, न पच्चुट्ठातब्बो, नास्स पत्तचीवर पटिग्गहेतव्व। अपि च खो आसन ठपेतब्ब, सचे आकङ्खिस्सति निसीविस्सती ति। यथा यथा खो अह भिक्खवे उपसङ्कमि तथा तथा पञ्चवग्गिया भिक्खू नासक्खिसु सकाय कतिकाय सण्ठातु। अप्पेकच्चे म पच्चुग्गन्त्वा पत्तचीवर पटिग्गहेसु, अप्पेकच्चे आसन पञ्ञपेसु, अप्पेकच्चे पादोदक उपठ्ठपेसु। ***अपि च खो म नामेन च आवुसोवादेन च समुदाचरन्ति।।***

एवे वुत्ते, अह भिक्खवे पञ्चवग्गिये भिक्खू एतदवोच- ***मा, भिक्खवे, तथागत नामेन च आवुसोवादेन च समुदाचरथ।।*** अरह, भिक्खवे, तथागतो सम्मासम्बुद्धो।। ओदहथ, भिक्खवे, सोत्त। अमतमधिगत ....। एव वुत्ते, अह भिक्खवे, पञ्चवग्गिये भिक्खू एतदेवोच-अभिजानथ मे नो तुम्हे, भिक्खवे, इतो पुब्बे एवरूप भासितमेत्त ति?-नो हेत, भन्ते[1]।।

त्रिपिटकाचार्य राहुल सांकृत्यायन ने उपर्युक्त गद्यखण्ड का अनुवाद[2] दिया है:-हे भिक्षुओं! मैंने उस उपक आजीवक को ऐसी गाथाएँ कही:- मैं संसार में अर्हत् हूँ, अपूर्व शास्ता (गुरु) हूँ। मैं एक सम्यक् सम्बुद्ध, शीतल तथा निर्वाणप्राप्त हूँ।।(3) धर्म का चक्का घुमाने के लिये काशियों के नगर को जा रहा हूँ। (यहाँ) अन्धे हुये लोक में अमृत-दुन्दुभी बजाऊँगा।।(4) .... तब मैं भिक्षुओ! क्रमशः यात्रा (चारिका) करते हुए, जहाँ वाराणसी ऋषिपत्तन मृगदाव था, जहाँ पञ्चवर्गीय भिक्षु थे वहाँ पहुँचा। दूर से आते हुये मुझे पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने देखा। देखते ही आपसमें पक्का किया-"आवुसो![3] यह बाहुलिक (बहुत जमा करनेवाला), साधनाभ्रष्ट बाहुल्य परायण (जमा करने में लगा) श्रमण गौतम आ रहा है। इसे अभिवादन नहीं करना चाहिये, न प्रत्युत्थान (सत्कारार्थ खडा होना) करना चाहिये। न इसके पात्र, चीवर को (आगे बढ कर) लेना चाहिये, केवल आसन

---

1. द्रष्टव्य:-मज्झिम निकाय, 1 मूल पण्णासकम्। सं. पी. वी. बापट, अधिसंपादक-भिक्षु जे. काश्यप, पालि पब्लिकेशन बोर्ड, बिहार सरकार, 1958, पृ. 221-222
2. मज्झिम-निकाय, (26-पासरासि), अनु.-राहुल सांकृत्यायन, महाबोधि सभा, सारनाथ, 1933, पृ. 108
3. पालि में, दो भिक्षुओं बातचीत के दौरान इस संबोधन का प्रयोग आयुष्मान्, मित्र, भ्राता अर्थ में करते हैं।

रख देना चाहिये, यदि इच्छा होगी तो बैठेगा।।"

जैसे जैसे मैं पञ्चवर्गीय भिक्षुओं के समीप आता गया, वैसे ही वे अपनी प्रतिज्ञा पर स्थिर न रह सके। (अन्त में) मेरे पास आ, एक ने मेरे पात्र-चीवर लिये, एकने आसन बिछाया, एकने पादोदक (पैर धोनेका जल) पादपीठ (पैर का पीठा) पादकठलिका (पैर रगडने की लकडी) ला पास रखी। मैं बिछाये आसन पर बैठा। बैठ कर मैंने पैर धोये। वह मेरे लिए "आवुस" शब्द का प्रयोग करते थे। ऐसा करने पर मैंने कहा-"नहीं, भिक्षुओ! तथागत को नाम लेकर या "आवुस" कह कर मत पुकारो। भिक्षुओ, तथागत सम्यक् सम्बुद्ध है। ...... तीसरी बार भी पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने मुझ से (यही) कहा। ऐसा कहने पर मैंने पञ्चवर्गीय भिक्षुओं को कहा-अभिजानाथ मे नो तुम्हे, भिक्खवे, इतो पुब्बे एवरूपं पभावितमेत न्ति। नोहेतं, भन्ते।। (भिक्षुओ, इससे पहिले क्या मैंने कभी इस प्रकार कहा है?" ,-भन्ते, नहीं)।। तत्पश्चात् बुद्ध ने निम्नोक्त शब्दों में चार आर्य सत्यों का, अष्टांगिक मार्ग का उपदेश देते हैं। (इसको "धम्मचक्क-पवट्टन सुत्तं" कहते हैं।)

१३. अथ खो भगवा पञ्च वग्गिये भिक्खू आमन्तेसि-

द्वे मे, भिक्खवे, अन्ता पब्बजितेन न सेवितब्बा। [कतमे द्वे] यो चाय कामेसु कामसुखल्लिकानुयोगो हीनो गम्मो पोथुज्जनिको अनरियो अनत्थसंहितो, यो चायं अत्तकिलमथानुयोगो दुक्खो अनरियो अनत्थसंहितो। एते खो, भिक्खवे, उभो अन्ते अनुपगम्म, मज्झिमा पटिपदा तथागतेन अभिसम्बुद्धा, चक्खुकरणी, ञाण-करणी, उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति।। कतमा च सा, भिक्खवे, मज्झिमा पटिपदा तथागतेन अभिसम्बुद्धा, चक्खुकरणी, ञाणकरणी उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति?।-अयमेव अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो, सेय्यथिदं-सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो, सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, सम्माआजीवो, सम्मावायामो, सम्मासति, सम्मासमाधि। अयं खो सा, भिक्खवे, मज्झिमा पटिपदा तथागतेन अभिसम्बुद्धा, चक्खुकरणी, ञाणकरणी उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति।।

१४. इदं खो पन, भिक्खवे, (1) दुक्खं अरियसच्चं। जातिपि दुक्खा, जरापि दुक्खा, व्याधिपि दुक्खो, मरणम्पि दुक्खं, अप्पियेहि सम्पयोगो दुक्खो, पियेहि विप्पयोगो दुक्खो, यम्पिच्छं न लभति तम्पि दुक्खं। संखितेन, पञ्चुपादानक्खन्धा दुक्खा। (2) इदं खो पन, भिक्खवे, दुक्खसमुदयं अरियसच्चं-यायं तण्हा पोनोब्भविका (= बारं बार भव, जन्म का कारण) *नन्दीरागसहगता*(=सुख की आसक्ति से युक्त) *तत्रतत्राभिनन्दिनी* (= ठौरठौर पर सुख चाहने वाली), *सेय्यथिदं-कामतण्हा,*

भवतण्हा, विभवतण्हा। (3) इदं खो पन, भिक्खवे, दुक्खनिरोधं अरियसच्चं-यो तस्सा येव तण्हाय असेसविरागनिरोधो, चागो, पटिनिस्सग्गो, मुत्ति, अनालयो। (4) इदं खो पन, भिक्खवे, दुक्खनिरोधगामिनी पटिपदा अरियसच्चं-अयमेव अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो, सेय्यथिदं-सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो, सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, सम्माआजीवो, सम्मावायामो, सम्मासति, सम्मासमाधि। अयं खो सा, भिक्खवे, मज्झिमा पटिपदा तथागतेन अभिसम्बुद्धा, चक्खुकरणी, ञाणकरणी उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति।।

१५. *इदं दुक्खं अरियसच्चन्ति मे,भिक्खवे, पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि।।*[1] (पृ. 8 से 10,) यदि इस धम्मचक्क-पवट्टन सुत्तं का सिंहल देश का परम्परागत गान सुनने की इच्छा हो तो यु-ट्युब-https://youtu.be/fOVXgqeyaAY लिंक पर उपलब्ध है। (यह मज्झिमनिकाय (सुत्त सच्चसंयुत्त के दूसरे वग्ग) में एवं विनयपिटक के महावग्ग में आया है। तथा ललित-विस्तर के अध्याय-26 में उसका संस्कृत रूपान्तर दिया है।)

इसका हिन्दी भाषानुवाद ऐसे किया जा सकता है:-अब भगवान् ने पंच वर्गीय भिक्षुओं को (उपदेश के लिए) आमन्त्रित किये-हे भिक्षुओ, साधुको इन दो अतियां का सेवन नहीं करना चाहिए। कौन सी दो अतियाँ? जो १. हीन, ग्राम्य, अनाडी मनुष्यों के योग्य, अनार्यों के द्वारा सेवित, अनर्थों के समुदाय रूप, कामवासनाओं से लिप्त (भोग-विलासादि), और २. जो दुःखमय, अनार्यसेवित, अनर्थों से भरी हो ऐसी आत्मपीडन कारिणी (तपश्चर्या)। भिक्षुओं, इन दोनों ही अतियों में न जाकर, तथागत ने मध्यम-मार्ग को खोज निकाला है। जो कि आंख खोल देनेवाला, शान्ति देने के लिए है, अभिज्ञा के लिए है, परिपूर्ण ज्ञान के लिए है और अन्त में जा कर निर्वाण के लिए है। "यह कौन सा मध्यम-मार्ग तथागत ने खोज निकाला है?", वह तो यही अष्टांगिक मार्ग है, जैसे कि-

1. सम्यक् दृष्टि, 2. सम्यक् संकल्प, 3. सम्यक् वचन, 4. सम्यक् कर्म, 5. सम्यक् जीविका, 6. सम्यक् प्रयत्न, 7. सम्यक् स्मृति, 8. सम्यक् समाधि। यह है भिक्षुओं! मध्यम मार्ग जिसको तथागत ने...... खोज निकाला है।

यह भिक्षुओं, (क) दुःख आर्य सत्य (यही सच्चाई) है। जैसे कि-जन्म भी दुःख है, जरा भी दुःख है, व्याधि भी दुःख है, मरण भी दुःख है। अप्रियों का संयोग दुःख है, प्रियों का वियोग भी दुःख है। इच्छित चीज का नहीं मिलना

---

1. विपश्यना रिसर्च इन्स्टीट्युट, ओन-लाईन तिपिटक, www.tipitaka.org,

भी दुःख है। संक्षेप में, सारे भौतिक एवं अभौतिक पदार्थ (= पाँच उपादनस्कन्ध) ही दुःख है। (ख) भिक्षुओ, दुःखसमुदय (=दुःख उत्पन्न होने का कारण) आर्य सत्य है। यह जो तृष्णा है, जैसे कि-फिर से जन्म लेने की, खूश होने की, रागसहित जहाँ तहाँ प्रसन्नता प्राप्त करने की तृष्णा है। एवमेव, कामतृष्णा, भव (जन्म) तृष्णा, विभव (आत्मघात करने की) तृष्णा।। (ग) हे भिक्षुओ, दुःखनिरोध होने की सम्भावना है वह भी आर्य सत्य है। (वह कैसे हांसिल होगा?) इन्हीं तृष्णाओं से सर्वथा विरक्त हो जाने से, तृष्णा का निरोध (त्याग) करने से, उससे प्रतिनिस्सर्ग यानी मुक्ति (निलीन) प्राप्त कर लेने से सम्भव है। (घ) हे भिक्षुओ, यह है दुःखनिरोध की ओर ले जाने वाला मार्ग (=दुःखनिरोधगामिनी प्रतिपद्) भी चौथा आर्य सत्य है। और, यही अष्टांगिक मार्ग है। ....

"यह दुःख पहला आर्य सत्य है"-भिक्षुओ, यह न सुने धर्मो के विषय में मेरी आंख खुली है, मुझे ज्ञान उत्पन्न हुआ है, प्रज्ञा उत्पन्न हुई है, विद्या उत्पन्न हुई है, मुझे नया आलोक मिला हुआ है। यह मुझे पहले न सुने गये धर्मों में.. ...। (इत्यादि)

विनय-पिटक (महावग्ग की पंच वग्गीय कथा) के इस उद्धरण जैसे ही शब्द मज्झिम-निकाय में भी पुनरुक्त किये गये मिलते हैं। अब ध्यातव्य बिन्दु ये हैं कि-1. बुद्ध ने जिनको सब से पहला धर्मोपदेश दिया था, वे "पञ्च-वर्गीय भिक्षु" के नाम से निर्दिष्ट हैं। तथा उन पांचों में से केवल कौण्डिन्य को ही इस उपदेश को सुनते ही उसके धर्मचक्षु खुल गये, यानी उसको बुद्ध के तत्त्वदर्शन का सम्यक् बोध हो गया था।[1] (यह वही कौण्डिन्य है कि जिसने पहले "सिद्धार्थ केवल परिव्राजक ही बनेगा" ऐसा भाविकथन किया था।) 2. बुद्धत्व प्राप्त करके वे ऋषिपत्तन की ओर जा रहे थे तब उनको मार्ग में पहला "उपक" नामका आजीवक मिला था। जिसको उन्होंने कहा था कि मैं काशी नगर में धर्मचक्र-प्रवर्तन के लिए जा रहा हूँ। 3. उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं ने बुद्ध को "आवुसो"[2], "गौतम" जैसे संबोधन से पुकारा था। 4. तथा बुद्ध ने ही उन सब को ऐसा संबोधन नहीं करने को कहा था। क्योंकि, उन्होंने कहा कि अब मैं "तथागत" हूँ।। (द्रष्टव्यः-विनयपिटक, महावग्ग, अनु. राहुल सांकृत्यायन, महाबोधि सभा, सारनाथ, 1935, पृ. 80)

---

1. इमस्ममिञ्च प वेय्याकरणस्मिं भञ्जमाने आयस्मतो कोण्डञ्ञस्स विरजं वीतमलं धम्मचक्खु उदपादि।
2. आयुष्मान्, मित्र, भ्राता-Pali-English Dictionary, Ed.T. W.Rhys DeviosQ, Pali Text Society, 1952, p. 113

[4]

प्रतिनायक के रूप में देवदत्त की प्रवृत्तियाँ।

बुद्ध की जीवनयात्रा में देवदत्त नाम का व्यक्ति प्रतिनायक की भूमिका में सदैव कार्यरत रहा था-ऐसे अनेक सन्दर्भ विनयपिटक एवं ललितविस्तारादि में मिलते हैं। देवदत्त को यद्यपि सिद्धार्थ की बुआ का पुत्र कहा गया है। किन्तु वह चिरकाल तक सिद्धार्थ का द्वेषी ही रहा था। उसने एक बार किसी पक्षी का शिकार किया था, जिसको सिद्धार्थ ने सुरक्षित कर लिया था ऐसी परम्परागत कथा बहुशः संस्कृत में लिखे गये बौद्ध साहित्य में सुनाई पड़ती है। इस घटना के बाद, उसके मन में सिद्धार्थ के प्रति विरोध का अंकुरण होता है, जो आगे चल कर निरंतर वृद्धिंगत होता रहा है। त्रिपिटकों में या ललितविस्तर या जातक-कथाओं में यह प्रसंग कदाचित् नहीं मिलता है। सिद्धार्थ के विवाह का वर्णन भी त्रिपिटकों में वर्णित नहीं है, किन्तु वह ललितविस्तर में (शिल्प-संदर्शन-परिवर्त प्रकरण में) अवश्य मिलता है। वहाँ पर विवाह-विधि से पूर्व एवं पश्चात् उसने बाधाएँ डाली थीं। सिद्धार्थ के मार्ग में एक हाथी को मार कर, मार्ग को अवरुद्ध करने के लिए फेंक रखा था। बाद में सिद्धार्थ ने अपने पाँव के अंगुष्ठ से उसको सुदूर हटा दिया ऐसा कहा गया है:-

यथा मत्तगजेन्द्रगतीनामापादङ्गुष्ठतलेन गजेन्द्रम्।

सप्त पुरापरिखा अतिक्रम्य क्षिप्तु बहिःषु पुरादयं हि। श्लोक-355।

सिद्धार्थ उससे कभी विचलित नहीं हुए एवं उसके सामने साक्षात् टकराव में भी नहीं आये।

धर्मचक्र-प्रवर्तन के बाद– बौद्धसंघ का उत्कर्ष हुआ और साथ साथ में कैसी कैसी विपत्तियों से स्वयं बुद्ध गुजरे और उनके संघ में फुट पडाने के लिए भी जो प्रयास हुए उन सब का घटनाचक्र भी रोचक होने के साथ साथ, प्रस्तुत नाटक के चतुर्थ एवं पंचमांक के प्रवेशकों में निर्दिष्ट प्रसंगों को समझने के लिए ज्ञातव्य भी है:-

सारनाथ के मृगदव में जिनको प्रथम धर्मोपदेश दिया गया वे थे पञ्चवर्गीय भिक्षुओं। उन पाँच का पहला संघ बना। आरम्भ में तो, बुद्ध ने इन पाँचों को विभिन्न दिशा में जा कर बुद्ध के सद्धर्म का प्रचार करने का कार्य सोंपा। यदि किसी को बुद्ध का अनुयायी होने की इच्छा होवे तो वे ऐसे मुमुक्षुओं को बुद्ध के पास ले आते थे। और बुद्ध ही उस व्यक्ति को "उपसम्पदा" (=प्रव्रज्या) देते थे। इस क्रम में सब से पहले वाराणसी के एक धनाढ्य श्रेष्ठी का कुलपुत्र,

जिसका नाम यश था उसकी पहले प्रव्रज्या हुई थी। उसी यश की सिद्धि को देख कर उसके ही अन्य चार मित्रों ने भी बुद्ध के पास आ कर, प्रव्रज्या ले ली। उनके नाम थे:-विमल, सुबाहु, पूर्णजित और गवांपति। इस तरह से बौद्धसंघ में कुल 11 भिक्षुओं का समूह बना। तत्पश्चात् उसमें 50 जानपद (देहातियों) एवं गृहस्थों का समावेश हुआ। अब कुल संख्या हुई 61 की। उन सब ने अर्हत् पद को प्राप्त किया था।। किन्तु भगवान् बुद्ध ने अब इन 60 भिक्षुओं को अन्य मुमुक्षुओं को प्रव्रज्या देने की अनुमति दे दी। क्योंकि ये सारे भिक्षु भिन्न भिन्न ग्रामों में घूमते थे और वहाँ से नये नये व्यक्तियों को पास ले आने में दोनों को कष्ट होता था। अतः बुद्ध ने उपसम्पदा (प्रव्रज्या) देने की विधि को नियमबद्ध कर दी और तदनुसार नवीनों की प्रव्रज्या होने लगी।।

तीसरे दौर में, तीस भद्रवर्गीय गृहस्थों ने प्रव्रज्या ली। बाद में, गुरु संजय को छोड कर, शारिपुत्र और उसका मित्र मौद्गल्यायन बौद्धसंघ में प्रव्रजित हुए। उन दोनों की प्रव्रज्या के अनुपद, संजय के 250 शिष्य भी चले आयें। तथा वाराणसी में महाकाश्यप जटिल, नदीकश्यप तथा गयाकाश्यप नाम के तीन भाइयों, जो उस समय अग्निहोत्र चला रहे थे वे अपने अपने 500 + 300 + 200 = 1000 शिष्यों को लेकर, बौद्धसंघ में प्रविष्ट हो गये। (अब संघ में भिक्षुओं की संख्या 1343 हो गई।) यद्यपि यह महाकाश्यप इतनी सरलता या शीघ्रता के साथ बौद्ध भिक्षु नहीं बना था। पंदरह दिन बुद्ध ने उस काश्यप के अग्निशरण स्थान में निवास करके, बहुविध चमत्कार किये थे। तत्पश्चात् वह प्रभावित हुआ था और प्रव्रज्या ली थी। लेकिन शायद यह वही व्यक्ति है कि जिसने ही भगवान् बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद, सभी भिक्षुओं को एकत्रित करके, पांचसौ अर्हतों, उपालि और आनन्द के पास बुद्धवचनों का पप्रथम संगायन करवाया था। आनन्द ने "एवं मे श्रुतम्, भिक्खवे" शब्दों से आरम्भ करके, सभी सुत्तों का गान किया। उससे "सुत्तपिटक" का पाठ पहली बार तैयार हुआ। एवं उपालि ने बुद्ध के द्वारा सभी भिक्षुओं के लिए जिन करणीय और अकरणीय कार्यों के नियम बनाये थे, उनका गान किया। इससे "विनयपिटक" का प्रथम बार पाठ निश्चित हुआ।

इसके बाद, श्रेष्ठी अनाथपिण्डक की प्रव्रज्या हुई। जिसने सुवर्णमुद्राओं से समग्र जेतवन को आच्छादित करके, उस स्थान की जमीन खरीद ली और संघ के साथ भगवान् बुद्ध के निवास के लिए विहार बना कर, गुरु के चरणों में समर्पित किया। अब, (महानाम का अनुज भ्राता) अनुरुद्ध, भद्रिक आदि पाँच शाक्य कुमार, छट्ठा देवदत्त और सातवाँ उपालि नामका हजाम-इन सातों की प्रव्रज्या होती है। (उन छह ने पहले तो रास्ते में ही अपने किंमती वस्त्राभूषण और सुवर्णालंकार निकाल कर, उनकी हजामत करने वाले उपालि को भेट कर दिया।

तथा घर वापस चले जाने को कहा। किन्तु उपालि ने रास्ते में सोचा कि मैं क्यों सद्धर्म से वंचित रहूँ? और इन सुवर्णालंकार लेकर घर वापस भी जाउँगा तो शाक्य-प्रजा क्रोधी है। शायद मुझे ही मार डालेगी। अतः वह बुद्ध के विहार की ओर फिर से जाना शुरू कर देता है। उसके पास जो किंमती वस्त्राभूषण तथा सुवर्णालंकार थे उनको मार्ग के बीच में खडे वृक्षों की शाखाओं पर टांग दिये और लिख दिया-"जो देखे, उसको दे दिया-ऐसा समझ लेना"! वह खाली हाथ बुद्ध के पास पहुँचा। उन छह भद्रिक शाक्य कुमारों ने बुद्ध से प्रार्थना की कि इस हजाम उपालि को ही पहले प्रव्रज्या दो, ताकि हम उसकी वन्दना करें। ऐसा करने से हमारा अभिमान, गर्व, अहंकार का मर्दन होगा। फिर हम प्रव्रज्या के लिए योग्य बनेंगे। लेकिन इन सातों में जो देवदत्त ने प्रव्रज्या ली थी, वह सद्-आशय से नहीं ली थी। वह तो अन्दर से भगवान् बुद्ध का द्वेष करने वाला था। (बहुत पहले से ही उसने बुद्ध के साथ वैर बांध रखा था।) तथा स्वयं महन्ताई भी करना चाहता था। अतः वह क्रमशः अपनी चाल चलने लगा, जैसे कि-

1. उसने बुद्ध को सब से पहले कहा कि आप वृद्ध हो गये हैं, आप निवृत्त हो जाईए, तथा मुझे संघ का नेतृत्व सोंप दीजिएगा। बुद्ध ने कहाः-मैं मेरे संघ का नेतृत्व तो शारिपुत्र और मौद्गल्यायन को भी नहीं सोंप सकता, तो तुम्हें कैसे वह दे दूँ? [विनय-पिटक के चुल्ल वग्गो में संघभेद-स्कंधक में आये हुए मूल पालि के शब्द इस तरह के है:- *जिण्णो दानिं, भन्ते, भगवा वुड्ठो महल्लको अध्वगतो वयो अनुप्पत्तो। अप्पोस्सुक्को दानिं, भन्ते, भगवा दिठ्ठधम्मसुखविहारं अनुयुत्तो विहरतु, ममं भिक्खु-संघं निसज्जतु। अहं भिक्खुसंघं परिहरिस्सामि त्ति। (बुद्धः-) अलं देवदत्त, मा ते रुच्चि भिक्खुसंघं परिहरितु न्ति। दुतियं पि देवदत्त, ततीयं पि खो, भगवन्तं एतद् अवोचत।।*]

2. देवदत्त ने बिम्बिसार के पुत्र अजातशत्रु को उकसाया। उसको समझाया कि आजकल लोग अल्प-आयुष्य वाले भी होते हैं। हो सकता है कि तू पहले मर जाय और कभी राजा ही न हो पावे। अतः तू पिता बिम्बिसार का वध करके राजत्व प्राप्त कर ले। अजातशत्रु ने पिता की हत्या करने का प्रयास तो किया, लेकिन पकडा गया। फिर भी पिता बिम्बिसार ने उसको बुला कर पुछा-तू ने ऐसा कृत्य क्यूं किया? तू क्या चाहता है?। उसने कहा मैं राजगादी चाहता हूँ। पिता ने तुरंत राजगादी उसको सोंप दी। (यह वही बिम्बिसार है, जिसने सिद्धार्थ को गृहत्याग के बाद, अपना आधा राज्य देने का प्रस्ताव रखा था।)

अब, देवदत्त ने अजातशत्रु के राजा बनने के बाद, चालाकी करके अजातशत्रु को प्रभावित किया और बुद्ध की हत्या करवाने के लिए किसी व्यक्ति को भेजने की योजना बनाई। बुद्ध को मार डाल कर जब वह व्यक्ति वापस आये

तो, उसको भी रास्ते में ही मरवा देने का भी आयोजन उसने कर लिया था। किन्तु भगवान् बुद्ध ने अपने योगबल से सब कुछ जान लिया और उस हत्यारे को अपने वश में कर लिया। तथा देवदत्त ने उसको भी मरवाने की जो योजना बनाई थी, उसको भी विफल कर दी। उस हत्यारे को जीवनदान मिल गया।

3. अब, स्वयं देवदत्त ने बुद्ध की हत्या करने का कार्य अपने ही हाथ में ले लिया। जब बुद्ध गृध्रकूट पर्वत की तराई में चंक्रमण कर (टहल) रहे थे, तब देवदत्त ने उपर से एक बडी शिला को नीचे, बुद्ध के मस्तक पर गिरा दी। किन्तु भाग्यवशात् शिला दो पर्वतकूटों के बीच में ही फंस गई। तथापि उस शिला का एक छोटा सा खण्ड तो नीचे गिरा ही, जिसके द्वारा बुद्ध के पाँव में चोट आई और रुधिरपात होने लगा।

4. देवदत्त ने बुद्ध से एक बार मिल कर, संघ के नियमों को अधिक कठोर बनाने की सलाह दी। क्योंकि वह सोचता था कि ऐसा करने से वह कुछ भिक्षुओं को बुद्ध के विरुद्ध (द्वेषी) कर देने में सफल हो जायेगा। और उन असंतुष्ट भिक्षुओं को बुद्ध से अलग करके, वह उनका नेतृत्व शुरू करने लगेगा। किन्तु बुद्ध ने कहा मेरे संघ में अभी तक तो कोई दोष ने प्रवेश किया नहीं है, फिर भला मैं क्यूं अनुशासन के नियमों को ओर ज्यादा कठोर बनाऊँ?। (देवदत्त ने संघ में विभेद खड़ा करने की जो प्रवृत्तियाँ की थीं उनका वर्णन *लाभसत्कार-संयुत्त* के *छत्तीसवे* सुत्त में विस्तार से कहा गया है। तथा देवदत्त को कालान्तर में अपने पापकर्मों का पश्चात्ताप हुआ था, लेकिन वह बुद्ध के सम्मुख जाकर, क्षमा-याचना करें उसके पहले ही मरणशरण हो गया था।) देवदत्त भेदनीति का आश्रयण करके, बुद्ध के कुछ भिक्षुओं को जब अपने साथ ले गया और स्वतन्त्र रूप से नये संघ की स्थापना करके, भोग-सत्कार सामग्री इकट्ठी करने लगा। इस हकीकत को जान कर, बुद्ध ने शारिपुत्र को कहा कि उन भिक्षुओं पर दया करके, उनको सही मार्ग पर ले आना चाहिए। तुम और मौद्गल्यायन जाय, और हमारे भिक्षुओं को विनष्ट होने से बचा लीजियेगा। शारिपुत्र ने यह कार्य कैसे सम्पन्न किया?-वह निम्नोक्त पेरेग्राफ में बताया है:-

विनयपिटक के चुल्लवग्ग के ततियभाणवरो में देवदत्त के संघभेद करके, बुद्ध के पांच सौ भिक्षुओं के कानभरे और संघ में फुट पडाई थी। वह उन सब को अपने साथ गयाशीर्ष (गया) ले गया था। यह बात जब बुद्ध ने जानी तब शारिपुत्र को यह जिम्मेवारी सोंपी गई कि तू और मौद्गल्यायन उस देवदत्त के पास जाय। तथा हमारे पलायित हुए सभी भिक्षु पुनः उपसंपदा पावे ऐसा कुछ करो। दोनों शिष्य देवदत्त जहाँ धर्मोपदेश कर रहा था, वहाँ पहुँचे। दोनों को आते देख देवदत्त ने मूढता से ऐसा मान लिया कि शारिपुत्र और मौद्गल्यायन बुद्ध को

छोड कर, मेरी शरण में आ गये है! अब, उस आलसी देवदत्त ने शारिपुत्र को कहा कि मैं धर्मोपदेश करते करते थक गया हूँ, अब तू उनको उपदेश कर। क्योंकि मेरी पीठ अगिया गई है, (बैठे बैठे पीठ में पीडा हो रही है) तो थोडी देर मैं लम्बा पडता हूँ। ऐसा कह कर, वह थोडी ही देर में निद्राधीन भी हो गया। इस मौके का उपयोग करके, शारिपुत्र ने उन भ्रमित हुए सभी भिक्षुओं को सही मार्ग का उपदेश दिया। दूसरी ओर, मौद्गल्यायन ने अपनी यौगिक ऋद्धिओं का प्रभाव भी डाला। इस तरह से उन दोनों ने भ्रमित किये गये उन भिक्षुओं की घरवापसी करवाई।। (द्रष्टव्य-अंक 5, श्लोक-1)

5. अब, देवदत्त ने किसी हस्तिपक को साधा। उसके "नालागिरि" नाम के उन्मत्त हाथी को बुद्ध के मार्ग पर दौडा दिया। लेकिन बुद्ध ने उसके सामने मैत्रपूर्ण नेत्रों से देख कर ही, शान्त कर दिया। वह हाथी भी विनम्र होकर, भगवान् के चरणों की धुलिका को मस्तक पर चढा कर, विपरीत कदमों से चल कर, सीधा अपने आप हस्तिशाला में चला गया। तब नगरजनों ने प्रशंसा करनी शुरू की कि-कोई दण्ड से, कोई अंकुश से, कोई दमन से, शस्त्र से हाथी को नियन्त्रित करता है। परन्तु महर्षि बुद्ध ने तो बिना किसी दण्ड से ही नालागिरि का दमन कर दिया है।[1]

6. बुद्ध जब कपिलवस्तु में एक बार भिक्षाटन करते हुए आये और अपने ही घर पहुँचे, तब पिता शुद्धोदन ने पुत्रवधू यशोधरा ने सिद्धार्थ के गृहत्याग बाद, विरही-अवस्था में भी पतिव्रत का कठोर पालन किया है-वह बताया। साथ में यह भी कहा कि सिद्धार्थ ने गृहत्याग कर लिया, तो देवदत्त ने यह सोचा कि चलो मैं ही यशोधरा के साथ विवाह कर लूँ। देवदत्त ने इस दुष्ट-आशय से यशोधरा के पास विवाह का प्रस्ताव भेज भी दिया। लेकिन, शुद्धोदन बताते हैं कि यशोधरा ने तिरस्कारपूर्वक उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। (शुद्धोदन यही बताना चाहते थे कि यशोधरा उच्च कोटि की पतिव्रता धर्मपरायण पत्नी है।)

इस बात को सुन कर, वहाँ पधारे बुद्ध ने एक अतीत कथा (=पूर्व जन्म की) सुनाई। इससे सम्बद्ध कथा का विस्तार जातक-कथा (क्रमांक-285) में किया गया है। इस अतीत कथा चन्द्र किन्नरयुगल की थी, जिसमें बोधिसत्त्व जब अपनी चन्द्रा नामकी किन्नरी को लेकर हिमालय के वनों में घूमने गये थे, तब किसी (अज्ञात नाम के) राजा ने चन्द्र किन्नर की हत्या की थी और चन्द्रा किन्नरी

---

1. विनयपिटक में- *दण्डेनैके दमयन्ति, अङ्कुशेन कशया च।* अदण्डेन, अशस्त्रेण, नागो दान्तो महर्षिणा। इसी प्रसंग के आधार पर "जय मंगला अष्ट गाथा" में बुद्ध का जयकार वर्णित किया है।

से विवाह का प्रस्ताव किया था। किन्तु किन्नरी ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। भगवान् ने इस अतीत कथा का वर्तमान कथा के साथ मेल बिठाते हुए बताया कि वह चन्द्र किन्नरी तो यही यशोधरा है और चन्द्र किन्नर तो मैं बोधिसत्त्व ही था। इससे सूचित होता है कि अतीत-कथा में जो अज्ञात राजा का उल्लेख है, वह वर्तमान काल का देवदत्त ही है। बुद्ध के जीवन में एक ओर अमूर्त (विकृत मनोवृत्तियाँ स्वरूप) प्रतिनायक "मार" खडा था, तथा दूसरी ओर तत्कालिक समाज का एक दुष्ट ईर्ष्यालु व्यक्ति, देवदत्त[1] प्रतिनायक बन कर कार्यरत रहा था।।

देवदत्त के इस तरह से मत्सर-प्रेरित दुष्कर्मों से कुछ समय के लिए भगवान् बुद्ध का जीवन संशय में पड गया था। तथा संघ की एकता भी भयग्रस्त बनी रही थी। यद्यपि शारिपुत्र की कुशलता के कारण उन गुमराह किये गये बौद्ध भिक्षुओं को पुनरपि बुद्धसंघ में वापस भी लाये गये थे। इन प्रसंगों को देखने मालूम होता है कि बुद्ध के धर्मचक्र-प्रवर्तन में कितने सारे बाधक तत्त्व सक्रिय थे।

धर्मचक्र-प्रवर्तन की अपूर्व एवं अद्वितीय ऐतिहासिक घटना में इतनी सारी अवरोधक परिस्थितियों थी, उनमें कुल तीन प्रमुख बाधक तत्त्व दृष्टिसमक्ष आ रहे हैं:-

(क) पारलौकिक दृष्टि से मार के साथ हुआ युद्ध,

(ख) बुद्ध की हत्या करने और करवाने के देवदत्त के हिंसक प्रयास तथा उसकी कूटनीति से भरे प्रयासों से, संघ में फुट पडाने में सफलता और

(ग) बुद्ध के समकाल में स्त्रियों की सुरक्षा के विषय में प्रवर्तमान सामाजिक स्थिति में नारियों को संघ में प्रवेश की अनुमति देने में मन में रही हिचकिचाट। ये तीनों ही अवरोध कालक्रम से क्रमशः विगलित हुए, जिससे धर्मचक्र-प्रवर्तन का महान् कार्य अन्ततो गत्वा सम्पन्न होता है।।

[5]

बुद्ध के कतिपय निर्णयों से संलग्न विवाद।

बोधिप्राप्ति पर्यन्त की यात्रा से जुड़ी कुछ अन्य जानकारियाँ एवं जो विवाद

---

1. किसी ने देवदत्त को सिद्धार्थ की बुआ का पुत्र कहा है,तो धर्मानन्द कोसम्बी ने उसको बोधिसत्त्व का साला कहा है। (किन्तु जातक-कथाओं में निरूपित की गई चन्द्र-किन्नर-युगल की कथा को देखते हुए-त्रिपिटकों का बताना एवं जातक-कंथाओं का बताना समान नहीं है।)

चल रहे हैं-उनका भी आंशिक निरूपण करना आवश्यक है। क्योंकि ख्यात इतिवृत्त में नवीन दृष्टि का प्रवेश होना न केवल आवश्यक होता है, अनिवार्य भी होता है। इस नाट्यकृति की रचना में जिस नवीन दृष्टि से काम लिया गया है उसका विवरण तो प्रस्तावना में दिया हुआ है। लेकिन इस विषय में भूतकाल में जो मतमतान्तर प्रकाशित हुए हैं उनका आंशिक परिचय देना उचित होगा:-राजकुमार सिद्धार्थ ने गृहत्याग किया उस हकीकत के मूल में क्या तथ्य रहा था? इस प्रश्न को लेकर प्रारब्धवादी लोग कहते हैं कि उनकी जन्मकुण्डली में ही वैराग्य एवं गृहत्याग के योग लिखे थे। और वह ज्योतिषशास्त्रीय फलकथन भी द्विधात्मक था। "यह बालक सम्राट् चक्रवर्ती बनेगा अथवा महासंन्यासी बनेगा"। ज्योतिर्विदों के इस भाविकथन से डरे हुए पिता ने उसको अस्वाभाविक रूप से संवर्धित किया। जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि जब उस बालक ने 29 वर्ष की आयु में पहली बार जरा, व्याधि, मरण का साक्षात्कार किया तो वह अन्दर से विचलित हो गया। इस लिये उसने गृहत्याग किया। यदि अर्धदग्ध ज्योतिषियों ने ऐसा द्विधात्मक भाविकथन न किया होता तो सम्भवतः दूसरे तरह का जीवन आकारित हुआ होता।।

प्रारब्धवाद के अलावा, दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि यह बालक मातृ-सुख से किञ्चित् वंचित रहा हो। जिसके कारण कोई अकथित उदासी उसके मन में डटी रही हो, वह बालक अन्तर्मुख होता चला गया हो, (जिसकी सुध उनके पिता को भी न मिली) जो भविष्य में वैराग्य का वटवृक्ष बन जाता है। इस बात की पुष्टि इससे होती है कि स्वयं बुद्ध ने अपने शिष्य सारिपुत्त को बताया था कि वे बचपन में जामुन के वृक्ष के नीचे ध्यानस्थ हुआ करते थे। जिसका पुनः स्मरण होने पर उन्होंने शरीरयात्रा के लिए आवश्यक अन्न ग्रहण करने का भी निर्णय लिया और वे बोधि को प्राप्त कर पाये। इसी को मध्यम मार्ग का नाम दिया गया है। बौद्ध साहित्य की अन्य कृतिओं में बताया है कि-तपश्चर्या के दिनों में उन्होंने किसी गायिका के मुख से "वीणा तन्त्री को न शिथिल छोड़ना या न तो बहुत खींच के रखना" इस तरह से "मध्यम मार्ग" का परोक्ष बोध प्राप्त किया था, लेकिन इस वीणा की उपमा का विनियोग भगवान् बुद्ध ने एक धनाढ्य सोण कोळिविस की प्रव्रज्या के सन्दर्भ में किया था। (जिसके लिए द्रष्टव्य है:-विनयपिटक के महावग्ग के चर्मखन्धक में आये सोण कोळिविस की पब्बज्जा का प्रसंग।)

बुद्ध के गृहत्याग के कारणों की मीमांसा करते हुए प्रॉफे. श्रीसूर्यप्रकाश व्यास जी ने लिखा है कि-"यह गृहत्याग साधारण नहीं, असाधारण था। यह अपने दायित्वों से पलायन नहीं था। युवराज से भावी राजा बनने के अवसर का त्याग

था। माता-पिता, पत्नी-पुत्र और सुख-सुविधाओं का त्याग था और केवल त्याग ही नहीं था, अथवा केवल वैराग्यभाव ही नहीं था। बल्कि संकल्पविशेष के साथ किया हुआ त्याग था। अर्थात् इस घटना में सर्वत्याग, दृढ वैराग्य और उदात्त लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प भी था। इसलिए इसे महाभिनिष्क्रमण नाम दिया गया।

अब इसका कारण चार ऐसे दृश्यों को बताया जाता है तो इसे एक पक्ष उचित नहीं मानता, क्योंकि पूरी सम्भावना है कि 29 वर्ष के विस्तृत कालखण्ड में ऐसे सामान्य (आम) दृश्य उन्होंने पहले भी देखे होंगे। इसलिये इन दृश्यों को महाभिनिष्क्रमण का कारण नहीं माना जा सकता। यह बुद्धकथा के रचनाकारों की कल्पना प्रतीत होती है।

दूसरा पक्ष यह कहता है कि वे अपने 13 वर्ष के दाम्पत्य जीवन की वासनाओं से ऊब चुके थे। इसके फलस्वरूप उनमें सांसारिक जीवन से विरक्ति का भाव जागा। तीसरा पक्ष धर्मानन्द कोसम्बी और काका साहब कालेलकर का है। इसके अनुसार शाक्य और कोलिय गणराज्यों के बीच बहने वाली रोहिणी नदी (के जल) का विवाद बार-बार उग्ररूप ले लेता था। गणराज्यों के परस्पर युद्ध, राजपरिवारों में धन और सत्ता के प्रति आपसी टकराव तथा जनता में कलह को देखते हुए बुद्ध का मन उसी तरह व्याकुल हो रहा था जैसे बिना पानी के मछलियाँ छटपटाती हैं। उन्हें लगा समाज की यह प्रवृत्ति कभी नहीं रुकेगी। दूसरी ओर दो विवाद-कर्ताओं में से किसी एक पक्ष का समर्थन करना भी उन्हें उचित नहीं लगा क्योंकि इससे विवाद शान्त होने के स्थान पर बढ़ जाएगा। युद्ध और कलह का वातावरण उनकी शान्त प्रकृति के विरुद्ध था। इसलिए उन्होंने इन सब से अपने आपको सर्वथा अलग कर लिया। कौरव-पाण्डव युद्ध में बलराम ने भी तो ऐसा ही किया था।। ऊपर बताए प्रसंगों में से एक हो या ये सभी हो या इनसे भिन्न कोई और हो। सामान्यजन के लिए इतना जानना ही आवश्यक है। कारण का विवाद प्रबुद्ध इतिहासकारों पर छोड दिया जाना चाहिए।।"(पृ. 45-46)

उपर्युक्त तीसरी विचारधारा के अनुसार कहीं लोग उस घटना को पलायनवाद का नाम देते हैं। क्योंकि रोहिणी नदी के जल को लेकर कोलियों के साथ वैर चलता रहता था, तब सिद्धार्थ ने इस निमित्त से होने वाले सम्भवित युद्ध में शामिल होने से इन्कार कर दिया था। और इसी सन्दर्भ में उन्होंने गृहत्याग भी किया ऐसा कुछ सन्दर्भों से सूचित होता है। बुद्ध के जीवन की इन घटनाएँ ईसा पूर्व छठी शताब्दी की होने के कारण कुछ निश्चितता पूर्वक कहना मुश्किल है। लेकिन सिद्धार्थ जब पंच वर्गीय साधुओं के साथ तपश्चर्या कर रहे थे, तब भी किसी ने सिद्धार्थ को यह कहा था कि रोहिणी नदी का जलविवाद अब शान्त

हो गया है। अतः वे घर जा सकते हैं। किन्तु वे घर वापसी नहीं करते हैं। इस हकीकत से भी यह सिद्ध होता है कि सिद्धार्थ ने उस युद्ध करने से विमुख रहने के लिए गृहत्याग नहीं किया होगा। यहाँ पर दूसरा विचार बिन्दु, जो डॉ. सूर्यप्रकाश व्यास जी ने दिया है वह भी उल्लेखनीय है:-"कुछ आलोचक बुद्ध के विचारों को इसलिए समाज के लिए हानिकारक मानते हैं कि वे समाज को पलायनवादी बनाते हैं। पलायनवाद का तात्पर्य है प्रत्यक्ष दिखाई देने वाली व्यावहारिक और सांसारिक समस्याओं से संघर्ष करने के बजाय उनसे बचने और पलायन करके जंगल की ओर भागने या तपस्या में अपने आपको गुम कर देने से है।

बुद्ध के बारे में साधारण जानकारी रखने वाला व्यक्ति भी इस आरोप का समर्थन नहीं कर सकता। इसके विपरीत बुद्ध ने राजसुख और परिवार को इसलिए छोड़ा ताकि वे समाज की व्यावहारिक समस्याओं का समाधान खोज सकें-तपोवन में छः वर्ष बहुत कठिनाई से व्यतीत कर उन्हों ने सम्बोधि प्राप्त की तो यह पलायन नहीं था। जीवन के अन्तिम क्षण तक वे समाज की ही सेवा में लगे रहे। ऐसी विभूति को पलायनवादी अथवा असामाजिक कहना उनके प्रति अन्याय है।" (यूँ ही कोई बुद्ध नहीं बनता, पृ. 52-53)

स्त्री-सम्बन्धी तीन विवाद:-(क) बुद्ध ने अपनी पत्नी का त्याग क्यों किया? यह यशोधरा के प्रति उनका अन्याय ही है। इसीके साथ जुड़ा दूसरा बिन्दु यह भी उठाया जाता है कि बौद्ध धर्म में तीन रत्न गिनाये जाते हैं। 1. बुद्ध, 2. धर्म एवं 3. संघ। *(बुद्धं शरणं गच्छामि। धर्मं शरणं गच्छामि। संघं शरणं गच्छामि।)* इनमें से जो तीसरा रत्न है-संघ, उसके सन्दर्भ में एक विवाद यह भी है कि-(ख) उन्हों ने काफी समय तक महिलाओं को प्रव्रज्या देने से निषेध किया था।(ग) तथा भिक्षुणियों के लिए बनाये गये जो नियम थे, वे पुरुष भिक्षुओं के नियमों की अपेक्षा से अधिक कठोर थे। मतलब कि बुद्ध स्त्री-स्वातन्त्र्य के प्रति भी उदार नहीं थे।

इन बिन्दुओं का समाधान निम्नोक्त दृष्टि से किया जा सकता है:-(क) सिद्धार्थ ने पुत्र एवं पत्नी का त्याग करते समय समष्टि के दुःखों के प्रति अपना ध्यान आकृष्ट किया था। और समष्टि के हित में, अन्ततो गत्वा व्यष्टि का हित भी यानी पुत्र और पत्नी का भी भला होने ही वाला था। तथा नीति विषयक सुभाषित में कहा गया है कि- *त्यजेदेकं कुलस्यार्थे, ग्रामस्यार्थे कुलं त्यजेद्। ग्रामं जनपदस्यार्थे, आत्मार्थे पृथिवीं त्यजेत्।।* (कुल की रक्षा होती है, तो कुटुम्ब में से किसी एक को बलि चढ़ाया जा सकता है। ग्राम की रक्षा के लिए एक कुल का

विनाश सह्य है। पूरे जनपद की सुरक्षा का प्रश्न है तो एक ग्राम का विनाश सह्य बनता है, लेकिन अपने आपका हित करना है तो स्वयं के लिए तो समग्र पृथिवी का त्याग करना ही उचित है।) इन दृष्टियों से सोचेंगे तो सिद्धार्थ ने जो पुत्र एवं पत्नी का त्याग किया था वह युक्ति-संगत लगता है।

(ख)-(ग) रही बात स्त्रियों का संघ में प्रवेश करवाने की। और बुद्ध ने भिक्षुणियों को संघ में प्रवेश देने के बाद, जो कठिन नियम बनाये थे, वे स्त्री-स्वातन्त्र्य के विरुद्ध है। (बुद्ध ने भिक्षुणियों के लिए नियम बनाया था कि-"भिक्षुणी को अकेले नहीं रहना। हाँ, यदि कोई भिक्षु अकेला रहना चाहता है तो वह रह सकता है।" तो यह हुआ पक्षपात।-रा. ब. शरच्चन्द्र दास, कोलकाता) ऐसा आक्षेप देने से पहले, हमें बुद्ध के काल और तत्कालिक समाज की स्थिति को भी ध्यान में लेना चाहिए। कुछ ऐसे संकेत मिलते हैं कि बुद्ध के समय में स्त्रियों की सुरक्षा का प्रश्न चिन्ताजनक ही था। त्रिपिटक में एक प्रसंग है:-*"शुभा नामकी भिक्षुणी आम्रवन की ओर अकेली जा रही थी। मार्ग में किसी कामुक पुरुष ने उसको देख लिया। तो वह उसके रूप-सौन्दर्य की खुशामद करने लगा। शुभा ने उसको बहुत बार धर्म का उपदेश दिया। किन्तु वह व्यक्ति कामान्ध था। उसने भिक्षुणी के नेत्रों की प्रशंसा शुरू की। तब भिक्षुणी ने कहा-मेरे नेत्रों की सुन्दरता से ही मैं तुझे प्यारी लगने लगी हूँ, तो ले ये मेरा नेत्र। इतना बोलने के साथ भिक्षुणी ने अपनी अंगुलि से ही अपना नेत्र बाहर निकाल दिया और उसको देने लगी। भिक्षुणी के इस साहसिक कर्म से वह व्यक्ति घबरा गया और प्रणाम करते हुए क्षमा माँगने लगा।"* इस कथानक से दिखता है कि भिक्षुणी को अकेले रहने और कहीं आने-जाने पर क्यूँ पाबन्दियाँ लगाई होगी।

इस सन्दर्भ में, *चुल्लवग्ग* में यह प्रसंग निरूपित है कि बुद्ध ने किस संयोग में अपनी माता गौतमी महाप्रजापति को संघ में समाविष्ट करने की अनुमति शिष्य आनन्द के कहने से दी थी। कपिलवस्तु में जब माता ने प्रव्रज्या की माँग की तब बुद्ध ने निषेध किया था। तत्पश्चात् माता स्वयं अपना केशवपन करके, (यशोधरा सहित) अन्य शाक्य-स्त्रियों के साथ वैशाली में बुद्ध के पास चल कर आयी। शिष्य आनन्द ने देखा कि यात्रा के कष्टों से माता परिश्रान्त है और उनकी संघ में प्रवेश करने की इच्छा प्रबल है। तब आनन्द ने बुद्ध से पूछा कि-हे भदंत! क्या तथागत के द्वारा उपदिष्ट धर्मपथ पर चलने वाली स्त्री को अर्हत् पद मिल सकता है?, तो बुद्ध ने हाँ कहा। तब आनन्द ने तुरंत कहा कि-"जिस मौसी ने भगवान् को उनकी माता न रहने पर, दूध पिला कर, बचपन से लेकर संवर्धित किया उस माता की विनती को स्वीकारना चाहिए और स्त्रियों को प्रव्रज्या देनी चाहिए"।

तब भगवान् ने आठ नियमों के साथ स्त्रियों को भी प्रव्रज्या लेने की अनुमति दे दी। (यह आठ नियम *अंगुत्तर निकाय* के *अट्ठकनिपात* में निरूपित हैं) प्रव्रजित स्त्रियों के, भिक्षुणियों के संघ का नेतृत्व गौतमी महाप्रजापति के हाथ में दिया गया। इस संघ में क्षेमा (राजा बिम्बिसार की पत्नी) एवं उत्पलवर्णा (किसी व्यापारी की पुत्री) नामक दो भिक्षुणियाँ बहुत प्रसिद्ध भी हैं। तथा ये भिक्षुणियाँ कदाचित् धर्मोपदेश में भी बहु सफलता पूर्वक काम कर सकती थीं। [उदाहरणतया-एक पुण्णिका नामकी भिक्षुणी ने जब देखा कि एक ब्राह्मण सर्दी के दिनों में भी उषःकाल से पूर्व नदी में स्नान करने आता है। तब उससे पूछा कि भाई, तू प्रातःकाल में इतने शीत पानी में क्यूं स्नान करने आता है? तो ब्राह्मण ने बताया कि इस समय स्नान करने से पुण्यप्राप्ति होती है और पापकर्म विनष्ट होते हैं। पुण्णिका ने कहा कि-हे ब्राह्मण, किस अज्ञानी ने तुझे यह अज्ञान दिया कि प्रातःकाल में नदीस्नान करने से पाप धुल जाते हैं? यदि ऐसा होता तो जलचर मछलियाँ, घड़ियाल, सर्पादि सब स्वर्ग में ही जाने चाहिए। सच तो यह है कि नदी में सुबह होते ही स्नान करने से न पाप धुल जाता है, न पुण्य मिलता है। *(यस्स ब्राह्मण त्वं भीतो सदा उदकमोतरि। तमेव ब्रह्मे मा कासि मा ते सीतं छविं हने।)* जिस पापकर्म के डर से तू नदी में स्नान करने को आता है, वह पापकर्म ही छोड़ दे। इस ठंड़े पानी से शरीर को कष्ट देने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इस उपदेश को सुनने के बाद, वह ब्राह्मण "बुद्धं शरणं गच्छामि, धर्मं शरणं गच्छामि। संघं शरणं गच्छामि। बोलता हुआ प्रव्रजित हुआ।]

किन्तु भिक्षुणियों के संघ में प्रवेश होने के बाद, बुद्ध ने यह भी कहा था कि-"हे आनन्द, यदि स्त्रियों को इस धर्मविनय में प्रव्रज्या न मिली होती तो यह धर्म एक हजार वर्ष पर्यन्त बना रहता। परंतु स्त्रियों को इस पंथ में प्रवेश करवाने से यह सद्धर्म केवल पाँचसौ वर्ष ही टिक पायेगा।" यद्यपि भगवान् बुद्ध ने जिस भविष्य की आशंका व्यक्त की थी वह इतिहास के पन्नों पर कितनी खरी उतरी है? वह भी देखना चाहिए। हकीकत तो यही बोल रही है कि-बौद्धसंघ में अनेक ऐसी भिक्षुणियों के नाम अंकित हैं[1] कि जिन्हों ने बौद्ध धर्म का प्रचार करने में

1. बौद्ध संस्कृति के इतिहास में अनेक भिक्षुणियाँ चिरस्मरणीय बनी हैं। जैसे कि, महाप्रजापति, यशोधरा, सुजाता, कोलियपुत्री सुप्रवासा, त्यागमयी माद्री, मागधी, महाप्रज्ञावती खेमा, अग्रदायिका विशाखा, सहृदया मेत्तिया, दासीपुत्री पूर्णिका, धारिणी, धम्मदीपा खुज्जुत्तरा, ब्राह्मणी आचार्य वेरहच्चानि, विनयधारिणी पटाचारा, जनपद-कल्याणी आम्रपाली (जिसके घर भिक्षान्न प्राप्त करने के लिए तो बुद्ध ने लिच्छवि राजाओं का निमन्त्रण भी अस्वीकार्य किया था), आत्मदर्शी मल्लिका, पुरोहितपुत्री दन्तिका, किसा गोतमी, धर्मपरायणा धनंजनी और चाण्डाल कन्या प्रकृति इत्यादि।।

भारी योगदान दिया है। जैसे कि-सम्राट् अशोक की पुत्री संघमित्रा। जिसके कारण सिंहल (श्रीलंका), ब्रह्मदेश (म्यानमार), कम्बोडिया आदि दक्षिण-पूर्वीय देशों में बौद्ध धर्म का सर्वाधिक प्रचार हुआ, वहाँ ही त्रिपिटकों को पहले लिपिबद्ध भी किया गया है। एवमेव, सिंहलीभाषा में सुरक्षित रही जातक-कथाओं को आचार्य बुद्धघोष पुनरपि पालि में रूपान्तरित करके, (जातकट्ठकथा के नाम से) भारत में वापस ले आ सके। इस तरह से, इतिहास इस बात का साक्षी है कि-भिक्षुणियों को संघ में प्रवेश करने की अनुमति देने का निर्णय तो बहुत उपकारक ही सिद्ध हुआ है। एवञ्च, इन स्त्रियों का संघ में प्रवेश करवाने का आदि-यश धर्मशीला यशोधरा एवं रानी महाप्रजापति को ही मिलना चाहिए। तदनन्तर ही, क्षेमा एवं उत्पवर्णा आदि भिक्षुणियों के नाम संकीर्तनीय हैं॥

प्रस्तुत नाटक के आरम्भ में ही सूत्रधार एवं नटी के संवाद में सूचित किया गया है कि-संसार-रथ को प्रवर्तित होने में जैसे स्त्री-पुरुष स्वरूप दो पहियों की अनिवार्य आवश्यकता है। वैसे, इस नाटक में दिखाया है कि भगवान् बुद्ध के धर्मचक्र को प्रवर्तित होने के लिए भी नारियों का संघ में प्रवेश अनिवार्य एवं परमोपकारक है। इस विचार के गुम्फन के साथ जुडे कुछ अन्य बिन्दु भी स्पष्ट करना जरूरी है:- सिद्धार्थ का विवाह सोलह वर्ष की आयु में सम्पन्न हुआ था। तत्पश्चात् तेरह वर्षों का दाम्पत्य जीवन भी गुजरा था, जिसमें एक पुत्र का जन्म भी हुआ है। और उनतीस वर्ष की आयु में वे गृहत्याग करते हैं। इन समय-सीमाओं का चित्र त्रिपिटकों से अनुमित हो सकता है। सिद्धार्थ के विवाह एवं दाम्पत्य-जीवन की कोई हकीकत त्रिपिटकों में रेखांकित नहीं हुई है। इस के लिए ललितविस्तर काव्यग्रन्थ उपकारक बनता है। इस में दो-तीन बिन्दु यहाँ उल्लेखनीय है:-1. सिद्धार्थ ने अपने विवाह के लिए कन्या की पसंदगी के समय ब्राह्मण, क्षत्रियादि कोई वर्ण-विशेष की ही कन्या होनी चाहिए-ऐसा नहीं मांगा था। उन्होंने तो सत्यवती, शीलवती एवं धर्मवती जो कन्या हो वह वरणीय है-ऐसा कहा है। 2. कन्या के पिता दण्डपाणि ने, अपनी पुत्री को देने के लिए युवान् शिल्पज्ञ होना चाहिए ऐसी शर्त रखी थी। तब लिपिशाला के अध्यापकों ने आकर कहा था कि यह पुत्र आजन्म सब कुछ सीख कर आया है, अत: उसके शिल्पज्ञ होने की किसी भी परीक्षा में वह उत्तीर्ण होगा ही। फिर भी दण्डपाणि की सभा में सिद्धार्थ की शिल्पज्ञता की परीक्षा ली जाती है। उसमें अश्व-संचालन, मल्लयुद्ध, धनुर्विद्या, ग्रन्थ-रचना, काव्यकरण, चित्रकरणादि शामिल थे। विशेष रूप से गणित विषयक विविध संख्याओं की जानकारी, उनका वर्गीकरणादि सब कुछ पुछा जाने पर, सिद्धार्थ उसकी विस्तृत जानकारी प्रदर्शित करता है। (इस प्रसंग को नाटक का विषय नहीं बनाया गया है।) 3. लग्नोत्सुक कन्या यशोधरा

ने भी अपनी ओर से एक शर्त रखी थी कि यदि मुझ में शील, गुण एवं अप्रमाद है तो मैं क्यूं अवगुण्ठन लगाऊँ? अतः वह ससुराल में अवगुण्ठन यानी घूंघट नहीं लगायेगी।[1] (इसी से उसके स्वतन्त्र मिजाज का अनुमान किया जा सकता है। वह जब एक राजकुमार के साथ विवाह-सम्बन्ध से जुड़ रही है तो वह रानी बन कर, राजकार्य चलाने में अपना भी योगदान देने में मानसिक रूप से संनद्ध होगी। प्रस्तुत नाटक में इस बिन्दु का इशारा रखना आवश्यक समझा है। तथापि भगवान् बुद्ध के गौरव को कोई क्षति न पहुँचे इसके लिए, रंगमंच पर उन दोनों के विवाह-प्रसंग का कोई दृश्य नहीं रखा है। यह केवल एक हकीकत के रूप में, नेपथ्योक्ति से मात्र सूचित किया गया है।।

तथा यशोधरा के "सहधर्मचारिणी" स्वरूप को प्रकट करने के लिए रोहिणी नदी के जलविवाद के प्रसंग में वह सिद्धार्थ के मत का अनुमोदन करती है-ऐसा दिखाया है। उस सन्नारी में भी धर्म एवं करुणा सूक्ष्म रूप से जागृत रही होगी-वह उसके "धरातले तु प्रवहन्ति नद्यः सर्वेषां कृते" वचन से प्रमाणित किया गया है। सिद्धार्थ ने इसी धर्मपरायणता को तत्क्षण पहचान भी लिया था, और उसी स्व-भाव को ध्यान में लेते हुए, वह गृहत्याग करने का समय आता है, तब यशोधरा की मूक-सम्मति है ही ऐसा मान लेता है। जो आगे चल कर, पंचम अंक में, नारी-जगत् को प्रव्रज्या की अनुमति दिलवाने के लिए, यशोधरा उसी वचन का विनियोग करती है। धर्मशीला यशोधरा के मुख में रखे गये इस वाक्य के द्वारा, बुद्ध के धर्मचक्र-प्रवर्तन में समग्र नारी-जगत् की प्रतिनिधिभूत यशोधरा का अवदान उजागर करने का सोचा गया है। नाटक की प्रस्तावना में जो विचार बिन्दु सूत्रधार और नटी के संवाद में रखा था-उसकी परिणति ऐसे दिखाई है। यशोधरा की इस तरह की विचारधारा **थेरी अपदान** में संगृहीत निम्नोक्त[2] वचनों को देखते हुए निराधार नहीं रहेगी।।

सिद्धार्थ ने जब गृहत्याग किया तब वे एक पुत्र के पिता भी बन गये थे। तो प्रश्न उठता है कि वे अपनी जिम्मेदारी से निकल कर, पुत्रवात्सल्य को भूल कर कैसे गृहत्याग कर पाये?-यह भी विवाद का विषय है। प्रस्तुत नाटक में,

1. *यथा मह्यं शील-गुण-संवरु अप्रमादो वदनावगुण्ठनमतःप्रकरोमि किम्।* इन शब्दों से अवगुण्ठन-प्रथा का प्रत्याख्यान करती गाथाएँ 372 से 383 में देखी जा सकती है।, पृ.300-302
2. उपकार करने वाली, सुखदुःख में समान रहनेवाली, सद्-अर्थ दिखानेवाली एवं अनुकम्पाशील स्त्री ही सही स्त्री होती है-ऐसा कह कर आपने जिसकी स्तुति की है, वह मैं आपकी पूर्वाश्रम की पत्नी हूँ।। (यह उक्ति भद्रा कात्यायनी = यशोधरा के द्वारा प्रव्रज्या मांगते समय बुद्ध को कही गई है।)

बालावस्था में वे एक ओर से अन्तर्मुख बनते चले उसके पीछे माता महामाया की सात दिन में ही मृत्यु हो जाना एक प्रमुख कारण हो सकता है, तो वे जब गृहत्याग करते हैं, तब वे सोचते हैं कि-पुत्र राहुल के पास कम से कम उसकी माता यशोधरा तो है ही। जो मातृसुख उनको नहीं मिला था वह राहुल के पास तो है ही-इस विचार से शायद वे गृहत्याग कर पाये होंगे ऐसा इस नाटक में दिखाया है।। इति. दिक्।।

[6]

बोधि एवं निर्वाण का स्वरूप।

सिद्धार्थ ने कठिनतम तपश्चर्या एवं मारविजय के पश्चात् जिस सम्यक् संबोधि को प्राप्त किया उसका स्वल्प परिचय भी प्राप्त करने की पाठक को इच्छा होगी ही। अतः बौद्ध-साहित्य एवं बौद्ध-दर्शन के संमान्य प्रॉफेसर डॉ. श्री सूर्यप्रकाश व्यास जी के शब्दों को उद्धृत करना उचित रहेगा। उन्होंने अपने "*यूँ ही कोई बुद्ध नहीं बनता*" शीर्षक से लिखी पुस्तक में लिखा है:--जब बुद्ध को यह अनुभव हुआ कि मुझे साधना के माध्यम से ही बोधि प्राप्त करने की ओर अग्रसर होना है तो उन्होंने शरीर की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए ध्यान के चार प्रकारों पर अपने चित्त को क्रमशः केन्द्रित किया। एक-एक प्रकार का ध्यान करते हुए तथा आगे के स्तर की ओर बढ़ते हुए धीरे धीरे उन्होंने चारों प्रकार के ध्यानों में पूर्णता प्राप्त की। **प्रथम ध्यान** के फलस्वरूप उनकी पूर्व जन्मों की स्मृति शुद्ध हुई और उन्हें अपने पूर्व जन्मों के नाम, गोत्र, जाति, आहार, आयु तथा सुख-दुःख के अनुभवों का स्पष्टरूप से स्मरण हुआ[1]। **दूसरे लाभ के अन्तर्गत** उनको ऐसे दिव्य चक्षु प्राप्त हुए जिसके कारण वे अन्य सभी जीवों के नाम, गोत्र, जाति आदि को स्पष्ट देख सकते थे। **तीसरे लाभ** के अन्तर्गत उन्होंने देखा कि सभी प्राणियों को उनके कर्मो के अनुसार फल प्राप्त होता है अर्थात् अच्छे कर्म करने वाला स्वर्ग का सुख भोगता है और बुरे कर्म करने वाला नरक के दुःखों को भोगता है। इन सभी विषयों का ज्ञान प्राप्त करने के बाद, ध्यान के बल पर ही आगे बढते हुए उन्होंने चार आर्य सत्यों का ज्ञान प्राप्त किया। **अगले लाभ के अन्तर्गत** उनको यह अनुभव हुआ कि इस संसार के चेतन और अचेतन पदार्थ घड़ी की तरह एक दूसरे को प्रभावित करते हुए आगे बढ़ते हैं। इसे प्रतीत्यसमुत्पाद का पारिभाषिक नाम दिया गया। पुनः अगले ज्ञान में उन्हें यह

---

1. इस सन्दर्भ में, प्रस्तुत नाटक के पंचमांक (गर्भाङ्क) में चन्द्र-किन्नर-युगल की जातक-कथा रखी है और बुद्ध का तथागतत्व सिद्ध किया गया है।

अनुभव हुआ कि यह संसार बारह कार्य-कारणों के क्रम से चल रहा है। ये बारह कारण हैं-अविद्या-संस्कार-विज्ञान-नामरूप-षडायतन-स्पर्श-वेदना-तृष्णा-उपादान-भव-जाति-जरामरण।

इन बारह कारणकार्यों की इस कड़ी में प्रत्येक कारण अग्रिम कार्य को उत्पन्न करता है और वह अग्रिम कार्य कारण बन कर आगे वाले कार्य को उत्पन्न करता है। इस प्रकार अविद्या से प्रारम्भ हुई यात्रा मृत्यु की मंजिल तक पहुँचती है। इसमें हर पड़ाव पर दुःख और केवल दुःख ही है। इसलिये यदि इस लड़ी को तोड़ना है या दुःख से छुटकारा पाना है तो पहली आवश्यकता यही है कि अविद्या को विद्या यानी सम्यक् ज्ञान से दूर करना होगा। इसी ज्ञान अथवा सिद्धान्त को प्रतीत्यसमुत्पाद कहा जाता है। इस का सरल अर्थ है लड़ी की पहली कड़ी के न होने पर दूसरी कड़ी का भी नहीं होना। इसी ज्ञान से एक पूरक सिद्धान्त निकलता है जिसका नाम है-क्षणभङ्गवाद।।

संक्षेप में, यही बोधि बुद्ध को प्राप्त हुई। इसी बोधि के फलस्वरूप सिद्धार्थ बुद्ध बने और सम्बुद्ध, सम्यक् सम्बुद्ध, तथागत आदि कहे गये। वैसे सिद्धार्थ नाम भी यहाँ इस लिए सार्थक है कि बुद्ध ने अपने जीवन के बड़े प्रयोजन (अर्थ) को प्राप्त (सिद्ध) कर लिया है। इस बोधि प्राप्त करने के समय उनकी अवस्था 35 वर्ष की थी अर्थात् सिद्धार्थ से बुद्ध बनने कि यही यात्रा 29 वर्ष दो माह में प्रारम्भ हुई और 6 वर्ष बाद बोधि प्राप्ति के साथ पूरी हुई।। (द्रष्टव्य:-*यूँ ही कोई बुद्ध नहीं बनता*, लेखक-डॉ. सूर्यप्रकाश व्यास, उज्जयिनी, 2020, पृ. 22-24)

बौद्ध दर्शन में "निर्वाण" का स्वरूप:--यहाँ प्रासंगिकतया भगवान् बुद्ध ने जिस निर्वाण की प्राप्ति के लिए तपश्चर्या की थी उसका स्वरूप भी जानना आवश्यक है। सामान्य बुद्धि से यदि सोचा जाय तो निर्वाण का मतलब होता है-(दीपक का) बुझ जाना। यानी देहावसान को भी निर्वाण कहा जा सकता है। लेकिन दूसरे सोपान पर, इस शब्द का जो दार्शनिक भूमिका पर मार्मिक अर्थ होता है-वह जानना जरूरी है। बौद्ध साहित्य के आरूढ विद्वान् श्री धर्मानन्द कोसाम्बी ने जो लिखा है, वह पठनीय है:-निर्वाण के विषय में पाश्चात्य विद्वानों ने अनेक तर्क किये हैं। कोई कहता है कि निर्वाण अर्थात् अभाव (Annihilation) मात्र, दूसरा कुछ नहीं। दूसरे विद्वान् कहते हैं कि यह ठीक नहीं है। बौद्ध अनुयायीओं की संख्या इतनी अधिक है कि हम ऐसा नहीं मान सकते हैं कि वे अभाव की उपासना कर रहे हैं। यद्यपि बुद्ध जब विद्यमान थे तब उनके विरोधियों ने भगवान् बुद्ध को अक्रियावादी (Annihilationist) कह दिये थे। इस सन्दर्भ में, वज्जी के सेनापति सिंह ने बुद्ध से भी प्रश्न पूछा था। तब बुद्ध ने कहा था-हे सिंह, यह

(अक्रियावादी होना) आरोप एक अर्थ में सही है। कैसे?, तो-सभी पापी विचारों की (अकुशल संस्कारों की) अक्रिया मुझे पसंद है। इस तरह की अक्रिया का मैं उपदेश देता हूँ। इस लिए मुझे अक्रियावादी कहा जा सकता है। इससे विपरीत कोई ऐसा भी कह सकता है कि मैं क्रियावादी (Realist) हूँ, क्योंकि पुण्य विचारों की (कुशल संस्कारों की) क्रिया करना मुझे पसंद है। ऐसी क्रियाएँ करने का, एवं उनको पूर्णत्व तक पहुँचाने का, मैं उपदेश देता हूँ। अतः मुझे कोई क्रियावादी कहेगा तो मुझे इससे आपत्ति नहीं है। (यह संवाद अंगुत्तर निकाय में एवं महावग्ग में आता है।) इससे सूचित होता है कि बुद्ध ने अभाव प्राप्त करने का उपदेश नहीं दिया था।।

जम्बुखादक नामके परिव्राजक ने जब शारिपुत्र को "निर्वाण क्या है?" ऐसा प्रश्न किया था। तब शारिपुत्र ने कहा था कि- *यो खो आवुसो रागक्खयो दोसक्खयो मोहक्खयो इदं वुच्चति निव्वाणं।* अर्थात्-लोभ, द्वेष एवं मोह का जो क्षय उसी को निर्वाण कहते हैं।। इसका तात्पर्य यह होता है कि-हे आयुष्मान्! लोभ, द्वेष एवं मोह मन के ये तीन अकुशल धर्म (संस्कार) नष्ट होते हैं, उसीको निर्वाण कहते हैं।..... त्रिपिटकों में अनेक नामों से निर्वाण का उल्लेख किया गया है, किन्तु उसका विस्तृत वर्णन कहीं पर नहीं मिलता है। जिनके अन्तःकरण में से लोभ, द्वेष एवं मोह समूल नष्ट हुए हैं, अर्थात् जिनकी वासनाओं का क्षय हुआ है, वैसे महर्षियों को ही निर्वाण का साक्षात्कार होता है। ऐसे लोग ही निर्वाण क्या होता है-वह बता सकते हैं।।

पदमच्चुतमच्चन्तं असंखतमनुत्तरं।
निव्वानमिति भासन्ति वानमुत्ता महेसयो।। (अभिधम्मत्थसंगह)

"जिनकी वासनाओं का क्षय हुआ है वैसे महर्षि लोग ऐसा कहते हैं कि-निर्वाण अच्युत पद है, उसका अन्त नहीं होता है, वह अत्यंत परिशुद्ध है एवं लोकोत्तर है।"

विशेष में, श्रीधर्मानन्द कोसाम्बी ने कहा है कि-अर्हत् पद की प्राप्ति होने के बाद निर्वाण का साक्षात्कार होता है। तथापि सकल दुःखों का निःशेष नाश नहीं होता है। लोभ, द्वेष एवं मोह के कारण होने वाली मानसिक पीड़ा तो तुरंत ही नष्ट होगी, किन्तु शारीरिक दुःख तो यावत् जीवन रहेंगे ही। बुद्ध को छत्तीस वे वर्ष में निर्वाण पद का साक्षात्कार हुआ था। उसी समय उनके मन में लोभ, द्वेष एवं मोह से होने वाली मानसिक पीड़ा का नाश हो गया था। किन्तु शीतोष्ण, रोग इत्यादि के कारण होने वाले शारीरिक दुःखों का पूर्णतया विनाश नहीं हुआ था। अर्हतों के मरण को परिनिर्वाण कहते हैं। क्योंकि उनके लिए मरण के कारण होने वाले शारीरिक दुःखों का नाश होता है। लेकिन परिनिर्वाण के बाद अर्हत् कौन

सी स्थिति में होते हैं? इसका वर्णन कहीं पर नहीं मिलता है। ऐसी स्थिति अनिर्चनीय ही कही जायेगी। भगवान् बुद्ध के निर्वाण को महापरिनिर्वाण ही कहा जाता है।।

(बुद्धचरित, धर्मानन्द कोसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, पृ. 176)

[7]

उपेक्षा, मुदिता, मैत्री, करुणा, (अशुभ एवं अनित्यता)-नाम के"ब्रह्म-विहार" का स्वरूप।

भगवान् बुद्ध ने जनसामान्य में लडाई-झगडा, मारपीट, लूंट, राग-द्वेष-ईर्ष्यादि जनित अगणित दुःख पैदा होते हैं, उनको सर्वथा हटाने के लिए इन मैत्री, करुणा, मुदिता एवं उपेक्षादि के गुणों को विकसित करने का उपदेश दिया है। श्रीधर्मानन्द कोसम्बी ने हमारा ध्यान आकृष्ट किया है कि मैत्री, करुणादि को स्पष्ट करने वाली पंक्तियाँ *करणीयमेत्त* सुत्त में मिलती है:-

माता यथा नियं पुत्तं आयुसा एकपुनमनुरक्खे।
एवं पि सब्बभूतेसु मानसं भावये अपरिमाणं।।1।।

मेत्तं च सब्बलोकेस्मिं मानसं भावये अपरिमाणं।
उद्धं अधो च तिरियं च असंबाधं अवेर असपत्तं।।2।।

तिठ्ठं चरं निसिण्णो वा सयानो वा यावदस्स विगतमिद्धो।
एतं सतिं अधिट्ठेय्य ब्रह्ममेतं विहारं इधमाहु।। 3।।

अर्थात्-"माता जिस तरह से अपने इकलौते पुत्र का परिपालन प्राणों का त्याग करके भी करती है, वैसे ही प्राणी मात्र के प्रति अपरिमित प्रेम से अपने मन को भर देना चाहिए।(1) मन में अपरिमित मैत्री की भावना करनी चाहिए। उपर, नीचे और चारों ओर प्रेम को प्रवाहित करना। प्रेम की कहीं पर भी रुकावट नहीं होनी चाहिए। प्रेम की दृष्टि में न कोई शत्रु होना चाहिए, न कोई प्रतिस्पर्धी होना चाहिए। (2), खडे़ हो, चलते हो, बैठे हो, या सोये हुए हो तब, जब तक नींद न आये तब तक मैत्री की भावना को सदैव जागृत रखनी चाहिए। क्योंकि पण्डित लोग उन्हीं को *ब्रह्म-विहार* कहते हैं"।।

इन गाथाओं का विवरण करते हुए श्री धर्मानन्द कोसम्बी लिखते हैं कि-यहाँ ब्रह्मदेव यानी मैत्री, करुणा, मुदिता अथवा उपेक्षा-इनमें से किसी एक तरह की मनोवृत्ति हो सकती है। माता जैसे दूध पी रहे अपने बालक का मैत्री (प्रेम) से पालन करती है, वह बीमार हो जाय तो करुणा से उसकी सेवा करती है, उसके बाद वह बालक जब विद्याभ्यास में चतुर, पटु होता है तो उसको देख

कर मुदित अन्तःकरण से उसकी पीठ को थपथपाते हुए शाबासी देती है, और वह बालक जब बड़ा हो कर अपनी स्वतन्त्र जिन्दगी शुरू करता है, तब कदाचित् माता के संस्कार से विरुद्ध वर्तन कर देता है तब वही माता उसकी उपेक्षा करती है, कभी उसका द्वेष नहीं करती है, और फिर भी उसको आवश्यकता पड़ने पर मदद करने को तत्पर भी रहती है-उसी तरह से महात्माओं को इन चार श्रेष्ठ मनोवृत्तियों से प्रेरित होते हुए, जनकल्याण करते रहना चाहिए। यहाँ पर जिस ब्रह्मदेव को पितामह कहा है, वे दूसरे कोई नहीं हो सकते, वे तो इन चार मनोवृत्तियों की साक्षात् मूर्ति ही हैं। अब, बुद्ध के सामने ब्रह्मदेव प्रकट हुए का मतलब क्या हुआ? तो, बुद्ध के मन में इन मनोवृत्तियाँ सुविकसित हुईं। जिसके कारण बुद्ध धर्मोपदेश करने के लिए तत्पर हुए।।

श्रीधर्मानन्द कोसम्बी ने दिया हुआ "ब्रह्म-विहार" का विवरण सुग्राह्य एवं आकर्षक होते हुए भी, इस विषय के विशेष जिज्ञासुओं को यह बताना आवश्यक है कि-भगवान् बुद्ध ने उपेक्षा, मुदिता, मैत्री एवं करुणा जैसी केवल चार भावनाओं का ही उपदेश नहीं दिया था। विनय-पिटक को देखने से मालूम होता है कि उन्होंने तो कुल षट् भावनाओं की भावना करने का उपदेश दिया था, और वह भी अपने पुत्र राहुल को। प्रासंगिक रूप से उसका परिचय दिया जाता है:--

भगवान् बुद्ध प्रारम्भ में यश, सारिपुत्त, मोग्गलान (मौद्गल्यायान) जैसे जो तत्त्वजिज्ञासु घर से बेघर=आगारिक से अनागारिक हो कर नये भिक्खु बनने के लिए आते थे तब उन को वे पहली शिक्षा तो ब्रह्मचर्यपालन की ही देते थे। तत्पश्चात् (विनयपिटक के अनुसार) दान-कथा, शीलकथा, स्वर्गकथा, कामवासनाओं का दुष्परिणाम, अपकार दोष और निष्कामता का माहात्म्य प्रकाशित करते थे। जिसको सुन कर शिष्य बनने के इच्छुक व्यक्ति का चित्त प्रसन्न हुआ देख कर, उसमें बुद्धत्व को जगाने वाली देशना (= चार आर्य सत्य) देते थे। जिसमें क्रमशः "दुःख, उसका समुदय, निरोध और मार्ग" जैसे चार आर्य-सत्य कहते थे। उसी तरह से बुद्ध ने अपने पुत्र, राहुल को जब शिक्षान्वित करने का कार्य किया तब उन्होंने उसको "आनापानि"= प्राणायाम की प्रारम्भिक विधि सम्पन्न होने के उपरान्त जो उपदेश दिया था उसमें उपेक्षा, मुदिता, मैत्री, करुणा, अशुभ एवं अनित्यता-नाम की षट् भावनाओं को विकसित करने का कहा था। इन छह भावानाओं से भावित हुए व्यक्ति को "चेतो विमुक्ति" प्राप्त होती थी। जिससे एक निश्चित प्रकार की मनःस्थिति पैदा होती थी, उसीको "ब्रह्मविहार" का नाम दिया गया है। त्रिपिटक एवं उन पर लिखे गये टीका-साहित्य में "मेत्ता-करुणा-मुदिता-उपेक्खा सहगतेन चेतसा..." जैसी पदावली में इन का उल्लेख बार बार मिलता है।।

मज्झिमनिकाय के भिक्खु वग्ग में "महाराहुलोवाद सुत्तन्त" में स्वयं बुद्ध ने अपने पुत्र राहुल को मैत्री, करुणादि षट् भावनाओं की निरंतर भावना विकसित करने को कहा है। इसके पालि-शब्दों का मूलपाठ इस तरह का है:- *(क) मेत्तं, राहुल, भावनं भावेहि। मेत्तञ्हि ते, राहुल, भावनं भावयतो यो व्यापादो सो पहीयिस्सति[पहीस्सति-इति पाठभेद:]।। (ख)करुणं, राहुल, भावनं भावेहि। करुणञ्हि ते, राहुल, भावनं भावयतो या विहेसा सा पहीयिस्सति।। (ग)मुदितं, राहुल, भावनं भावेहि। मुदितञ्हि ते, राहुल, भावनं भावयतो या अरति सा पहीयिस्सति।। (घ) उपेक्खं, राहुल, भावनं भावेहि। उपेक्खञ्हि ते, राहुल, भावनं भावयतो यो पटिघो सो पहीयिस्सति। (ङ) असुभं, राहुल, भावनं भावेहि। असुभञ्हि ते, राहुल, भावनं भावयतो यो रागो सो पहीयिस्सति।। (च)अनिच्चसञ्ञं, राहुल, भावनं भावेहि। अनिच्चसञ्ञञ्हिते, राहुल, भावनं भावयतो यो अस्मिमानो सो पहीयिस्सति।। आनापानस्सतिं, राहुल, भावनं भावेहि। आनापानस्सति हि ते, राहुल, भाविता बहुलीकता महाप्फला होति महानिसंसा।।*[1]

इन पालिशब्दों का अनुवाद ऐसा किया जा सकता है:-"(क) राहुल! मैत्री-(सब को अपना मित्र समझना)-भावना की तू भावना कर। मैत्री-भावना की भावना करने से राहुल, जो व्यापाद (=द्वेष) है, उससे तू छुट जायेगा। (ख) राहुल! करुणा (=सारे प्राणियों पर दया करना)-भावना की तू भावना कर। करुणा-भावना की भावना करने से राहुल, जो तेरी विहिंसा (=परपीडन करने की इच्छा) होगी, वह छुट जायेगी। (ग) राहुल! मुदिता (= दूसरों को सुखी देख प्रसन्न होना)-भावना की भावना कर। राहुल, जो तेरी अ-रति (ईर्ष्या करने की भावना) है, वह हट जायेगी। (घ) राहुल! उपेक्षा (=शत्रु की शत्रुता की उपेक्षा) भावना की भावना कर। राहुल, जो तेरा प्रतिघात (प्रतिहिंसा, वैरभाव) है, वह हट जायेगा। (ङ) राहुल! अशुभ (=सभी भोग बुरे हैं)-भावना की भावना कर। जो तेरा राग है, वह चला जायेगा। (च) राहुल, अनित्यसंज्ञा (=सभी पदार्थ अनित्य है)-भावना की भावना कर। जो तेरा अस्मिमान (अहंकार) है, वह छुट जायेगा।।राहुल! आणापान-सति (आनापान-स्मृति अर्थात् प्राणायम) भावना की भावना कर। आणापान-स्मृति भावना करना, उससे बढना वही राहुल, महाफलप्रद है। वही बडे माहात्म्य वाला है।।"(सामान्यतया हम श्वास के आने-जाने पर ध्यान नहीं देते हैं। लेकिन व्यक्ति यदि श्वास के आने-जाने की संख्या पर ध्यान देते हुए, उनकी गिनती करता रहता है तो भटकते चित्त की एकाग्रता सिद्ध हो सकती है।)

---

1. Vipassana Research Institute, www.tipitaka.org, Paragraph no. 120, page-51

विशेष विमर्शः-1. बुद्ध एवं राहुल के बीच में हुई उपदेश-कथा (महाराहुलोवाद सुत्तन्त) के दौरान बुद्ध ने कहा है कि-राहुल! तू मुदिता की भावना की भावना कर (उस भावना को मन में विकसित कर), जिससे तेरे मन में रही "अरति" का नाश होगा। यहाँ श्री राहुल सांकृत्यायन जी ने अरति शब्द का अर्थ "मन न लगना" तथा अन्यत्र-"कंटाला, कार्य करने में अरुचि" अर्थ किया है। किन्तु ऐसा अर्थ चिन्त्य लगता है। इस शब्द का अर्थ तो ईर्ष्या, असूया, मत्सर ही करना सुसंगत लगता है। यहाँ प्रश्न किया जायेगा कि ऐसा ईर्ष्या परक अर्थ ही क्यूं करना चाहिए। तो उसका समाधान ऐसा है कि-मार-विजय के प्रसंग में मार की विविध सेनाओं का जो परिगणन किया गया है (सुत्तनिपात, पधान सुत्त) उनमें 1. काम, 2. अरति, 3. क्षुधा-तृषा, 4. तृष्णा, 5. आलस्य, 6. कुशंका, 7. गर्व, 8. लाभ-सत्कार प्राप्त करने की इच्छा तथा 9. गलत रास्ते से प्राप्त की गई कीर्ति ये सेनाएं गिनाई गई हैं। इस सन्दर्भ को ध्यान में लेते हुए, अरति शब्द का अर्थ ईर्ष्या, असूया, मत्सर ही करना होगा। यह अरति नाम की भावना मुदिता नाम की भावना की विरोधिनी है-ऐसा मज्झिम निकाय के उपर्युक्त महाराहुलोवाद (भिक्खु वग्ग) के संवाद को देखते हुए निर्णीत किया जाता है।।

इस सन्दर्भ में, रायस डेवीड्सन एवं न्यानलोक के शब्दकोशों में प्रदर्शित किये अर्थ भी पुनर्विचारणीय है। मुदिता एक ऐसा गुण है कि जिससे व्यक्ति अपने मन को यदि भावित कर लेता है तो दूसरे व्यक्तियों के अभ्युदय, विजय, यश, समृद्धि आदि को देख कर, उसका मन राजी होता है, प्रसन्न होता है। जिसको अहैतुकी प्रसन्नता कही जा सकती है। यदि यह गुण जिसके चित्त में विकसित नहीं हुआ होगा तो, वह सामने वाले दूसरे व्यक्तिओं की कीर्ति, अभ्युदय, समृद्धि आदि को देखते ही, उसके मन में अरति = नाखूशी पैदा जायेगी। जिसके कारण, अन्ततो गत्वा सामने वाले व्यक्ति के प्रति उसके मन में ईर्ष्या, असूया, मात्सर्य पैदा होगा ही। जो विनाशकारी कार्य करवाती है। (भगवान् बुद्ध के संघ में दिन-प्रतिदिन नये नये भिक्षुओं का प्रवेश देख कर, प्रतिनायक देवदत्त के मन में भी अरति ही पैदा हुई थी। जिसके कारण उसने बुद्ध का वध करने का भी बहुविध प्रयास किया था।) इसी लिए बुद्ध ने राहुल को निरन्तर मुदिता की भावना को विकसित करने का उपदेश दिया है।।

विशेष विमर्श-2:-मनुष्यों के चित्त में आजन्म कतिपय वेदनाएं ऐसी स्थापित की है कि जो मनुष्यों को इस संसार में बहुविध प्रवृत्तियाँ करवाती हैं। वैदिक दर्शनों में इनको काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं मत्सर के नाम से उल्लिखित की गई हैं। इन छह मनोवृत्तियों में उत्तर, उत्तरवर्तिनी मनोवृत्ति को बलवत् से बलवत्तर कही गई है। अर्थात् इन छह में मत्सर (ईर्ष्या) ही सर्वतो

बलवान् कहा गया है। तथा दार्शनिकों ने इनको मनुष्यों के "षड् रिपु" कहे हैं। किन्तु लौकिक दृष्टि से कहे तो ये मनोवृत्तियाँ संसारचक्र के चालक बल भी है।।

किन्तु भगवान् बुद्ध ने जिन छह भावनाओं को विकसित करने का उपदेश दिया है, वह अतिप्राचीन काल में विकसित हुआ अपूर्व तत्त्वदर्शन है। क्योंकि वेदकालिक ईशावास्यादि उपनिषदों की रचना पूर्ण होते ही, भगवान् बुद्ध का प्रादुर्भाव (ईसा पूर्व 483 से ईसा पूर्व 562) हुआ है। शायद उस समय काम-क्रोध-लोभादि षड् रिपुओं का (=नकारात्मक मनोवृत्तियाँ) विचार विकसित हुआ ही नहीं था, उनसे पहेले की जो सोच है वही बुद्ध के दर्शन में प्रतिबिम्बित हो रही है। ये मैत्री, मुदिता, उपेक्षा, करुणादि सकारात्मक परिणाम देने वाली षट् मनोवृत्तियाँ हैं। तथापि वैदिक दर्शनों में और बौद्ध-दर्शन में छह छह मनोवृत्तियों का परिगणन देखने से, प्रासंगिक रूप से इन दोनों मनोवृत्तियों की तुलना करने का भी मन होता है। जैसे कि, (क) बुद्ध के द्वारा प्रदर्शित अशुभ की भावना को विकसित करने से राग नष्ट होगा ऐसा कहा गया है। इसी राग से ही षड् रिपुओं में जिनकी गिनती की जाती हैं वे काम, मोह और लोभ-ये तीन मनोवृत्तियाँ जन्म लेती है। एवं च, बुद्ध ने अनित्यता की भावना को विकसित करने का कहा है। उस के अभाव में षड् रिपुओं में जिसको मद[4] (अहंकार, अभिमान) कहा गया है वह मनोवृत्ति आकारित होती है। मुदिता की भावना को विकसित करने से, बुद्ध कहते हैं कि-अरति (ईर्ष्या, मत्सर[5]) का नाश होता है। करुणा की भावना को विकसित करने से, बुद्ध ने कहा है कि क्रोध[6] नामक (षड् रिपु में से दूसरी) मनोवृत्ति का नाश होगा। इस तरह से, बुद्ध के द्वारा उपदिष्ट अशुभ, अनित्यता, मुदिता और करुणा-इन चार भावनाओं से ही काम-क्रोधादि षड् रिपुओं का दमन हो जाता है। तत्पश्चात्, बुद्ध ने जो दो अन्य भावनाएं-उपेक्षा तथा मैत्री-बताई हैं, उनसे, (अपमान एवं असुविधा से जनित) वैर तथा द्वेष भाव का उन्मूलन होता है। इस दृष्टि से की तुलना से मालूम होता है कि-बुद्ध के द्वारा उपदिष्ट ये षड् भावनाओं का मूल्य अनितरसाधारण है।। (ख) बुद्ध ने 1. उपेक्षा, 2. मुदिता, 3. मैत्री, 4. करुणा, 5. अशुभ और 6. अनित्यता की भावनाओं को उल्लिखित की है, जो हितकारक सिद्ध होने वाली मनोवृत्तियाँ है। वैदिक दर्शन में जिन छह की गिनती की गई है, वे विघातक मनोवृत्तियाँ के रूप में पहचानी गई हैं। अत एव, उनको "षड् रिपु" के रूप में भी व्याख्यायित की है। (ग) 1. उपेक्षा की भावना से चित्त आप्लावित हो जाने पर, बुद्ध कहते हैं कि वैर की भावना नष्ट होगी। 2. मुदिता की भावना से अरति यानी मात्सर्य (असूया) को जीता जा सकता है। 3. मैत्री की भावना से द्वेषभाव का नाश होता है। 4. करुणा की भावना से व्यक्ति के मन में रही क्रोध की भावना को जीती जा सकती है।

5. दुनिया के सभी पदार्थ अशुभ है ऐसी भावना करने से व्यक्ति में रहा राग चला जाता है। (वैराग्य प्राप्त होता है।) 6. जगत् के पदार्थों के प्रति अनित्यता की भावना विकसित करने से व्यक्ति की अस्मिमानता (अहंकार, मद) विनष्ट होती है।। (घ) वैदिक दर्शनों में जिन छह मनोवृत्तियाँ गिनाई हैं उनमें केवल नकारात्मक मनोवत्तियाँ ही विशद की गई हैं, उनके सामने बौद्ध-दर्शन में केवल सकारात्मक मनोवृत्तियाँ का ही उपेदश दे कर, उन अच्छी अच्छी भावनाओं से जो जो नकारात्मक भावानाएँ हैं, उनका शमन भी विशद किया है।। इति दिक्।। इन पारिभाषिक शब्दों का अर्थ बताते हुए कोश-ग्रन्थों में कहा है कि-

1. मेत्ता (मैत्री) यानी हितसुखोपनयकामता। (active love, loving kindness)।

2. करुणा यानी अहितदुक्खापनयकामता। एवं परदुःखे सति साधूनां हृदयं कम्पनं करोति। (pity, compassion, preventive love),

3. उपेक्षा यानी अदुक्खुं असुखं वेदना। (जिसको भगवद्गीता में हर्ष-शोक एवं स्तुति-निन्दा की स्थिति में स्थिरमतिमान् व्यक्ति कहा गया है।) (zero point between joy and sorrow, indifference, or steadiness of mind under stress), अट्ठशालिनी टीका में इस उपेक्षा के दश भेद गिनाये हैं।

4. मुदिता *यानी मोदन्ति वत भो सत्ता आविप्पयोग-कामता मुदिता।* (disinterested love, altruistic, or sympathetic joy, Elasticity of corporeality)॥

[8]

पञ्च शील के सिद्धान्त का पाठ

पञ्चशील के सिद्धान्त इन शब्दों में व्यक्त किये गये हैं:--1. *पाणातिपाता वेरमणी सिक्खापदं समादयामि।* (प्राणों का अतिपात यानी हिंसाचार करने से विरत होने की मैं शिक्षा देता हूँ।) 2. *अदिण्णादाना वेरमणी सिक्खापदं समादयामि।* (किसी का न दिया हुआ ले लेने से यानी चोरी करने से विरत होने की मैं शिक्षा देता हूँ।) 3. *कामेसु मिच्छाचारा वेरमणी सिक्खापदं समादयामि।* (कामोपभोग के मिथ्या आचारों से विरत होने की मैं शिक्षा देता हूँ।) 4. *मुसावादा वेरमणी सिक्खापदं समादयामि।* (मृषावाद यानी असत्य-भाषण से विरत होने की मैं शिक्षा देता हूँ।) 5. *सुरा-मेरय-मज्ज-पमादठ्ठाना वेरमणी सिक्खापदं समादयामि।* (सुरा, मेरय[1] एवं मद्य जैसे नशीले पदार्थों का सेवन करने से विरत होने की मैं शिक्षा देता हूँ।) भगवान् बुद्ध ने गृहस्थ एवं गृहिणिओं के लिए "चारित्तशील" (आचरण

1. पाणिनिकालीन भारतवर्ष, वासुदेव शरण अग्रवाल,चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी, 1996, पृ. 128

करने योग्य शील) एवं "वारित्तशील" (यानी निषिद्धशील)-ऐसा द्विधा विभाजन किया है। उनमें से जिसकी पंच शील के रूप में प्रसिद्धि है वे उपर्युक्त निषिद्धशील है। इसका विनयपिटक के मंगलसुत्त तथा सिगालसुत्त में पाठ है।।

[9]

बौद्ध दर्शन के त्रिपिटक।

भगवान् बुद्ध ने मनुष्यों के कल्याण के लिए अपने सद्धर्म का उपदेश यावज्जीवन मौखिक एवं संवादों के माध्यम से दिया था। उन वचनों का कालान्तर में जो संग्रह किया गया है, उनको "त्रिपिटक" या तिपिटक (तीन पिटारें) कहते हैं। जैसे कि-

1. **सुत्तपिटक** (=सूत्रपिटक, इस में बुद्ध के उपदेश वचनों को एकत्र किया हैं।) इस पिटक का पांच भागों में विभाजन किया गया है:-1. दीघ्घनिकाय, 2. मज्झिमनिकाय, 3. संयुत्त निकाय, 4. अंगुत्तर निकाय एवं 5. खुद्दक निकाय। [इस खुद्दक निकाय में 15 ग्रन्थ हैं। जैसे कि-खुद्दक पाठ, धम्मपद, उदान, इतिवुत्तक, सुत्तनिपात, विमानवत्थु, पेतवत्थु, थेरगाथा, थेरी गाथा, जातक, निदेस, पटिसम्भिदामग्ग, अपदान, बुद्धवंस एवं चरियापिटक।] (इन दो अन्तिम ग्रन्थों में 24 पूर्वबुद्धों का वर्णन मिलता है।) (जातक-गाथाओं से बनी जातक-कथाओं का परिचय नीचे [10] में दिया गया है।)
2. **विनयपिटक** (इसमें बौद्ध भिक्षुकों के लिए बनाये गये नियमों, अनुशासनों का संग्रह है) इस में भी पांच विभाग है:-1. महावग्ग, 2. चुल्लवग्ग, 3. पाराजिका, 4. पायित्तयादि एवं 5. परिवार पाठ।
3. **अभिधम्मपिटक**। (=अभिधर्म पिटक, इसमें मनोवैज्ञानिक एवं दार्शनिक विचारों का संग्रह किया गया है।) इसमें कुल सात ग्रन्थ है:-1. धम्मसंगणि, 2. विभंग, 3. धातुकथा, 4. पुग्गल पग्गति, 5. कथावत्थु, 6. यमक एवं 7. पट्टान।।

यह जानकर भारी आश्चर्य होगा कि पालि-भाषा में निबद्ध इन त्रिपिटकों की एवं तत्सम्बद्ध साहित्य की इयत्ता महाभारत से तीन गुना अधिक है! (उनमें पुनरुक्तांश भी बडी मात्रा में देखे जाते हैं।) इन त्रिपिटकों पर सिंहल भाषा में टीकाएँ लिखी गई थी, जिनको "अट्ठकथाएँ" कही जाती है। आचार्य बुद्धघोष ने पाँचवीं शती में उन टीकाओं का पालि में रूपान्तरण किया। इसकी जानकारी निम्नोक्त श्लोक से मिलती है:- *सीहलदीपं पन आभथाथ वसिना महामहिन्देन। ठपिता सीहलभासाय दीपवासिनमत्थाय।। अपनेत्वान ततोहं सीहलभासं मनोरमं*

भासं। तन्तिनयानुच्छविकं आरोपेन्तो विगतदोसं।। (दीघनिकाय की अट्ठकथा की आरम्भिक प्रस्तावना में दी गई गाथा।) इसका अर्थ है:-यह अट्ठकथा महामहिन्द (सम्राट् अशोक का पुत्र महेन्द्र, जो भारत से) सिंहल द्वीप में ले आया था। तथा इस द्वीप के लोगों के कल्याण के लिए उनको सिंहल भाषा में लिखी गई थी। अब उनको सिंहल भाषा में से निकाल कर, (मैं बुद्धघोष) मनोरम एवं शास्त्र के अनुकूल ऐसी पालि भाषा में (पुनः) स्थापित करता हूँ।। त्रिपिटकों के पाठ की यह पाठयात्रा में बौद्ध धर्मचक्र-प्रवर्तन की यानी दर्शनग्रन्थों की "नीचैर्गच्छति च दशा चक्रनेमिक्रमेण" देखी जा सकती है ....।। भारत में ही पालि में लिखी गई ये अट्ठकथाएं सिंहल देश में गई, वहाँ सिंहली भाषा में रूपान्तरित हुईं, और फिर एक बार पालि में रूपान्तरित हो कर भारत में वापस लौट आयीं।

इन अट्ठकथाओं (टीकाओं) के नाम इस तरह है:-1. दीघनिकाय अट्ठकथा पर सुमंगलविलासिनी, 2. मज्झिमनिकाय अट्ठकथा पर पपंचसूदनी, 3. संयुत्तनिकाय अट्ठकथा पर सारत्थप्पकासिनी, 4. अंगुत्तरनिकाय अट्ठकथा पर मनोरथपूरणी, 5. विनय अट्ठकथा पर समंतपासादिका, 6. धम्मसंगणि अट्ठकथा पर अट्ठसालिनी, 7. विभंग अट्ठकथा पर संमोहविनोदिनी एवं 8. धातुकथा, पुग्गलपञ्ञत्ति, कथावत्थु, यमक तथा पट्ठान इन पाँच प्रकरणों की अट्ठकथा पर पंचकरण अट्ठकथा है।। खुद्दकनिकाय के प्रकरणों पर अलग अलग आचार्यों ने अट्ठकथाएँ लिखी हैं।।

इति दिक्।।

[10]

बौद्ध जातक-कथाएँ।

(प्रस्तुत नाटक में तीन जातक-कथाओं का विनियोग किया गया है:--1. नाटक के आरम्भ में, (दान-पारमिता का निदर्श रूप) शश-पण्डित जातक-कथा, 2. चतुर्थांक में (आर्यशूर की जातक-माला में दी गई) शक्र-जातक-कथा तथा 3. पञ्चमांक के गर्भांक में चन्द्र किन्नरयुगल की जातक-कथा। अतः सामान्य जिज्ञासुओं के लिए बौद्ध-साहित्य में जातक-कथाओं का स्थान और उनका स्वरूप बताना उपकारक होगा:-)

सुत्तपिटक के खुद्दक-निकाय में संगृहीत 15 ग्रन्थों में से एक *"जातक"* नाम का ग्रन्थ भी है। ये जातक-कथाएँ पालि भाषा में रची गई हैं तथा ये मूल में केवल गाथा स्वरूप ही थीं। अतः उनको यदि पूर्वापर सन्दर्भ के बिना पढ़ी जाय तो वे सुगम, सुबोध नहीं हैं। किन्तु जब उनको जब पूर्वापर सन्दर्भ में, किसी कहानी के माध्यम से प्रस्तुत की जाती हैं तो उनका मर्मोद्घाटन हो जाता है। ये गाथाएँ त्रिपिटक में ही, भगवान् बुद्ध के मुख में रखी गई हैं, इस लिए उनकी

प्राचीनता निश्चित है। लेकिन सुत्तपिटक में आई धम्मपद की गाथाएँ जैसे बिना पूर्वापर सन्दर्भ देखे भी, समझ में आ सकती हैं, वैसी ये जातक गाथाएं बिना पूर्वापर सन्दर्भ को जाने समझ में नहीं आती हैं। इस लिए सिंहल देश में इन गाथाओं के आगे-पीछे कुछ कथांश जोड़े गये। जिसको "जातक-अट्ठकथा" यानी "जातक अर्थ-कथा" ऐसा नाम दिया गया है। आचार्य बुद्धघोष (ईसा की पाँचवीं शती में) अभिधम्मपिटक पर टीका लिखने के बाद, भारत से चल कर सिंहल देश (श्रीलंका) गये थे। उन्हों ने वहाँ जा कर, उन जातक-ट्ठकथाओं का सिंहली-भाषा से पालि भाषा में अनुवाद किया और उनको फिर से भारत में ले आये। (इस ऐतिहासिक घटना का उल्लेख त्रिपिटक के महावंश (परिच्छेद 38, गाथा संख्या-215 से 246)में किया है।) महायान परम्परा में इन जातक-कथाओं का सविशेष महत्त्व है।

जातककथा शब्द का अर्थ होता है-(बुद्ध के) अतीत जन्मों की कथा। जनि प्रादुर्भावे धातु से कर्मणि भूतकृदन्त का निष्ठा-त प्रत्यय लगने से जात (जन्म लिया हुआ) शब्द बनता है। उसी जात-शब्द को स्वार्थ में-क प्रत्यय लगने से "जातक" शब्द बनता है। जिसका अर्थ होता है:-जिसने जन्म लिया है ऐसा कोई भी व्यक्ति। बौद्ध साहित्य में ये जातक-कथाएँ भगवान् बुद्ध के पूर्व जन्मों (पूर्वावतारों) का निरूपण करती हैं।।

यहाँ प्रश्न हो सकता है कि विकासवाद के सिद्धान्त के अनुसार किसी एक निश्चित प्रकार के पुष्प को विकसित (प्रादुर्भूत) होने में भी यदि सैंकड़ों वर्षों का समय अपेक्षित है तो क्या कोई व्यक्ति एक ही जन्म के पुरुषार्थ से पूर्णज्ञानी (बुद्ध) बन सकता है? श्रीकृष्ण ने श्रीमद्-भगवद्गीता में कहा है कि-

बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते। (गीता, 7-19)

तथा- **शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते।** (गीता, 6-41)

इत्यादि वाक्यों से सिद्ध पुरुषों के पूर्वभवों को स्वीकारा गया है। (श्रीमद्-भगवद्-गीता के इन विचारों का प्रभाव महायानी बौद्धों पर पड़ा है।[1]

---

1. प्राचीनतम भगवद्-गीता के पाठ का परवर्ती काल में नया संस्कार भी किया गया है। अतः उत्तरर्ती काल के भगवद्गीता के पाठ में कुत्रचित् बौद्ध-दर्शन का प्रभाव भी देखा जा सकता है। जैसे कि, बुद्ध के धर्मचक्र-प्रवर्तन का प्रतिबिम्ब गीता के (3-16) यज्ञचक्र-प्रवर्तन में पड़ा है। सर्वं दुःखम्, सर्वं क्षणिकम्-आदि का ही अनु-वाद करते हुए श्रीकृष्ण के मुख से निकला है कि-*अनित्यम् असुखमिमं लोकं प्राप्य भजस्व माम्।* (9-33), एवं "*ब्रह्म-निर्वाणमृच्छति*" (2-72) में बुद्धदर्शन के "निर्वाण-पद" का अनुरणन सुनाई पडता है।

जिससे ये जातक-कथाओं का बहुत विकास हुआ है।) इस अभिप्राय के अनुसार, प्रत्येक जीव को अपनी आध्यात्मिक उन्नति करने के लिए अनेक जन्मों तक निरंतर सभान प्रयास करना होता है। उसी तरह से बौद्ध परम्परा में भी यह विचार स्वीकृत है कि सिद्धार्थ गौतम ने भी केवल एक जन्म की तपश्चर्या से ही बुद्धत्व नहीं प्राप्त किया था। सिद्धार्थ से गौतम बुद्ध की परिणति होने से पहले, उन्होंने अपने अनेक पूर्वावतारों में दया, दान, शील, मैत्री, करुणा आदि सद्धर्म के गुणों का विकास किया था। इन पूर्वावतारों में उस जीव का नाम था-बोधिसत्त्व।।

बुद्ध ने अपने पूर्वावतारों में बोधिसत्त्व के रूप में जब जब जन्म लिये थे तब वे कदाचित् तपस्वी, कदाचित् राजा, कदाचित् सिंह योनि में, हाथी, अश्व, गीध, महाकपि, शतपत्र, किन्नर, ब्राह्मण एवं देवराज इन्द्र तक के स्वरूपों में प्रकट हुए थे। उन सब पूर्वावतारों के जीवन की घटनाओं को लेकर ये सारी जातक-कथाएँ आकारित की गई हैं। इन तमाम योनियों में जन्म लेने के बावजूद भी वे अपनी आध्यात्मिक उन्नति के प्रति सदैव जागृत एवं प्रयत्नशील रहे हैं। इन जन्मों में उन्होंने जो दया, दान, सत्य, प्रज्ञा, शील, मैत्री, करुणादि गुणों का चरमोत्कर्ष सिद्ध किया, उनकी पराकाष्ठा हासिल की, जिनको "पारमिता" कही गई हैं। इन पूर्वावतारों में बोधिसत्त्व ने अपने संपर्क में आये, आसपास के सभी जीवों की मदद की है, उनके दु:ख, क्षुधा, व्याधि, आपत्ति आदि का संहरण करने के साथ सुख पहुँचाया है। अत: यह जीव भले ही कपि के रूप में जन्म लिये हो, या पक्षी के रूप में जन्म लिये हो, उनको बोधिसत्त्व (बोधि = ज्ञान अर्जित करने की क्षमता वाला जीव) कहा गया है। सारांशत: बोधिसत्त्व अर्थात् बुद्धत्व प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील जीव। अत: सभी जातक-कथाओं का नायक "बोधिसत्त्व" के नाम से जाना जाता है।।

पालि जातक-कथाओं की संख्या 547 के आसपास है। इन कथाओं के संग्रह के आरम्भ में उपोद्घात के रूप में तीन "निदान" रखे गये हैं। जैसे कि-*1. दूरे निदान।* इसमें बुद्ध के पूर्व में हुए सभी पूर्वबुद्धों के साथ बोधिसत्त्व की मुलाकात भी हुई थी और ऐसी भविष्यवाणी की गई थी कि यह बोधिसत्त्व अमुक अवतारों के बाद पूर्ण बुद्धत्व को प्राप्त करेंगे। *2. अविदूरे निदान।* इस में सिद्धार्थ गौतम का जीवनचरित, महाभिनिष्क्रमण, तपश्चर्या और बोधगया में बुद्धत्व की प्राप्ति पर्यन्त की कथा रखी है। *3. सन्तिके निदान।* इसमे बुद्ध का धर्मोपदेश, धर्मप्रचार, संघ की स्थापना, बिम्बिसार, पुत्र राहुल को दाय भाग देने के सन्दर्भ में प्रव्रज्या देना इत्यादि की कथाएँ हैं। इन तीन निदानों के बाद जो 547 जातक-कथाएँ रखी हैं उनको चार अंशों में निरूपित की गई है:-(क) *पच्चुपत्र वत्थु* यानी वर्तमान कथा, (ख) *अतीत* वत्थु यानी पूर्वजन्म की कथा, (ग) *गाथा*

एवं *अत्थवण्णना* यानी गाथा एवं अर्थ का वर्णन (=व्याख्या)। (घ) समाधान यानी अतीत कथा में आये हुए सभी पात्रों की वर्तमान काल के पात्रों के साथ पहचान। अन्त में, ऐसी कथा सुनने के बाद, श्रोता को क्या उपदेश ग्रहण करना है? उसका निरूपण होता है। इन चार अंशों के समूह से एक जातक-कथा बनती है।।

*** *** *** *** *** *** *** ***

भगवान् बुद्ध के जीवन की आवश्यक जानकारियाँ [2], [3] एवं [4] क्रमांक के भागों में दी गई हैं, ये बहुशः त्रिपिटकों से प्राप्त हो रही प्राचीनतम सामग्री है। किन्तु बुद्ध-जीवन की इन्हीं घटनाओं की जानकारी बुद्धघोषाचार्य की (पालिभाषा-निबद्ध) जातकट्ठकथा में किन शब्दों में दी गई है?-यह जानने के लिए पाठक को परिशिष्ट-2 में दिये गये आठ गद्यखण्डों का अवलोकन करने का अनुरोध हैं।।

[11]

हीनयान एवं महायान।

गौतम बुद्ध के दार्शनिक विचार दो धाराओं में विकसित हुए हैं। (क) हीनयान एवं (ख) महायान। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् ने इनका परिचय करवाते हुए लिखा है कि- Buddhism in all its forms goes back to the life and teaching of the Buddha. While the austerities practised by him till he attained enlightenment appeal to the Hinyaana, the Paali or the Southern school; his life of service and compassion for 45 years after the attainment of enlightenment is the authority for the Mahaayaana, the Sanskrit, or the Northern school. (See: Preface to theApadana, part-1, Vol. -5, General Editor: Bhikkhu J. Kasyap, Pali Publication Board, Bihar Govn., 1959.) यानी कठोर तपश्चरण से जुड़े भगवान् बुद्ध के पूर्वजीवन का अनुसरण करने वाले अनुयायी हीनयान-मार्गी है। और बुद्धत्व की प्राप्ति के बाद, उन्होंने 45 वर्षों तक अपना करुणामय जीवन केवल धर्मोपदेश के लिए व्यतीत किया उसको आदर्श बना कर उस मार्ग पर चलने वाले अनुयायी महायानी कहलाये। हीनयानियों ने दक्षिण में, श्रीलंका में त्रिपिटकों का पालि में संरक्षण किया। तो, उत्तरी भारत में मगध, मथुरा से लेकर गान्धार तक फैले महायानियों ने बुद्ध के वचनों को संस्कृत में परिवर्तित करने का काम किया। इस तरह का विभाजन बहुत सटीक लगता है।।

प्रॉफेसर हिम्मतसिंह सिन्हा (कुरुक्षेत्र) बताते हैं कि-हीनयान यानी छोटा वाहन, अर्थात् जिसमें एक ही व्यक्ति बैठ सकता है। इसको सिकुडा हुआ तंग

रास्ता भी कह सकते हैं। महायान अर्थात् बडा वाहन, जिसमें अनेक लोग एक साथ बैठ सकते हैं। दुःखनिवृत्ति की इच्छा रखने वालों का यह विशाल मार्ग है। हीनयानी बौद्ध अपने को सब से पुरातन एवं मौलिक मानते हैं। इन स्थविरों (वृद्धों) के द्वारा सुरक्षित रखी गई त्रिपिटकों की पाठ-परम्परा श्रीलंका एवं ब्रह्मदेशादि में आज विद्यमान है। बौद्ध भिक्खुओं की इन दो शाखाओं के पीछे जो ऐतिहासिक घटना रही है वह भी ज्ञातव्य है:-कालाशोक ने (ईसा पूर्व 383 में) जब दूसरी संगीति बुलाई, (जिसमें देशभर से सभी बौद्ध भिक्खुओं को एकत्र करके, मौखिक परम्परा से चले आ रहे त्रिपिटकों के पाठ का संगायन करवाया। उस समय कतिपय भिक्खुओं के पाठ में विकृति आ गई है-ऐसा बताने पर, उन सब को संघ से बाहर निकाल दिये। तो उन भिक्खुओं ने मिल कर, तुरंत अपना एक अलग संघ बना लिया और अपने को महासांघिक घोषित कर दिया। आगे चल कर इसी में से महायान का आरम्भ हुआ है। (महायानियों ने बुद्ध के विचारों को संस्कृत के सहारे प्रसार करने का उपक्रम किया है। तथा हीनयानियों ने मूल पालि-प्राकृत को संरक्षित करके रखा।)

थेरवादी प्राचीनतम थे, जिनको बाद में हीनयानवाले कहे गये हैं। इस विचारधारा में बुद्ध के दो शिष्य-शारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन-प्रमुख हैं। (गौतम बुद्ध के पुत्र राहुल की प्रव्रज्याविधि का कार्य इस शारिपुत्र के द्वारा ही सम्पन्न हुआ था। यह शारिपुत्र बुद्ध के महानिर्वाण से दो वर्ष पहले ही निर्वाण कर गये थे। जिनके भी अवशेषों पर, सम्राट् अशोक के द्वारा एक बडा और कतिपय छोटे छोटे स्तूप मध्यप्रदेश के वैशाली जिले में सांची में बनवाये गये हैं।)[1] बुद्ध ने जब उनका अन्त काल नजदीक आ गया था तब अपने (एक तीसरे) शिष्य आनन्द को कहा था कि मेरे जाने के बाद किसी दूसरे के कहने में मत आ जाना। अब तुम को

---

1. नये साधु को प्रव्रज्या देने की विधि को उपसंपदा कहते हैं। जिसमें-प्रव्रज्या लेने के इच्छुक व्यक्ति को मुंडन करवा कर काषाय वस्त्र से अंग को ढक देना है। वह एकत्र हुए अन्य भिक्षुओं को नमस्कार करके विनती करे कि-सव्व दुक्खनिस्सण-निवावण-सच्छिकरणत्थं इदं कासावं गहेत्वा पव्वाजेथ मं, भन्ते! अनुकंपं उपादाय। तब उसको भूमि पर बिठा कर उसके पास तीन बार "बुद्धं शरणं गच्छामि। धर्मं शरणं गच्छामि। संघं शरणं गच्छामि।" बुलवाना है।। (बीस वर्ष से कम वय वाले को श्रामणेर कहते हैं, उसको किसी भिक्षु की निश्रा में ही रहना होता है। सब से पहला यशोधरा का पुत्र राहुल ही श्रामणेर बना था। जो शारिपुत्र के पास रहा) सांची का यह स्तूप थेरवादियों का होने के कारण, उसके चार तोरण-द्वार में 1. बोधिवृक्ष, 2. त्रिरत्न, 3. धर्मचक्र-प्रवर्तन, 4. स्तूप-पूजा का शिल्पांकन बार बार किया गया है। परन्तु उनमें कहीं पर बुद्ध की एक भी आकृति नहीं बनाई गई है।।

मार्ग दिखाने के लिए मैं अधिक समय तुम्हारे पास नहीं रहने वाला हूँ। अतः *आत्मदीपो भव*। हीनयानी बौद्धानुयायियों ने गौतम बुद्ध के इस वचन-"*आत्मदीपो भव*" (= अपने निर्वाण का मार्ग अपने आप खोजो) को उद्धृत करके कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मुक्ति का विचार एवं प्रयास स्वयं ही करना चाहिए। अर्थात् हीनयानी बौद्ध व्यष्टि के उद्धार का रास्ता दिखाते हैं। वे बताते हैं कि बुद्धत्व की प्राप्ति का लक्ष्य तो बहुत दूर की बात है, लेकिन स्वयं ध्यान, तपश्चर्या की साधना करने पर, व्यक्ति को "अर्हत्" पद की प्राप्ति हो सकती है। इस तरह ये हीनयानी निजी मुक्ति, निर्वाण की बात करते हैं। इनको स्वार्थी विचारधारा वाले भी कहे जा सकते हैं। क्योंकि वे संसार के अन्यान्य जनसमूह के दुःखों की चिन्ता करते ही नहीं है।।

इनके प्रतिपक्ष में महायानी बौद्ध खड़े हैं। वे कहते हैं कि गौतम बुद्ध ने सब से पहला तो यही दर्शन किया है कि-"सर्वम् दुःखम्"। संसार के सभी जीव जरा, रोग एवं मृत्यु के दुःखों से ग्रस्त है। अतः, वे अपने पूरे जीवन काल में जनकल्याण के लिए दया, दान, करुणा, मुदितादि की देशना देते रहे हैं। तो हम भला, कैसे स्वार्थी बन सकते हैं? अतः सब के दुःखों की निवृत्ति का विचार एवं प्रयास करना चाहिए। इस दृष्टिकोण पर महायानी बौद्ध दर्शन खड़ा हुआ है। इन महायानी बौद्धों के मतानुसार, बुद्ध पहले भी अनेक बार जन्म ले चुके हैं, जो"बोधिसत्त्व" कहे जाते हैं। संसार के सभी पतित, दुःखी जीवों पर करुणा करने के लिए वे बार बार जन्म लेते हैं। लोककल्याण करना यह बोधिसत्त्व के जीवन का परम प्रयोजन रहा है, और इसी बोधिसत्त्व को महायानी बौद्धों ने अपना आदर्श बनाया हैं। इस सन्दर्भ में एक घटना कहना आवश्यक है:-गौतम बुद्ध के जीवन काल में एक बार-किसी रूपजीविनी के घर भिक्षा का निमन्त्रण मिला। जब बुद्ध उसके घर जाने लगे तो शिष्य आनन्द ने बुद्ध को टोका कि आप किस के घर जा रहे हैं?, वह तो एक वेश्या है। तब गौतम बुद्ध ने बताया कि दीपक की वहीं पर जरूरत है कि जहाँ अन्धेरा है। जहाँ प्रकाश है वहाँ दीपक की आवश्यकता नहीं है। जो लोग पतित है, अन्धेरे में हैं, उनके लिए मेरा जीवन है। पतित के घर जाने से मेरी तपश्चर्या की भी परीक्षा हो जायेगी। तथा किसी एक पतित का मैं उद्धार कर सकूँगा, तो मैं मानूँगा कि मैं सारी मनुष्य प्रजा को अन्धेरे से बाहर निकाल सकता हूँ। अतः महायानी बौद्धों के विचार अनुसार-बोधिसत्त्व कहते हैं कि जिन जीवों के मार्ग में कंटक होंगे उनके जीवन में मैं रथ लेकर आऊँगा, मैं उनका सारथि बनूँगा। जो भव-सागर में डूब रहे होंगे, उनके जीवन में मैं नौका बन कर आऊँगा। जहाँ जहाँ अन्धकार होगा वहाँ में दीपक बन कर जाऊँगा इत्यादि। बुद्ध ने जब देखा कि समग्र संसार दुःखाक्रान्त है तब उन्हों ने

कहा कि सभी के प्रति प्रेम की, मैत्री की, करुणा की वर्षा करो। इस महायान विचारधारा का जातक-कथाओं में रोचक कहानियों के माध्यम से विस्तार से निरूपण किया गया है। इन जातक-कथाओं में वर्णित बोधिसत्त्व पशु, पक्षी, खरगोश, कपि, हाथी, सुपारग, इन्द्र देवतादि बहुविध योनियों में उत्पन्न हुए हैं-ऐसा बताया गया है।। (अजन्ता की गुफाएँ महायानीयों की होने से, वहाँ बुद्ध की अनेक प्रतिमाएँ शिल्पांकित हुई हैं।)

हीनयानी विचारकों ने[1], ऐतिहासिक गौतम बुद्ध को ही माना है। तथा वे जगन्नियन्ता कोई ईश्वर को नहीं मानते हैं, और आत्मतत्त्व जैसे किसी नित्य पदार्थ को भी नहीं मानते हैं। (यद्यपि गौतम बुद्ध ने स्वयं ईश्वर है या नहीं? अथवा आत्मा जैसा कोई अविनाशी पदार्थ है कि नहीं? इन प्रश्नों के विषय में मौन रखा था, उनके उत्तर नहीं दिये थे।) अत: हीनयानीयों की दृष्टि में गौतम बुद्ध केवल एक आदर्श मानव हैं, वे उनको भगवान् की कोटि में नहीं रखते हैं। वे संसार को अनित्य एवं क्षणभंगुर मानते हैं। उनके मत से कुछ भी नित्य नहीं है। वे संसार को नित्य परिवर्तनशील बताते हैं। "यह दीपक है"-ऐसा कहने में, जिस क्षण में दीपशिखा देखी गई है, वह दूसरी क्षण में नष्ट हो जाती है और उसके स्थान में दूसरी दीपशिखा आ जाती है। यानी प्रत्येक क्षण एक नया तैल-बिन्दु जलता है, और हर क्षण नये नये तैल-बिन्दु से एक नवीन ज्योत प्रकट होती है। विलीन होनेवाली ज्योति के स्थान में वैसी ही दूसरी ज्योति आ जाने से हमें "यह वही ज्योति है, जो मैं ने कुछ क्षण पहले देखी थी" ऐसी भ्रान्ति होती है। इसी को हीनयानीयों ने "प्रवाह-नित्यता" कही है। निष्कर्षत: वे लोग "सर्वं क्षणिकम्" (अनित्यता) के विचार पर बल देते हैं।।

महायानीयों के मत से जगत् को एक दु:खहर्ता की आवश्यकता है। वे गौतम बुद्ध की उपासना में, भक्ति में मानते हैं और इसी लिए उन्होंने बुद्ध को ही जगदीश्वर मान लिया। इतिहास-पुरुष गौतम बुद्ध को "भगवान् बुद्ध" की कोटि में स्थापित किया। इस सन्दर्भ में, उनके ग्रन्थों में बुद्ध की तीन कायाओं का भी विचार प्रस्फुटित हुआ। (क) बुद्ध की "निर्माण-काया"। इसको रूप-काया भी कहते हैं। यानी इतिहास-पुरुष (जो राजा शुद्धोदन के घर पुत्र के रूप में जन्म लिये थे) सिद्धार्थ गौतम बुद्ध। यह लोककल्याण के लिए शरीरधारी बन कर आये। जिन्होंने बहुजन-हिताय, लोकानुकम्पाय अपना जीवन व्यतीत किया। चूंकि

---

1. हीनयानी दार्शनिकों की दो शाखाएँ है:-1. वैभाषिक (बाह्यार्थप्रत्यक्षवाद) एवं 2. सौत्रान्तिक (बाह्यार्थ-अनुमेयवाद)। तथा महायानीयों के दर्शन की भी दो शाखाएँ है:-3. योगाचार (विज्ञानवाद) एवं 4. माध्यमिक (शून्यवाद)।।

यह निर्माण-काया (पार्थिव शरीर रूप काया) थी, इस लिए वह नाशवान् थी। गौतम बुद्ध ने इस निर्माण-काया को असली काया न मानने को कहा था। बल्कि उनकी जो दूसरी (ख) "धर्म-काया" है, वही असली काया है, वही पारमार्थिक दृष्टि से सही है। इसीको "आध्यात्मिक-काया" भी कहते हैं। बुद्ध की जो तीसरी काया है, वह (ग) आनन्द-काया है। बुद्ध की यह काया अनादि एवं अनन्त है, जो तुषित क्षेत्र में निवास करती है। (बुद्ध ने स्वर्गलोक को "तुषित क्षेत्र"=संतोषदायक स्थान, ऐसा नाम दिया था।) इस क्षेत्र में निवास कर रहे बुद्ध का नाम "मैत्रेय बुद्ध" है। भविष्य में, जब गौतम बुद्ध के धर्म की हानि, विस्मृति होगी तब यह मैत्रेय बुद्ध पुनरवतरित होने वाले हैं। हीनयानी बौद्धों ने बुद्ध की केवल निर्माण-काया (इतिहास-पुरुष) को ही एक मात्र माना है। किन्तु महायानी बौद्धों ने तीनों कायाओं का स्वीकार करते हुए, गौतम बुद्ध के अवतरित होने से पहले हुए बोधिसत्त्वों को माने हैं तथा भविष्य में आने वाले मैत्रेय बुद्ध को भी स्वीकारा है। वे बताते हैं कि जब तक यह संसार रहेगा तब तक जितने जीव पैदा होंगे उन सब के दुःख दूर करने के लिए एवं सब को निर्वाण दिलाने के लिए बुद्ध निरन्तर अवतरित होते रहेंगे। इस तरह से, महायान में पहले दीपंकर बुद्ध हैं, दूसरे गौतम बुद्ध हैं और तीसरे, जो भावि बुद्ध है वह मैत्रेय बुद्ध हैं।।

हीनयानी बौद्ध, जो रूढिवादी होने के कारण उन्होंने बुद्ध की केवल निर्माण-काया को ही माना है। (जिस काया में रहते हुए उन्होंने यशोधरा से विवाह किया, उनका पुत्र भी हुआ और बाद में, कुशीनारा नगर में उस काया का अवसान हुआ।) चुंकि बुद्ध ने किसी नित्य पदार्थ माना नहीं था। इसी लिए वे बुद्ध दुबारा आयेंगे-इस बात को नहीं मानते हैं। एवञ्च वे फिर नहीं आने वाले हैं इसी लिए उन्होंने अन्त काल में शिष्य आनन्द को "आत्मदीपो भव" कहा था। अतः, हीनयानी कहते हैं कि सभी श्रावकों को अपनी मुक्ति के लिए स्वयं मार्ग खोजना है, स्वयं को ध्यान, तपश्चर्यादि करना हैं। यद्यपि बुद्धत्व की कोटि अतिशय दुःसाध्य है, तथापि इसमें श्रावक की कोटि से आरम्भ करके, तपश्चर्यादि साधना करके "अर्हत्" पद को प्राप्त करना है। अपने आपका दीपक बनना है। (हीनयानीयों के मत से बुद्धत्व तक पहुँचना तो अतिदुःसाध्य है। अतः श्रावक से आरम्भ करके अर्हत् तक ही पहुँचा जा सकता है।)।

यहाँ पर, महायानी बौद्ध कहते हैं कि गौतम बुद्ध ने जो आत्मदीपो भव-कहा था वह दूसरे सन्दर्भ में कहा है। जैसे कि, (बुद्ध के न रहते हुए) भविष्य में किसी भी अन्य विचार, या दर्शन, को ग्रहण करने से पहले व्यक्ति स्वयं अपनी बुद्धि से विवेक को विकसित करे और उन नवीन विचारों की परीक्षा करे। जो युक्ति-संगत हो उसको स्वीकारे और जो युक्ति-संगत न होवे उसको न

स्वीकारे। अत: महायानीयों ने तर्क को प्राधान्य दिया है। तथा बुद्ध की तुषित क्षेत्र में चिरस्थायी रही आनन्द-काया का अनेक बार अवतार हुआ है और निरन्तर होता रहेगा, जिनमें से वज्रपाणि बोधिसत्त्व, पद्मपाणि बोधिसत्त्वादि आते रहते हैं-ऐसा अभिप्राय दिया है। बोधिसत्त्व जब तक सब को निर्वाण की प्राप्ति नहीं करवायेंगे, तब तक वे चिरस्थायी रहेंगे।

डॉ. सूर्य प्रकाश व्यास जी बताते हैं कि-जीवनयात्रा के अन्तिम पड़ाव पर पहुँच कर बुद्ध ने न संघ को अनिवार्य माना, न धम्म को। बल्कि सब कुछ भिक्षुओं पर छोड़ दिया-अत्त दीपो भव। अत्त दीपो विहरथ। अपना प्रकाश स्वयं बनो। देशना के प्रसंग में एक उल्लेखनीय बात में उन्हों ने कहा कि-मैंने बेडे की तरह पार उतरने के लिए तुम्हें धम्म का उपदेश किया, उसे पकड़ रखने के लिए नहीं। धम्म को बेड़ेके समान जानकर तुम धम्म को भी छोड़ दो, अधम्म की तो बात ही क्या?।-

(यूँ ही कोई बुद्ध नहीं बनता, पृ. 31-32)

इस सन्दर्भ को देखते हुए कहना होगा कि-*आत्मदीपो भव।* की यह तीसरी व्याख्या है!

[12]

दश या षड् पारमिताएं।।

बोधिसत्त्व का परिचय देते हुए जैनाचार्य हेमचन्द्र सूरि ने अभिधानचिन्तामणि कोश में भगवान् बुद्ध को "पारमिताधर" कहे हैं। उन्होंने लिखा है कि-

बुद्धस्तु सुगतो धर्मधातुस्त्रिकालविज्जिन:।
बोधिसत्त्वो महाबोधिरार्य: शास्ता तथागत:।।

पञ्चज्ञान: षडभिज्ञो दशार्हो दशभूमिग:।
चतुस्त्रिंशज्जातकज्ञो दशपारमिताधर:।। (2-146, 147)

बोधिसत्त्व एक ऐसा व्यक्तित्व है कि जिन्हों ने अपने अनेक पूर्वावतारों में क्रमश: दश पारमिताओं को सिद्ध की थी। बोधिसत्त्व ने पूर्ण बुद्धत्व को प्राप्त करने से पहले, अपने अभूतपूर्व उदार चरितों से क्रमश: दया, दान, मैत्री इत्यादि सद्गुणों की सर्वोच्च सर्वोत्कृष्ट ऊँचाइयाँ (पराकाष्ठा) सिद्ध की थीं। बोधिसत्त्व ने दानवीरतादि की जिन पराकाष्ठाओं को सिद्ध की हैं, वे "पारमिता" कही जाती हैं।।

इन पारमिताओं के निरूपण का इतिहास जानना आवश्यक है। विनयपिटक

तथा अभिधम्मपिटक में पारमिताओं का वर्णन नहीं है। इनका सर्व प्रथम निर्देश तो प्राचीनतम सुत्तपिटक के खुद्दकनिकाय में आये बुद्धवंश में प्राप्त होता है। वहाँ शारिपुत्र ने भगवान् बुद्ध की पारमी यानी पारमिताओं के वृत्तान्तों को जानने के लिए पुछा कि-हे भगवन्! आपने दान, शील, नैष्कर्म्य, प्रज्ञा, वीर्य, क्षान्ति, सत्य, अधिष्ठान, मैत्री तथा उपेक्षा नाम की दश पारमिताएं, दश उपपारमिताएं तथा दश परमार्थ पारमिताएं कैसे सिद्ध की थी?[1] इस जिज्ञासा के उत्तर में बुद्ध ने अपने पूर्वावतारों की एवं अतीत के बुद्धों की जातक कथाओं को सुनाई। इन कथाओं में पारमिताओं का निरूपण है।। तत्पश्चात् खुद्दकनिकाय में समाविष्ट 15 ग्रन्थों में एक चरिया-पिटक भी है। उस चरिया-पिटक में भी बुद्ध के पूर्व जन्मों की चर्याओं का पद्यात्मक (गाथाओं में) निरूपण है। लेकिन चरियापिटक की इन गाथाओं में बुद्ध की केवल सात पारमिताओं का वर्णन हैं। इन सात पारमिताओं को स्फुट करने के लिए 35 जीवनचर्याओं को प्रस्तुत की गई हैं। इस सिलसिले में, चौथे क्रम में हीनयानी एवं महायानी संस्कृत में लिखे गये ग्रन्थों में केवल छह (जैसे कि-दान, शील, क्षान्ति, वीर्य, ध्यान एवं प्रज्ञा) पारमिताओं का निरूपण मिलता है।

भगवान् बुद्ध ने दश पारमिताएं सिद्ध की थीं। जैसे कि-1. दान पारमिता, 2. शील पारमिता, 3. नैष्क्रम्य पारमिता, 4. प्रज्ञा पारमिता, 5. वीर्य पारमिता, 6. क्षान्ति पारमिता, 7. सत्य पारमिता, 8. अधिष्ठान पारमिता, 9. मैत्री पारमिता तथा 10. उपेक्षा पारमिता। इस तरह की पारमिताओं की सिद्धि होने पर बोधिसत्त्व निम्नोक्त शब्दों में बोले हैं:-

(1) याचक को सामने आया हुआ देख कर, मैं ने मेरे शरीर का भी त्याग कर दिया है। वह मेरी दान पारमिता है। (यथा-शशपण्डित जातक कथा)

(2) बबूल के शूल (तीक्ष्ण कंटक) मेरे कानों में घुसड़ने पर भी तथा

---

1. सारिपुत्तो महापञ्ञो, समाधि ज्झान कोविदो।
पञ्ञाय पारमिप्पत्तो, पुच्छति लोकनायकं।। 74
कीदिसो ते महावीर, अभिनीहारो नरुत्तम।
कम्हि काले तया धीर, पत्थिता बोधिमुत्तमा।। 75
दानं सीलञ्च नेक्खम्मं पञ्ञावीरियञ्च कीदिसं।
खन्ति सच्च अधिट्ठानं, मेत्तु पेक्खा च कीदिसा।। 76
दस उपपारमी तया धीर, कीदिसी लोकनायक।
कथं उपपारमी पुण्णा, परमत्थपारमी कथं।। 77,
(खुद्दकनिकायस्य बुद्धवंशे प्रथमं रतन चंकमन कण्डम्।)

शक्ति नामक अस्त्र से मेरी पर प्रहार करने पर भी उस सपेरे पर क्रोध नहीं आया है। वह मेरी शील पारमिता है।

(3) मैं ने मेरे अधिकार का राज्य भी थूंक की तरह त्याग दिया है, उसको छोड़ते समय मुझे कोई आसक्ति नहीं हुई थी। वह मेरी नैष्क्रम्य पारमिता है।

(4) प्रज्ञा की खोज में मैं ने एक ब्राह्मण को दुःख में से छुड़वाया। तथा जैसे भिक्षु उत्तम, मध्यम एवं अधम सब के पास से भिक्षा ग्रहण करता है, उसी तरह से मैं ने सब (ज्ञानियों) को पूछ पूछ कर प्रज्ञा की सीमा को पार कर दिया है। वह मेरी प्रज्ञा पारमिता है।

(5) समुद्र के मध्य में पहुँच कर, पार को नहीं देख सकने वाले सभी मनुष्य मर गये, किन्तु मेरे मन में कोई विकार उत्पन्न हुआ नहीं है, वह मेरी वीर्य पारमिता है।

(6) तीक्ष्ण कुल्हाड़ी से जैसे किसी जड चीज को काटा जाय वैसे काशीराज मुझे काट रहे थे, तब भी मेरे मन में उसके प्रति क्रोध पैदा नहीं हुआ,वह मेरी क्षान्ति (क्षमा) पारमिता है।

(7) सत्यवादिता की रक्षा करने के लिए मैं ने मेरा जीवन का भी परित्याग कर दिया है एवं उस तरह से मैं ने सभी क्षत्रियों को मुक्ति दिलाई थी, वह मेरी परमार्थ सत्य पारमिता है।

(8) मुझे माता-पिता के प्रति एवं महाशय प्रति भी कोई द्वेष नहीं है। मुझे बुद्ध पद ही प्रिय है, अतः मैं ने इस व्रत का अधिष्ठान किया है, मैं पर्वत के समान अचल हूँ। यह मेरी अधिष्ठान पारमिता है।

(9) मैं किसी को भय उत्पन्न नहीं करता हूँ और न मुझे कोई भयभीत कर सकता है। मैं सदैव मेरे मैत्रीबल पर निर्भर रहता हुआ गहन वनों में घूमता हूँ। वह मेरी मैत्री पारमिता है।

(10) मृतशरीर की हड्डियों का तकिया बना कर, श्मशान भूमि में मैं शयन कर सकता हूँ। वहाँ चरवाह लोक (गोप) आ कर मेरे शरीर पर थूंके या कुछ भी करे, तब भी मैं उदासीन रहता हूँ। वह मेरी उपेक्षा पारमिता है।।

इतनी पारमिताओं की सिद्धि होने के बाद सिद्धार्थ गौतम "बुद्ध" बने हैं। हीनयानी बौद्धों ने अष्टांगिक मार्ग पर बल दिया है, तथा महायानीयों ने पारमिता की सिद्धि पर बल दिया है। बौद्ध-धर्म में शील, समाधि एवं प्रज्ञा इन तीन की शिक्षा पर बल दिया गया है। अतः, यह जानना आवश्यक है कि-इनके साथ पूर्वोक्त पारमिताओं का सम्बन्ध कैसे बिठाया जाता है:--

त्रिविध शिक्षाएं	अष्टाङ्गिक	पारमिताएं
1. शील	सम्यक् वचन	सत्य पारमिता
	सम्यक् कर्म	दान पारमिता
	सम्यक् आजीविका	शील पारमिता
		क्षान्ति पारमिता
2. समाधि	सम्यक् व्यायाम	वीर्य पारमिता
	सम्यक् स्मृति	मैत्री पारमिता
	सम्यक् समाधि	उपेक्षा पारमिता
		अधिष्ठान पारमिता
3. प्रज्ञा	सम्यक् दृष्टि	प्रज्ञा पारमिता
	सम्यक् संकल्प	नैष्कर्म्य पारमिता

विशेष:- ऐसा भी माना गया है कि ब्राह्मण संस्कृति के कुछ राजाओं ने जिन बौद्ध ग्रन्थों का नाश किया था उनमें से कहीं पर इक्कीस पारमिताएँ भी बताई थी। काशीस्थ किसी प्रकाशक ने कदाचित् ऐसा भी घोषित किया था कि त्रिपिटकाचार्य पण्डित राहुत सांकृत्यायन जी ने तिब्बत से प्राप्त किये किसी हस्तलिखित ग्रन्थ में ये इक्कीस पारमिताएँ निरूपित हैं, जिनका वे प्रकाशन करने वाले है। यद्यपि वह ग्रन्थ अभी तक प्रकाशित हुआ हो ऐसा ज्ञात नहीं है॥

[13]

त्रिपिटकों की पाठ-सुरक्षा के लिए छह संगीतियाँ

गौतम बुद्ध ने जो धर्मोपदेश दिया था, वह मौखिक रूप से दिया था। तथा गुरु-शिष्य की परम्परा में उपदेश स्मृतिबद्ध करके रखे जाते थे। लेकिन परिनिर्वाण के बाद तुरंत बुद्ध के धर्म-वचनों को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। इस सन्दर्भ में एक हकीकत प्राप्त होती है, वह निम्नोक्त है:-

बुद्ध का महानिर्वाण होने के बाद सातवें दिन, महाकाश्यप अपने पाँच सौ शिष्यों को लेकर पावा से कुशिनारा की ओर जाने निकला था। तब मार्ग में ही उसने एक आजीवक पंथ के परिव्राजक से सुना कि-बुद्ध का महानिर्वाण हो गया है। उस समय जिन भिक्षुओं को अर्हत् पद की प्राप्ति नहीं हुई थी, वे शोकग्रस्त हो कर रोने लगे। तो महाकाश्यप ने सांत्वना देते हुए कहा कि-"हे भिक्षुक! आप शोक न करें। क्योंकि बुद्ध ने ही कहा था कि प्रिय व्यक्ति एवं वस्तुओं का वियोग

भी एक दिन होता ही है। जो उत्पन्न होता है, वह मरता ही है।" तब उस संघ में एक भिक्षु ऐसा था जो वार्धक्य में प्रव्रजित हुआ था, जिसका नाम सुभद्र था, (बुद्ध का अन्तिम शिष्य भी सुभद्र था। लेकिन उससे यह भिन्न भिक्षु है।) वह बोला:-"हे मित्र! आप शोक न करें, क्योंकि हम सब उस महाश्रमण के त्रास से मुक्त हो गये हैं। "ऐसा ही करना और वैसा कभी नहीं करना"... इत्यादि नियमों से वह हमें बार बार बाधित करता था। अब तो हम हमारी इच्छानुसार व्यवहार करेंगे।" इसको सुनते ही महाकाश्यप ने भिक्षुसंघ को कहा कि-अब शीघ्र ही धर्म (बुद्ध के उपदेश वचन) एवं विनय वचनों (भिक्षुसंघ के लिए बनाई नियमावली) का संग्रह कर लेना चाहिए। क्योंकि यदि ऐसा संग्रह नहीं किया जायेगा तो सुभद्र जैसे अधर्मवादी भिक्षुक बलवान् बनते जायेंगे और धर्मवादी भिक्षुक दुर्बल होते चले जायेंगे।।

इस समय राजगृह में (बिम्बिसार के पुत्र) अजातशत्रु का शासन चल रहा था। उसके राजगृह के समीप आयी सप्तपर्णी गुफा में बुद्ध निर्वाण के बाद प्रथम चातुर्मास में ही बौद्ध भिक्षुओं को एकत्र किये गये। वहाँ महाकाश्यप ने अपने संघ में से 499 भिक्षुओं को चुन लिया, जिनको अर्हत् पद की प्राप्ति हुई थी। उस समय आनन्द को अर्हत् पद नहीं मिला था। फिर भी सभी भिक्षुओं ने महाकाश्यप से विनती की कि इस कार्य में आनन्द को भी शामिल किया जाय। क्योंकि आनन्द ने बुद्ध के सांनिध्य में रह कर धर्म एवं विनय का खूब अभ्यास किया है। महाकाश्यप ने वैसा ही किया। वहाँ पर अध्यक्ष स्थान पर विराजमान महाकाश्यप ने आनन्द को धर्म के विषय में बुद्ध-वचन पूछे, तथा उपालि को बुद्ध द्वारा प्रदत्त विनय के विषय में प्रश्न किये। दोनों ने सम्यक् उत्तर दिये। (उसी रात्रि में आनन्द को अर्हत् पद की प्राप्ति भी हुई।) 1. आनन्द ने सुत्तपिटक एवं 2. उपालि ने विनय-पिटक का पाठ सर्व प्रथम संगृहीत किया। इस सभा में अन्य दो बातों पर भी निर्णय लिया गया:-3. आनन्द पर जो आक्षेप लगाये थे उनके उत्तर दिये गये। तथा 4. छन्न को ब्रह्मदण्ड की सजा दी गई, जिस पर उसने परिताप व्यक्त किया। यह प्रथम "संगीति" कहलाई, जो सात महिनों तक चली थी तथा इस प्रथम संगीति का वर्णन विनय-पिटक के अन्त भाग में, 11 पंचशतिका स्कन्धक में दिया गया है।। इस प्रवृत्ति का कालान्तर में बार बार आवर्तन होता गया।। इतिहास में प्रसिद्ध हुई अन्य संगीतियाँ निम्नोक्त है:-

(2) ईसा पूर्व 383 में, मगध में शिशुनाग का पुत्र कालाशोक राजा था। बुद्ध-परिनिर्वाण के एक सौ वर्ष बाद, भिक्षुओं के संघ में कुछ 10 सिद्धान्तों को लेकर, जो मतभेद शुरू हुए थे उसको मिटाने के लिए दूसरी संगीति वैशाली में बुलाई गई। तब यश नाम का एक बौद्ध भिक्षु उस समय वैशाली में आ कर बैठा

था। वैशाली के भिक्षुओं ने विहार के प्रांगण में एक बडा ताम्रपात्र रखा था और वैशाली के उपासकों को उसमें धन (सुवर्ण एवं रजत की) मुद्राएं, आभूषणादि का दान देने को कहा गया था। तो यश ने उसका विरोध किया[1]। यश ने कहा कि भगवान् बुद्ध ने भिक्षुओं को सुवर्ण या रजत को स्पर्श भी करने की अनुमति नहीं दी है। तो इन सब का दान कैसे लिया जा सकता है? अब वैशाली के भिक्षुओं का (बाहर से आये) यश के साथ झगडा शुरू होता है। यश ने अपनी बात वैशाली के उपासकों को समझाई और वैशाली के जनसमूह ने कहा कि सच्चा बौद्ध-भिक्षु तो एक ही है, जो यश है। सामने खडा था वैशाली का भिक्षुसंघ, जिसने यश को क्षमा मांगने को कहा। यश ने क्षमा-याचना करने से इनकार कर दिया।[2] परिणामतः, वैशाली के भिक्षुओं ने यश को संघ से निष्कासित घोषित किया।। तत्पश्चात् यश ने कौशाम्बी, अवन्ती, अट्ठोपांग के भिक्षुओं का सम्पर्क किया, वे यश के साथ हो गये। वे सब अर्हत रेवत से जा कर मिले। वह भी यश की बात को मानता है। परन्तु उसी समय वैशाली के वज्जिओं के साथ वहाँ का भिक्षुसंघ भी अर्हत रेवत के पास आ कर अपना पक्ष रखता है। अब दोनों पक्षों के बीच विवाद उग्र होता चला। जिसके कारण एक परिषद् का आयोजन करना आवश्यक बन गया। तो पूर्व और पश्चिम के चार-चार भिक्षुओं की एक समिति बनाई गई। तथा भिक्षु अजित को समिति का प्रधान एवं सब्बकामनी को सभापति बनाया गया। सभा ने वज्जिओं के (यानी वैशाली के) भिक्षुओं के विरोध में निर्णय दिया। वैशाली के भिक्षुओं का मत अधर्मयुक्त है। इस निर्णय सब को मान्य रखना था। किन्तु ऐसा नहीं हुआ। अतः इस प्रसंग से बौद्धसंघ दो भागों में विभक्त हुआ:-(क)वैशाली के वज्जियों का एवं पाटलीपुत्र का (पूर्वी दिशा के) प्राच्यों का समूह, और (ख) पश्चिम के कौशाम्बी तथा अवन्ति का जनपद का संघ। अब जिनको समिति का निर्णय मान्य नहीं था उन वैशाली के भिक्षुओं ने (=वज्जिपुत्तकों ने) अपना नया महासंघ बनाया। वे महासांघिक कहलाये। उन्होंने धनादि का दान स्वीकारने के अपने निर्णय को उचित ठहराया। दूसरी ओर, जो प्रतीच्य (पश्चिम के) भिक्षु थे वे स्थविरवादिन् (थेरवादी) कहलाये। (आगे चल कर, महासांघिक 11 उपवर्गों में विभक्त हुए थे। तथा थेरवादियों में भी मतभेद होने से वे अन्य 7 वर्गों में पुनः विभक्त हो गये।) इस तरह से, सव्वकामनी की अध्यक्षता में और कालाशोक के शासनकाल में दूसरी संगीति का आयोजन हुआ। तब भिक्खुओं के विनय (नियमों) को लेकर,

---

1. द्रष्टव्यः-विनय-पिटक के अन्त भाग में 12. सप्तशतिका स्कन्धक।
2. द्रष्टव्य-प्राचीन राजवंश और बौद्धधर्म, ले. अच्युतानन्द घडियाल, वाराणसी, पृ.168

उसके कठोर पालन का आग्रह रखनेवाले "स्थविरवादिन्" कहलाये और जिन भिक्खुओं ने उनमें थोड़ा बदलाव माँगा वे "महासांघिक" कहलाये।

(3) ईसा पूर्व 250 में, सम्राट् अशोक के शासन काल में, मोग्गलिपुत्त तिष्य की अध्यक्षता में तीसरी संगीति का आयोजन अशोकाराम, पाटलिपुत्र (बिहार) में हुआ। यह संगीति कुल नव महिनों तक चलती रही थी। इस संगीति में "कथावस्तु" नामक अभिधम्ममपिटक का संगायन हुआ। [कथावस्तु में पाँच सौ ऐसे प्रश्नों समावेश किया है कि-जिनसे बुद्ध की शिक्षा के विषय में खडे किये गये संदेह या नासमझी उठी थी, उनका निराकरण किया गया है। वहाँ एकत्र हुए भिक्षुसंघ ने उनको सर्वसम्मति से पारित कर दिया।] इस परिषद् में कुल 1000 प्रतिभागी बौद्ध-अनुयायी थे। लेकिन उसमें से महासांघिकों को बहिष्कृत किये गये थे और केवल स्थविरवादियों को ही इस संगीति में एकत्र किये गये थे। एवमेव, इस संगीति में विद्वान् भिक्षुओं को देश के अन्य प्रदेशों में तथा विदेशों में भी बौद्ध-धर्म का प्रचार करने के लिए बाहर भेजने का निर्णय लिया गया था। (अतः पुष्यमित्र का प्रादुर्भाव होने से पहले ही, बौद्धधर्म के स्थिरवादियों का दक्षिण भारत की ओर प्रस्थान हो गया। जो सिंहल देश, ब्रह्मदेश, थाईलेन्डादि तक पहुँच गया।) [इसी निर्णय के अनुसन्धान में सम्राट् अशोक ने अपने पुत्र महेन्द्र (मिहिन्द) और पुत्री संघमित्रा को श्रीलंका में बौद्ध धर्म के प्रचार के लिये भेजा था। वहाँ पर वट्टगामिनि अभय की अध्यक्षता में भी बौद्ध साधुओं का संगायन हुआ और वहीं पर त्रिपिटकों को पहली बार लिपिबद्ध यानी "ग्रन्थस्थ" किया गया था।] सम्राट् अशोक ने जो संगीति बुलाई थी उसमें जो दुराचारी भिक्षु थे, उनका भिक्षुवेश निकलवा कर, श्वेत वस्त्र दे कर संघ में से हटा दिये गये थे ऐसा सारनाथ के शिलास्तम्भ पर उत्कीर्ण है। इससे सूचित होता है कि त्रिपिटकों का उच्चरित पाठ यथातथ सुरक्षित रखने के लिए तीन बार प्रयास किया गया है।

थेरवादियों ने ऐसी जानकारी दी है कि-सम्राट् अशोक ने कुल नव स्थानों पर विद्वान् भिक्षुओं को भेजे थे। उनके नाम इस तरह के हैं:-(1) मज्झन्तिक स्थविर को कश्मीर और गान्धार (कश्मीर, अफघानि-स्तान, उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में स्थित पेशावर), (2) महादेव स्थविर को महिसमण्डल यानी मैसुर, (3) योनक धम्मरक्खित स्थविर को अपरान्तक (उत्तर गुजरात, काठियावाड, कच्छ और सिन्ध), (4) रक्खित स्थविर को वनवासी (दक्षिण भारत में उत्तरी कर्नाटक), (5) महाधम्मरक्खित स्थविर को महारट्ठ (गोदावरी के परिसर का प्रदेश), (6) स्थविर महारक्खित को योनक-लोक यानी प्राचीन युनान (ग्रिस), (7) स्थविर मज्झिम को हिमवन्त (हिमालय का प्रदेश), (8) स्थविर सोण और उत्तर को सुवण्ण भूमि यानी बर्मा, म्यांन मार, तथा (9) स्थविर महेन्द्र तथा पुत्री

संघमित्रा सहित अन्य भिक्खुओं को ताम्बपत्रि द्वीप अर्थात् श्रीलंका में भेजे गये थे।। सम्राट् अशोक ने सीरिया और मिसर जैसे दूरातिदूर देशों में भिक्खुओं को धर्मोपदेश के लिये भेजे, उसी से प्रेरणा लेकर, कुषाण वंशी सम्राट् कनिष्क ने कुमारजीव तथा बोधिधम्म जैसे स्थविरों को मध्य एशिया और चीन देश में भेजे गये। वहाँ से चौथी शताब्दी में, बौद्ध धर्म कोरिया में पहुँचा और वहाँ से जापान तक पहुँचा। वहाँ से पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया में, थाईलेन्ड, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम एवं इन्डोनेशिया में यह धर्म फैल गया। शान्तिरक्षित, पद्मसंभव तथा कमलशील जैसे भिक्षुओं के द्वारा तिब्बत, नेपाल में भी उसका प्रसार हो गया।। *(द्रष्टव्यः-गौतम बुद्धः जीवन परिचय और शिक्षा, प्रका. विपश्यना विशोधन विन्यास, इगतपुरी, नाशिक, महाराष्ट्र, 2016)*

(4) ई. स. प्रथम शताब्दी (127 से 150) में जब कनिष्क का शासनकाल चलता था, तब कुण्डलं वन (काश्मीर) में वसुमित्र और प्रतिपक्ष में अश्वघोष की अध्यक्षता में चौथी संगीति बुलाई गई। जिसमें 500 भिक्षुओं ने भाग लिया था। उस परिषद् में सर्वास्तिवादी बौद्धधर्म के सिद्धान्तों पर संस्कृत में भाष्य लिखा गया। जिसको महाविभाषा कहा जाता है। त्रिपिटकों पर लिखी गयी इस संस्कृत "विभाषा" टीका को ताम्रपत्रों पर उत्कीर्ण करवायी गयी एवं पत्थर के पिटारों में बन्ध करके, गान्धार प्रदेश की पर्वतमालाओं में कहीं पर जमीन में गाडी गई है। (जो अभी तक किसी के हाथ नहीं लगी है) कनिष्क के समय में ही भगवान् बुद्ध की मूर्तियाँ घढने का आरम्भ हुआ, तथा मूर्तिकला के इतिहास में "गान्धार-शैली" का प्रादुर्भाव हुआ। उससे पहले अजातशत्रु से लेकर सम्राट् अशोक पर्यन्त बुद्ध की मूर्तियाँ नहीं बनाई जाती थी, बल्कि केवल छत्र, स्तूप, बोधिवृक्ष एवं धर्मचक्र-प्रवर्तन के चिह्नों का ही शिल्पांकन करवाया था। क्योंकि वे थेरवादी यानी हीनयानीयों की विचारधारा का अनुसरण करते थे। किन्तु कनिष्क के समय में बुद्ध की मूर्तिपूजा शुरू होती है। कनिष्क के द्वारा बुलाई गई इसी चौथी संगीति में बौद्ध-धर्म के 18 विविध सम्प्रदायों का परिगणन किया गया और उनको मान्यता दी गई। कनिष्क के द्वारा की गई बौद्धधर्म की इतनी बड़ी सेवा के कारण उसको "दूसरा अशोक" भी कहा गया है।।

(5) पाँचवी संगीति का स्थान है-बर्मा (म्यांनमार) का मांडले नगर, ई.स. 1871 का वर्ष, जिसमें राजा मिन-डॉ-मिन के राज्याश्रय में 2400 भिक्षुओं के त्रिपिटकों का संगायन किया। इस संगीति में क्रमशः सभापति के रूप में महास्थविर भदन्त ऊ जागराभिवंस, भदन्त ऊ नरिंदाभिधज तथा भदन्त ऊ सुमंगल सामी बैठे थे। इस प्रसंग में पांच महिनों का समय लगा। अन्त में, संगमरमर की पट्टिकाओं पर इन त्रिपिटकों को उत्कीर्ण भी करवाये गये। इनको तैयार करने में

सात वर्षों का समय लगा।।

(6) छट्ठी संगीति का आयोजन भी बर्मा के रंगून के पास आयी महापाषाण गुहा (ई. स.1954) में हुआ था। उस समय वहाँ के प्रधानमन्त्री ऊ नु थे। इस संगीति में समग्र विश्व से 2500 बौद्ध भिक्खुओं ने भाग लिया था। उसमें सभापति के रूप में भदन्त अभिधज महारट्ठ गुरु भदन्त रेवत थे। भगवान् बुद्ध की 2500वीं जन्म शताब्दी, ई.स. 1956 की वैशाखी पूर्णिमा के दिन उसका समापन हुआ।। (प्रथम तीन संगीतियाँ भारत में, चौथी वट्टगामिनी के समय में श्रीलंका में, तथा पाँचवी–छठ्ठी बर्मा में हुई थी।)

उपर्युक्त संगीतियों में जिन भिक्खुओं ने मिल कर बुद्ध के वचनों का साथ में संगायन किया वह एक पाठ–समीक्षा का, पाठ–निर्धारण का ही उपक्रम कहा जा सकता है। जिससे परस्पर की स्मृति में कोई अन्तर हो तो तुरंत उसके मूल रूप की चर्चा की जाय, उसको पुनः मूल रूप में प्रतिष्ठित किया जाय। ऐसी धर्मपरिषद् को "संगीति" या "संगायन" कहते हैं। त्रिपिटकाचार्य श्री राहुल सांकृत्यायन ने कहा है[1] कि बुद्ध के उपदेशों को सामान्यतया त्रिपिटकों (तीन भागों) में विभक्त किया जाता है। किन्तु वस्तुतः सुत्तपिटक एवं विनयपिटक ही प्राचीनतम एवं सर्वाधिक श्रद्धेय हैं। क्योंकि चुल्लवग्ग के पंचशतिका स्कन्धक में केवल धर्म (सुत्त) तथा विनय के संगायन की ही बात का उल्लेख है, (प्राचीनता की दृष्टि से अभिधम्मपिटक बाद का है)।

श्री सांकृत्यायन ने बताया है कि सम्राट् अशोक के समय में मगध बौद्ध धर्म का केन्द्र था, बाद में वह मथुरा के नजदीक आये उरुमुंड (गोवर्धन) पर्वत के पास केन्द्रीभूत हुआ। वहाँ पिटकों का संस्कृतानुवाद शुरू हुआ। तत्पश्चात् मथुरा में जब शकों का वर्चस्व बढ़ गया, तब सर्वास्तिवादियों का केन्द्र मथुरा से चल कर कश्मीर और गान्धार की ओर चला गया। वहाँ शक राजा कनिष्क (ई. स. की प्रथम शती) ने त्रिपिटकों को लेखबद्ध करवाये। तथा त्रिपिटकों पर संस्कृत में "विभाषा" नाम की टीकाएँ लिखवाई गई। (अतः सर्वास्तिवादी को "वैभाषिक बौद्ध" कहे गये।) उसी तरह, सम्राट् अशोक के पुत्र महेन्द्र एवं पुत्री संघमित्रा जो सिंहल देश में त्रिपिटकों को ले गये थे, वह मौखिक परम्परा में सुरक्षित रहे। बुद्ध–निर्वाण वर्ष 483 ईसा–पूर्व से आरम्भ करके, राजा वट्टगामनी (ईसा पूर्व 29 से 1) तक वहाँ के स्थविरवादी बौद्धों ने परिश्रमपूर्वक त्रिपिटकों को कण्ठस्थ रखा था। किन्तु उनमें थोडा सा (अनावश्यक अनुनासिक उच्चारणों का) भाषिक

---

1. विनय पिटक, (प्रस्तावना भाग में), अनु. राहुल सांकृत्यायन, महाबोधि सभा, सारनाथ, 1935

परिवर्तन (=प्रवेश) भी हुआ था। तथा राजा वट्टगामनी ने उनको सिंहल देश में लिपिबद्ध करवाया।

[14]

"सिद्धार्थ" नाम की ऐतिहासिकता एवं "बुद्ध" के लिए प्रयुक्त नामान्तर

भगवान् बुद्ध के पूर्वाश्रम का नाम "सिद्धार्थ" था ऐसी सर्वसाधारण जानकारी प्रचलन में है। किन्तु बौद्ध साहित्य के गम्भीर अध्येताओं ने इस नाम की ऐतिहासिकता पर भी विवाद खडा किया है। सिद्धार्थ शब्द का पालि भाषा में "सिद्धात्थ" ऐसा रूपान्तरण होता है। लेकिन यह नाम केवल अपदान एवं जातक-कथाओं के गद्यांश में ही मिलता है। (जातक-कथाओं के गद्य की अपेक्षा से जो पद्यात्मक गाथाएँ हैं, वही प्राचीनतम मानी जाती है।) एवमेव, अपदान में भी यह "सिद्धार्थ" नाम गोत्रवाचक "गौतम" नाम के साथ प्रयुक्त नहीं हुआ है। सिद्धात्थ नाम तो त्रिपिटकोत्तर साहित्य में मिलता है। अर्थात् त्रिपिटकों में यह सिद्धार्थ या सिद्धात्थ नाम कहीं पर नहीं मिलता है। [अतः श्रीधर्मानन्द कोसाम्बी जी ने अपने व्याख्यानों में सिद्धार्थ नाम का प्रयोग नहीं किया है, प्रत्युत "बोधिसत्त्व" शब्द का प्रयोग करना ही उचित माना है।] कहने का तात्पर्य यही है कि सिद्धार्थ ऐसा नाम निकाय एवं विनय पिटक में नहीं मिलता है। हाँ, यह सही है कि बुद्ध के चौबीस पूर्वावतारों में इस नाम का विनियोग हुआ है। लगता है कि-यह "सिद्धार्थ" ऐसा शब्द नाम के रूप में नहीं, किन्तु "अर्हत्" एवं "तथागत" की तरह एक विशेषण के रूप में ही प्रयुक्त हुआ होगा। यही विचार मेक्स म्युलर ने 1860 में व्यक्त[1] किया है।

उपर्युक्त विचारणा से सम्बद्ध एक सन्दर्भ उल्लेखनीय है:-बुद्धत्व की प्राप्ति के बाद, जब वे ऋषिपत्तन में अपने पुराने साथी तपस्वियों को मिलते हैं (जहाँ प्रथम धर्मोपदेश दिया था, धर्मचक्र-प्रवर्तन किया था) तब उन पंच वर्गीय भिक्षुओं ने बुद्ध को गोत्र नाम से सम्बोधित किया एवं मित्र भी कहा। [द्रष्टव्य:-अपिस्सु भगवंतं नामेन च आवुसोवादेन च समुदाचरन्ति।-विनय-पिटक, 1-9., अपि च खो मं नामेन च आवुस्सोवादेन च समुदाचरन्ति।-मज्झिमनिकाय,1-171, 2-93.] तत्पश्चात् बुद्ध स्वयं उन सब को उसी तरह से संबोधित करने के लिए मना करते हैं, क्योंकि वे अब अर्हत् बने हैं, तथागत बने हैं। [द्रष्टव्य:-*मा भिक्खवे, तथागतं नामेन च़ आवुस्सोवादेन च समुदाचरथ अर्हम्, भिक्खवे, तथागतो सम्मासम्बुद्धो।*-मज्झिमनिकाय, 1-171]

---

1. Müller. F. Max 'Buddha and Buddhism' in 1860

उपर्युक्त उद्धरणों से ऐसा विचार (कल्पना) करने का मन होता है कि बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात् बुद्ध के वचनों की मौखिक पाठ-परम्परा (तत्पश्चात्, लिपिबद्ध करते समय) में से, संगीतियों के दौरान, त्रिपिटकों के पाठ में से सिद्धार्थ ऐसा नाम हटा देने की प्रवृत्ति हुई होगी।। तथा "सर्वार्थसिद्ध" ऐसा नाम थेरवादी पाठ में, सर्वास्तिवाद एवं लोकोत्तरवाद के ग्रन्थों में (ही) प्रयुक्त होता रहा दिखता है।।

बौद्ध साहित्य में भगवान् बुद्ध के लिए अन्य भी अनेक नामों का प्रयोग हुआ है। इनमें से कतिपय नामों के अभीष्टार्थों का विवरण जिज्ञासुओं के लिए देना चाहिए। इतिहास पुरुष गौतम सिद्धार्थ, जिन्होंने शाक्य वंशीय राजा शुद्धोदन के घर जन्म लिया था, इसलिए वे **शाक्यसिंह** एवं **शौद्धोदनिः** नामों से अभिहित होते हैं। वे गौतम गोत्रीय होने से **गौतम बुद्ध** कहे जाते हैं। तथा दुनिया के सभी जीवों के दुःखों का निवारण कैसे होगा? यह जानने के लिए उद्यत हुए थे, इसलिए वे **महाभिषक्** भी कहे गये हैं। उन्होंने इन्द्रियों पर विजय हासिल की थी इस लिए वे जिन भी कहे गये हैं। अपने अनुयायियों को संवाद के माध्यम से धर्मोपदेश करने के कारण वे "**शास्ता**" के पद से भी अभिहित किये जाते हैं। तथा वे ब्राह्मण संस्कृति के प्रतिपक्ष में खड़े हुए थे, इस लिए उनको **श्रमणोत्तम** नाम से भी पहचाने जाते हैं।।

बुद्धत्व प्राप्ति होने से पहले उन्हों ने अपने पूर्वावतारों में विविध योनियों में जब जन्म लिया था, तब वे बोधिसत्त्व के नाम से जाने जाते हैं। इस बोधिसत्त्व का पुरोगामी 24 बुद्धों के साथ प्रत्यक्ष संवाद भी हुआ था। इन 24 पूर्व बुद्धों के नाम इस तरह से है:-दीपंकर, **कौण्डिन्य, मंगल, सुमन, रेवत, शोभित, अनोमदर्शी, पद्म, नारद, पद्मोत्तर, सुमेध, सुजात, प्रियदर्शी, अर्थदर्शी, धर्मदर्शी, सिद्धार्थ, तिष्य, पुष्य, विपश्यी, शिखी, वेस्सभू (वैश्यभू), क्रकुसन्ध, कोणागमन तथा काश्यप।** (तथा पच्चीसवें गौतम बुद्ध।)

इनमें से *दीपंकर संज्ञक* बुद्ध की विभावना ऐसी है कि यह अतीत में हुए सब से पहले बुद्ध हैं। वे चार असंख्येय एवं एक लाख कस्सप पूर्व में पृथिवी पर हो गये थे।[1] ऐतिहासिक गौतम बुद्ध वर्तमान समय के बुद्ध है, तो दीपंकर बुद्ध अतीत के बुद्ध हैं। तथा भविष्य में होने वाले बुद्ध को मैत्रेय बुद्ध नाम दिया गया है। भूत-भविष्य-वर्तमान के ऐसे तीन बुद्ध अलग अलग नामों से अभिहित किये

---

1. दीपंकरो पि भगवा आगन्त्वा, सुमेधतापसस्स सीसभागे ठत्वा.....इतो कप्पसतसहस्साधिकानं चतुन्नं असंख्येयानं मत्थके गोतमो नाम बुद्धो भविस्सति।-जातकट्ठकथा, सम्पूर्णानन्द सं. वि.वि. काशी, पृ. 46

गये हैं। दीपंकर का मूर्ति-विधान देखा जाय तो-वे बैठे हुए दक्षिण हस्त से अभय मुद्रा को दिखा रहे होते हैं। (नेपाल, चीन, थाईलेन्ड में वे खड़े हुए भी आकारित किये गये हैं।) एवं उनके साथ में दो बोधिसत्त्व भी दिखाये जाते हैं, जिनका नाम मंजुश्री एवं वज्रपाणि है। (कुत्रचित् अवलोकितेश्वर एवं वज्रपाणि भी उनके साथ में होते हैं।)

महायानी बौद्धों ने **अमिताभ** (जिसको नापा नहीं जा सकता हो ऐसी आभा वाले) बुद्ध वर्तमान जगत् के अधीश्वर हैं। इस नाम के अन्य स्वरूप अमिदा, अमितायुस भी प्रचलन में हैं। वे अन्तरिक्ष, स्वर्ग में स्थित माने जाते हैं। तिब्बत एवं मोंगोलिया में माना जाता है कि-पाँच ध्यानी बुद्धों (अक्षोभ्य, अमोघसिद्धि, रत्नसंभव, विरोचन एवं अमिताभ) में से एक हैं। इस अमिताभ के साथ में अवलोकितेश्वर तथा वज्रपाणि प्रदर्शित किये जाते हैं।। तीसरा महत्त्वपूर्ण नाम है:- **अवलोकितेश्वर** बुद्ध। जिनके 108 अवतार हुए हैं ऐसा माना गया है। इनमें से एक अवतार पद्मपाणि का है और उनका चित्र अजन्ता (महाराष्ट्र) की गुफाओं में भित्तिचित्र में मौजुद है। (द्रष्यव्य-परिशिष्ट-3) अवलोकितेश्वर शब्द सूचित करता है तदनुसार यह बुद्ध अधोमुख बताये जाते हैं। क्योंकि वे स्वयं स्वर्ग लोक में खड़े हैं और पृथिवी लोक के दुःखी जीवों की चीत्कार को सुनने को तत्पर रहते हैं, ताकि वे तुरंत दुःखी व्यक्ति की मदद करने को पहुँच सकें!

[15]

बुद्ध के प्रधान भिक्षुओं (महाश्रावकों) का परिचय

भगवान् बुद्ध के प्रभाव में तत्कालिक ब्राह्मण संस्कृति के सभी दार्शनिक मत निष्प्रभ होने लगे। आषाढी पूर्णिमा के दिन वाराणसी में बुद्ध ने प्रथम धर्मचक्र-प्रवर्तन किया, तब पंच वर्गीय भिक्षु सब से पहले उनके शिष्य बनें। तत्पश्चात् यश एवं उसके चार साथियों का संघ में प्रवेश हुआ। उसके बाद बुद्ध ने उरुवेल में आ कर, कश्यप एवं उसके पांच सौ अनुयायियों पर प्रभाव डाला। चौथे क्रम में, वे जब राजगृह आये तब (संजय नाम के गुरु को छोड कर) सारिपुत्त एवं मौगल्लान बुद्ध के शिष्य बने हैं। वे दोनों के साथ संजय के 250 शिष्य भी जुड़े। उसके बाद तो संघ की कीर्ति भी बढ़ी और शिष्य-संख्या भी बढ़ती चली है। जिसका वर्णन महावग्ग में मिलता है।

यहाँ एक उल्लेखनीय बिन्दु है- भगवान् बुद्ध के संघ में भिक्षु बनने वाले कतिपय व्यक्ति तो उनके स्वयं के कुटुम्बीजन भी थे। जैसे कि, शाक्यकुल में शुद्धोदन, शुक्लोदन, अशुक्लोदन, धौतोदन एवं अमितोदन नाम के पाँच भाई थे।

उनको अमितावी नाम की एक बहन भी थी। इन भाईयों के घर कौन कौन पुत्र पैदा हुए?, तो 1. शुद्धोदन की प्रथम पत्नी महामाया से बोधिसत्त्व (सिद्धार्थ) का जन्म हुआ और दूसरी पत्नी महाप्रजापति से नन्द नाम का पुत्र जन्मा। कालक्रम से सिद्धार्थ गौतम बुद्ध बना और नन्द भी बौद्ध भिक्षुक बना। 2. शुक्लोदन के घर दो पुत्र हुए, महानाम और अनुरुद्ध। महानाम बोधिसत्त्व के जन्म से पहले पैदा हो चुका था। किन्तु वह गृहस्थी बना रहा। तथा उसका अनुज भ्राता अनुरुद्ध बौद्ध भिक्षु बना था। 3. अमितोदन के घर आनन्द नाम का पुत्र जन्मा, जो बुद्ध के प्रधान शिष्यों में अतीव महत्त्व रखता है। इस आनन्द ने ही सुत्तपिटक का प्रथम गान किया था और बुद्ध के महापरिनिर्वाण के समय कुशीनारा में वही उपस्थित था। (अशुक्लोदन तथा धौतोदन की संतति का निर्देश नहीं मिलता है।)

अब बुद्ध के कतिपय प्रधान शिष्यों का परिचय कर लेना उपकारक होगा। बुद्ध के शिष्यों के लिए बुद्धघोषाचार्य ने "असीति महासावक" शब्द का प्रयोग किया है। किन्तु उन 80 के नामों की सूचि कहीं से मिलती नहीं है। श्रीधर्मानन्द कोसम्बी जी ने "बौद्धसंघनो परिचय"[1] नामके ग्रन्थ में कुल मिला कर 77 महाश्रावकों (=शिष्य) का परिचय दिया है। उनमें से सात नाम प्रधान हैं। 1. कौण्डिन्य, 2. सारिपुत्त (शारिपुत्र), 3. मोग्गलान (मौद्गल्यायन), 4. महाकाश्यप, 5. उपालि एवं अनुरुद्ध, 6. आनन्द, 7. राहुल।।

1. **कौण्डिन्य** का परिचय देते हुए श्री धर्मानन्द जी ने लिखा है कि-भगवान् बुद्ध ने ही अंगुत्तनिकाय के एकनिपात के एतदग्गवग्ग में कहा है कि- *एतदग्गं भिक्खवे, मम सावकानं भिक्खूनं रत्तञ्ञूनं यदिदं अञ्ञासिकोण्डञ्ञो।* ("भिक्षुओं, सब से लम्बे समय तक संघ में रहने वाले भिक्षुश्रावकों में कौण्डिन्य पहला है।" बोधिसत्त्व के जन्म के बाद, जिन आठ ब्राह्मणों ने भविष्यकथन किया था, उनमें कौण्डिन्य सब से युवान् व्यक्ति था। कौण्डिन्य यह गोत्र नाम है और मूल नाम "सुदत्त" है ऐसा जातकट्ठकथाकार का कहना है। अन्य ब्राह्मणों ने संदिग्ध (द्विधाजनक) रीति से कहा था, लेकिन कौण्डिन्य ने निश्चितता पूर्वक कहा था कि यह बुद्ध ही बनेगा। बोधिसत्त्व ने जब गृहत्याग किया तब उनके साथीदार अन्य (वृद्ध) ब्राह्मण तो जीवित नहीं रहे थे। अतः कौण्डिन्य ने उनके पुत्रों को बताया कि-"गौतम ने गृहत्याग किया है और वह निश्चित बुद्ध होगा। अतः हम सब प्रव्रज्या लेकर उनके धर्मामृत का लाभ लें।" भविष्यकथन करने वाले उन सात ब्राह्मणों के पुत्रों मे से चार ने कौण्डिन्य के कहने से प्रव्रज्या ले

1. बौद्धसंघनो परिचय-लेखकः अध्यापक धर्मानन्द कोसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, प्रथमावृत्ति-1925, पुनर्मुद्रण-1988, (पृ. 161 से 286)

ली। उन्हों ने बोधिसत्त्व के पास जा कर, उनकी सेवा शुरू की। ये पाँचो को "पञ्च वर्गीय भिक्षुओं" के नाम से जाने जाते हैं। उन पाँचों को ही बोधिसत्त्व ने बुद्धत्व की प्राप्ति हो जाने के बाद, प्रथम धर्मोपदेश दिया था, जिसको धर्मचक्र-प्रवर्तन कहा जाता है। तथा बुद्ध का प्रथम संघ उन पञ्चवर्गीय भिक्षुओं से ही बना था।।

2. **शारिपुत्र**[2] एवं 3. **मौद्गल्यायनः**- भगवान् बुद्ध ने कहा है कि- *महापञ्ञानं यदिदं सारिपुत्तो।* (=महा-प्राज्ञानां श्रावकानां मध्ये अयं शारिपुत्रः श्रेष्ठः।) "भिक्षुओं, मेरे महाज्ञानी भिक्षुश्रावकों में सारिपुत्त श्रेष्ठ है।" तथा, *इद्धिमन्तानं यदिदं महामोग्गल्लानो।* "हे भिक्षुओं, ऋद्धिमान् भिक्षुश्रावकों में महामोग्गलान श्रेष्ठ है।"(द्रष्टव्य-अंगुत्तनिकाय में एककनिपात का एतदग्ग-वग्ग) अतः यह जानना रसप्रद होगा कि बुद्ध के प्रधान शिष्य सारिपुत्र की व्यक्तिरेखा कैसी रही होगी?। सारिपुत्त और मोग्गल्लान बुद्ध के दो प्रधान शिष्य (=अग्रश्रावक) रहे हैं। सारिपुत्त के पिता का नाम वंगन्त तिष्य था और माता का नाम शारद्वती, सारिका (जिसकी आवाज सारिका पक्षी जैसी थी) अथवा रूपशारी था। अतः माता के नाम से जो "सारिपुत्र" था, वह पिता के नाम से "उपतिष्य" भी कहलाता था। सारिपुत्त बुद्ध के नियमों का कठोर पालन करता था और करवाता भी था। अतः उसको *धर्मसेनापति* का बिरुद दिया गया था। बौद्ध शिल्पकला कारीगरियों में सारिपुत्त को बुद्ध के दक्षिणहस्त पर और मोग्गल्लान को वामहस्त पर बैठे हुए दिखाये हैं। श्रीलंका के थेरवादियों ने तो सारिपुत्त को बुद्ध के बाद, "द्वितीय बुद्ध" के रूप में स्वीकारा है। सारिपुत्त के शरीर का वर्ण सोनेरी था। वह अत्यंत बुद्धिमान् एवं वाक्पटु था। अतः जब कभी बुद्ध शिष्यों को उपदेश देते देते परिश्रान्त हो जाते थे तब वे सारिपुत्त को उपदेश देने का कार्य सोंपते थे। सारिपुत्त नये दीक्षित हुए भिक्षुओं का अनुशासन भी करता था और ध्यान की कोटिओं का ज्ञान भी देता था। कहा जाता है कि अभिधम्म-पिटक के विकास में सारिपुत्त का योगदान अतिमहत्त्व का है।

पिटकों से मिल रही जानकारी के अनुसार, उपतिस्स (सारिपुत्त) एवं कोलित नामके दो वेद-पारंगत ब्राह्मण थे। दोनों समवयस्क एवं समानशील वाले होने के कारण दोनों में मैत्री बनी। उस समय राजगृह में जात्रा (गिर्यग्रसमजा-गिरग्गसमज्जा) का आयोजन होता था। दोनों मित्र वहाँ पर पहुँचे और नृत्य-गानादि का आनन्द लेने में संलग्न हुए। किन्तु पूर्व भव के पुण्यों का उदय हुआ और वे सोचने लगे कि सौ साल के बाद इन में से कोई नहीं बचेगा। इस तरह जगत्

---

1. इसी सारिपुत्त के नाम पर अश्वघोष ने सारिपुत्त-प्रकरणम् लिखा था, जो आज लुप्तप्राय है।

की अनित्यता को जान लेने के बाद, वे तत्त्वजिज्ञासु बनकर निकल पडे थे। तत्कालिक दर्शनों से संतुष्ट नहीं होने पर, वे दोनों संजय नाम के गुरु की शरण में जाते हैं। वह आशंकावादी था। देवता या धर्म विषयक स्वीकृत मान्यताओं पर वह प्रश्न खडा करता था। लेकिन उपतिस्स एवं कोलित ने उसको भी छोड दिया। दोनों ने निश्चय किया कि जिसको संतोषकारक ज्ञान मिले तो दुसरे को बताना। अब रास्ते में उपतिष्य को बुद्ध के ही अश्वजित् एवं पुनर्वसु नाम के दो शिष्यों से भेट हुई। तब उपतिष्य ने उनको पुछा कि आपके मुख पर शान्ति की मुद्रा कैसे अंकित हुई है? उन्होंने बताया कि बुद्ध के कारण। बुद्ध कहते हैं कि-

ये धम्मा हेतुप्पभवा, तेसां हेतुं तथागतो आह।
तेसाञ्च यो निरोधो एवं वादी महासमणो ति।।[1]

(विनयपिटक, 3 महावग्ग)

अर्थात्- हेतु से उत्पन्न होनेवाली जितनी वस्तुएं हैं, उनका हेतु है, यह तथागत बतलाते हैं। उनका निरोध हैं, (उसको भी वे बतलाते हैं), यही महाश्रमण का वाद है। (अनुवादक-श्रीराहुल सांकृत्यायन), अर्थात्, बुद्ध सृष्टि का सर्जन अलौकिक नहीं मानते है)[2]।। इसको सुन कर, उपतिष्य कोलित को साथ में लेकर, बुद्ध को मिलते हैं। उन दोनों को आते देख कर ही, बुद्ध ने कह दिया कि ये मेरे "अग्रश्रावक" होंगे। वे उनके शिष्य बन जाते हैं। तब से उन दोनों का नया नाम प्रसिद्ध होता है:-सारिपुत्त और मोग्गलान। तत्पश्चात् उन दोनों का अनुगमन करते हुए संजय के 250 अनुयायी भी बौद्ध-संघ में जुड़ते हैं।।

श्रीधर्मानन्द जी लिखते हैं कि-त्रिपिटकों के स्वाध्याय में जिनका प्रवेश हुआ है उनको सारिपुत्त और मोग्गलान की महत्ता बताने की आवश्यकता नहीं है। सारिपुत्त के द्वारा उपदिष्ट वचन सुत्तपिटक में संगृहीत है। एकबार सेल नामके ब्राह्मण ने बुद्ध को प्रश्न किया की आपका सेनापति कौन है?, तो भगवान् ने कहा कि-

---

1. यह गाथा बौद्ध परम्परा में सुप्रसिद्ध है और शिलालेखों पर अनेक बार उत्कीर्ण की गई है।
2. ब्राह्मण-संस्कृति के पुराणों में सृष्टि की उत्पत्ति दैवी बताई है। जिसके लिए मत्स्य अवतार, कुर्म अवतार, वराह अवतारादि कल्पनाएं हैं। दार्शनिकों ने इसके लिए मायावाद या अनिवर्चनीय ख्याति का सहारा लिया है। जब बुद्ध ने सृष्टि एवं दुःख की उत्पत्ति के लिए तृष्णा को हेतु माना है। तृष्णाच्छेद होने पर संसारचक्र का निरोध हो सकता है। एक पक्ष अयथार्थवादी है, तो उसके प्रतिपक्ष में खडा बौद्धदर्शन यथार्थवादी लगता है।

मया पवत्तितं चक्कं धम्मचक्कं अनुत्तरं।
सारिपुत्तो अनुवत्तेति अनुजातो तथागतं।।

अर्थात् "मैं ने प्रस्थापित किया श्रेष्ठ चक्र-धर्मचक्र-सारिपुत्त चला रहा है, तथागत के पीछे पीछे ही वह चलने वाला है।" इसी तरह से मोग्गलान की योगसिद्धियाँ भी सुत्तपिटक तथा विनय पिटक में अनेकत्र उल्लिखित हैं।।

कालक्रम से अश्वजित् एवं पुनर्वसु किसी एक नगर में ही अपना नित्य निवास शुरू कर लेते हैं और बौद्ध-मार्ग का विकृत स्वरूप लोगों के सामने पेश करते हैं। नर्तकियों के साथ, गाने-बजाने वालों के साथ, मद्यपान करने वालों के साथ संबन्ध बना लेते हैं। तब बुद्ध ने सारिपुत्त तथा मोग्गल्लान को ही "प्रव्राजनीय कर्म" (=संघ से बाहर निकालने की प्रक्रिया) के लिए उनके पास भेजा। (विनय-पिटक का 4. चुल्लवग्ग) सारिपुत्त ने उस "प्रव्राजनीय कर्म" से अश्वजित् एवं पुनर्वसु को बौद्धसंघ से निष्कासित किये।

उसी तरह से, देवदत्त, जो बुद्ध का बाल्यावस्था से विरोध करने वाला था, उसने भी बौद्ध-संघ में भेद पैदा किया और बुद्ध के कुछ शिष्यों को अपने साथ ले गया। अब वह भी गादीपति बन कर ऐश-आराम से रहने लगा। तो बुद्ध ने इसी सारिपुत्त तथा मोग्गल्लान को देवदत्त के संघ में भेज कर, युक्तिपूर्वक अपने शिष्यों को फिर से वापस बुला लिये। इन दोनों शिष्यों की वयः बुद्ध से कुछ ज्यादा थी और बुद्ध के महापरिनिर्वाण से कुछ समय पहले ही सारिपुत्त का देहावसान हो गया। (बोधगया में उसका स्तूप बना, उनकी अस्थियों का पुनरपि बटवारा करके, अन्यत्र भी उसके स्तूप बनाये गये हैं, जिनमें से एक सांची, मध्यप्रदेश में भी है।)

बुद्ध ने सारिपुत्त को दीक्षा दी उसका वर्णन मूल सर्वास्तिवादी ग्रन्थों में मिलता है, जिसमें अनेक चमत्कारिक घटनाओं का निरूपण मिलता है। जैसे कि, बुद्ध ने धर्मोपदेश किया उसी समय उसके वस्त्र अपने आप बदल गये और मस्तक पर से सब केश निकल गये इत्यादि। बौद्ध भिक्षु होने के बाद, केवल पंदर दिनों में ही उसने अर्हत् पद प्राप्त कर लिया था। उसने ही बुद्ध के कहने पर, उनके पुत्र राहुल को भी भिक्षुक बनाया था। (चीनी यात्री फाहियान एवं ह्य एन त्संग के मत से यह सारिपुत्त नालक गाँव का रहने वाला था। जो सिद्धार्थ के जन्म के बाद ऋषि असित के साथ आये हुए शिष्य का नाम भी बताया जाता है।। यद्यपि सुत्तपिटक के नाळकसुत्त में तो असित एवं नालक को मातुल एवं भागिनेय बताये हैं।) पिटकादि ग्रन्थों में ऐसा भी बयान मिलता है कि-ऐतिहासिक बुद्ध के भी पूर्व में अनेक बुद्ध हुए थे। उनमें से एक अनोमदस्सी बुद्ध का नाम

आता है। अनोमदस्सी के दो ब्राह्मण शिष्य थे, जिनके नाम थे-सारद एवं श्रीवर्धन। वे दोनों ही कालान्तर में सारिपुत्त तथा मोग्गल्लान बने हैं। जैसे कि-अपदान नामके ग्रन्थ में आये "सारिपुत्तत्थेर अपदान" नामक प्रकरण में निम्नोक्त पालि श्लोक लिखे हैं, जिनमें अनोमदस्सी बुद्ध ने भविष्यकथन किया था कि-

"250-पच्छिमे भव सम्पने मनुस्सत्तं गमिस्सति।
ब्राह्मणी सारिया नाम, धारयिस्सति कुच्छिना।।,

251-मातु या नामगोतेन पञ्ञायिस्सतियं नरो।
सारिपुत्तो ति नामेन तिक्खपञ्ञो भविस्सति।।,

254-सारिपुत्तो.. हेस्सति अग्गसावको।।"

सुत्तपिटके खुद्दक-निकाये थेरापदानं पठमोभागो। The Apadan, part-1, Pali Publication, 1959, https://ignca.gov.in 10478. इन पंक्तियों में सारिपुत्त को बुद्ध का अग्रश्रावक कहा है और तीक्ष्ण प्रज्ञावान् कहा है। इति दिक्।।

4. महाकाश्यप नाम का पाँचवां महाश्रावक था। अंगुत्तरनिकाय के एककनिपात के एतदग्ग-वग्गो में कहा है कि-*धुतवादानं* (पाठान्तर-*धुतङ्गधरान*) *यदिदं महाकस्सपो*।। त्रिपिटकों में चार "धुतंगों"=सादगी से रहनेवाले भिक्षु का उल्लेख मिलता है:-1. जंगल में ही रहना, 2. टूटे-फटे चीवरों को ही धारण करना, 3. केवल तीन ही चीवर का विनियोग करना, 4. भोजन के लिए किसी के निमन्त्रण का नहीं स्वीकार करना और केवल भिक्षा से ही जीवन-निर्वाह करना।[1] बुद्ध के महाकाश्यप नामके श्रावक (भिक्षु) ने इनमें से दूसरे धुतंग का पालन किया था तथा वह अपने अनुयायियों को भी इसी व्रत का पालन करने का कहता था। इसी लिए भगवान् बुद्ध ने भी कहा है कि-"हे भिक्षुओं, धुतंग =अत्यन्त सादगी से रहनेवाले मेरे भिक्षुओं में महाकाश्यप श्रेष्ठ है"। लेकिन यहाँ प्रश्न होता है कि बुद्ध ने "धुतंगों में श्रेष्ठ" जिस महाकश्यप का निर्देश किया है-वह कौन है? एवं वाराणसी में धर्मचक्र-प्रवर्तन करके, भगवान् बुद्ध ने (अग्निहोत्र करनेवाले) तीन ब्राह्मण काश्यप बन्धुओं को, उनके 500 शिष्यों के साथ, बौद्ध-भिक्षु बनाये थे। वह महाकश्यप कौन है?, इन दो महाकश्यपों में से, किसने (बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद हुई) राजगृह में हुई प्रथम संगीति में सभाध्यक्ष का कार्य किया था?। तो विशुद्धिमार्ग की "मनोरथपूरणी" टीका में धुतंग का पालन करने वाले महाकश्यप को राजगृह की प्रथम संगीति का

1. लेकिन श्रीधर्मानन्द कोसम्बी कहते हैं कि विसुद्धिमग्गो के द्वितीय परिछेद में 13 धुतंगो का भी निर्देश है।

सभाध्यक्ष बताया है। किन्तु स्थविर के रूप में तो अग्निहोत्र का त्याग करके, जो बौद्धभिक्षु बना था, वही महाकश्यप सभाध्यक्ष बन सकता है। क्योंकि धर्मचक्र-प्रवर्तन करके, बुद्ध जब राजगृह पधारे तब मगध के महातीर्थ नाम के गाँव में एक श्रीमन्त ब्राह्मण के घर कश्यप का जन्म हुआ था, जो बाद में धुतंग बना था। अतः यह धुतंग महाकश्यप प्रथम संगीति के समय में स्थविर नहीं हो सकता है।। फिर भी बौद्ध-साहित्य के विशेष जानकार ही इस विषय में प्रमाण हो सकते हैं।।

5. उपालि एवं अनुरुद्धः- अनुरुद्ध नामका महाश्रावक भी ध्यानास्पद है। उसके लिए बुद्ध ने कदाचित् कहा था:-"मेरे दिव्यचक्षु भिक्षुश्रावकों में अनुरुद्ध श्रेष्ठ है"। इसका जन्म शुद्धोदन के अमितोदन नाम के भ्राता के घर हुआ था। उसका ज्येष्ठ भ्राता महानाम था। पिता जी के मरण के बाद खेती कार्य का भार वही उठाता था। बोधिसत्त्व सिद्धार्थ को बुद्धत्व की प्राप्ति होने के बाद, उसने प्रव्रज्या लेने का विचार किया। अतः उसने खेती का पूरा कार्यक्रम कैसे चलाना होगा- वह अपने अनुज अनुरुद्ध को समझाया। कृषिकर्म जटिल है-ऐसा समझते हुए उसने कहा, अब मैं ही प्रव्रज्या लेता हूँ और मेरे ज्येष्ठ भ्राता महानाम ही खेती के कार्य को संभालते रहें। अब, अनुरुद्ध की माता ने प्रव्रज्या लेने की मनाई की। किन्तु पुत्र की जिद्द को देखते हुए उसने एक शर्त रखी कि यदि शाक्यों का एक अग्रेसर, जो अनुरुद्ध का मित्र भी था, यदि वह प्रव्रज्या लेता है तो वह अनुमति देगी। अनुरुद्ध ने अपने मित्र भद्दिय को समझाया। लेकिन तुरंत वह तैयार नहीं होता है। अनेक कोशिशों के बाद कुल छः शाक्यकुमार प्रव्रज्या लेने के लिए निकले। उनमें भद्दिय, अनुरुद्ध, आनन्द, भृगु, कम्बिल एवं देवदत्त शामिल थे। उन्हों ने अपने साथ उपालि नाम का हजाम भी ले लिया। मार्ग में जाते हुए उन्होंने अपने किंमती वस्त्राभूषण निकाल कर उपालि को दे दिये और घर वापस चले जाने को कहा। उपालि ने वापस जाते समय सोचा कि-शाक्य लोग क्रूर होते हैं। मुझे अकेला वापस आया देख, वे कदाचित् मुझे मार डालेंगे। अतः उसने भी बुद्ध के पास जा कर, प्रव्रज्या लेने का दृढ संकल्प कर लिया। लेकिन अपने पास उन राजकुमारों के जो किमती वस्त्राभूषण थे उनका क्या किया जाय?, इस समस्या का हल निकालने के लिए, उसने जंगल के वृक्षों की शाखाओं पर उन वस्त्रों एवं आभूषणों को लटका दिये और उनके नीचे लिख दिया कि-"जो देखे, उसको ये दे दिया"! इस तरह से पूर्ण विरक्त हो कर, वह बुद्ध के पास पहुँचा। उन राजकुमारों ने कहा कि भगवान् इस उपालि हजाम को पहले प्रव्रज्या दें, ताकि हम उनको प्रणाम करके, पहले अपने अभिमान को छोडे। (इसी उपालि ने बुद्ध-निर्वाण के बाद, भिक्षुओं के लिए समय समय पर बुद्ध ने दिये विनय=नियमों का संगायन किया था, जिससे विनयपिटक का पाठ तैयार हुआ है। अतः

भिक्षुश्रावकों में विनयधर उपालि श्रेष्ठ है ऐसा कहा गया है।)। प्रव्रज्या के बाद पहले ही चतुर्मास में अनुरुद्ध ने ध्यानसमाधि को सिद्ध कर ली। जिससे उसको दिव्यचक्षुज्ञान भी प्राप्त हुआ। महा-परिनिर्वाण सुत्त में एक उल्लेख ऐसा मिलता है कि बुद्ध के परिनिर्वाण के समय आनन्द के साथ यह अनुरुद्ध भी उपस्थित था। तब उसने अपने अन्तरचक्षुओं के ज्ञान से जाना कि भगवान् किन किन ध्यानों से गुजरते हुए निर्वाण में प्रवेश कर गये।।

6. शिष्य आनन्द के लिए भगवान् बुद्ध ने बहुविध विधान किये हैं। जैसे कि- *एतदग्गं, भिक्खवे, मम सावकानं भिक्खूनं बहुस्सुतानं यदिदं आनन्दो। ....* सतिमन्तानं, ... गतिमन्तानं, ... धितिमन्तानं, उपट्ठाकानं यदिदं आनन्दो।-अंगुत्तरनिकायस्य एककनिपाते चतुत्थवग्गो।। ("1. बहुश्रुत भिक्षुश्रावकों में आनन्द श्रेष्ठ है। स्मृतिमान् भिक्षुश्रावकों में आनन्द श्रेष्ठ है। गतिमान् भिक्षुश्रावकों में आनन्द श्रेष्ठ है। धृतिमान् भिक्षुश्रावकों में आनन्द श्रेष्ठ है। उपस्थापक भिक्षुश्रावकों में आनन्द श्रेष्ठ है।।") श्रीधर्मानन्द कोसम्बी कहते हैं कि-सभी 77 महाश्रावकों को के नाम दो से अधिक सुत्त मिलते नहीं हैं, केवल आनन्द ऐसा एक शिष्य है कि जिसके नाम पर, सुत्तपिटक में पाँच सुत्त अंकित हुए हैं। इससे ही उसकी महत्ता समझी जाती है।। जैसा कि पहले बताया है, आनन्द बुद्ध के पितृव्य अमितोदन का पुत्र है, और वह उंमर में बुद्ध से छोटा था। उसने अनुरुद्ध आदि छः शाक्यकुमारों के साथ प्रव्रज्या ली थी। वह इतना बहुश्रुत था कि महाकश्यप ने भगवान् बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद, आनन्द से ही सुत्तपिटक का पाठ तैयार करवाया था। सुत्तपिटक के अनेक सुत्तों के आरम्भ में-एवं मे सुतं (मैंने भगवान् के मुख से ऐसा निकलता हुआ सुना है) शब्द आते है। आनन्द बुद्ध का सच्चा भक्त था। बुद्ध के निर्वाण तक उसको अर्हत्पद नहीं मिला था। वह केवल स्रोतापन्न था, फिर भी बुद्ध का वह खूब प्रीतिपात्र था। बीच बीच में भगवान् के सेवा करने वाले अनेक भिक्षु थे, जैसे कि-नागसमाल, नागित, उपवाण, सुनकखत्त, चुन्दश्रामणेर, सागत,राध एवं मेधिय। लेकिन आनन्द जैसा एक भी नहीं था। उसीने बुद्ध को इस बात के लिए मना लिया था कि माता महाप्रजापति को प्रव्रज्या ले कर, भिक्षुणी बनने की अनुमति दी जाय। उसने माता की तीव्र इच्छा एवं जिस कठोर परिश्रम को लेती हुई नंगे पाँव चल कर, वह विहार के बाहर आयी थी-उसको देख कर आनन्द का दयालु मन हिल गया था। दयाशील होना तो बौद्ध होने की पहली शर्त है।।

7. राहुल श्रामणेर के लिए कहा गया है कि-एतदग्गं, भिक्खवे, मम सावकनं भिक्खूनं सिक्खाकामानं यदिदं राहुलो।-अंगुत्तनिकायस्य एककनिपाते ततियवग्गो।। (नियमों को सिखने के लिए आस्था रखनेवाले भिक्षुश्रावकों में राहुल श्रेष्ठ है।)भगवान् बुद्ध लम्बे समय तक राजगृह में रहे, तत्पश्चात् वे एक दिन

कपिलवस्तु पधारे और वहाँ के न्यग्रोधाराम में निवास किया। पिंडपात (भिक्षाटन) के लिए वे घूमते फिरते शुद्धोदन के घर की ओर आगे बढे। राहुल की माता यशोधरा ने उनको गवाक्ष से देख लिये। (इस सन्दर्भ में युट्युब पर उपलब्ध भन्ते इन्दरथन की"नरसिंह-गांथा" श्रवणीय है:- https://youtu.be/kcJ2zn5GKB8A) धर्मशीला पत्नी ने राहुल को कहा-यह श्रमण तेरा पिता है, जो लोकहित के लिए घर से बेघर हुए हैं। तू उनके पास जा और तेरा पैतृक अधिकार (विरासत, वसीहत) मांग ले। पुत्र राहुल श्रमण के पास जा कर, बोलता है कि-"हे श्रमण, मुझे तुम्हारी च्छाया सुखकर लगती है"। उसको सुन कर बुद्ध आगे चल देते हैं तथा पुत्र राहुल भी उनके पीछे अनुसरण करता है, एवं बार बार बोलता रहता है कि-"मुझे पैतृक अधिकार दो, पैतृक विरासत दो"। इस तरह वे दोनों चलते चलते विहार तक पहुँच जाते हैं। बुद्ध ने शारिपुत्र को बुला कर, कहा इसको प्रव्रज्या दो।

शारिपुत्र ने बुद्ध से पुछा कि मैं इसको किस तरह से प्रव्रज्या दूँ?। तब भगवान् ने कहा कि-हे भिक्षुओं, इस तरह से तीन शरणों से श्रामणेर-प्रव्रज्या देनी चाहिए। सब से पहले इस कुमार का क्षौर कर्म करो, फिर काषाय वस्त्र पहनाओ, उसके बाद वह सभी भिक्षुओं को वन्दन करें। उसके बाद, उसको जमीन पर कुकडु बिठा कर, तीन बार बोलना है कि- *बुद्धं शरणं गच्छामि। धर्मं शरणं गच्छामि। संघं शरणं गच्छामि। बाद में शारिपुत्र ने इसी क्रम से राहुल को श्रामणेर बनाया।*

उसके बाद, अलग अलग प्रसंगों पर, स्वयं भगवान् ने उसको संबोधित किया है। जिनको अंबलट्ठिक राहुलोवाद, महाराहुलोवाद एवं चूळराहुलोवाद नाम से जाना जाता है और वे तीनों ही मज्झिमनिकाय में संगृहीत है। इनमें क्रमशः शील, समाधि तथा प्रज्ञा का निरूपण है। ये तीन बौद्ध धर्म के तीन सोपान भी है।। सम्राट् अशोक ने इन सुत्तों को बाभ्रा अभिलेखों में उत्कीर्ण करवाये हैं।।

---00---

परिशिष्ट-2

बुद्धघोषाचरियविरचिता जातकट्ठकथा के कुछ अंशः-

दूरे निदान

[1]

दीपंकर-भगवता सुमेधस्स बुद्ध-भाव-व्याकरणं

दीपंकरो पि भगवा आगन्त्वा, सुमेधतापसस्स सीसभागे ठत्वा, मणिसीहपञ्जरं उग्घाटेन्तो विय पञ्चवण्णप्पसादसम्पन्नानि अक्खीनि उम्मीलेत्वा कललपिट्ठे निपस्सं सुमेधतापसं दिस्वा "अयं तापसो बुद्धत्ताय अभिनीहारं कत्वा निपन्नो........ गोतमो नाम बुद्धो भविस्सती"ति ञत्वा, ठिकतो व परिसमज्झे व्याकासि:--पस्सथ नो तुम्हे इमं उग्गतपं तापसं कललपिट्ठे निपन्नं ति? एवं भन्ते! "अयं बुद्धत्ताय अभिनीहारं कत्वा निपन्नो। समिज्झिस्सति इमस्स पत्थना। इतो कप्प-सत-सहस्साधिकानं चतुन्नं असंख्यानं मत्थके गोतमो नाम बुद्धो भविस्सति, तस्मिं पनस्स अत्तभावे कपिलवत्थु नाम नगरं निवासी भविस्सति, माया नाम देवी माता, सुद्धोदन नाम राजा पिता, *अग्गसावको उपतिस्सो नाम थेरो, दुतियसावको कोलितो नाम, बुद्धपट्ठठाको आनन्दो नाम, अग्गसाविका खेमा नाम थेरी, दुतियसाविका उप्पलवण्णा नाम थेरी भविस्सति।*[1] परिपक्कञाणो महाभि-निक्खमनं कत्वा, महापधानं पदहित्वा, निग्रोधमूले पायासं पटिग्गहेत्वा, नेरञ्जराय तीरे परिभुञ्जित्वा, बोधिमण्डं आरुह्य, अस्सत्थरुक्खमूले अभिसम्बुज्झिस्सती ति।। (जातकट्ठकथा,पृ. 46)

[भावार्थ:-इस गद्यखण्ड में अनादि बुद्ध स्वरूप भगवान् दीपंकर ने जो भविष्य-कथन किया था कि यह सुमेधा तापस भविष्य में गौतम बुद्ध बनेंगे-इसका

---

1. अग्गसावको से लेकर भविस्सति-तक का भाग प्रक्षिप्त हो सकता है। क्योंकि बुद्ध के जीवन की घटनाओं में यहाँ क्रमभंग हो रहा है।पहले महाभिनिष्क्रमण होता है और कालान्तर में दो शिष्य (उपतिष्य एवं कोतिल, जो बाद में सारिपुत्र तथा मौद्गल्यायन के नाम से घोषित होते हैं) मिलते हैं। यहाँ जातकठ्ठकथा में मौग्गलायन का निर्देश ही नहीं है। आनन्द तो तीसरा शिष्य है। सारांशत:-एक ओर मौद्गल्यायन छुट ही गया है, तथा शिष्यों के नाम गृहत्याग से पहले कर दिया है। अत: यह प्रक्षिप्तांश का स्थान लगता है।।

निरूपण है। कल्प-शत-सहस्त्र वर्षों के बाद, जो गौतम बुद्ध होंगे वे कपिलवस्तु नामके नगर में निवास करने वाले होंगे, उनकी माता का नाम माया देवी होगा, उनके पिता राजा शुद्धोदन होंगे। तथा उनके अग्रश्रावक उपतिष्य (=सारिपुत्र) नामका स्थविर होगा, दूसरा श्रावक कोलित (=मौद्गल्यायन)तथा तीसार आनन्द नामका शिष्य जो बुद्ध के साथ सदैव उपस्थित रहेगा, अग्रश्राविका के रूप में क्षेमा नाम की स्थविरा होगा। (जो राजा बिम्बिसार की पत्नी का नाम है) दूसरी श्राविका उत्पलवर्णा नामकी स्थविरा होगी। यह गौतम बुद्ध परिपक्व ज्ञान होने पर महाभिनिष्क्रमण करके, महाप्रधान पद (युवराज पद) का त्याग करके, न्यग्रोध वृक्ष के नीचे पायस-ग्रहण करके, नेरंजरा नदी के पास जा कर उसका पान करके, बोधिमण्डल में आरोहण करके, अश्वत्थवृक्ष के मूल में बैठ कर अभिसम्बुद्ध होंगे।।] (इसके साथ **"अपदान"** ग्रन्थ का कथन तुलनीय है)

[2]

पारमिता-पूरण-कालो

१. दान पारमिता *(के वर्णन में शश-पण्डित जातक कथा का निर्देश)*

पारमियो पूरेन्तस्स चस्स अकित्तिब्राह्मणकाले, सङ्खब्राह्मणकाले, धनञ्जय-राजकाले, महासुदस्सनकाले, महागोविन्दकाले, निमिमहाराजकाले, चन्दकुमारकाले, विसय्हसेट्ठिकाले, सिबिराजकाले, वेस्सन्तर-काले ति दान पारमिताय पूरितत्तभावानं परिमाणं नाम नत्थि। एकन्तेन पनस्स ससपण्डितजातके-

भिक्खाय उपगतं दिस्वा सकत्तानं परिच्चजिं।
दानेन मे समो नत्थि एसा मे दानपारमी त्ति।।

एवं अत्तपरिच्चागं करोन्तस्स दानपारमिता परमत्थपारमी नाम जाता।। (पृ. 104-105)

[3]

अविदूरे निदान- **लुम्बिनीवने बोधिसत्तुप्पत्ति** (लुम्बिनी वन में बोधिसत्त्व का जन्म)

महामाया पि देवी पत्तेनतेलं विय दस मासे कुच्छिना बोधिसत्तं परिहरित्वा, परिपुण्णगब्भा ञातिघरं गन्तुकामा सुद्धोदनमहाराजस्स आरोचेसि-इच्छामहं, देव, कुलसंतकं देवदहनगरं गन्तुं त्ति। राजा "साधू" ति सम्पटिच्छित्वा, कपिलवत्थुतो याव **देवदहनगरा** मग्गं समं कारेत्वा, कदलिपुण्णघटधजपटाकादीहि अलङ्कारापेत्वा, देविं सोवण्णसिविकाय निसीदापेत्वा, अमच्चसहस्सेन उक्खिपापेत्वा, महन्तेन परिवारेन पेसेसि।

द्विन्नं पन नगरानं अन्तरे उभयनगरवासीनं पि लुम्बिनीवनं नाम मङ्गलसालवनं अत्थि। तस्सिं समये मूलतो पट्ठाय याव अग्गसाखा सब्बं एकपालिफुल्लं अहोसि। साखन्तरेहि चेव पुप्फन्तरेहि च पञ्चवण्णभमरगणा नानप्पकारा च सकुणसङ्घा मधुरस्सरेन विकूजन्ता विचरन्ति। सकलं लुम्बिनीवनं चित्तलतावनसदिसं महानुभावस्स रञ्ञो सुसज्जितआपानमण्डलं विय अहोसि। देविया तं दिस्वा सालवनकीळं कीळितुकामता उदपादि।

अमच्चा देविं गहेत्वा सालवनं पविसिंसु। सा मङ्गलसालमूलं गन्त्वा सालसाखं गण्हितुकामा अहोसि। सालासाखा सुसेदितवेत्तग्गं विय ओनमित्वा देविया हत्थपथं उपगञ्छि। **सा हत्थं पसारेत्वा साखं अग्गहेसि।** तावदेव चस्सा कम्मजवाता चलिंसु। अथस्सा साणिं परिक्खिपित्वा महाजनो पठिक्कमि। **सालसाखं गहेत्वा तिट्ठमाना एवस्सा** गब्भवुट्ठानं अहोसि।

तं खणं येव चतारो पि सुद्धचित्ता महाब्रह्मानो सुवण्णजालं आदाय सम्पत्ता। तेन सुवण्णजालेन बोधिसत्तं सम्पटिच्छित्वा मातु पुरतो ठपेत्वा, "अत्तमना, देवि होहि, महेसक्खो ते पुत्तो उप्पन्नो" ति आहंसु।। पृ. 131-132. (द्रष्टव्य-परिशिष्ट-3, बुद्धजन्म मातायाः चित्रम्)

[**भावार्थः-** इस गद्यखण्ड में, महामाया देवी ने, जब गर्भावस्था के दश मास पूर्ण हुए तब, शुद्धोदन के सामने अपने ज्ञातिगृह (मातपिता के घर) में जाने की इच्छा प्रकट की। महामाया का ज्ञातिगृह देवदह नाम के नगर में था। कपिलवस्तु एवं देवदह के बीच में, मार्ग में लुम्बिनी नामका मंगलकारी सालवृक्षों का उपवन था। उस पुष्प, फल, विविध पक्षियों के कूजन एवं भ्रमरगुंजन से परिपूर्ण उपवन में जा कर, महामाया को क्रीडा हेतु घूमने की इच्छा होती है। राजपरिजन के साथ वह उसमें पहुँचती है। वहीं पर, सालवृक्ष की (ललितविस्तर के अनुसार-प्लक्ष्यवृक्ष की) शाखा को पकड़ कर खड़े खड़े ही बोधिसत्त्व को जन्म दिया। तथा शुद्धचित्त वाले चार महाब्राह्मणों ने सुवर्णजाल में उस पुत्र बोधिसत्त्व को उठा लिया। इत्यादि।।]

सत्त सहजाता।

यस्सिं पन समये अम्हाकं बोधिसत्तो लुम्बिनीवने जातो, तस्सिं येव समये राहुलमाता देवी, आनन्दत्थेरो, छन्नो अमच्चो, काळुदायि अमच्चो कन्थको अस्सराजा, महाबोधिरुक्को, चतस्सो निधिकुम्भियो च जाता। तत्थ एका गावुतप्पमाणा, एका अद्धयोजनप्पमाणा, एका तिगावुतप्पमाणा, एका योजनप्पमगणा अहोसी ति। इमे सत्त सहजाता नाम।।

[**भावार्थः**---सिद्धार्थ का जन्म होने के साथ साथ अन्य सत्त्वों की भी उत्पत्ति हुई, जो सिद्धार्थ-बुद्ध-के जीवन से जुड़े हुए हैं। उनका नामशः वर्णन इस गद्य-खण्ड में किया गया है:-जिस समय बोधिसत्त्व लुम्बिनी वन में उत्पन्न हुए थे, तब उसी समय, राहुल की माता देवी (यशोधरा), शिष्य आनन्द स्थविर, छन्न नामक अमात्य (= अश्वपालक), काळुदायि नामका अमात्य, कन्थक नाम का अश्वराज, महाबोधि वृक्ष यानी अश्वत्थ-वृक्ष (जिसके मूल में बैठ कर सिद्धार्थ को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई थी), चार निधिकुम्भ भी उत्पन्न हुए थे। उनमें से एक गोवृत्त प्रमाण था, एक अर्धयोजन-प्रमाण था, एक त्रिगोवृत्त-प्रमाण था और एक योजन-प्रमाण वाला था। (इस स्थान पर सिद्धार्थ की पत्नी का नाम क्या था?-वह बिन्दु प्रकट रूप से बताया गया नहीं है।

प्रस्तुत नाटक में, सिद्धार्थ के सारथि का नाम छन्नक दिया है, किन्तु जातकट्ठकथा में वह केवल छन्न ऐसा है। अमात्य का नाम उदायी दिया है, जो जातकट्ठकथा के अनुसार काळुदायी था। आचार्य बुद्धघोष ने इन जातकट्ठकथाओं का निर्माण सिंहली जातक-कथाओं के आधार पर किया है, जो मूल में सम्राट् अशोक के समय की है। अतः त्रिपिटकों में मिलने वाली जानकारियाँ प्राचीनतम हैं, और तत्पश्चात् कालिक इन जातकट्ठकथाओं में मिलने वाली जानकारियाँ प्राचीनतर हैं। अतः इनको भी आधार-सामग्री के रूप में लेना अनुचित नहीं माना जायेगा।]

[4]

काळदेवलो तापसो।

तस्सिं समये सुद्धोदनमहाराजस्स कुलूपको अट्ठसमापत्तिलाभी काळदेवलो नाम तापसो भत्तकिच्चं कत्वा, दिवाविहारत्थाय तावतिंसभवनं गन्त्वा, तत्थ......। देवता आहंसु-"मारिस, सुद्धोदनरञ्ञो पुत्तो जातो, सो बोधितले निसीदित्वा बुद्धो हुत्वा धम्मचक्कं पवत्तेस्सति। तस्स अनन्तं बुद्धलीळ्हं दट्ठुं धम्मं च सोतुं लच्छामा ति इमिना कारणेन तुट्ठुम्हा ति। तापसो तासं वचनं सुत्वा, खिप्पं देवलोकतो ओरुय्ह राज-निवेसनं पविसि-सित्वा, पञ्ञत्ताने निसिन्नो, "पुतो किर ते, महाराज, जातो, पस्सिस्सामि नं ति आह। राजा अलङ्कत-पटियत्तं कुमारं आनापेत्वा तापसं वन्दापेतुं अभिहरि। बोधिसत्तस्स पादा परिवत्तित्वा तापसस्स जटासु पतिट्ठहिंसु। बोधिसत्तस्स हि तेनत्तभावेन वन्दितब्बयुत्तको अञ्ञो नाम नत्थि। सचे हि अजानन्ता बोधिसत्तस्स सीसं तापस्स पादमूले ठपेय्युं, सत्तधा तस्स मुद्धा फलेय्य। तापसो "न मे अत्तानं नासेतुं युत्त" ति उट्ठायासना बोधिसत्तस्स अञ्जलिं पग्गहेसि। **राजा तं**

अच्छरियं दिस्वा अत्तनो पुत्तं वन्दि॥ (पृ. 138-139)

(अत्र एका पादटिप्पणी- *वुत्तं हि महावस्तुनामगन्धे "... ब्राह्मणमहाशालस्य पुत्रो श्यामो असितो वर्णेन..."। काळवण्णता हि तस्स अपरं नाम "काळदेवल" इति सञ्जातं। सुत्तनिपाते आगतत्ता असित इति नाम युत्तं पटिभाति, यतो महायानगन्थेसु पि इदमेव आगतं।*)

[**भावार्थः**- इस गद्यखण्ड में, बोधिसत्त्व के जन्म के बाद, उनके दर्शन करने हेतु एक काळदेवल अथवा असित नामके ऋषि कपिलवस्तुनगर में राजा शुद्धोदन के घर आये थे, और उन्होंने उस नवजात शिशु को जब प्रणाम किया तब पिता शुद्धोदन ने भी प्रथम वन्दन किया था-इसका उल्लेख मिल रहा है।]

[5]

ब्राह्मणेहि लक्खणकथनं

बोधिसत्तं पि खो **पञ्चमदिवसे** सीसं नहापेत्वा, नामगहणं गण्हिस्सामा ति राजभवनं चतुजातिगन्धेहि विलिम्पित्वा, लाजपञ्चमकानि पुप्फानि विकिरित्वा, तिण्णं वेदानं पारङ्गते अट्ठसतब्राह्मणे निमन्तेत्वा राजभवने निसीदापेत्वा, सुभोजनं भोजेत्वा, महासक्कारं कत्वा, "किन्नु खो भविस्सती" ति लक्खणानि पटिग्गहापेसुं। तेसु-

रामो धजो लक्खणो चापि मन्ती,
कोण्डञ्ञो च भोजो सुयामो सुदत्तो।

एते तदा अट्ठ अहेसुं ब्राह्मणा,
छळङ्गवा मन्तं व्याकरिंसु ति॥

इमे अट्ठेव ब्राह्मणा **लक्खणपट्टिग्गाहका** अहेसुं। पटिसन्धिगहणदिवसे सुपिनो पि एतेहेव पटिग्गहीतो। तेसु सत्त जना **द्वे अङ्गुलियो उक्खिपित्वा** द्वेधा व्याकरिंसु- "इमेहि लक्खणेहि समन्नागतो अगारं अज्झावसमानो **राजा होति चक्कवत्ती, पब्बजमानो बुद्धो**" ति। सब्बं चक्कवत्तिरञ्ञो सिरिविभवं आचिक्खिंसु। तेसं पन सब्बदहरो गोत्ततो कोण्डञ्ञो नाम माणवो बोधिसत्तस्स लक्खण-वरनिप्फत्तिं ओलोकेत्वा "एतस्स अगारमज्झे "ठानकारणं नत्थि, एकन्तेनेव विवटच्छदो बुद्धो भविस्सती" ति **एकमेव अङ्गुलिं उक्खिपित्वा** एकंस व्याकरणं व्याकासि। अयं हि कताधिकारो पच्छिम-भविकसत्तो भवित्वा, पञ्ञाय इतरे सत्त जने अभिभवित्वा "इमेहि समन्नागतस्स अगारमज्झे ठानं नाम नत्थि, **असंसयं बुद्धो भविस्सती**" ति एकमेव गतिं अद्दस। तस्मा एकं अङ्गुलिं उक्खिपित्वा एवं व्याकासि। अथस्स नामं गण्हन्ता सब्बलोकस्स अत्थसिद्धिकरत्ता **सिद्धत्थो** ति नाममकंसु॥ (पृ. 144-145)

[**भावार्थः-** इस गद्यखण्ड में तीन-चार बिन्दु ध्यानास्पद हैं। 1. बोधिसत्त्व के जन्म के बाद पाँचवें दिन नामकरण-विधि रखी गई थी। (और माता मायादेवी की मृत्यु बालक के जन्म के सातवें दिन पर हुई थी) जिसमें शुद्धोदन ने कुल आठ ब्राह्मणों को निमन्त्रित किया था। जिनके नामों के निर्देश उपर्युक्त श्लोक में दिये हैं। 2. जन्मपत्रिका यानी जन्मकुण्डली के लिए उस प्राचीनतम भारत में "लक्षणपट्टिका" शब्द का प्रयोग होता था। 3. उन में से सात ज्योतिर्विदों ने दो दो अंगुलियाँ उठा कर (उत्क्षिप्त्वा) कहा था कि यह नवजातशिशु चक्रवर्ती राजा होगा अथवा प्रव्रज्या लेकर बुद्ध होगा। (द्रष्टव्यः *परिशिष्ट-3, चित्र-3*)

किन्तु कौण्डिन्य नामका माणवक, यानी अल्पवयस्क एक ज्योतिषी ने केवल एक ही अंगुलि उठा कर, भविष्यकथन किया था कि यह शिशु केवल प्रव्रज्या लेकर बुद्ध ही बनेगा। 4. इस समय नवजात शिशु का नाम "सिद्धार्थ" रखा गया था। यद्यपि श्रीधर्मानन्द कोसम्बी ने कहा है कि इस बालक का नाम सिद्धार्थ था-ऐसा उनको एक भी त्रिपिटक में नहीं मिला है। उसके लिए जो भी शब्द का प्रयोग मिलता है, वह एक मात्र "बोधिसत्त्व" ही है। किन्तु जातकट्ठकथा में, यहाँ पर नामकरण-विधि के प्रसंग में सिद्धार्थ नाम मिल रहा है।।]

(प्रस्तुत नाटक में हमने कौण्डिन्य के अलावा एक दूसरा (माण्डव्य नाम का) ज्योतिषी भी कल्पित किया है, जिसने भी अंगुलि उठाई थी। लेकिन उसकी एक अंगुलि उठाने का फलकथन इस बात को बताता है कि यह शिशु चक्रवर्ती राजा बनेगा और गृहस्थाश्रम में प्रवेश करके, संतति को पैदा भी करेगा। इन ज्योतिर्विदों का विनियोग करके विशाल कालखण्ड में फैले कथावस्तु का संग्रथन किया गया है। तथा रसान्तर के लिए भी उन्हीं का उपयोग किया गया है।)

[6]

चतूहि पुब्बनिमित्तेहिं आरक्खा (चार पूर्व-निमित्तों से पुत्र की रक्षा करने का विचार)

तदा पन राजा "किं दिस्वा मय्हं पुत्तो पब्बजिस्सती" ति पुच्छि। चत्तारि पुब्बनिमित्तानी ति। कतरं च कतरं चा ति। **"जराजिण्णं, व्याधितं, मत्तं, पब्बजितं"** ति। राजा "इतो पट्ठाय एवरूपानं मम पुत्तस्स सन्तिकं उपसङ्कमितुं मा अदत्थ। मय्हं पुत्तस्स बुद्धभावेन कम्म नत्थि। अहं मम पुत्तं द्विसहस्सदीपपरिवारानं चतुन्नं महादीपानं इस्सरियाधिपच्चं रज्जं कारेन्तं छत्तिंस-योन-परिमण्डलाय परिसाय परिवुत्तं गगनतले विचरमानं पस्सितुकामो" ति। एवं च पन वत्वा इमेसं चतुप्पकानं पुरिसानं कुमारस्स चक्खपथे आगमन-निवारणत्थं चतुसु दिसासु गावुते आरक्खं ठपेसि।। (पृ.146)

[भावार्थः- इस गद्यखण्ड में उन चार दृश्यों का परिगणन करवाया है कि जिनको देखने के बाद सिद्धार्थ के मन में संवेग उत्पन्न हुआ था। ज्योतिर्विदों के द्वारा भाविकथन हो जाने के बाद, राजा शुद्धोदन ने उन्हीं से पूछा था कि-किन दृश्यों को देख कर, मेरे पुत्र के मन में संवेग उत्पन्न होगा?-वह मुझे बताइए। अतः मैं उसके मार्ग में कहीं पर भी ये दृश्य देख न पाये उसका प्रबन्ध कर सकूँ। शुद्धोदन ने यह भी कहा था कि मुझे बुद्धभाव की प्राप्ति से कोई प्रयोजन नहीं है। मैं तो मेरे पुत्र को सहस्र द्वीपों में फैले, छत्तीस योजन परिमण्डल का राज्य भोगने वाला पुत्र देखना चाहता हूँ।]

असीतिञाति-कुलसहस्सेहिं सपुत्तपटिजाननं (असीति कुल के पुत्रों को देने का आश्वासन)

तं दिवसं च पन मङ्गलट्ठाने सन्निपतितेसु असीतिया ञातिकुलसहस्सेसु एकेको एकमेकं पुत्तं पटिजानि। अयं बुद्धो वा होतु, राजा वा। मयं एकमेकं पुत्तं दस्साम। सचे पि बुद्धो भविस्सति, खत्तियसमणेहेव पुरक्खत-परिवारितो विचरिस्सति, सचे पि राजा भविस्सति, खत्तियकुमारेहेव पुरक्खतपरिवारितो विचरिस्सती ति।।

[भावार्थः- इस गद्यखण्ड में, राजकुमार संन्यासी बन सकता है-यह सुन कर, राजदरबारी लोगों ने शुद्धोदन को आश्वासन दिया था कि वे किसी भी परिस्थिति में अपना एक एक पुत्र राजपुत्र की निश्रा में सौंप देंगे-ऐसी प्रतिज्ञा का निरूपण है।] (पृ. 147)

[7]

चत्तारि पुब्बनिमित्तानि (जराजिण्णं)

अथेकदिवसं बोधिसत्तो उय्यानभूमिं गन्तुकामो सारथिं आमन्तेत्वा, रथं योजेही ति आह। सो साधू ति पटिस्सणित्वा, महारहं उत्तमरथं सब्बालङ्कारेन अलङ्करित्वा, कुसुदपत्तवण्णे चत्तारो मङ्गलसिन्धवे योजेत्वा बोधिसत्तस्स पटिवेदेसि। बोधिसत्तो देवविमानसदिसं रथं अभिरुहित्वा उय्यानाभिमुखो अगमासि।।

देवता "सिद्धत्थकुमारस्स अभिसम्बुज्झनकालो आसन्नो, पुब्बनिमित्तं दस्सेस्सामा" ति एकं देवपुत्तं जराजज्जरं खण्डदन्तं पलितकेसं वङ्कं ओभग्गसरीरं दण्डहत्थं पवेधमानं कत्वा दस्सेसुं। तं बोधिसत्तो चेव सारथी च पस्सन्ति।।

ततो बोधिसत्तो सारथिं-"सम्म, को नामेस पुरिसो? केसा पिस्स न यथा अञ्ञेसं" ति महापदाने आगत-नयेन पुच्छित्वा तस्स वचनं सुत्वा, "धिरत्थु वत भो जातिया, यत्र हि नाम जातस्स जरा पञ्ञायिस्सती" ति संवेग्गहदयो ततो व पटिनिवत्तित्वा पासादमेव अभिरुहि।

राजा "किं कारणा मम पुत्तो खिप्पं पटिनिवत्तो" ति पुच्छि। "जिण्णं पुरिसं दिस्वा, देवा" ति। "जिण्णकं दिस्वा पब्बजिस्सती" ति आहंसु। "कस्मा मं नासेथ? सीघं पुत्तस्स नाटकानि सज्जेथ, सम्पत्तिं अनुभवन्तो पब्बज्जाय मतिं न करिस्सती" ति वत्वा, आरक्खं वड्ढेत्वा, सब्बदिसासु अद्धयोजने अद्धयोजने ठपेसि। (पृ. 153)

[**भावार्थः**- इस गद्यखण्ड में, सिद्धार्थ ने कैसे जरा का दर्शन किया उसका अद्भुत वर्णन किया है। जैसे कि-एक दिवस बोधिसत्त्व ने उद्यानभूमि में जाने की इच्छा से अपने सारथि को बुलाकर कहा कि रथ को जोड़ दो। सारथि ने साधु-ठीक है-ऐसा प्रतिवचन कह कर, एक उत्तमरथ, जो सर्वालंकार से अलंकृत था उसके साथ चार सिन्धुदेश के अश्वों को जोड़ा और बोधिसत्त्व को निवेदित किया। बोधिसत्त्व भी उस देवताओं के विमान सदृश रथ में आरोहण करके, बोधिसत्त्व उद्यान की ओर निकल पड़ा। अब, देवताओं ने सोचा कि-सिद्धार्थ कुमार का अभिसम्बोधन काल आ गया है। तो, जो पहले से ही निश्चित किये गये निमित्त को हम दिखायेंगे। उन्हों ने एक देवपुत्र को जरा से जर्जरित शरीरवाला, खण्डित हुए दांतों वाला, पलितकेशवाला, कटिभाग से झुक गये, हाथ में दण्ड लिये हुए और प्रकम्पित देहवाला बना कर, कुमार को दिखा दिया। ऐसे वृद्ध व्यक्ति को केवल कुमार एवं सारथि ही देख सकते थे।।

तब, बोधिसत्त्व ने सारथि से पूछा-हे सौम्य! इस पुरुष का नाम क्या है, यानी इसको क्या कहते हैं? उसके केश भी दूसरों जैसे नहीं है। सारथि ने बताया कि जन्म लेने वाले सभी के शरीर में प्रवेश करने वली यह जरा है। इसको वृद्धावस्था कहते हैं। इसको सुनते ही कुमार संविग्न, उद्विग्न हृदयवाला हो गया। अतः वे दोनों वापस घर लौट आये। अब, राजा ने पूछा कि मेरे पुत्र के संविग्न होने का क्या कारण है?, तब उत्तर मिला कि-एक जीर्ण पुरुष को देख कर। इसको सुन कर, राजा शुद्धोदन ने सोचा कि मेरा पुत्र जीर्ण व्यक्ति को देख कर, परिव्रजित हो जायेगा। तो क्या किया जाय कि वह मुझे छोड़कर चला न जाय?। उस पुत्र के सामने नाटकादि का प्रयोग करवाया जाय, सम्पत्ति का अनुभव करता हुआ वह प्रव्रज्या के लिए कभी मति ही नहीं करेगा। ऐसा बोल कर, उस राजा ने पुत्र की सुरक्षा बढ़ा दी, सभी दिशाओं में आधे आधे योजन पर, उसने व्यवस्था कर दी ताकि पुत्र किसी वृद्ध को फिर से देख न ले।।]

इसी के अनुसन्धान में अन्य तीन निमित्तों के लिए बुद्धघोष ने लिखा है कि-

(2) व्याधितः- पुनेकदिव, बोधिसत्तो तथेव उय्यानं गच्छन्तो देवताहिं निम्मित्तं व्याधितं पुरिसं दिस्वा, पुरिमनयेनेव पुच्छित्वा, संविग्गहदयो निवत्तित्वा

पासादं अभिरुहि। राजा पि पुच्छित्वा हेट्ठावुत्तनयेनेव संविदहित्वा पुन वड्ढेत्वा, समन्ता तिगावुतप्पमाणे पदेसे आरक्खं ठपेसि।।

(3) कालकतः- अपरं पुन एकदिवसं तथेव उय्यानं गच्छन्तो देवताहिं निम्मितं कालकृतं दिस्वा, पुरिमनयेनेव पुच्छित्वा संविग्गहदयो पुन निवत्तित्वा पासादं अभिरुहि।।

(4) पब्बजितः- अपरं पुन एकदिवसं उय्यानं गच्छन्तो तथेव देवताहिं निम्मितं सुनिवत्थं सुपारुतं पब्बजितं दिस्वा "को नामेसो सम्मा" ति। सारथिं पुच्छि। सारथि किञ्चा पि बुद्धुप्पादस्स अभावा पब्बजितं वा पब्बजितगुणे वा न जानाति देवानुभावेन पन "पब्बजितो नामेस, देवा" ति वत्वा, पब्बजाय गुणे वण्णेसि। बोधिसत्तो पब्बज्जाय रुचिं उप्पादेत्वा तंदिवसं उय्यानं अगमासि।।

दीघभाणका (=दीर्घनिकायस्य महावग्गे महापदाने) पनाह-चत्तारि निमित्तानि एकदिवसेनेव दिस्वा अगमासी ति।(जातकटठ्कथा, भाग-1, पृ. 153 से 154)

[8]

राहुलमातुया सिरिगब्भे भगवा

(राहुलमाता से बुद्ध की भेट)

सोतापत्तिफलं सच्छिकत्वा येव पन भगवतो पत्तं गहेत्वा, सपरिसं भगवन्तं महापासादं आरोपेत्वा, पणीतेन खादनीयेन भोजनीयेन परिविसि। भत्तकिच्चपरियोसाने सब्बं इत्थागारं आगन्त्वा भगवन्तं वन्दि, ठपेत्वा राहुलमातरं। सा पन "गच्छ, अय्यपुत्तं वन्दाही" ति परिजनेन वुच्चमाना पि "सचे मय्हं गुणो अत्थि, सयमेव मे सन्तिकं अय्यपुत्तो आगमिस्सति, आगतमेव नं वन्दिस्सामि" ति वत्वा न अगमासि।

भगवा राजानं पत्तं गाहापेत्वा, द्वीहि अग्गसावकेहि सद्धिं राजधीताय सिरिगब्भं गन्त्वा, "राजधीता यथारुचिं वन्दमाना न किञ्चि वत्तब्बा" ति वत्वा, पञ्ञत्ते आसने निसीदि। सा वेगेनागन्त्वा गोप्फकेसु गहेत्वा, पादापिट्ठियं सीसं परिवत्तेत्वा, यथाज्झासयं वन्दि। राजा राजधीताय भगवति सिनेहबहुमानादिगुणसम्पत्तियो कथेसि-"भन्ते, मम धीता तुम्हेहि कासायानि वत्थानि निवासितानी ति सुत्वा, ततो पट्ठाय कासाववत्था जाता, तुम्हाकं एकभत्तिकभावं सुत्वा, एकभत्तिका व जाता, तुम्हेहि महासयनस्स छड्डितभावं ञत्वा पट्टिकामञ्चके येव निपन्ना, तुम्हाकं मालागन्धाजीहि विरत्तभावं ञत्वा विरतमालागन्धा व जाता। अत्तनो ञातकेसु मयं पटि-जग्गिस्सामा ति सासने पेसिते एकञातिके पि न ओ। एवं गुणसम्पन्ना मे, भगवा, धीता ति।

"अनच्छरियं, महाराज, यं इदानि तया रक्खियमाना राजधीता परिपक्के ञाणे अत्तानं रक्खी"ति वत्वा, चन्दकिन्नरजातकं कथेत्वा, उट्ठायासना पक्कामि॥

(पृ. 238-239)

भावार्थः- भगवान् जब अपने घर वापस आये तब राजप्रासाद का स्त्रीवर्ग भगवान के वन्दन के लिए गये, वहाँ से वापस आकर परिजन वर्ग ने राहुलमाता (यशोधरा) को कहा कि तुम भी आर्यपुत्र को वन्दन करने के लिए जाव। तब यशोधरा ने कहा कि-यदि मुझ में कोई गुण होंगे, तो वे आर्यपुत्र स्वयं ही मेरे पास आने चाहिए। वे जैसे हि मेरे पास आयेंगे, तो मैं उनको वन्दन कर लूँगी। तब भगवान् अपने दोनों ही अग्रश्रावकों के (शारिपुत्र एवं मौद्गल्यायन के) साथ, श्रीगर्भ (यानी यशोधरा के कमरे) में जाते हैं। राजा (शुद्धोदन) ने कहा- भन्ते, आपने काषाय ग्रहण कर लिये हैं ऐसा सुन कर, यशोधरा ने भी काषाय पहन लिये हैं। आप भूमिशयन करते हैं ऐसा सुन कर, उसने अपने कमरे से पर्यङ्क को बाहर निकलवा दिया है। आपको सुगन्धि पुष्पमालादि से विरक्ति हो गई है ऐसा जान कर, उसने भी पुष्पमालादि का त्याग कर दिया है। .... ऐसे गुणों से यह सम्पन्न है। (अब बुद्ध ने कहा:-) "उसमें कोई आश्चर्य नहीं है, महाराज, उसने परिपक्व ज्ञान से जो अपना रक्षण कर रखा है वह उचित ही है। तत्पश्चात् बुद्ध ने चन्द्र-किन्नरी-जातक कथा को कही।।

(चन्द्र-किन्नरी-जातक की कथा का उल्लेख सुत्तपिटक के खुद्दकनिकाय के अन्तर्गत आये "जातक" ग्रन्थ के पकिण्ण-निपात में 485. क्रमांक की कथा चन्दकिन्नरी-जातक है। जिसके 27 एवं 28 क्रमांक की गाथाएं नाटक के पंचम अंक की पादटिप्पणी एवं श्लोक-5-9 में उपयोग किया है।।)

---000---

परिशिष्ट-3 (चित्रशाला)

(1) Photographs of Buddha लुम्बिनी का शिलालेख-



Rummindei Temple Pillar, near Nepal Tarai, 249 B.C. (Lumbini)

देवानपियेन पियदसिन लाजिंन वीसतिवसाभिसितेन अतन आगाच महीयिते हिद बुधे जाते सक्यमुनी ति। सिला-विगढ-भीचा कालापित सिला-थंभे च उसथापिते। हिद भगवं जाते ति लुंमिनि-गामे उबलिके कटे अठ-भागियये च।।

(संस्कृतानुवाद:-) देवानां प्रियेन प्रियदर्शिना राज्ञा विंशतिवर्षाभिषिक्तेन आत्मना आगत्य महीयितं, इह बुद्धः जातः शाक्यमुनिः च उत्सर्पितः। इह भगवान् जातः इति लुम्बिनीग्रामः उद्बलिकः कृतः, अष्टभागिकः च।

Twenty years after his coronation, King Priyadarshi, beloved of the Gods, visited this spot and offered worship as the Buddha, the sage of the Shakyas was born here. He got a stone wall built around and also erected a stone pillar. Because the supreme Buddha was born here, he made the village Lumbini free from taxes and subject to pay (only) one-eight of produce (as land revenue.)

(2) महामाया देवी बोधिसत्त्व को जन्म दे रही है:-(सेन्ट्रल म्युझियम्, लाहोर से प्राप्त)



माता ने खडे खडे ही पुत्र को जन्म दिया।
इससे पुत्र का दिव्यत्व व्यक्त होता है।।

माता महामाया खडे हुए ही पुत्र को जन्म दे रही है-
पाण्डुलिपि में उसका चित्र।।

(3) ज्योतिषियों के द्वारा दो दो अंगुलियाँ उठाना-उस प्रसंग का शिल्पांकन (अमरावती शैली)

नागार्जुनकोण्डा, आन्ध्र-प्रदेश, तृतीय शताब्दी का शिल्प,
नेशनल म्युझियम ऑफ इन्डिया, दिल्ली

(4) धर्मचक्र का शिल्पांकन (सारनाथ म्युझियम)



(5) बोधिवृक्ष का शिल्पांकन (सांची स्तूप से)



(6) ऋषिपत्तन, (सारनाथ) का स्तूप, जहाँ बुद्ध ने प्रथम धर्मोपदेश दिया, धर्मचक्र-प्रवर्तन किया था:-





(7) बौद्ध धर्म में सर्वमान्य त्रिरत्न का शिल्पांकन (सांची स्तूप के तोरण-द्वार पर)



7. अमिताभ बुद्ध की मूर्ति

8. चोबीस पूर्व बुद्धों की शृङ्खला, जिसका प्रारंभ दीपंकर बुद्ध से होता है। धर्मशाला।

(9) अवलोकितेश्वर बुद्ध

(10) चार आर्य सत्य गिनाती हुई हस्त-मुद्रावाले बुद्ध (कुषाणकालिक गांधार शैली)

गान्धार पर्वतमाला, अफघानिस्तान

11. पद्मपाणि बुद्ध (अजन्ता की गुफा, जलगाँव, महाराष्ट्र)

12. कृशकाय बुद्धस्य मूर्तिः (लाहौर म्यूझियम, पाकिस्तान)

13. सारिपुत्त-बुद्ध का प्रधान शिष्य (धर्मसेनापति)



14. Ashoka's edict at Girnar, Gujarat



=इयं धंमलिपी देवानं प्रियेन प्रियदसिना राञा लेखापिता। इध न किं चि जीवं आरभित्पा पजु(जू)हितव्यं। **न च समाजो कतव्यो।** बहुकंहि दोसं समाजम्हि पसति देवानं प्रियो प्रियदसि राञा। अस्ति पि तु एकचा समाजा साधुमता देवानं प्रियदसिनो राञो। (इत्यादि) -द्रष्टव्य- *हिस्टोरिकल एन्ड लिटररी इन्स्क्रिप्शन्स, सं. राज बली पाण्डेय, चौखम्भा संस्कृत सिरीझ,वाराणसी, 1962, (पृ.5)*

अर्थात्- इयं धर्मलिपि: देवानां प्रियेण प्रियदर्शिना राज्ञा लेखिता। इह न कश्चित् जीव: आलभ्य प्रहोतव्य:, **न च समाजं कर्तव्य:।** बहुकं हि दोषं समाजे पश्यति देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिन: राजा। सन्ति अपि एकत्या: समाजा: देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिन: राज्ञ:। (पुरा महानसे देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिन: राज्ञ: अनुदिवसं बहूनि प्राणिशतसहस्राणि आलभ्यन्त सूपार्थाय। तत् अद्य यदा इयं धर्मलिपि: लिखिता त्रय: एव प्राणिन: आलभ्यन्ते सूपार्थाय-द्वौ मयूरौ, एक: मृग:। स अपि मृग: न ध्रुव:। एते अपि त्रय: प्राणा: पश्चात् न आलप्स्यन्ते।।)

अर्थात्- इस धर्मलिपि को देवों के प्रिय प्रियदर्शी राजा (अशोक) ने लिखवाई (उत्कीर्ण) करवाई है। अब से लेकर, किसी को भी जीव की हत्या करके होम नहीं करना है। (यानी किसी को भी हिंसक याग करने की अनुमति नहीं है) तथा "समाज" (मेला, सम्मेलन, नृत्य, संगीत, नाटकादि जैसे किसी भी निमित्त से जनसमूह को एकत्र) नहीं करना है। क्योंकि राजा (अशोक) इनमें बहु दोष देखते हैं। तथापि कतिपय ऐसे भी समाज (जनसमूह का एकत्रीकरण) हैं, जिनको देवों के प्रिय प्रियदर्शी राजा ने उचित, ठीक माना है॥

इस शिलालेख में समाज को एकत्रित नहीं करने का जो कहा गया है- उसका मर्मोद्घाटन करते हुए अनेक विद्वानों ने बहुत चिन्तन किया है। उसमें डॉ. भाण्डारकर जी का मत महत्त्वपूर्ण है। इन सभी का संदोहन करके, डॉ. राज बली पाण्डेय ने अपने ग्रन्थ (पृ. 5) की पादटिप्पणी में लिखा है कि-समाज= a festive assembly, where music, dance and feasting formed the main items- Ref. Mahabharata 1.143.3, cf. Buhler, (ZDMG, 37, 93 f.), D.R. Bhandarkar (JBBRAS, 3 1, 395 ff., IA, 432, 255 ff.), Thomas (JRAS, 1942, 392, ff.) and Pischel (GGA 1881, 1324 f.)

अब सम्राट् अशोक ने "समाज" को एकत्र करने पर जो पाबंदी लगाई थी वह नृत्य, संगीत, नाटकादि के सन्दर्भ में लगाई थी-ऐसा डॉ. भाण्डारकर जी के विश्लेषण से स्पष्ट होता है। अत: बौद्ध-मतावलम्बी बने सम्राट् अशोक के काल में नाटक के प्रणयन एवं मंचन की प्रवृत्ति में शिथिलता आ गई हो तो उसमें कोई आश्चर्य नहीं है। तथा इसी सन्दर्भ में, महाकवि कालिदास ने मालविकाग्निमित्र नाटक में जो लिखा है कि-देवानाम् इदमामनन्ति मुनय: शान्तं क्रतुं चाक्षुषम् इसका

गर्भितार्थ भी समझ में आता है कि कालिदास (ईसा की पूर्व पहली या ईसा की पहली शताब्दी) की समकालिक सामाजिक स्थिति में, अशोक ने जो नाटकादि खेलने पर पाबंदी लगाई थी, उसकी गुंज सर्वथा बुझी नहीं थी। इसी लिए ही कालिदास को अपने नाटक के मंचन की वकालत करते हुए, नाटक को "शान्त" (अहिंसक) याग के रूप में पुरस्कृत करना पडा होगा।।

----0000----

परिशिष्ट-4

॥ बौद्ध-धर्म के साथ जुडे प्राचीन भारत के राजवंश॥

यदि हमें भगवान् बुद्ध के धर्मचक्र-प्रवर्तन की दिग्विजय यात्रा को समझनी है तो, हमें त्रिपिटकों की सुरक्षा के साथ जुडे राजवंशों की ओर दृष्टिपात करना होगा। जिसमें सब से पहले तत्कालिक राजवंशों का अनुक्रम जानना अनिवार्य है। अतः इस परिशिष्ट में, उन राजवंशों की कुछ प्राथमिक जानकारी दी जा रही है:- उपनिषदोत्तरकालिक प्राचीन भारत में, यानी ईसा पूर्व 600 में तीन महान् विभूतियाँ का जन्म हुआ था। पूर्वी भारत के नेपाल और मगध में भगवान् बुद्ध और भगवान् महावीर जन्म लेते हैं। तथा पश्चिमोत्तर भारत में, शलातुर गाँव में महर्षि पाणिनि जैसे वैयाकरण जन्म लेते हैं। उस समय भारत के सोलह महाजनपदों का नाम बार बार सुनने में आता है। जैसे कि मगध, अंग, काशी, वज्जी, कुरु, पांचाल, मत्स्य, अवन्ति, चेदी, अश्मक, कोसल, कंबोज, गांधार, मल्ल, वत्स और शूरसेन (मथुरा)। इनमें से कतिपय भगवान् बुद्ध के साथ सविशेष संलग्न रहे हैं। किन्तु उनमें भी मगध जनपद का महत्त्व तो बहुत है। क्योंकि वहीं पर भगवान् बुद्ध को बोधिज्ञान मिला तथा धर्मोपदेश का कार्य भी किया। उस समय भगवान् महावीर भी वहीं पर रहे थे। तथा उन दोनों को मगध के राजाओं का ही आश्रय भी मिलता रहा था।

बौद्ध-धर्म से जुडे राजाओं का ऐतिहासिक क्रम ऐसा है:-मगध जनपद में **(क) हर्यंक वंश** का राजा बिम्बिसार (544 ईसापूर्व से 499 ईसा पूर्व) बुद्ध का समकालिक है। गृहत्याग के बाद सिद्धार्थ को मिलने के लिये आने वाला यही राजा बिम्बिसार था। उसका पुत्र अजातशत्रु है, बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद, प्रथम चातुर्मास में ही उसी के राजगृह में *प्रथम संगीति* हुई। उसके बाद, क्रम में आता है **(ख) शिशु नाग वंश**। उसमें पैदा हुए कालाशोक के समय (ईसा पूर्व 413 से 345) में बौद्धों की *द्वितीय संगीति* हुई। तत्पश्चात् मगध में **(ग) नन्दवंश** (ई. पू. 345 से 321) आता है। उसके बाद, **(घ) मौर्य वंश** के चन्द्र गुप्त मौर्य (ई. पू. 322-298) ने आचार्य चाणक्य (कौटिल्य) के मार्गदर्शन में धनानन्द को पराजित करके राजगादी संभाली। (मौर्यवंश में जैनधर्म का अनुपालन होता था।) सिकन्दर के मृत्यु बाद, मगध के करवट बदली और चन्द्रगुप्त मौर्य ने सिकन्दर के उत्तराधिकारी सेल्यूकस को युद्ध में परास्त किया। जिससे सेल्यूकस ने अपनी पुत्री का विवाह चन्द्रगुप्त के साथ करवाया और सन्धि कर ली। साथ में

सेल्यूकस ने अपने अधिकार-क्षेत्र का काबुल, कंधार, हेरात एवं बलूचिस्तान भी चन्द्रगुप्त को भेट कर दिये[1]। इस तरह से, मौर्य-साम्राज्य की सीमाएं अतिविस्तृत हो गई।।

चन्द्रगुप्त मौर्य के पुत्र बिन्दुसार के घर सम्राट् अशोक पैदा हुए। पितामह चन्द्रगुप्त मौर्य का उपर्युक्त विशाल राज्य अशोक के हाथ में आया। वह प्रारम्भ में बहुत क्रूर था, इसी लिए वह "चण्डाशोक" के नाम से जाना जाता था। पिता बिन्दुसार की मोत के बाद अशोक ने पहले अपने ही भाईयों की हत्या कर दी। तत्पश्चात् अशोक ने अपने राज्यारोहण के आठवें वर्ष में कलिंग पर आक्रमण किया। जिसमें रक्त की नदियाँ बहने लगी, लाखों की संख्या में सैनिक मारे गये। जिसको देख कर उसका हृदय शोकग्रस्त हो गया और उसने बौद्ध धर्म को अङ्गीकृत किया। इसके बाद सम्राट् अशोक की "धम्माशोक" एवं "देवानां प्रिय प्रियदर्शी" बनने की प्रक्रिया शुरू होती है। उसने (ई.पू. 268 से 232) में, मगध साम्राज्य के पाटलिपुत्र में *तृतीय बौद्ध संगीति* बुलाई थी। बौद्धधर्म के स्थविरवादी भिक्षुओं को उसने आश्रय दिया था। तृतीय संगीति के बाद, चुने हुए बौद्ध भिक्षुओं को पडोसी देशों में धर्म-प्रचारार्थ भेजने का निर्णय लिया गया था।

सम्राट् अशोक के अभिलेखों से ज्ञात होता है कि उसने कलिंग के युद्ध के बाद, जो बौद्ध धर्म को अंगीकृत किया, उसके बाद उसकी राजनीति भी सर्वथा बदल गई थी। इस विषय में प्रॉफेसर श्री राधाकुमुद मुखर्जी लिखते हैं कि-धर्मविजय सब से मुख्य विजय है, न ताकात की विजय। (चट्टान लेख 13)। उसने एक धडाके से युद्ध बंद कर दिया। .... राजा सीमांत जातियों के प्रति चाहता है कि वे उससे न डरे, उस पर विश्वास करें और इससे उन्हें सुख ही मिलेगा, दु:ख नहीं। (कलिंग लेख-2)... धर्मघोष में भेरीघोष विलीन हो गया। हमें ध्यान रखना है कि अशोक के स्वतन्त्रता दान की शर्त थी। स्वतन्त्रता धर्म के साथ रहे। अशोक इस लिए भी उत्सुक था कि लोग धर्मके मार्ग पर चलें।। (द्रष्टव्य:-अशोक। लेखक-राधाकुमद मुखर्जी, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, 1974)

प्रियदर्शी सम्राट् अशोक ने कहा है कि भगवान् बुद्ध के द्वारा जो भाषित है वह सुभाषित है। अत:, उसने धर्म को चिरस्थायी बनाने के लिए तीन

---

1. सेल्यूकस ने अपनी पुत्री की सुरक्षा के लिए, अपने एक प्रतिनिधि मेगस्थनीझ को मगध साम्राज्य में निवास करने को भेज दिया। जो कईं वर्षों तक मगध के पाटलिपुत्र में ही रहा। उसमें भारत में अनेक यात्राएं की तथा उसका विवरण लिखा। जो प्राचीन भारत की संस्कृति और इतिहास जानने का प्रमाणभूत ग्रन्थ है।

धर्मपर्यायों को भाबरा शिलालेखों में उत्कीर्ण करवाये हैं। जैसे कि-मुनिगाथा, मोनेयसुत्ते एवं उपतिसपसि। ये तीनों ही धर्मपर्याय सुत्तपिटक के खुद्दकनिकाय के महावग्गान्तर्गत सुत्तनिपात में आये 1. मुनिसुत्त, 2. नाळकसुत्त तथा 3. सारिपुत्तसुत्त ही है। वहाँ पर (शिलालेखों में) प्रथम धर्मपर्याय "विनयसमुक सेना" विषय में आचार्य श्री धर्मानन्द कोसम्बी जी की मान्यता है कि यहाँ पर "विनय" शब्द का अर्थ विनयपिटक के उपरान्त "उपदेश" भी होता है। अतः सम्भव है कि अशोक के धम्मचक्क-पव्वतनसुत्त ही हो सकता है। एक अन्य अभिप्राय के अनुसार विनयसमुक से वह सुत्तनिपात का तुवटकसुत्त ही है।। किन्तु इतना निश्चित है कि अशोक के द्वारा उत्कीर्ण करवाये सात सुत्तों में से चार सुत्त तो सुत्तनिपात के ही है।।

अशोक की छट्ठी पीढी में आये राजा बृहद्रथ (ई.पू. 187 से 184) का उसके ही सेनापति पुष्यमित्र ने वध किया और ब्राह्मण धर्म का पुनरुत्थान किया। (पुष्यमित्र ने मौर्यवंशी बृहद्रथ का वध क्यों किया? यह विवादास्पद बिन्दु है। बौद्धग्रन्थ दिव्यावदान के अनुसार पुष्यमित्र ने बौद्ध-भिक्षुओं की हत्या की थी और बोधिवृक्ष भी जलाया था। जिन त्रिपिटकों का संस्कृतानुवाद सर्वास्तिवादी बौद्धों ने किये थे, वे भी पुष्यमित्र के शासन में नष्ट हो गये। जो चीनी भाषा में अनुदित हो कर चीन देश में पहुँचे थे, वे अद्यावधि हमारे लिए अगम्य ही हैं। "*पालि साहित्य का इतिहास*" लिखनेवाले भरतसिंह उपाध्याय ने बताया है कि चीनी परम्परा के बौद्ध ग्रन्थों में एक निन्दावाचक शब्द को आगे लगाये बिना पुष्यमित्र का नाम नहीं लिया जा सकता है। दूसरी ओर, कुछ इतिहासकार कहते हैं कि-मौर्य राजाओं ने पहले सेल्यूकस जैसे इन्डो-ग्रीकों के साथ सन्धि कर ली थी, उसके बाद सम्राट् अशोक ने बुद्धधर्म को स्वीकार कर, तलवार म्यान कर दी थी। यानी वह युद्ध से विमुख हो गया था। उसने केवल धर्मविजय को ही कामयाब माना। जिससे भारत-राष्ट्र की सुरक्षा, विशेष करके पश्चिमोत्तर भारत में, जहाँ इन्डो-ग्रीक प्रजा ने निवास किया था, वहाँ से खतरा पैदा हुआ था।) इस पुष्यमित्र ने (ङ)शुंगवंश (ई.पू. 185 से ई.पू. 73) की स्थापना की। उसी के वहाँ महाभाष्यकार पतंजलि ने जा कर वेदोक्त अश्वमेध याग करवाया था। (*पुष्यमित्रं याजयामहे।*-ऐसी पंक्ति महाभाष्य में मिलती है।) उसी का पुत्र अग्निमित्र था, जिनके जीवन की घटना को लेकर महाकवि कालिदास ने *मालविकाग्निमित्र* नाटक लिखा। कालिदास का समय भी इसी काल में, यानी ईसा पूर्व प्रथम शती के आसपास ही माना गया है॥

उसके बाद, ईसा पूर्व 73 में शुंगवंशीय राजा देवभूति को वासुदेव कण्व ने मार दिया, उसका **(च) कण्व वंश** (ई.पू. 73 से 28 ई.पू.) आता है। कण्व

वंश ने मगध पर 45 वर्षों तक राज्य किया। कण्व-वंश के राजा सुशर्मा की हत्या करके, सिमुक नामके राजा ने (छ) **सातवाहन वंश** की स्थापना की। (वायुपुराण में इस सिमुक को सिन्धुक के नाम से उल्लिखित किया है।) उसी के कुल में शातकर्णी-1, गौतमीपुत्र शातकर्णी (=शालिवाहन), वासिष्ठीपुत्र, पुलुमावी एवं यज्ञश्री शातकर्णी जैसे राजाओं ने करीब 450 वर्षों तक शासन किया। इस राजवंश का समय ईसा पूर्व प्रथम शती से लेकर ईसा की तीसरी शती तक चला था। उनका साम्राज्य महाराष्ट्र, कर्णाटक से आन्ध्रप्रदेश तक विस्तृत था। सातवाहन राजाओं ने ब्राह्मणों को और बौद्ध भिक्षुओं को भूमिदान करने की प्रथा का प्रारंभ किया था। इसी वंश में गाथासप्तशती के रचयिता हाल कवि भी हुआ था। तत्पश्चात् **(ज) गुप्तवंश** (ई.स. 319 से ई. स. 575) का आरम्भ होता है। जिसमें क्रमशः चन्द्रगुप्त-1,→ "पराक्रमांक" समुद्रगुप्त, → चन्द्रगुप्त-2 =विक्रमादित्य बिरुदधारी, "साहसांक" →स्कन्द गुप्त, →कुमार गुप्त आते हैं। समुद्रगुप्त ने ही संस्कृत भाषा को राजभाषा का दरजा दिया था। (संस्कृत भाषा-साहित्य का यही सुवर्णकाल माना गया है) समुद्रगुप्त को "पराक्रमांक" देव का बिरुद मिला था। इसी समय, चीन की ओर से आयी विचरण करने वाली शक, हूण, यूची जैसी विदेशी प्रजाओं के आक्रमण भी होते हैं, जो गुप्तवंश के परवर्ती राजाओं को हीला देते हैं। यद्यपि चन्द्रगुप्त-2 ने अनेक जगहों से (उज्जयिनी से) शकों को हटाये थे। अतः उसको "साहसांक" का बिरुद दिया गया था। उसने शकारि होने के नाते स्वयं "विक्रमादित्य" की उपाधि भी धारण की थी। इसी चन्द्रगुप्त-2 के समय में कालिदास के अभिज्ञानशकुन्तला नाटक की मैथिली रंगावृत्ति बनाई गई, जिसका मंचन मगध की सभा में हुआ था। इसकी जानकारी अभिज्ञानशकुन्तलम् की मैथिली पाण्डुलिपिओं में संचरित रंगावृत्ति की प्रस्तावना से मिलती है। उन्नीसवीं-बिसवीं शताब्दी के कतिपय विद्वान् इस मैथिली मंचन के इतिहास से अनभिज्ञ थे, अतः वे कालिदास को गुप्तकाल (चौथा या पांचवीं शती) में जन्म लिया मानते थे। गुप्तवंशीय राजाओं ने ब्राह्मण धर्म एवं बौद्ध धर्म दोनों के प्रति समान भाव रखा था। गुप्तकाल में, बुद्धघोषाचार्य भारत से श्रीलंका में जाते हैं और वहाँ की सिंहली भाषा को सिख लेते हैं। फिर उन्होंने भारत से विलुप्त हुई और श्रीलंका में सुरक्षित रही जातक-कथाएं, जो वहाँ की सिंहली भाषा में थी, उनको पुनरपि एक बार पालि भाषा में रूपान्तरित की। उन कथाओं को जातकट्ठकथाओं के नाम से, वे भारत में वापस ले आते हैं। इसके अलावा, इसी गुप्तकाल में, कुमार गुप्त ने भी बौद्धों के लिए नालन्दा विश्वविद्यालय बनवाया। इसका ग्रन्थभण्डार तीन मंजिलों वाला था। जिसमें *रत्नरंजक, रत्नोदधि एवं रत्नसागर* नामक मंजिलों में अगणित हस्तलिखित ग्रन्थों को एकत्र किये गये थे। (दुर्भाग्यवशात्

ई.स. 1199 में बख्तियार खिलजी ने उसमें आग लगा दी। सारा ज्ञानराशि तीन महिनों तक जलता रहा।)।

हूणों के कारण गुप्तवंश अस्तंगतमहिमा होता चला था। विदेशी आक्रान्ताओं में कुषाण प्रजा भी थी, जो हूणों एवं शकों से पृथक् थी। कुषाण चीन की युची प्रजाति के लोग थे। उन्होंने यहाँ आ कर, **(झ) कुषाण वंश** की स्थापना की। किन्तु उन्होंने अपने मन में भारतीयता का रंग चढा लिया था। उसी वंश के राजा कनिष्क (ई.स. 127 से 150) ने बौद्धधर्म अपनाया तथा महासांघिक बौद्ध भिक्षुओं को मथुरा से लेकर काश्मीर, पुष्पपुर (आज का पेशावर) एवं गान्धार (अफघानी-स्तान) तक पश्चिमोत्तर प्रदेशों में बसाये। वहाँ त्रिपिटकों पर संस्कृत में "विभाषा"-टीका लिखी गई। एवं नागार्जुन यथा अश्वघोष की अध्यक्षता में बौद्ध भिक्षुओं की *चतुर्थ संगीति* भी उसने बुलाई। (कनिष्क के बाद, वशिष्क, हुविष्कादि आते हैं।) कनिष्क ने ही बौद्धधर्म को चीन में फैलाया था। इस कनिष्क के दरबार में पार्श्व, अश्वघोष, वसुमित्र, नागार्जुन, चरक जैसे कवि एवं विद्वानों को आश्रय मिला हुआ था। जैसे सम्राट् अशोक ने अपने लिए "देवानां प्रिय प्रियदर्शी" शब्दों का प्रयोग करवाया था उसी तरह, कनिष्क ने भी अपने शिलालेखों में स्वयं के लिए "राजातिराजा देवपुत्र कनिष्क" शब्दों का प्रयोग करवाया है। कनिष्क ने मगध जीत लिया और वहाँ के राजा से कवि अश्वघोष को अपने साथ गांधार ले आया। इसी अश्वघोषकवि ने भगवान् बुद्ध के धर्म एवं जीवन को लक्षित करते हुए अनेक कृतियाँ लिखी हैं। जैसे कि-1. सूत्रालंकार (तत्कालीन पालि जातक-कथाओं का संग्रह था)। कुमारजीव ने इसका ई.स. 405 में चीनी अनुवाद किया था।, 2. महायान-श्रद्धोत्पाद नाम का दार्शनिक ग्रन्थ, 3. वज्रसूची (जिसमें वर्ण-व्यवस्था पर प्रहार किया गया है), 4. राष्ट्रपाल (डॉ. सिल्वाँ लेवी के मत से अश्वघोष की यह गेय नाट्यकृति है), 5. "बुद्धचरितम्" एवं 6. "सौंदरनन्द" जैसे महाकाव्य भी उन्होंने लिखे हैं। तथा 7. "शारिपुत्र-प्रकरणम्" जैसी नव अंकों की नाट्यकृति भी लिखी। शारिपुत्र-प्रकरणम् बहुत भारी खण्डित स्थिति में मिला है। तथा बुद्धचरित महाकाव्य के सर्ग 1 से 14 ही प्रकाशित हुए हैं। धर्मरक्ष, धर्मक्षेम या धर्माक्षर नामके भारतीय बौद्ध भिक्षु ने उसका ई.स. 414-421 में चीनी भाषान्तर कर दिया था। अतः भारत में तो बुद्धचरित के केवल 1 से 14 सर्ग ही प्रकाशित हुए हैं। किन्तु सर्ग 15 से 28 का उत्तरार्ध चीनी भाषा से अंग्रेजी, और उस अंग्रेजी अनुवाद से हिन्दी में हुआ अनुवाद आज मिलता है। इस बुद्धचरित का तिब्बती में हुआ पूरा अनुवाद अविकल रूप में उपलब्ध है, किन्तु उसका अभी तक संस्कृतानुवाद किसी विद्वान् ने नहीं किया है।। कनिष्क के निमित्त से चीन में फैले बौद्ध-धर्म से प्रभावित हो कर, (क) *फाहियान*

(चन्द्रगुप्त-2 के समय में आया था), (ख) *ह्यु-एन-त्संग*(सम्राट् हर्षवर्धन के समय में, ई.स. 650 में आया और 15 वर्ष यहाँ रहा।) और (ग) *इत्सिंग* (ई. स. 672-695 में नालन्दा में आया था।) जैसे तीन चीनी यात्री भारत में आये थे।।

[प्रॉफे. फर्ग्युसन, रायचौधरी, बेनर्जी जैसे विद्वानों का मानना है कि कनिष्क ने ही ई.स. 78 में "शक संवत्" को प्रवर्तित किया था अथवा उसको अपना लिया था। कुषाण साम्राज्य (ई.स. 109 में कनिष्क, ई.स. 102 से 106 तक वशिष्क, ई. स. 106 से 137 तक हुविष्क तथा ई.स. की दूसरी शती तक वासुदेव) के पश्चात् भी उत्तरी भारत में शक-संवत् प्रचलन में बना रहा था। क्योंकि कनिष्कादि ने अपने अधीनस्थ प्रदेशों में जिन क्षत्रपों, (=प्रांतपति), महाक्षत्रपों को नियुक्त किये थे उन्होंने उसी शक-संवत् को ही चालु रखा। (कालान्तर में भारत-सरकार ने भी स्वातन्त्र्य के बाद, इसी शक-संवत् को राष्ट्रिय संवत् के रूप में घोषित किया है।।)]

यद्यपि सम्राट् अशोक ने तो अपने साम्राज्य में नाटकादि खेलने के लिए "समाज" को एकत्रित नहीं करना ऐसी राजाज्ञा गिरनारादि के अभिलेखों में उत्कीर्ण करवाई थी। जिसके कारण उसके काल में बुद्ध-विषयक नाटकों की रचना होना सम्भवित नहीं था। तत्पश्चात् पुष्यमित्र ने बौद्ध-धर्म को भारी हानि पहुँचा कर, ब्राह्मण-धर्म का उत्थान किया, तो उसके प्रभाव में भी बुद्ध-विषयक नाटक लिखने की चेष्टा कोई कवि नहीं करेगा-यह तुरंत समझ में आता है। तथापि इतना स्पष्ट है कि कनिष्क के समय में महायान का उदय हुआ और बुद्ध की मूर्ति-पूजा शुरू हुई। इस तरह से, कुषाण काल के कनिष्क ने ही भारत के धर्म, संस्कृति और मूर्तिकला आदि पर अमिट प्रभाव डाला है। कनिष्क के प्रपौत्र ने शिवधर्म अपनाया और अपने सिक्कों पर शिव तथा नंदी के चिह्न अंकित करवाये।

बुद्ध की मूर्तियों में तीन शैलियाँः-

यद्यपि मौर्य वंशीय सम्राट् अशोक के समय में मूर्तिकला विकसित हो चुकी थी। लेकिन अशोक स्थविर-वादी (हीनयानी) भिक्षुओं को मानने वाले थे। थेरवादी बुद्ध की पार्थिवकाया ढल जाने के बाद, मुख्य रूप से बुद्ध के स्तूप, बोधिवृक्ष एवं धर्मचक्र के चिह्नों की मूर्तियाँ बनवाते थे तथा उन प्रतीकों की पूजा करते थे। किन्तु भारत के पश्चिमोत्तर प्रदेशों में, कनिष्क के प्रोत्साहन के कारण ही तक्षशिला की ओर शिल्प-कलाका विशिष्ट विकास हुआ। कुषाण काल में द्विविध मूर्ति-कलाएं विकसित हुईः-1. "गान्धार शैली" एवं 2. "मथुरा शैली"। **"गान्धार शैली"** का केन्द्र तक्षशिला के पास आया पुरुषपुर (पेशावर) था।

गान्धार शैली में ग्रीक (यूनानी) प्रभाव देखा जाता है और उसमें बुद्ध की जो मूर्तियाँ बनाई गई हैं उनमें विशेष करके, घुंघराले बाल वाला मस्तक, उसके पीछे तेजोमय मण्डल, बलिष्ठ शरीर, पद्मासनस्थ एवं खडे,सरवटें वाला उत्तरीय वस्त्र, बताया जाता है। ऐसी मूर्तियाँ पहले तो मिट्टी की, या चूना के प्लास्टर से बनवाई जाती थी। बाद में, नीले या काले पत्थर से निर्मित की गई हैं। गान्धार शैली में केवल बुद्ध धर्म से सम्बद्ध बोधिसत्त्व की ही मूर्तियाँ बनाई जाती थी। (अफघानिस्तान के कंधार प्रदेश में बामियान की खडे बुद्ध की विशाल मूर्ति को, 2001 में, तालिबानियों ने तोड कर, विश्व-धरोहर की अपूरणीय क्षति की है।)

दूसरी **मथुरा शैली** की मूर्तिकला में भारहूत एवं सांची की कला का मिश्रण है। यह पूर्ण रूप से भारतीय शैली मानी गई है। श्रीवासुदेव शरण अग्रवाल जी का मत है कि बुद्ध की पहली मूर्ति मथुरा शैली में ही बनी थी। इसमें तीनों धर्म (बौद्ध, जैन एवं हिन्दू) की मूर्तियाँ बनाई गई हैं। बुद्ध की मूर्तियों में, मथुरा शैली का जो वैशिष्ट्य देखा जाता है वह बिना बाल वाले यानी मुण्डित मस्तक वाले बुद्ध है, केवल वाम स्कन्ध पर उत्तरीय वस्त्र है, कुछ नग्न मूर्तियाँ भी मिलती हैं, अभय मुद्रा वाला उपर उठाया हाथ हुआ है। चित्तिदार लाल पत्थर पर ये मूर्तियाँ बनाई गई हैं। जैन धर्म के महावीर स्वामी तथा हिन्दू धर्म की यक्ष-यक्षिणी बनाई जाती थी। साथ साथ में, सुडोल शरीरसौष्ठव वाली एवं अलंकारों से शृङ्गार की हुई स्त्रियाँ भी बनाई गई हैं। विद्वानों का कहना है कि कुषाण काल की मूर्तियों में पूतले बनाये गये थे, (जो भावहीन लगते हैं), किन्तु मथुरा शैली की मूर्तियों में ही भाववाहिता उभर कर सामने आती है।।

3. **"अमरावती शैली"** का उद्भव सातवाहन राजा के समय में आन्ध्र-प्रदेश के नागार्जुन कोण्डा, जग्गयपेठ तथा महाराष्ट्र में हुआ था। इस तीसरी शैली की मूर्तियों में एकल मूर्ति का अभाव है। क्योंकि इस में जातक-कथाओं का शिल्पांकन होने से एक साथ में अनेक मूर्तियाँ की पंक्ति (दृश्यावली) देखने को मिलती है। जिसमें संगेमरमर पत्थर का विनियोग हुआ है। यहाँ बुद्ध की मूर्तियों के साथ साथ अलंकृत स्तूप, धर्मचक्र, बोधिवृक्ष, बुद्ध का महापरिनिर्वाणादि भी शिल्पांकित किये गये हैं। इस शैली का प्रसार श्रीलंका से लेकर दक्षिण-एशिया के देशों में भी हुआ है। इति दिक्।।

बुद्ध से एवं उनके धर्मोपदेश से जुडे ऐतिहासिक स्थानः--

सुत्त-पिटक के दीग्घ-निकाय के महावग्ग में महापरिनिर्वाण सुत्त में स्वयं तथागत ने बौद्धानुयायिओं के लिए उनके जीवन से जुडे चार स्थान दर्शनीय (तीर्थयात्रा के) स्थान है-ऐसा कहा है। *"आनन्द, श्रद्धालु कुलपुत्रों के लिए यह*

चार स्थान दर्शनीय है, सवेजनीय (वैराग्यप्रद) है:-जहाँ तथागत उत्पन्न हुए (लुम्बिनी), जहाँ तथागत ने अनुत्तर सम्यक् संबोधि को प्राप्त किया (बोधगया), जहाँ तथागत ने अनुत्तर (=सर्वश्रेष्ठ) धर्मचक्र का प्रवर्तन किया (सारनाथ)। जहाँ तथागत अनुपादि-शेष निर्वाण धातु को प्राप्त हुए (कुशीनारा)"।

(क) लुम्बिनी- इस स्थान पर राजा शुद्धोदन के पुत्र के रूप में भगवान् बुद्ध का जन्म हुआ था। वर्तमान में नेपाल देश के रुम्मनदेई नाम के नगर को प्राचीन समय में "लुम्बिनी" कहा जाता है। यहाँ पर, सिद्धार्थ यानी बुद्ध के जन्म को प्रदर्शित करती हुई एक प्रतिमा रखी गई है। यहाँ पर, सम्राट् अशोक अपने राज्यारोहण के बीसवें वर्ष में आया था और वहाँ एक स्तम्भ खडा करके, उसको ब्राह्मीलिपि में उत्कीर्ण करवाया है। इस स्थान में चारों ओर अनेक विहारों के खण्डहर भी मौजुद है।

(ख) बोधगया- वर्तमान में बिहार राज्य के गया शहर से, दक्षिण में छः मील दूर यह बोधगया नामका स्थान है, जहाँ भगवान् बुद्ध को संबोधि की (बुद्धत्व की) प्राप्ति हुई थी। जिस अश्वत्थ (पीपल) वृक्ष के नीचे ध्यानस्थ बैठे उनको संबोधि प्राप्त हुई थी, उस वृक्ष को "बोधिवृक्ष" कहते हैं। तथा वह पुण्यशाली वृक्ष आज भी जीवन्त है। यहाँ पर सम्राट् अशोक ने बनवाया हुआ 160 फुट ऊँचा महाबोधि मन्दिर भी है। वहाँ बुद्ध की एक विशाल प्रतिमा भी स्थापित है और जिस शिला पर बैठ कर, उनको ज्ञान हुआ था वह शिला भी है। इसको वज्रासन कहते हैं। वहाँ एक स्मारक-संग्रहालय भी है। वहाँ के शिलालेख से मालूम होता है कि सम्राट् अशोक ने इस स्थान की भी यात्रा की थी।

(ग) ऋषिपत्तन में आया मृगदव यानी सारनाथ- भगवान् बुद्ध ने बोधगया में संबोधि प्राप्त करने के बाद, अपने पुराने पंच वर्गीय भिक्षुओं के पास जाकर, प्रथम बार "मृगदव ऋषिपत्तन" में धर्मोपदेश किया, जिसको "धर्मचक्र-प्रवर्तन" कहते हैं। वर्तमान में यह स्थान, वाराणसी से दश किलोमीटर दूर आया हुआ है, जो "सारनाथ" के नाम से जाना जाता है। तथा वहाँ पर धम्मेक नाम का विशाल परिधि वाला और 150 फुट ऊँचा प्राचीन स्तूप है, जिसमें भगवान् बुद्ध की अस्थियाँ गाडी गई है। उसी के परिसर में, ऊँचे स्तम्भ पर चौमुखी सिंहाकृति वाला अशोक-स्तम्भ खडा किया था। यद्यपि वह खण्डित है, लेकिन उस पर ब्राह्मीलिपि में उत्कीर्ण लेख सुवाच्य है। (जो हमारी राष्ट्रमुद्रा के रूप में स्वीकृत है। यह सिंहाकृति स्तूप के समीप में आये राष्ट्रिय संग्रहालय में सुरक्षित रखी गई है।)

(घ) कुशीनारा (कुशीनगर)- वर्तमान में उत्तरप्रदेश के गोरखपुर के

पास यह कुशीनगर आया हुआ है। यहाँ पर, भगवान् बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ था। बुद्ध को एक सामान्य व्यक्ति ने मांस का रस भिक्षान्न में दिया, जो वीतयाम था। इससे बुद्ध का स्वास्थ्य लडखडा गया। अब अपना अन्त काल नजदीक है ऐसा जान कर, वे दो शाल वृक्षों के बीच में जा कर लेट गये। उस समय आनन्द नाम का शिष्य बुद्ध के पास में था। गुप्तवंशीय राजाओं ने इस स्थान पर एक विशाल चैत्य बनवाया। कुशीनारा में इस चैत्य के आसपास अनेक विहारों के खण्डहर आज भी दिखाई रहे हैं। इसके समीप में रामभार नाम का टीला है, जिस पर बुद्ध के पार्थिव शरीर का दाहकर्म किया गया था। बुद्ध ने जिन जिन प्रदेशों में घूम कर,धर्मोपदेश किया था उन उन राज्यों के आठ राजाओं ने एकत्र हो कर, उन अस्थियों का आठ भाग में बटवारा किया और अपने अपने प्रदेश में ले जाकर उन पर बडे बडे स्तूप बनवाये थे। (कालान्तर में, सम्राट् अशोक ने इन आठ स्तूपों को खुलवाया और उन अस्थियों का हजार भाग में बटवारा किया, तथा अपने विशाल साम्राज्य के विभिन्न स्थानों पर उतने स्तूपों का निर्माण करवाया।)

(ङ) सावत्थी (श्रावस्ती नगरी):- बुद्ध के समकाल में भारत के समृद्ध नगरों में से एक श्रावस्ती था। आज उत्तरप्रदेश के कुशीनारा से उत्तर पश्चिम दिशा में 150 किलोमीटर दूर, सहेट-महेट नाम के ग्राम से जाना जाता है। इसी नगर के श्रेष्ठी अनाथपिण्डक ने जेत राजकुमार से एक उद्यान को सुवर्ण-मुद्राओं से आच्छादित करके खरीद लिया था। तथा वहाँ 10,000 बौद्ध भिक्खुओं के साथ भगवान् बुद्ध रह सके ऐसा अतिविशाल विहार बनावा कर, बुद्ध को भेंट किया था। यह जेतवन विहार नाम से पिटकों में अनेकत्र उल्लिखित है। इस विहार में लगभग 25 वर्षावास किया था। आज वहाँ उस विहार की नींव की इंटों के अवशेष उपलब्ध हो रहे हैं।

(च) राजगृह (राजगह):- बिहार राज्य में यह स्थान आया हुआ है। प्राचीन मगध राज्य की राजधानी राजगह के नाम से उल्लिखित है। शुद्धोदन के पुत्र सिद्धार्थ ने कपिलवस्तु का त्याग करके, सब से पहले इसी राजगृह की पाण्डव-पहाडियों में निवास शुरू किया था। तथा वहाँ का राजा बिम्बिसार सिद्धार्थ को मिलने के लिए आया था। कालान्तर में, इसी बिम्बिसार ने वेणुवन नामका उद्यान भगवान् बुद्ध को भेट किया था। यह स्थान बुद्ध को एकान्तवास के लिए सविशेष प्रिय था। इस राजगृह के समीप ही गृध्रकूट पर्वत भी है, जहाँ पर देवदत्त ने भगवान् बुद्ध की हत्या करने के आशय से, पर्वत की एक चट्टान को नीचे चंक्रमण कर रहे बुद्ध पर गिराई थी। इस राजगृह के बिम्बिसार का पुत्र अजातशत्रु था, जिसको बहेका कर, देवदत्त ने किसी हत्यारे को लालच दे कर, बुद्ध का वध करने के लिए भेजा था। किन्तु वही अजातशत्रु ने, बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद,

अपने राजगृह में, महाकाश्यप की अध्यक्षता में प्रथम संगीति का अनुमोदन किया था।

(छ) वैशाली:- वर्तमान बिहार राज्य के मुजफ्फुरपुर जिले में बसाढ के नाम से जाना जाता है। यह स्थान लिच्छवी राजाओं की राजधानी था और धर्म का प्रमुख केन्द्र था। यहीं पर खडे रह कर, बुद्ध ने अपना परिनिर्वाण नजदीक में है-ऐसी घोषणा की थी। बुद्ध के परिनिर्वाण के सौ वर्ष पश्चात् त्रिपिटकों की दूसरी संगीति इसी स्थान पर हुई थी। (यहीं पर, भिक्खु यश ने धनमुद्रा का दान लेने वाले अन्य भिक्खुओं का विरोध किया था, जिसके कारण ही महायान और हीनयान जैसे दो अलग मार्गों का बीज-निक्षेप हुआ।)

(ज) सांची:- सम्राट् अशोक के शासन काल में, मध्यप्रदेश के राईसन जिले में है, और भोपाल से उत्तर-पूर्व दिशा में 46 किलोमीटर दूर सांची का स्तूप आया हुआ है। जो अशोक ने ईसा पूर्व तीसरी शती में बनवाया था। उसके परिसर में ही अन्य छोटे छोटे स्तूप भी है, जिनमें बुद्ध के प्रधान शिष्य, शारिपुत्र तथा मौद्गल्यायन की अस्थियाँ स्थापित की गई है। प्रधान स्तूप के चारों दिशा में चार तोरण द्वार है, जिन पर बौद्ध जातक-कथाओं के आधार पर शिल्पांकन किया गया है। यह स्थान हीनयानीओं का होने से, बुद्ध की मूर्ति वहां पत्थर पर नहीं बनाई है। किन्तु हीनयानीओं को मान्य ऐसे बुद्ध-धर्म के तीन प्रतीकों का, जैसे कि-1. बोधिवृक्ष, 2. धर्मचक्र-प्रवर्तन एवं 3. चैत्य का अनेकत्र शिल्पांकन किया गया है। [यह सांची नगर, मध्यप्रदेश के सागर की ओर जाते हुए वैशाली शहर से भी पास में पडता है। इस वैशाली नगर का सम्बन्ध सम्राट् अशोक के साथ है। इस वैशालीनगर के किसी श्रेष्ठी की पुत्री के साथ अशोक का विवाह हुआ था और उनके पुत्र-पुत्री ही महेन्द्र एवं संघमित्रा थे।]

(झ) नालन्दा:- बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद, बिहार में आये नालन्दा शहर का विहार सुप्रसिद्ध है। भगवान् बुद्ध यहाँ पर अनेक बार आये थे। यहाँ के अनेक विहार सम्राट् अशोक ने बनवाये थे। यहाँ हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तीन मंझिल वाले ग्रन्थालय में रखी गई थी। जिसकी ख्याति को सुनकर अनेक चीनी यात्री यहाँ अध्ययन के लिए आये थे। दुर्भाग्यवशात् विधर्मी बक्खतियार खिलजी ने उसको ई.स. 1235 में जला दिया। यहाँ के संग्राहलय में अनेक बुद्ध-मूर्तियाँ आदि, जो खुदाई से प्राप्त है, उनको रखे गये हैं।।

--00--

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. **चरिया-पिटक**, अनु. भिक्षु धर्मरक्षित, प्रका. मास्टर खेलाडीलाल एण्ड सन्स, बनारस, 1954
2. **जातक कथा।**, (प्रथम खण्ड से षष्ठ खण्ड), सं. भदन्त आनन्द कौसल्यायन, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, 1946, (चतुर्थ संस्करण)
3. **जातकट्ठकथा।** (बुद्धघोसाचरिय-विरचिता), सं. प्रॉ. लक्ष्मीनारायण तिवारी, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय, वाराणसी, 1992
4. **जातकमाला।** अनु. डॉ. सूर्य प्रकाशव्यास, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, 1994.
5. **जातक-माला-एक अध्ययन।** डॉ. कमलाकान्त मिश्र, गंगानाथ झा केन्द्रीय विद्यापीठ, प्रयाग, 1977
6. **तिपिटक में सम्यक् संबुद्ध।** (भाग 1 एवं 2) सं. सत्यनारायण गोयन्का, विपश्यना विशोधन विन्यास, इगतपुरी, (नाशिक, महाराष्ट्र), 1995-2002.
7. **थेरीगाथा-अट्ठकथा।** (खुद्दकनिकाये परमत्थदीपनी टीका), विपश्यना विशोधन विन्यास, इगतपुरी, महाराष्ट्र, 1998
8. **धम्मपद।** लेखक-भिक्षु धर्मरक्षित, मोतीलाल बनारसी दास, वाराणसी, 1977
9. **ध्वन्यालोकः।**, सं. आचार्य विश्वेश्वर, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, 1985
10. **पारस्कर-गृह्यसूत्र।** सं. वेणी राम शर्मा गौड, चौखम्भा ओरिएन्टालिया, वाराणसी, 2001
11. **पालि साहित्य का इतिहास**, लेखक-भरतसिंह उपाध्याय, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, 1951
12. **बुद्धचरितम्।** (अश्वघोष-विरचितम्), सम्पादक एवं अनुवादक-सूर्यनारायण चौधरी, (तृतीय संस्करण), प्रकाशक-संस्कृत भवन, कठोतिया, जिला-पूर्णिया, (बिहार), 1955
13. **बुद्ध धर्मनी पायानी विभावना।** मूल लेखक-विधुशेखर भट्टाचार्य, अनु. नगीनदास जे. शाह, एल. डी. इन्डोलॉजी, अहमदावाद, 1977

14. **बोधिसत्त्वः।** (धम्मानन्दकोसम्बि-प्रणीतम्), मूल मराठी का संस्कृतानुवादः, अनु. प्रफुल गडपालः, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, 2014

15. **बोधिसत्त्व।** (धर्मानन्द कोसम्बी के मराठी का हिन्दी अनुवाद), अनु. कस्तूरमल बांठिया तथा जमनालाल जैन, केन्द्रीय उच्च तिब्बती संस्थान, सारनाथ, 2001

16. **बौद्ध-संस्कृति।**, राहुल सांकृत्यायन, आधुनिक पुस्तक भवन, कलकत्ता-7, 1952

17. **भगवान बुद्ध।**, आर. एस. रमन, निधि बुक सेन्टर, दिल्ही, 1912

18. **भारतीय नाट्य-सिद्धान्तः उद्भव और विकास**, रामजी पाण्डेय, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, 1982

19. **भारतीय नाट्य स्वरूप और परंपरा**, प्रॉफे. श्री राधावल्लभ त्रिपाठी, सागर युनिवर्सिटी, सागर, 1988

20. **मज्झिम-निकाय**, अनु. राहुल सांकृत्यायन, महाबोधि सभा, सारनाथ, 1935

21. **मुंडकोपनिषत्।** (उपनिषद्-अङ्क), गीता प्रेस, गोरखपुर, सं. 2055, चतुर्थ संस्करण

22. **यूँ ही कोई बुद्ध नहीं बनता।** लेखक-डॉ. सूर्यप्रकाश व्यास, उज्जयिनी, 2020

23. **विनय पिटक (हिन्दी अनुवाद)**, श्रीराहुल सांकृत्यायन, महाबोधि सभा, सारनाथ, 1935

24. **ललितविस्तर।** सं. शान्तिभिक्षु शास्त्री, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2 संस्करण, 1992

25. **सद्धर्मपुण्डरीक।** (मूल एवं अनुवाद सहित), सं. राममोहन दास, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, द्वितीय संस्करण-2001

26. **सुत्तनिपात-अट्ठकथा।** (खुद्दकनिकाये परमत्थजोतिका टीका), विपश्यना विशोधन विन्यास, इगतपुरी, महाराष्ट्र, 1998

27. As'oka, (The Garmichael Lectures, 1928), by Prof. D. R. Bhanadarkar, fourth edition, University of Calcutta, 1969

28. As'vaghosha: A Critical Study, B. Bhattacharya, Vishva Bharati, Santiniketan, 1976

29. Candragomins Lokananda Nach den Tibetischen Tanjur herausgegeben and ubersetzt. Ein Beitrag zur klassischen indischen Schauspieldichtung, Von Michael Hahn, Weiesbaden, 1974.

30. Candragomin and the Bodhisattava Vow, by Mark Joseph Tatz, University of Washington, 1972.

31. Dharmanand Kosambi : The Essential Writtings, by Meera Kosambi, Pub. Permanent black, Ranikhet. (उत्तराखण्ड 263645), year-2017 (इसमें "बोधिसत्त्व" मराठी नाटक का अंग्रेजी अनुवाद भी दिया गया है।)

32. Historical and Literary Inscriptions, Ed. Raj Bali Pandeya, Chaukhambha Sanskrit Series Office, Varanasi, 1962

33. Manicudavadan-TheAnnotated Translation, by Yuan Ren, McMASTER Univ., Hamilton, Ontario, 1998

34. Pali _ English Dictionary, Ed. T.W. Rhys Devios & William Stede, Part-1, Pub. Pali Text Society, London, 1921, 1949, 1952.

35. Some Remarks Concerning an edition of the Tibetan translation of the drama : Lokananda by Candragomin, by Michael Hahn, Indo-Iranian Journal, on-line journal publication : 01-01-1971, pp. 104 to 112.

36. The Aadi-Buddha, Kanai Lal Hazra, Buddhist World Press, Delhi, 2018

37. The Majjhima Nikaya, (1, Mula Pannasakam), Ed. P. V. Bapat, General Ed. Bhikkhu J. Kashyap, Pali Publication Board, Bihar Govt. 1958

38. The Play Lokananda by Candragomin, by Prof. Michael Hahn, (Prajnaloka Version), Vol. 1, (no. 3-4), Pub. Nagarjuna Buddhist Foundation, Gorakhapur, 1979.

39. The Play Lokananda by Candragomin, by Prof. Michael Hahn, pub. Kailash, Kathamandu, pp. 51-67

40. Uttankita Sanskrit Vidya Aranya Epigraphs, Vol-2 (257 BC to 320AD), Ed. K. G. Krishnan, Uttankita Vidya Aranya Trust, Mysore, 1989

41. Vinaya-Pitake Pali, (in Roman script), Published by Vipassana Research Institute, www.tipitaka.org

42. **धम्मपद।** (गुजराती भाषा में), (मूल पालि पाठ, अनुवाद, टिप्पणी, प्रस्तावना वगेरे साथे), अनु. धर्मानन्द कोसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, 1923, द्वितीय पुनर्मुद्रण-2014

43. **बुद्धचरित।** (गुजराती भाषा में), लेखक-धर्मानन्द कौसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, 1998

44. **बुद्धलीला।** (मूल मराठी में लिखे "बुद्धलीलासारसंग्रह" 1914 का गुजराती अनुवाद), अध्यापक धर्मानन्द कोसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, पंचम आवृत्ति, 2017

45. **बौद्धसंघनो परिचय** (अर्थात्-विनय पिटक), (गुजराती भाषा में), श्रीधर्मानन्द कोसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, 1925, पुनर्मुद्रण-1988

46. **भगवान बुद्ध ना पचास धर्मसंवाद** (अर्थात्-मज्झिमनिकाय-मूलपण्णासकं), गुजराती भाषा में अनु. श्रीधर्मानन्द कोसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, पुनर्मुद्रण-2010

47. **सुत्तनिपात** (मूलपालिपाठ, अने गुजराती अनुवाद), (गुजराती भाषा में), श्रीधर्मानन्द कोसम्बी, गूजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, 1995.

जिज्ञासुओं के लिए विशेष वाचन-सामग्रीः-

48. **बौद्ध-धर्मः एक बुद्धिवादी अध्ययन।** ले. भदन्त आनन्द कौशल्यायन, बुद्धभूमि प्रकाशन, नागपुर

49. **बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास।** ले. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय, उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ

50. **बौद्ध संस्कृति का इतिहास।** ले. डॉ. भागचन्द जैन, आलोक प्रकाशन, नागपुर

51. **भगवान् बुद्ध और उनका धम्म।** ले. बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर, (अनु.) भदन्त आनन्द कौशल्यायन, सम्यक् प्रकाशन, नई दिल्ली

52. **भगवान् बुद्धः जीवन और दर्शन।** लेखक-धर्मानन्द कोसम्बी, लोकभारती प्रकाशन, प्रयाग, 2005, (साहित्य अकादमी, दिल्ली के लिए)

53. **समग्र बौद्धपालिसाहित्यः**-www.tipitaka.org (ओन-लाईन तिपिटक एवं तत्सम्बद्ध सभी ग्रन्थ)

-- 00 --

लेखक परिचय



वसन्तकुमार म. भट्ट आचार्य एवं अध्यक्ष (सेवा-निवृत्त), स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग, निदेशक, भाषा-साहित्य भवन, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदावाद। (जन्म 21 फरवरी, 1953) पाणिनीय व्याकरण, वेद-निरुक्त, पाण्डुलिपि-विज्ञान एवं नाट्य साहित्य में विशेष रुचि रखते हैं। 1. पाणिनीय व्याकरण विमर्श, 2. संस्कृत वाक्य संरचना, 3. लघुसिद्धान्त-कौमुदी, 4. ऋग्वेद के सप्तम एवं दशम मण्डल के सूक्तों का गुजराती अनुवाद, 5. कारक-प्रकरण, 6. कालिदास काव्यावलोकन (क्या मौलिक, क्या नवीन), 7. वेद-व्याकरण-पुराणेषु विशेषार्थावबोधः, 8. अभिज्ञान-शाकुन्तल का पाठ-परामर्श, 9. अभिज्ञानशकुन्तल (बंगाली पाठ) पर चन्द्रशेखर चक्रवर्ती की सन्दर्भ-दीपिका टीका का समीक्षित पाठ-सम्पादन, 10. अभिज्ञानशकुन्तला नाटक की काश्मीरी वाचना का (भूर्जपत्रोपरिलिखित शारदा पाण्डुलिपियों के आधार पर) समीक्षित पाठ- सम्पादन, 11. अभिज्ञानशकुन्तला नाटकस्य पञ्च रङ्गावृत्तयः। 12. पाण्डुलिपि एवं समीक्षित पाठ-सम्पादन (प्रकाशनाधीन)। जैसे 45 ग्रन्थों का प्रकाशन किया है। तथा 150 से अधिक शोध-आलेखों का विभिन्न सामयिकों में प्रकाशन किया है। सम्मान एवं स्वर्णपदकादिः- (क) स्वामी भगवदाचार्य जन्मशताब्दी स्वर्ण-पदक, मोहनलाल शुक्ल व्याकरण स्वर्ण-पदक, प्रो. के.जी. नायक संशोधन स्वर्ण-पदक, भारत के महामहिम राष्ट्रपतिश्री द्वारा "सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर" (2018), वेद-शास्त्र-पारंगत पण्डित (गुजरात संस्कृत साहित्य अकादमी, गांधीनगर), महाकवि कालिदास संस्कृत-व्रती राष्ट्रिय पुरस्कार से पुरस्कृत (महाकवि कालिदास संस्कृत युनिवर्सिटी, रामटेक इत्यादि। 35 वर्ष पर्यन्त स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापन किया एवं 21 छात्रों को पी-एच. डी. के लिए मार्गदर्शन दिया। वर्तमान में, अभिज्ञाशाकुन्तल की देवनागरी वाचना के बृहत्पाठ का समीक्षित पाठ-सम्पादन (शताधिक पाण्डुलिपिओं से) कार्य प्रगति पर है।

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
संसदः अधिनियमेन स्थापितः
भारतसर्वकारस्य शिक्षामन्त्रालयाधीनः
56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नवदेहली-110058
दूरभाष : 011-28524993, 28521994, 28520977
Email : res-pub@csu.co.in website : www.sanskrit.nic.in